UNIVERSAL
LIBRARY
OU_186046
UNIVERSAL
LIBRARY

OSMANIA UNIVERSITY LIBRARY

Call No. H81 A 27 B Accession No. H 3521

Author अग्रवाल, तारकनाथ

Title कौसल देव रासो १९६२

This book should be returned on or before the date last marked below.

बीसलदेव रासो

डॉ. तारकनाथ अग्रवाल



हिन्दी प्रचारक पुस्तकालय

वाराणसी–१

संस्करण : प्रथम
[११००]

▲

मूल्य
६·०० मात्र

▼

प्रकाशक
हिन्दी प्रचारक पुस्तकालय,
पो० बॉक्स नं० ७०, पिशाचमोचन
वाराणसी-१

मुद्रक
ज्वाला प्रिंटिंग वर्क्स,
त्रिलोचन घाट,
वाराणसी-१

समर्पण

स्वर्गस्थ

माता-पिता के चरणों

में

(जिन्होंने मनुष्य से मानव बनाया)

आशीर्वाद

I have great pleasure in writing these few lines in appreciation of **Dr. Tarak Nath Agrawal's** edition of **Bisaldeo Raso.** This is a very important early New Indo-Aryan text, the question of affiliation of which is disputed. **Dr. Agrawal** has utilized all the available manuscripts and printed editions. I am sure the publication of this edition will solve a large number of doubtful readings and interpretations.

Sukumar Sen

Khaira Professor of Indian
Linguistic and Phonetics
&
Head of the Department of
Comperative Philology,
Calcutta University.

CALCUTTA
May 7; 1962.

दो शब्द

'बीसलदेव रासो' पर मेरे द्वारा कार्यारम्भ के पहले यद्यपि श्री सत्यजीवनजी वर्मा द्वारा सम्पादित प्रति प्रकाशित हो चुकी थी फिर भी डा० सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या एवं डा० सुकुमार सेन महाशय ने आदेश दिया कि वैज्ञानिक ढंग से मैं इसका संपादन करूँ। गुरुजनों के आदेश का पालन करना अपना कर्त्तव्य समझ कर मैंने कार्य आरम्भ किया। मेरे कार्य के मध्य में ही इसकी दूसरी प्रति भी डा० माताप्रसादजी गुप्त द्वारा सम्पादित होकर प्रकाशित हो गई। लेकिन मेरा कार्य अपनी गति से चलता रहा।

इन दोनों प्रकाशित प्रतियों के सम्पादकों में से श्री सत्यजीवनजी वर्मा ने सं० १६६६ की इसकी पाण्डुलिपि को अपने सम्पादन का आधार माना है। जिस समय उन्होंने सम्पादन-कार्य किया था, सम्भवतः उस समय तक १६६६ की पाण्डुलिपि को छोड़कर अन्य पाण्डुलिपियों की सूचना उन्हें प्राप्त न हो सकी थी। अस्तु, उन्होंने अपने द्वारा सम्पादित पुस्तक में विभिन्न पाण्डुलिपियों में प्राप्त विभिन्न पाठों का उल्लेख नहीं किया है।

डा० माताप्रसादजी गुप्त ने जिस काल में इसका सम्पादन-कार्य किया, उस समय इसकी अनेक पाण्डुलिपियाँ उपलब्ध हो चुकी थीं और उन्हें प्रायः सभी पाण्डुलिपियों के अवलोकन का सुअवसर भी प्राप्त हो चुका था। प्राप्त पाण्डुलिपियों में सबसे प्राचीन पाण्डुलिपि सं० १६३३ की है। डा० गुप्त ने अपने सम्पादन का आधार इसीको बनाया और विभिन्न पाण्डुलिपियों में प्राप्त पाठों का उल्लेख भी अपनी पुस्तक में किया। लेकिन उन्होंने अन्य प्रतियों के छन्दों के साथ इस प्रति (१६३३) के छन्दों की तुलना करके केवल १२८ छन्दों को ही प्रामाणिक माना और इन १२८ छन्दों के ही विभिन्न पाठों का उल्लेख भी किया, यद्यपि १६३३ की पाण्डुलिपि में २४६ छंद हैं।

मैंने प्रस्तुत सम्पादन-कार्य सं० १६३३ वाली पाण्डुलिपि के प्रत्येक छंद को प्रामाणिक मानने का कारण बताते हुए नये ढंग से किया है। इसके अतिरिक्त मैंने एशियाटिक सोसाइटी, बंगाल में प्राप्त 'बीसलदेव रासो' की उस

प्रति के पाठ का भी उल्लेख किया है, जिसका उल्लेख अन्यत्र नहीं है। काव्यागत 'काव्यसौष्ठव', काव्य की 'भाषा' तथा पुस्तक में दिये गए परिशिष्ट 'क' और 'ख' में जहाँ नया दृष्टिकोण उपस्थित करने का प्रयास किया गया है, वहीं ग्रन्थ की रचनातिथि का निर्णय भी वैज्ञानिक ढंग से प्रस्तुत किया गया है।

प्रस्तुत वैज्ञानिक ढंग से सम्पादित इस कार्य को करने में मेरी कठिनाइयों का स्वागत करने और उन्हें हल करने के लिए सर्वदा तत्पर रहनेवाले विद्वान् डा० सुकुमार सेन का मैं ऋणी हूँ। उन्हीं के पथ-प्रदर्शन से यह अध्ययन प्रस्तुत होकर कलकत्ता विश्वविद्यालय की डी० फिल० उपाधि के हेतु स्वीकृत हो सका है।

अन्त में, मैं एशियाटिक सोसाइटी के पुस्तकाध्यक्ष तथा वहाँ के अन्य अधिकारियों का आभारी हूँ जो मुझे कार्य की प्रगति में यथाशक्ति सुविधाएँ प्रदान करते रहे। लखनऊ विश्वविद्यालय के रीडर डा० विपिनविहारी त्रिवेदी के प्रति भी कृतज्ञता-ज्ञापन करना मैं अपना कर्त्तव्य समझता हूँ, जिन्होंने इस कार्य को अग्रसर करने में मुझे सर्वदा प्रेरणा दी।

प्रेसीडेंसी कालेज, कलकत्ता
२० जून, १९६२

तारकनाथ अग्रवाल

संकेत-सूची

१. सं०—संवत्।
२. ना० प्र० प०—नागरी प्रचारिणी पत्रिका।
३. वि० सं०—विक्रमी संवत्।
४. जे० आर० ए० एस० 'बी०'—जर्नल आफ दी रायल एशियाटिक सोसाइटी (बंगाल)
५. सं०—सम्पादक।
६. ई० स०—ईसवी सन्।
७. जे० ए० एस० 'बी०'—जर्नल एशियाटिक सोसाइटी (बंगाल)
८. आई० ए०—इण्डियन एण्टिक्वेरीज।
९. जे० एण्ड पी० ए० एस० 'बी०'—जर्नल एण्ड प्रोसीडिंग्स एशियाटिक सोसाइटी (बंगाल)
१०. हिं० सा० इ०—हिन्दी-साहित्य का इतिहास।
११. अ० २—'अ' समूह की सं० १६६७ वाली प्रति।
१२. आ० ६—'आ' समूह की सं० १७२४ वाली प्रति।
१३. आ० ९—'आ' समूह की सं० १७५१ वाली प्रति।
१४. आ० १२—'आ' समूह की सं० १७७५ वाली प्रति।

———

सूचीपत्र

अध्याय		पृ० सं०
भूमिका	... ...	१–१००
१.	**प्राप्त हस्तलिखित प्रतियों का परिचय** ...	१–१६
	(क) सत्ताइस हस्तलिखित प्रतियों का पूर्ण परिचय। (ख) प्रतियों के रूपान्तरों का विवरण। (ग) रूपान्तरों में कथावस्तु का पार्थक्य।	
२.	**ग्रंथ की रचना-तिथि**	१६–५६
	अन्तःसाक्ष्य, भाषा एवं ऐतिहासिक तथ्यों के आधार पर रचना-तिथि का विवेचन।	
३.	**काव्यागत कथा एवं काव्य का रचयिता** ...	५६–७१
	(क) प्रतियों के रूपान्तरों के अनुसार काव्य में वर्णित कथा का सार। (ख) कवि का जीवन-चरित्र। (ग) कवि की जाति का निर्णय।	
४.	**काव्य-सौष्ठव**	७१–६५
	(क) ऋतु-वर्णन। (ख) चरित्र-चित्रण। (ग) रस। (घ) अलंकार। (ङ) छंद।	
५.	**भाषा**	६५–१००
	(क) सम्पादित प्रति की भाषा। (ख) व्याकरण।	
६.	**ग्रंथ का सम्पादन**	१–६६
	आज तक की प्राप्त प्रतियों में से सबसे प्राचीन प्रति के आधार पर सम्पादन।	
७.	**परिशिष्ट 'क'**	१७३–१६५
	ग्रन्थ में आये हुए विभिन्न नगरों का ऐतिहासिक, भौगोलिक तथा पौराणिक दृष्टि से विवेचन।	
८.	**परिशिष्ट 'ख'**	१६६–२००
	ग्रन्थ में आई हुई विभिन्न जातियों का परिचय।	
६.	**परिशिष्ट 'ग'**	२०१–२०८
	सहायक ग्रन्थों की सूची	२०६–२१३

*

भूमिका

'बीसलदेव रासो' की हस्तलिखित प्रति का पता सबसे पहले 'काशी नागरी प्रचारिणी सभा' को सन् १९०० ई० में हिन्दी की हस्तलिखित पुस्तकों की खोज करते समय जयपुर में लगा था[1]। श्री सत्यजीवन जी वर्मा द्वारा नागरी-प्रचारिणी सभा ने इस प्राचीन ग्रन्थ को सम्पादित करवा कर सन् १९२५ ई० में प्रकाशित भी कर दिया। इसके पश्चात् श्री अगरचन्द नाहटा ने प्रकाशित ग्रन्थ की भाषा तथा उसके ऐतिहासिक और भौगोलिक उल्लेखों को ध्यान में रख कर यह आवश्यक समझा कि इस ग्रन्थ की अन्य हस्तलिखित प्रतियों की खोज की जाय। इस दिशा में उन का प्रयत्न अंशतः सफल रहा। सर्वप्रथम उन्होंने 'राजस्थानी' पत्रिका में इस ग्रन्थ की जयपुरवाली प्रति के अतिरिक्त १५ अन्य प्रतियों का उल्लेख किया[2]। इस उल्लेख में कुछ ऐसी प्रतियों का भी उल्लेख था, जिन का पूर्ण परिचय नाहटा जी को उस समय तक प्राप्त न हो सका था। अस्तु पुनः उन्होंने 'राजस्थान-भारती'[3] में अपूर्ण परिचयवाली प्रतियों तथा अन्य प्राप्त प्रतियों का उल्लेख किया। इस प्रकार अब प्राप्त प्रतियों की संख्या १५ के बजाय २३ हो गयी। ये प्रतियाँ जोधपुर, बीकानेर, जयपुर तथा कोटा के विभिन्न पुस्तक-भंडारों में सुरक्षित हैं। मुझे एशियाटिक सोसाइटी (बंगाल) कलकत्ता, में दो हस्तलिखित प्रतियों को देखने का अवसर मिला। इन दोनों प्रतियों का उल्लेख नाहटाजी के लेखों में नहीं है। इनके अतिरिक्त नाहटाजी के लेखों में उन चार तथा दो पत्रों वाली प्रतियों का भी उल्लेख नहीं है, जो मुझे देखने को मिलीं। अतः नीचे अब तक प्राप्त उन २७ प्रतियों का परिचय दिया जा रहा है, जिनमें से १५ हमारी निजी देख हुई हैं तथा १२ श्री नाहटा जी के लेख के आधार पर हैं।

---

(1) Annual Report on the search for Hindi Mss. for the year 1900. Notice No. 90, page 77.

(२) राजस्थानी (त्रैमासिक पत्रिका)—भाग ३, अंक ३, पृ० १८।

(३) राजस्थान भारती—पृ० ८४।

प्राप्त हस्तलिखित प्रतियों का परिचय

[१] नाम—*बीसलदेव रासो*। कागज—देशी (हाथ का बना हुआ)। पत्र—२७ पत्र, दोनों तरफ लिखे हुए। आकार—११इं. × ५ इं.। पंक्तियाँ—१५ से १६ पंक्तियाँ प्रत्येक पृष्ठ पर। पद्य संख्या—२४६। प्रकार—पुराना, पूर्ण; साधारणतया ठीक। अक्षर—देवनागरी। सुरक्षित स्थान—जोधपुर में पोकरण के पास फलौदी के श्रीयुक्त फूलचन्द जी झावर के पास।

[गुप्त : सं० समूह नं० ३, संकेत सं०]

पुष्पिका—इति श्री वीसलदे रास समाप्तं। संवत् १६३३ वर्षे वैशाष वदि ११ दिना आदित्यवारे। लिषतं आगरा मध्ये पं० सीहा लिषतं। संपूर्ण।

आदि—गवर का नंदन त्रिभुवन सार। नादभेदइ थारइ उदर भण्डार। एक दन्तउ मुषिक लहलहइ। मुषिकउ वाहण तिलक संदूरि। कर जोड़ी नरपति भणइ। जाणि करि रोहणी जिमतपउ सूरि॥

अंत—कनक काया जिसी कूकूं रोल। कठिन पयोहर रतनक चोल। केलि गरभ सी कूंवली। वालहइ पूणजउ षाचइ नीक। मोडि कडि चालइ गोडरी। उणकी विरह वेदना नां लहइ कोइ। जिउ राजा राणी मिल्या। त्यउ नालह कहइ मिलि ज्यो सह कोइ॥ २४६॥

रचना-तिथि—संवत् सहससत्तिहितरइ जाणि। नलह कविसरि कही अमृत वाणि। गुण गुथ्य चउहाण का सुकल पक्ष पंचमी श्रावण मास। रोहणी नक्षित्र सोहामणउ। सो दिन गणि जोइसा जोडइ रास।

टि०—प्राप्य तिथियुक्त प्रतियों में यही सबसे प्राचीन है।

[२] नाम—*राजा वीसलदें रासा*। कागज—देशी (हाथ का बना हुआ), पत्र—सोलह पत्र दोनों तरफ लिखे हुए। आकार—८½ इं. × ८इं.। पंक्तियाँ—२६ पंक्तियाँ प्रत्येक पृष्ठ पर। पद्यसंख्या—६२७। प्रकार—पुराना; पूर्ण;

[गुप्त : सं० समूह नं० १५, संकेत सं० !]

साधारणतया ठीक; चार खण्डों में विभाजित। अक्षर—देवनागरी। सुरक्षित स्थान—विद्याप्रचारिणी जैन सभा, जयपुर। श्री अगरचन्दजी नाहटा ने 'राजस्थान भारती', पृ० ८३ में लिखा है कि "सं० १९६९ लिखित महत्त्वपूर्ण गुटका हमारे संग्रह में खरीद करके संग्रह कर लिया गया है।'

पुष्पिका—ईति राजा बीसलदे रास राजमती च्यारै-खण्ड संपूर्ण भवति। संवत १६९९ वर्षे फागुण बदि १ भौमे लिषतं फूलषेड़ा मध्ये राज्य श्री षीची राजचंदजी राज्ये। शुभ भवतु।

आदि—श्री गुरुभ्योनमः। हंसवाहण मृगलोचनी नारि। सीस समारइ दिन गिणइ। झिण सिरजइ उलिगाणा धरी नारि। जाई दीहाउड़ झूरिती ॥ १ ॥ गौरिका नंदन त्रिभुवन सार ॥ नाद वेदा थारइ उदिर भंडार ॥ कर जोड़ नरपति कहई ॥ मूसा बाहन तिलकस्यंदूर ॥ एक दन्तउ मुख झलमलई। जाणिक रोहणीउ नथर सूर ॥

अन्त—जूं तारायण मिलियो चंद। गोवल मांहि मिलइ ज्यूं गोध्यन्द। ज्यूं उलीगांणइं घरी मीलयो। गढ़ि उलिगांणइं कीधो हो बास। मन का मनोरथ पूरव्या। भखइं सूणईं तिणि पूज्यो आस ॥

रचनातिथि—बारह सै बहोत्तरां हाँ मँझारि। जेठ बदी नवमी बुधवारि ॥ "नाल्ह" रसायण अरंभइ। सारदा तुठि ब्रह्म-कुमारि। कासमीरां-मुख-मण्डणी। रास प्रगासों बीसल-दे राइ।

टि०—यही प्रति नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा प्रकाशित हुई है :—

[३] नाम—श्री वीसलदे रास। कागज—देशी (हाथ का बना हुआ) आकार—११ इं० × ५ इं०। पंक्तियाँ—१५ से १६ प्रत्येक पृष्ठ पर। पद्यसंख्या—२४६। प्रकार—पुराना; पूर्ण; साधारणतया ठीक। अक्षर—देव-

नागरी । सुरक्षित स्थान—बीकानेर में बड़े उपासरे के वृहद्—ज्ञानभण्डार के एक गुटके में ।

पुष्पिका—इति श्री बीसल दे रास संपूर्णः ॥ संवत १६८१ वर्षे भाद्र सुदि ६ धरणी सुत वासरे । लिषतं चतरा ।। सुभंभवतु ॥

आदि—श्री गुरुतरो नमः ॥ राग केदारउ ॥ गउरि का नंदन त्रिभुवन सार । नाद भेदइ थारइ उदर भण्डार । एक दंतउ मुख झलहलइ ! मूसका वाहण तिलक सिन्दूर । कर ज्योडि नरपति भणइं । जाणि कर रोहिणी जियउ तप्पउ सूर ।

अंत—कनक काया जिसी कुंकु की रोल । कठिन पयोहर हेम कचोल । केलगर भुजि सी आंगुली । धारउं उलगाणा पचइ नइ कड़िवाल । राणी राजा स्युं मिला । तिम पुणि संसारि मिलि ज्यो सउकोइ ।

रचना तिथि—नहीं है ।

[४] *यहप्रति बालोतरा* (जोधपुर राज्य) के भावहर्षीय खरतरगच्छ भण्डार में है । इसकी पत्र संख्या ४२ और छंद संख्या २४८ है । इसका लेखन काल सं० १६८५ है । इसमें रचना काल "संवत सहस तिउतरइ" दिया है ।

[५] यह प्रति जैसलमेर में वृद्धिचन्द जी के संग्रह में सुरक्षित है । १४ पत्रों की इस प्रति में २४२ पद्य हैं । रचना काल का उल्लेख नहीं है । केवल श्रा० सु० ५ रो, का उल्लेख है । प्रति सं० १७२२ की लिखित है ।

[६] नाम *वीसलदेव रास* । कागज—देशी (हाथ का बना हुआ) । पत्र—३० पृष्ठ दोनों तरफ लिखे हुए । आकार—१० इं० × ४½ इं० । पंक्तियाँ—१६ पंक्तियाँ प्रत्येक पृष्ठ पर । पद्य संख्या—२६६, चार खण्डों में क्रमानुसार ३३, ३९, १०२ और ४१ छन्द हैं । प्रकार—पुराना; अच्छी हालत में, पूर्ण ।

लिपि—देवनागरी अक्षर। सुरक्षित स्थान—अभय जैन भण्डार, बीकानेर।

पुष्पिका—संवत् १७२४ वर्षे मगथशिर वदि १५।

[गुप्त : सं० समूह नं० १६, संकेत प्र०]

आरम्भ—सुनम श्रीजिनाय ।। गवरी का नंदन त्रिभोवन सार। नाद्वेदां थारो उदरि भण्डार। कर ज्योडी नाहलो कवि। मूषांका वाहण तिलक सींदूर। एक दांता मुषक मलि। ज्यांण कि रोहणी इउं तपे सूर। सुवण मोहो वर कामिणी। हंस गमणि मृगालोचणी नारि। सीस समारि दिन गणै। साधण उभीछि राज्य दुयार। नाह न देषि चिहूदिसा। किण सरज्यो उलगाणा की नारि। तो ज्याय दीहाडो सूरतां ।।

अन्त—गज्यगमणी मृगालोचणी नारि। सेकि संभारि दिन गणै। साधण उभीछै कीह दुयारि। नाह न देषूं चिहू दिशा। किण कोउ हो उलगाणा को नारि। ता जाय दीहाडा सूरता ।।

रचना-तिथि—संवत् बार बारोंतरा मझारि। ज्येठबदी नवमी वुधवार। नाहल रसायण आरंभ्यो। सारदा तुठी छै ब्रह्मकुमार। कास मीरां मूषक मंडणी। रास परगांस सूं वीसलराय।

[७] नाम—*वीसलदेव रासो*! कागज—देशी (हाथ का बना हुआ)। पत्र—३० पत्र दोनों ओर लिखे हुए। आकार—१० इं० × ४½ इं०। पंक्तियाँ—११ पंक्तियाँ प्रत्येक पृष्ठ पर। छंद संख्या—२४८ पद। प्रकार—पुराना, अंतिम पत्र तथा अन्य पत्रों के किनारे सुसज्जित। पूर्ण। अक्षर—देवनागरी लिपि। सुरक्षित स्थान—अभयजान भण्डार, बीकानेर।

[गुप्त : पं० समूह नं० ६, संकेत "की०"]

पुष्पिका—संवत् १७३७ वर्षे ज्येष्ठ सुदि १० दिने। लिषितं पंडित कीर्त्ति विलास गणिना। साध्वी राजलक्ष्मी तत्शिष्यणी सुमतिलक्ष्मी तत्शिष्यणी प्रेम लक्ष्मी पठनार्थम् ।।

आरम्भ—गवरिका नंदनत्रिभुवन सार । नाद भेदइ थारइ उदर भण्डार । एक दंतउ मुंषिक लहलइ । मूसका वाहण तिलक सिंदूर । कर ज्योडी नरपति भखइ । ज्याणि-करि रोहिणीड्यौं तप्पउ सूर ।। १ ।। कई भवण न देषुं रि रवितलइ । हंस गमणी मृगालोचनी नारि । सीस समारइ दिन गणइ । ततषिण कुभीछइ साजु दुवारि । नाद नइ ज्योवइ रे चिहुँ दिसइ । कांइ सिरज्यी उलगांणा री नारि । ज्याइ दिहाड़ उरे सूरतो । एक पग आंगणी एक पग द्वार ।

अंत—कनक काया जिसि कूं कूं रोल । कठिन पयोहर हेम कचोल । केलि-गरभसी कूं अली । घाइलज्यूं घण मोडइ नाक । कंठि मोडइ चालइ गोरडी । उणकी विरह वेदना नां लहइ कोइ । जिउं राजा राणी मिल्या । त्यूं नाल्ह कहइ मिलिज्यो सहु कोइ ।।

रचना तिथि—संवत् सहस सत्तिहतरइ ज्याणि । नाल्हकबीसर सरसीय वाणि । गुण गूथ्यां चउहाणका । सुकुल पषपंचमी श्रावण मास । रोहिणी नक्षत्र सोहामणउ । सुदिन गिण जोइसी जोडियउ रास ।

[८] यह प्रति बीकानेर के अनूप संस्कृत लाइब्रेरी के एक गुटके में है। इसकी पद्यसंख्या २४१ है। रचना तिथि सहस सत्तहत्तरइ श्रा० सु० ५ रो० का उल्लेख है। गुटका सं० १७४२ फा० सु० १३ को कविवर समयसुन्दर की परम्परा के ज्ञानतिलक को लिखित है। उसे गोरमछा पंचायण सुत जगजीवण के पठनार्थ लिखवाया गया है। प्रारम्भ के दो पत्र प्राप्त नहीं हैं।

[गुप्त : पं० समूह नं० ९, संकेत "र०"]

[९] नाम—*बीसलदे रास* । कागज—देशी (हाथ का बना हुआ) पत्र—४५ पत्र दोनों तरफ लिखे हुए। आकार—६ इं० × ५½ इं०। पंक्तियाँ—१३ से १५ तक प्रत्येक पृष्ठ पर। पद्य-संख्या—२४८। प्रकार—पुराना; अच्छी अवस्था; पूर्ण। अक्षर—देवनागरी। सुरक्षित स्थान—अभय जैन भण्डार बीकानेर।

पुष्पिका—इतिश्री सिंगार वर्णन, वीसलदे रास समाप्तं ।। संवत् १७५१ वर्षे चैत्र वदि ४ शुक्रवारं ।। रिणी मध्ये वा० श्री ५ कनक माणिक्ये गणिजी तच्छिष्यं रतनशेखरेण लिपि चक्रे बेगवाणी साह श्री अभेराज जी वाचनार्थं ।। श्री रस्तु ।। कल्याणमस्तु ।।

आरम्भ—गवरिका नंदन त्रिभुवन सार । नाद भेदइ थारे उदरि भण्डार । एक दंतउ मुषि झलहले । मूषक वाहण तिलक सिन्दूर । कर जोडी नरपति भणें । जाणि करि रोहिणी भुं तप्यों सूर ।। १ ।। कई भुवणन देखइ रवि तलें ।

अंत—कनक काया जिसी कूंको रोल । कठिन पयोहर हेमा कचोल । केलि गरभसी कु अली थाइल जि धर चै नाव । मोडि कडि चालें गोरडी । उभि की विर बेटन ना सहै कोई । जुं राजा राणी मिल्या । स्युं नाल्ह कहै मिलज्यौ सहु कोइ ।।

रचना-तिथि—संवत् सहस त्रिहन्तरे जाणि । नाल्ह कविसर कही अमृत वाणि । गुण गुथ्यां चउहाण का । सुकल पक्ष पंचमी श्रावण मास । रोहिणी नक्षत्र सोहामणो । सो दिनं जोई जोइसी जाड्यो रास ।।

[१०] यह प्रति बीकानेर के जयचन्द जी के भण्डार में विद्यमान है। इसमें कुल ३१ पत्र हैं। इसका लेखन काल चैत्र सुदि १३ शनिवार संवत् १७५६ है। इसके अनुसार ग्रन्थ का रचना काल १०३३ है।

[११] यह प्रति बीकानेर के खरतर आचार्य शाखा के भण्डार में है। इसमें २५ पत्रे हैं और २६१ पद्य हैं। रचना सूचक पद्य में "सहस सत्तहत्तरइ श्रा० सु० ५ रो" का उल्लेख है। प्रति सं० १७७३ का० ब० ११ तेजरासर में अभयधर्म की लिखित है।

[१२] नाम—*वीसलदे चौहाण को रास* । कागज—देशी (हाथ का बना हुआ) पत्रे—पच्चीस दोनों तरफ लिखे हुए। आकार—९$\frac{3}{4}$ इं० × ४ इं० । पंक्तियाँ—१३ से १४ पंक्तियाँ प्रत्येक पृष्ठ पर। पद्यसंख्या—२४२

छंद । प्रकार—पुराना; पूर्ण साधारणतया ठीक । अक्षर—देवनागरी । सुरक्षित स्थान—एसियाटिक सोसाइटी पुस्तकालय (बंगाल) कलकत्ता ।

पुष्पिका = इति श्रीवीसलदे चौहाण को रास समाप्तं । संवत् १७७५ का साल श्री मालव पुरा मध्ये लिष्यते । कृष्ण पथ । अदीतवार साधवी कन कांजी लिषायो ।।

आरम्भ—श्री गणेशायनमः गउरिका नंदन त्रिभुवन सार । नाद भेदइ थारइ उदर भण्डार । एक दंतउ मूषे झलहलइ । मुषकउ वाहण तिलक सिंदूर । कर जोडी नरपति भणइ । जांणि करि रोहिणी जिउंतपइ सूर । भवखन देखुरे रवितलइ ।

अन्त—कनक काया जिसी कुं कुं रोल । कठिन पयोहर हेम कचोल । केहि गरभ रूप की आली । धीरन ज्युंधण मोडै नाक । कडि मोडै धलै गोरडी । उणिका विरह वेदना न लहै कोइ । ज्यु राजा राणी मिल्यौ । त्युं नालह कहै मिलिज्यो सभु कोइ ।।

रचनातिथि—संवत् सहसतिहुत्तरै जांणि । नाल्ह कबीसर सरसीय बांणी । गुण गुथ्या चौहाण का । सुकल पक्ष पंचमी श्रावण मास । रोहिणी नक्षत्र सोहामणौ । सुदिन जिणि जोडीयो रास ।।

[१३] यह प्रति बीकानेर के कृपाचन्द सूरि—ज्ञान भण्डार में (बस्ता नं० ४२) है । इसकी पत्र संख्या १४ है, और छंद-संख्या २४० है । इसका लेखन समय फागुन बदि ९ शनिवार सं० १७८६ है । यह प्रति सोभत (मारवाड़ा राज्य) में लिखी गई थी । इसमें ग्रन्थ का रचना काल 'संवत् सत्तरतिहोत्तरै' दिया गया है, जो संभवतः 'सहस तिहोत्तरे' के बदले भूल से लिख दिया गया है, क्योंकि १७७३ के पहले की लिखी हुई तो अनेक प्रतियाँ प्राप्त हो चुकी हैं ।"

[१४] यह प्रति बीकानेर के खरतर आचार्य शाखा के भण्डार में १६ पत्रों की है । इसकी पद्य संख्या

२४७ है। रचना काल १०७३ लिखा हुआ है। प्रति सं० १८२६ बीकानेर में 'रतनसी' लिखित है।

[गुप्त : पं० समूह नं० ७, संकेत "पु०"]

[१५] नाम—*वीसलदे रास*। कागज—देशी (हाथ का बना हुआ)। पत्रे—पचीस। दोनों तरफ लिखे हुए आकार—९½ इं० × ४½ इं०। पंक्तियाँ—दस से १३ पंक्तियाँ प्रत्येक पृष्ठ पर। छंद संख्या—२४६। प्रकार—पुराना फटा हुआ, पूर्ण। अक्षर—देवनागरी। सुरक्षित स्थान—अभय जैन भण्डार (बीकानेर)।

पुष्पिका—नहीं है। आदि-अंत तथा बीच के कई पत्र दूसरे व्यक्ति के लिखे जान पड़ते हैं।

आरम्भ—गणेशायनमः। गवरिका नन्दन त्रिभुवन सार। नाद भेदइ थारइ उदर भण्डार। एक दंतउ मुषिक झलहलइ। मूसका वाहण तिलक सिंदूर। कर जोडी नरपति भणइं। जाणि करि रोहिणी ज्यूं तप्पउ सूर॥

अंत—कनक काया जिसी कूं कूं रोल। कठिन पयोहर हेम कचोल। केलि गरभ सी कूंऊंली। घाइल ज्युं घण मोडइ नाक। कडि मोडइ चालइ गोरडी। उणकी विरह वेदना ना लहइ कोइ। जिउं राजा राणी मिल्या। त्युं नाल्ह कहइ मिलिज्यो सहु कोइ॥

रचना-तिथि—संवत् सहस सतिहत्तरइ जांणि। नाल्ह कबिसर सरसीय वांणि। गुण गुंथ्या चउहाण का। सुकुल पक्ष पंचमी श्रावण मास। रोहिणी नषित्र सोहामणौ सुदिन गिण जोइसी जोडियउ रास।

प्रं०—यह प्रति सं० १७२७ वाली प्रति से मिलती-जुलती है।

[गुप्त : पं० समूह नं० ४, संकेत "आ०"]

[१६] नाम—*वीसलदे रास*। कागज—देशी (हाथ का बना हुआ) पत्रे—आठ। एक पत्र श्री नाहटा जी द्वारा जोड़ा हुआ। आकार—९⅓ इं० × ४½ इं०। पंक्तियाँ—बीस पंक्तियाँ प्रत्येक पृष्ठ पर छंद। संख्या—२४७।

प्रकार—पूर्ण, पुरानी साधारणतया ठीक। अक्षर—देवनागरी। सुरक्षित-स्थान अभय जैन भण्डार (बीकानेर) पुष्पिका नहीं है।

आरम्भ—गवरिका नंदन त्रिभुवन सार। नाद वेदइ थारा उदर भण्डार। एक दंतउ मुषिक झलहलइ। मुसाको वाहण तिलक सिंदूर। कर ज्योडि नरपति भणइ। जाणिकि रोहणी ज्युं तप्यौ सूर।

अंत—कनक काया जिसो कुं कुं रोल। कनक पयोहर हेम क चोल। केलि गरभसि कूं अली। घाइल घण मोडइ नाक। कडि मोडे चाले गोरडी। उणिक विरह वेदना न बिलहै कोइ। ज्युं राजा राणी मिल्या। त्युं नाल्ह कहै मिलिज्यौ सऊकोइ।

रचना तिथि—संवत् सहसतिहरे जाणि। नाल्ह कबी सरस सरसीष वांणि। गुण गुथ्या चऊ श्रोष का। सुकल पष्य पंचमी श्रावण मास। रोहिणी नक्षत्र सोहामणउ। सुदिन गिण जोडीयो रासि।

[१७] *वीसलदेव चहु आण रास।* कागज—देशी (हाथ का बना हुआ) अक्षर—देवनागरी। छंद-संख्या—३१०। सुरक्षित स्थान—खरतरगच्छ भण्डार (कोटा)। पुष्पिका नहीं है।

आरम्भ—गवरिका नंदन त्रिभुवन सार। नाद भेदइ थारइ उदर भण्डार। एक दंत मुखि झलहलइ। मूसक वाहण तिलक सिंदूर। कर जोडी नरपति भणइ। जाणकि रोहिणी जिउं तप्पउ सूर।

अंत—कनक कानि सउं कुंकुम रोल। कठिन पयोहर हेम कचोल। केलि-गरभ जिसी कूं अली। घाइल जिम घण मोडइ जी नाक। कडिम मोडि चाइल गोरडी। उणकइ विरह की वेदना नहिं लखइ कोइ। राणी हो राजा जिमि मिल्या। तिम नल्ह कहै मिलिज्यौ सहु कोइ।

रचना-तिथि—संवत् तेरसतौतरै जाणि । नवइ कविसर सरसीय वाणि । गुणगुथ्या चहुआण का । सुक पंचमी नइ श्रावण मास । हस्त नक्षत्र रविवार सुं शुभ दि जोसी से जोडियउ रास ।

[गुप्त : पं० समूह नं० २, संकेत "मू०"]

[१८] नाम—*वीसलदे रास* । कागज—देशी का बना हुआ । पत्रे—दो दोनों तरफ लिखे हुए । आकार—१० इं० × ४½ इं० । पंक्तियाँ—सत्तरह प्रत्येक पृष्ठ पर । छन्द-संख्या—३८ छन्द पूरे तथा ३९ वें का प्रारम्भ । प्रकार—पुराना, प्रायः ठीक, अपूर्ण । अक्षर—देवनागरी । सुरक्षित स्थान—अभय जैन भण्डार (बीकानेर) । पुष्पिका नहीं है ।

आरम्भ—गउरि का नन्दन त्रिभुवन सार । नाद भेदइ थारइ उदर भण्डार । एक दन्तो मुषिक झलहलई । मूंसाको वाहण तिलक सिंदूर । कर ज्योडो नरपति भणौं । ज्याण करि रोहणी ज्यिम तप्यो सूर ।

अन्त—हरिण मरणि समऱ्यो जगंनाथ । आइ पऊतलौ त्रिभुवन नाथ । सष चक्र गदाधरो । मोसि हे हिरण ली मनइ विचारि । हेतूं विवरण पाइज्ये । स्वामी पूरब देस को ज्यनम निवार । ३८ । पूरब देस को कब कुंलोक । पान कू.....।

[गुप्त : पं० समूह नं० ८, संकेत 'मा']

[१९] नाम—*वीसल देव रासो* । कागज—देशी (हाथ का बना हुआ) पत्रे—ग्यारह दोनों तरफ लिखे हुए । आकार—१०½ इं० × ४½ इं० । पंक्तियां—सत्रह प्रत्येक पृष्ठ पर । छन्द संख्या—४० तथा एक अपूर्ण । प्रकार—पुराना । अपूर्ण । साधारणतया ठीक । अक्षर—देवनागरी । सुरक्षित स्थान—अभय जैन भण्डार (बीकानेर) पुष्पिका नहीं है ।

आरम्भ—गवरिका नन्दन त्रिभुवन सार । नाद भेदइ थारइ उदरि भंडार । एक दंतउ मुषिक झलहलइ । मूसका वाहण तिलक सिन्दूर । कर जोडो नरपति भणइ । बाण करि रोहिणी ज्युं तपइ सूर ॥१॥

[२६] यह प्रति बीकानेर के बड़े उपासरे के महरचन्द भण्डार में है। इसका अन्तिम पन्ना (नं० १३) पहले प्राप्त हुआ था लेकिन श्री नाहटा जी के कथनानुसार इसके अन्य १२ पन्ने कलकत्ते के राय बद्री दास म्यूजियम में प्राप्त हो गये। इस प्रकार यह प्रति भी पूर्ण हो गई। इसमें छंदसंख्या ३१० है। प्रत्येक पृष्ठ पर १८ पंक्तियाँ तथा प्रति पंक्ति में ६० से ६६ तक अक्षर हैं। अन्त में "ग्रन्था ग्रन्थ ६००" लिखा है। इसमें रचना सूचक पद्य 'कोटा' के भण्डार की प्रति के समान नहीं है।

[२७] नाम *विसलदे चौहांण को रास*। कागज-देशी (हाथ का बना हुआ) दोनों तरफ लिखे हुए। पत्र.....११। आकार १० इं० × ४ इं० पंक्तियां.....तेरह, प्रत्येक पृष्ठ पर। छंद संख्या—२४२; प्रकार—नया। पूर्ण साधारणतया ठीक। अक्षर—देवनागरी। सुरक्षित स्थान—एसियाटिक सोसाइटी (बंगाल) कलकत्ता।

पुष्पिका—इतिश्री विसलदे चौहाण को रास समाप्त संवत् १७०५ का साल श्री मालपुरा मध्ये लिष्यते कृष्ण पक्ष अतीतबार साध्वी कनकांनी लिषायो। लिखतं जोधपुर मध्ये साधु बाला रामेण विक्रम संवत् १९७२ फागुन सुदि ६ शनिवासरे। ईस्वी सन् १९१५ के बुअरी तारीख २० जैनाचार्य श्री धर्म विजय जी की भेजी हुई पुस्तक से लिखी।

आदि—गउरि का नन्द त्रिभुवन सार। नाद भेदइ थारइ उदर भण्डार। एक दंतउ मुषिक झलहलइ। मुसकउ वाहण तिलक सिन्दूर। कर जोडी नरपति भणइ। जाणि करि रोहिणी जिउं तपइ सूर।

अन्त—कनक काया जिसी कूं कूं रोल। कठिन पयोहर हेम क चोल। केलि गरभ रूप की आगली। वाइल ज्युं धण मोडै नाक। कडि मोडे चालै गोरडी। डणि की विरह वेदना न लहै कोइ। ज्युं राजा राणी मिल्या। त्युं नाल्ह कहै मिलिज्यौ सहु कोइ।

रचना तिथि—संवत् सहस तिहुतरै जाणि । नाएह कवीसर सरसीय वाणी । गुण गूथ्या चौहाण का । सुकल पक्ष पञ्चमी श्रावण मास । रोहिणी नक्षत्र सोहामणौ । सुदिन गिणी जोडीयो रास ।

द्रः—यह प्रति बारह नं० की प्रति की नकल जान पड़ती है ।

उपर्युक्त प्रतियों में से १६ प्रतियों के आधार पर डा० माता प्रसाद जी गुप्त ने इसका एक सुन्दर सम्पादित संस्करण हिन्दी परिषद् विश्वविद्यालय, प्रयाग से सन् १९५३ में प्रकाशित करवाया है । इस संस्करण में उन्होंने प्रतियों को उनके पाठसाम्य के आधार पर पाँच समूहों में रखा है । प्रत्येक समूह का नामकरण उन्होंने उस समूह में रखे गये प्रथम ग्रन्थ के संकेताक्षर से किया है । इन पांचों समूहों की प्रतियाँ डा० गुप्त के मतानुसार कम से कम पांच पाठ प्रस्तुत करती हैं जिनमें मिलाकर.....लगभग पौने पाँच सौ छन्द आते हैं । इन छन्दों में से केवल २७, २८ प्रतिशत छन्द उनके मतानुसार प्रामाणिक माने जा सकते हैं । प्रत्येह समूह के छन्दों की संख्या की तुलना अन्य समूह के छन्दों की संख्या से करते हुए डा० गुप्त ने कुल १२८ छन्दों को ही प्रामाणिक माना है । इनमें से भी ११८ छन्द तो तीन समूहों में पाये जाते हैं तथा दस ऐसे हैं जो तीन समूहों में से केवल दो हो में पाये जाते हैं ।[1]

इस संपादित प्रति के पहले की एक और संपादित प्रति है जिसका उल्लेख किया जा चुका है । उस प्रति में किसी भी हस्तलिखित प्रति का तुलनात्मक अध्ययन नहीं प्रस्तुत किया गया है । केवल जयपुर में प्राप्त सं० १६६६ में लिखी गई प्रति का संपादन कर दिया गया है ।—

श्री अगरचन्द जी नाहटा ने प्राप्त हस्तलिखित प्रतियों का उल्लेख करते हुए उसके दो रूपान्तरों का वर्णन किया है और बताया है कि दोनों रूपान्तरों में काफी भिन्नता पायी जाती है ।[2]

प्रस्तुत संपादन कार्य डा० गुप्त के कार्य को मान्यता देते हुए भी अपने ढंग से किया गया है । डा० गुप्त ने आज तक की प्राप्त हस्तलिखित प्रतियों में से सबसे पुरानी प्रति सं० १६३३ वाली को भी आधार नहीं माना है । उन्होंने उसमें आये हुए छन्दों में से सिर्फ उन्हीं को प्रामाणिक माना है जो उनके द्वारा विभाजित समूहों में से प्रायः सभी समूह की प्रतियों में प्राप्य हैं । लेकिन इस

---

(१) वीसलदेवरासो...सं० डा० माता प्रसाद गुप्त...पृ० ४८

(२) राजस्थानी... (त्रैमासिक पत्रिका) भाग ३, अंक—३ पृ० १८ ।

बात को मान लेने पर सबसे टेढ़ा प्रश्न यह उठ खड़ा होता है कि सं० १६३३ वाली प्रति में आये हुए छन्दों से जिनकी संख्या २४६ है, केवल १२८ को ही कैसे प्रामाणिक मान लिया जाय। चूँकि यह प्रति आज तक की प्राप्य प्रतियों में सबसे प्राचीन है, इसलिये उचित तो यही होगा कि इसके सभी छन्दों को प्रामाणिक माना जाय। इसके बाद वाली प्रतियों में जो छन्द इसके नहीं प्राप्य हैं, उनके सम्बन्ध में ऐसा समझना होगा कि परवर्ती लेखकों को वे छन्द या तो ज्ञात नहीं हुए अथवा ज्ञात होते हुए भी उन लेखकों ने उन छन्दों को छोड़ दिया हो और स्वरचित छन्दों को जोड़ दिया हो।

इसी आधार को ध्यान में रखकर सं० १६३३ की लिखी हुई प्रति को प्रामाणिक माना गया है। उसमें आये हुए सभी छन्दों को प्रामाणिक मानते हुए प्राप्य २७ प्रतियों को उनकी पुष्पिका के आधार पर चार समूहों में विभाजित किया गया है। कार्य की सुविधा के लिये इन चार समूहों का संकेताक्षर क्रमशः 'अ', 'आ', 'क' एवं 'ख' रखा गया है।

(१) 'अ' समूह—इस समूह में उन सभी प्रतियों को स्थान दिया गया है, जो १७ वीं शताब्दी की हैं। परिचय पत्र में इनकी संख्या १ से ४ तक है।

(२) 'आ' समूह—इस समूह में वे सभी प्रतियाँ रखी हैं, जो अट्ठारहवीं शताब्दी की हैं, तथा जिनकी संख्या परिचय पत्र में ५ से १३ तक है।

(३) 'क' समूह—यह समूह १९ वीं शताब्दी की लिखित प्रतियों का है। इसमें परिचय पत्र के अनुसार केवल एक प्रति सं० १४ वाली आती है।

(४) 'ख' समूह—इस समूह में परिचय पत्र की शेष संख्या १५ से २७ तक की वे सभी प्रतियाँ हैं, जिनका लेखन काल ज्ञात नहीं है।

उपर्युक्त विभाजन के अनुसार (१) 'अ' समूह में डा० गुप्त की 'पं०' समूह की नं० ३ संकेताक्षर 'पं०' तथा 'सं०' समूह की नं० १५ संकेताक्षर 'सं०' वाली प्रतियाँ आती हैं। (२) 'आ' समूह में डा० गुप्त की 'सं०' समूह की नं० १६ संकेत 'प्र०', पं० समूह की नं०–६ संकेत 'की०' तथा नं० ६ संकेत 'र०' वाली प्रतियाँ आती हैं। (३) 'क' समूह में डा० गुप्त के की कोई प्रति नहीं आती। (४) 'ख' समूह में डा० गुप्त के 'पं०' समूह नं० ६

संकेत 'प्र०' नं० ४ संकेत 'आ' नं० ८ संकेत 'ग्या०', नं० ५ संकेत 'चा०' तथा 'म०' समूह की नं० २ संकेत 'म्' प्रतियाँ आती हैं। इस तुलनात्मक अध्ययन से इस निष्कर्ष पर पहुँचा जाता है कि उपर्युक्त चार समूहों में से तीन समूहों में डा० गुप्त के दो समूहों 'पं०' अथवा सं० समूह की कोई न कोई प्रति अवश्य है। विशेष रूप से 'अ' समूह में तो डा० गुप्त के 'पं०' तथा 'सं०' दोनों समूहों की प्रतियाँ हैं। डा० गुप्त के 'पं०' समूहकी नं०-३ प्रति सं० १६३३ की लिखी हुई है जिसे यहाँ 'अ०' समूह में रखा गया है; क्योंकि कथित विभाजन के अनुसार यह प्रति १७ वीं शताब्दी की है और सबसे प्राचीन प्राप्य प्रति है। डा० गुप्त ने अन्य जिन प्रतियों को इस समूह (पं० समूह) में रखा है उनमें से सं० १७३७ और १७५१ वाली प्रतियों को छोड़कर जिन्हें यहाँ 'आ' समूह में १८ वीं शताब्दी की होने के कारण रखा गया है, प्रायः किसी भी प्रति में पुष्पिका नहीं है। ऐसी प्रतियों की संख्या इस समूह में पाँच है। जिन प्रतियों में पुष्पिका नहीं है, वे किस संवत् में लिखी गईं यह एक विवादात्मक प्रश्न है। अतएव उनको इस संपादन कार्य में विशेष स्थान नहीं दिया गया है। पुष्पिका के अभाव के कारण ही ये प्रतियाँ यहाँ 'ख' समूह में रखी गई हैं। डा० गुप्त के 'सं०' समूह की १६६९ वाली प्रति (नं० १५) भी कथित 'अ' समूह में आती है जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है। 'सं०' समूह में डा० गुप्त ने इस प्रति के अतिरिक्त एक और प्रति को रखा है जिसकी संख्या १६ है तथा संकेताक्षर 'प्र०' है। इस प्रति को यहाँ 'आ०' समूह में रखा गया है क्योंकि यह संवत् १७२४ की लिखी है। इन दोनों समूहों के अतिरिक्त डा० गुप्त के तीन अन्य समूहों की प्रतियों में से 'म०' समूह की एक प्रति नं २ संकेताक्षर 'म०' यहाँ 'ख' समूह में रखी गई है क्योंकि इसमें भी पुष्पिका का अभाव है। इस 'म०' समूह की एक प्रति और है जिसका पूर्ण विवरण प्राप्त न होने के कारण न तो उसका परिचय-पत्र में ही उल्लेख किया है और न उसे किसी समूह स्थान ही दिया गया है। दूसरा समूह "नं०" समूह है जिसको केवल एक प्रति प्राप्य है और वह भी किसी अन्य प्राचीन प्रति की प्रतिलिपि है तथा पुष्पिका का अभाव है, साथ ही अनेक त्रुटियाँ भी हैं[1]। अतएव इसका तथा तीसरे समूह 'अ०' में आने वाली दो प्रतियों का भी उल्लेख इन्हीं कारणों में से किसी एक के कारण परिचय-पत्र में नहीं किया गया है।

कथित समूहों तथा डा० गुप्त के समूहों के तुलनात्मक अध्ययन के पश्चात्

---

(१) वीसलदेव रासो—सं०—माताप्रसाद गुप्त—पृ० ३—१२।

'अ' समूह में आती है जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है। 'सं०' समूह में डा० गुप्त ने इस प्रति के अतिरिक्त एक और प्रति को रखा है जिसकी संख्या १६ है

इसी निष्कर्ष पर पहुँचना पड़ता है कि 'बीसलदेव रासो' की प्रतियों के दो रूपान्तर हैं।[1] एक तो वह जो चार खण्डों में विभक्त है और दूसरा वह जिसमें खंडों का विभाजन नहीं है। इन रूपान्तरों में उपर्युक्त भिन्नता के अतिरिक्त और भी कुछ विशेष बातें द्रष्टव्य हैं।

दोनों रूपान्तरों की कुछ विशेषताएँ

खण्डों में विभाजित प्रतियाँ:—	खण्डों में अविभाजित प्रतियाँ :—
(१) कथा चार खण्डों में समाप्त होती है।	(१) केवल तीन खण्डों की कथा ही प्राप्य है।
(२) माघ, कालिदास आदि पंडितों का नाम आता है।	(२) इन नामों का अभाव है।
(३) उड़ीसा-यात्रा में साथ जाने वाले सरदारों के नाम गिनाये गए हैं।	(३) इन नामों का उल्लेख नहीं है।
(४) राजा के उड़ीसा जाने का मुहूर्त रानी ज्योतिषी से एक माह बाद कर देने को कहती है।	(४) रानी ज्योतिषी से चार माह बाद का मुहूर्त राजा को देने के लिए कहती है।
(५) वर खोजने के लिए जैसलमेर आदि जाने का विस्तृत वर्णन है।	(५) यह वर्णन इस रूपान्तर की प्रतियों में विस्तार से नहीं है।
(६) इस रूपान्तर की प्रतियों में रचनाकाल-सूचक पद्य ग्रन्थ के आदि में है।	(६) इस रूपान्तर में ग्रन्थ के शेष में रचना-सूचक पद्य आया है।

ऊपर प्राप्य हस्तलिखित प्रतियों का विभाजन काल के अनुसार चार समूहों में किया गया है। प्रत्येक समूह की प्रत्येक प्रति उपर्युक्त दोनों रूपान्तरों में से किस रूपान्तर में आती है उसे निम्नरूप में स्पष्ट किया जा सकता है :—

समूह	खण्डों में अविभाजित	खण्डों में विभाजित
'अ'	संख्या १, ३, ४,	संख्या २
'आ'	,, ५, ७, ८, ९. १०, ११, १२, १३,	,, ६,

---

(१) राजस्थानी—३रा भाग, अंक ३, पृ०-१८।

समूह	खण्डों में अविभाजित	खण्डों में विभाजित
'क'	,, १४,	,, ×
'ख'	,, १५, १६, १७, १८, १९, २०, २१, २२, २३, २४, २५, २६, २७ ।	,, ×

विभिन्न समूहों के इस विश्लेषण द्वारा यही सिद्ध होता है कि खण्डों में अविभाजित रूपान्तर वाली प्रतियों में प्राचीनतम प्रति 'अ' समूह की संख्या एक वाली प्रति है, जो सं० १६३२ की लिखी हुई है तथा खण्डों में विभाजित रूपान्तर वाली प्रतियों में भी प्राचीनतम प्रति 'अ' समूह की संख्या २ वाली प्रति है जो सं०—१६६६ की लिखी हुई है। अतः इन्हीं दो प्रतियों की दोनों रूपान्तरों की प्रतिनिधि प्रति मान कर सम्पादन का कार्य किया गया है।

प्राप्य हस्तलिखित ग्रन्थों में एक बात और विचारणीय है। ग्रन्थ में कथित घटना का सम्बन्ध जैसलमेर, अजमेर तथा मालवा से है। लेकिन इन स्थानों में से किसी भी स्थान में उपर्युक्त प्रतियाँ नहीं लिखी गईं। सम्पादन कार्य के लिए आधारित प्रथम रूपान्तर की प्रतिनिधि प्रति (१६३३) आगरा में लिखी गई है और द्वितीय रूपान्तर की प्रतिनिधि प्रति (१७६६) फूनखेड़ा में लिखी गई है। इसके अतिरिक्त १७५१ में रिणी, १७७३ में तेजरासर, १७७५ में मालवपुरा तथा १८२६ में बीकानेर में लिखी हुई प्रतियाँ हैं। अन्य प्रतियों में लेखन-स्थान का उल्लेख नहीं है। भविष्य में यदि कोई प्रति घटित स्थान की लिखी हुई प्राप्त हो सकी, तो विशेष महत्व की हो सकती है। घटना से सम्बन्धित स्थानीय कवि द्वारा, यदि नालह कवि द्वारा कही गई घटना का वर्णन किया जाय तो निःसन्देह भाषा, ऐतिहासिक तत्व आदि में साम्य मिलेगा चाहे स्थानीय कवि द्वारा घटना का वर्णन शतियों के पश्चात् ही क्यों न हो।

ग्रन्थ की रचना तिथि

अनेक विद्वानों ने ग्रन्थ की रचना-तिथि पर अपना-अपना मत विविध रूप से विवेचन करते हुए प्रकट किया है। सबसे पहले डा० श्यामसुन्दर दास ने इस विषय पर अपना मत प्रकट किया सन् १९०० की खोज रिपोर्ट में। वे कहते हैं कि "The author of the chronicle is Narapati Nalha as he gives the date of the composition of this book as Sami 1220. This is not the Vikram Era, for the 9th day of the dark half of Jaistha does not fall on Wednesday as mentioned in the book according

to the calculations of the Vikrama Era. The date of the composition of the book would therefore be in the year 1298 of the Christian era."[1]

लाला सीताराम बी० ए० ने सन् १९०० की खोज रिपोर्ट वाली प्रति पर निर्भर होकर ग्रन्थ की रचना-तिथि पर अपना विचार यों प्रकट किया कि "Nalha is not mentioned in the modern vernacular literature of Hindustan. According to Misrabandhu Vinod Nalha was a Raja & composed his Visaldeo Rasau in 1354 V. E corr sponding to A. D. The date of composition is given in the following lines:

"बारह सौ बहत्तौरां मँझारि, जेठ वदी नवमी बुधवारि ।
नाल्ह रसायण आरंभइ, सारदा तूही ब्रह्म कुमारि ।।

The date is clearly 1272 and 1220 as the Misra Brothers say, and their calculation showing thus that is inaccurate, therefore based on wrong date. 1272 V. E will correspond to 1216 A. D. and we have reasons to believe that was a contemporary of Bisaldeo.[2]

आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का कहना है कि ग्रन्थ में निर्माण-काल यों दिया है—

बारह सै बहोत्तरां मझारि । जेठ बदी नवमी बुधवारि ।।
नाल्ह रसायण आरंभइ । सारदा तूठि ब्रह्म कुमारि ।।

बारह सौ बहोत्तर का स्पष्ट अर्थ १२१२ है । बहोत्तर शब्द 'बरहोत्तर द्वादशोत्तर का रूपान्तर है । अतः 'बारह सै बहोत्तरा' का अर्थ द्वादशोत्तर बारह सौ अर्थात् १२१२ होगा । गणना करने पर विक्रम सं० १२१२ में ज्येष्ठ वदी नवमी को बुधवार ही पड़ता है ।[3]

डा० रामकुमार वर्मा ने रचना-तिथि सम्बन्धी 'बारह सौ बहोत्तरा मझारि । जेठ वदी नवमी बुधवारि ।।' तथा 'संवत् सहस तिहुत्तरइ जाणि नाल्ह कविसर सरसीय वाणि' दोनों पदों पर विचार करते हुए कहा है कि १०७३ इतिहास के

---

† Annual Report on the Search for Hindi Mss. for the year 1900, P. P. 78-79.

* Selections from Hindi Literature-Book I [Vardic Poetry) PP. 38-39.

३—हिन्दी साहित्य का इतिहास—पृ० ३४ सं० २००३ ।

अधिक समीप है। यदि रासो की एक प्रति हमें यही संवत् देती है और इतिहास बीसल देव के समय को भी लगभग यही मानता है तो हमें बसलदेव रासो की रचना १०७३ मानने में कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए।[1]

श्री सत्यजीवन वर्मा आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के उपर्युक्त मत को मानते हुए कहते हैं कि नरपति नाल्ह का दिया हुआ बीसलदेव रासो का संवत् १२१२ माननीय है।[2]

मिश्र बन्धुओं ने 'बहात्तोराहा' का अर्थ 'बीस' माना है। आप लोग लिखते हैं कि 'नरपति नाल्ह ने इसका समय १२२० लिखा है। पर जो तिथि उन्होंने बुधवार को ग्रन्थ-निर्माण की लिखी है वह १२२० संवत् में बुधवार को नहीं पड़ती। परन्तु १२२० शाके बुधवार को पड़ती है। इससे सिद्ध होता है कि रासो १२२० साके में बना, जिसका वि० सं० १३५४ है।"[3]

श्री अगरचन्द जी नाहटा ने विभिन्न प्राप्त प्रतियों के अनुसार रासो की रचना का संवत् १०७३, १०७७, १२१२, १२७२, १२७३, १३०७, तथा १३७७ निकाला। लेकिन इन सभी संवतों में से उन्होंने सं० १२७२ को (बारह से बहत्तरांहा का अर्थ नाहटा जी ने १२७२ लिया है, १२१२ नहीं) ही ठीक माना है क्योंकि जंत्रों के अनुसार इसकी तिथि नक्षत्र आदि मिल जाते हैं।"[4]

प्रसिद्ध विद्वान् डा० गौरीशंकर हीराचन्द ओझा ने नाहटा जी द्वारा उपस्थित की हुई सारी तिथियों की जाँच करते हुए 'बारह सै बहत्तरां हां मझारि। जेठ बदी नवमी बुधवारि।' को ही ठीक माना है। इसके पक्ष में अपना तर्क देते हुए वे कहते हैं कि 'राजपूताने में पहले विक्रम संवत् कहीं चैत्रादि (चैत्र शु० १ से आरम्भ होने वाला) और कहीं कार्तिकादि (कार्त्तिक शु० १ से आरम्भ होने वाला) चलता था। जैसा कि वहीं से मिलने वाले शिला लेखों, दान पत्रों और पुस्तकों से पाया जाता है। चैत्रादि वि० सं० १२७२ ज्येष्ठ व० ९ को शुक्रवार था और कार्त्तिकादि वि० सं० के अनुसार (अर्थात् चैत्रादि १२७३) उक्त तिथि को बुधवार आता है। ऐसी दशा में हस्तलिखित प्रतियों

१—हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास—पृ० २०८-२१०।
२—बीसलदेवरास भूमिका पृ० ५-६।
३—मिश्रबन्धु विनोद—भाग १, पृ० २०६।
४—राजस्थानी—त्रैमासिक पत्रिका, भाग ३, पृ० २१।

के आधार पर कार्त्तिकादि वि० सं० १२७२ (चैत्रादि १२७३) ही को इसका रचनाकाल मानना पड़ता है।[1]

डा० उदयनारायण तिवारी को भी यही तिथि मान्य है।[2]

डा० माताप्रसाद गुप्त कहते हैं कि प्राप्य हस्तलिखित प्रतियों के चार पाठों के आधार पर कम से कम छह तिथियाँ निकलती ही हैं :—

१—सं० १०७७-समूह 'पं०' २—सं० १०७३-समूह 'नं०'।
३—,, १३७७-समूह 'अ०' ४—सं० १३०७-समूह 'अ०'।
५—,. १२७२-समूह 'स०' ६—सं० १२१२-समूह स०।

चैत्रादि और कार्त्तिकादि—दो प्रकार के वर्षों के अनुसार इन छः की बारह तिथियाँ बन जाती हैं, और यदि गत और वर्तमान संवत् लिये जावें तो उपर्युक्त से कुल २४ तिथियाँ होती हैं। यदि और आगे अयान्त और पूर्णमान्त मासों के भेदों पर न भी जाएं, तो ये चौबीस तिथियाँ क्या कम हैं? गणना करने पर इन चौबीस में कोई न कोई ठीक निकल ही आवेगा! गणना करके महामहोपाध्याय स्वर्गीय गौरीशंकर हीराचंद ओझा ने सं० १२७१ की तिथि को कार्तिकादि वर्ष में लेने पर गणना से ठीक बताया था! किंतु असंभव नहीं है कि उपर्युक्त चौबीस तिथियों को गणना करने पर दो-एक और भी ठीक निकल आवें। फिर १२७२ का पाठ स० समूह का है जो, पाठ की दृष्टि से यद्यपि अमिश्रित है, किन्तु अत्यधिक प्रक्षेपपूर्ण है। वस्तुतः यही समूह सबसे अधिक प्रक्षेपपूर्ण है। ऐसी दशा में इन पाठों के आधार पर ग्रन्थ की रचना-तिथि निर्धारित करना उचित नहीं जान पड़ता।[3]

वीसलदेव रासो के निर्माणकाल की उपर्युक्त आलोचना से निष्कर्ष यह निकलता है कि डा० गौरीशंकर हीराचन्द ओझा, श्री अगरचन्द नाहटा तथा डा० रामकुमार वर्मा को छोड़कर किसी अन्य विद्वान् ने "बारहसै बहोत्तरा" के अतिरिक्त अन्य तिथियों पर विचार नहीं किया। इस शब्द के अर्थ भी दो लगाये गये। एक अर्थ १२७२ लगाया गया तथा दूसरा अर्थ १२१२। पहले अर्थ को मानने के पक्ष में श्री गौरीशंकर हीराचन्द ओझा, श्री अगर चन्द जी नाहटा, लाला सीताराम, तथा डा० उदयनारायण तिवारी हैं।

१—नागरी प्रचारिणी पत्रिका—सं० १९९७, अंक २, पृ० १६३-१६५।
२—वीर काव्य—पृ० १९१।
३—वीसलदेव रास पृ० ५१-५२।

१२१२ के पक्ष का समर्थन आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, डा० श्यामसुन्दर दास (इन्होंने इस सम्बन्ध में अपने उपर्युक्त विचार को पीछे से बदल दिया था और सं० १२१२ का समर्थन करने लगे थे)[1] तथा सत्यजीवन वर्मा करते हैं। मिश्रबन्धुओं का अपना एक पृथक् वर्ग है, जो इसका अर्थ सं० १३५४ वि० लेता है। डा० रामकुमार वर्मा ने १०७३ को इसका निर्माण-काल माना। डा० माताप्रसाद गुप्त किसी तिथि का समर्थन नहीं करते।

किसी भी कवि की कृति के निर्माण काल का निर्णय दो ही प्रकारों से हो सकता है। प्रथम और पुष्ट आधार तो है, उसकी कृति में दिया हुआ काल, जिसे अन्तःसाक्ष्य कहा जाता है, द्वितीय आधार है बाह्य साक्ष्य जिसमें कवि द्वारा वर्णित विषयवस्तु यदि रचना ऐतिहासिक हुई तो तथा भाषा आदि हस्त-लिखित प्रस्तुत कृति में हमें दोनों आधार प्राप्य हैं। अन्तः साक्ष्य का आधार प्राप्य प्रतियां हैं जिसमें हमें निम्न तिथियां निर्माण काल की प्राप्त होती हैं—

'अ' समूह : १. संवत सहस सत्तिहितरइ जाणि।
रोहिणी नक्षत्र सोहामणउ॥
सुकल पक्ष पंचमी श्रावण मास।

२. बारह सै बहोत्तरा हां मझारि।
जेठ बदी नवमी बुधवारि॥

३. संबत सहंस तिहतरइ।
सुकल पक्ष पंचमइ श्रावण मास।
रोहिणी नक्षत्र सोहामणो॥

'आ' समूह : ४. श्रावण शुक्ल ५ रो०

'क' समूह : ५. १०७३

'ख' समूह : ६. संवत तेर सतोतरै जाणि।
सुक पंचमी नइ श्रावण मास।
हस्त नक्षत्र रविवार सुं।

उपर्युक्त अन्वय का अर्थ यह निकला कि 'अ' समूह की चार प्रतियों में हमें चार तिथियाँ मिलती हैं, १— १०७७, २— १२७२, ३— १०७३ तथा

१—वीरकाव्य, पृ० १८६।

४— १३७७ । 'आ' समूह की ६ प्रतियों में से चार प्रतियों में १०७७, एक में १२७२, दो में १०७३, एक में १७७३ जोकि भूल से लिखा प्रतीत होता है, तथा एक में सम्वत् नहीं मिलता है। 'क' समूह की प्रति में १०७३ का उल्लेख है। 'ख' समूह की चौदह प्रतियों में से एक में १०७७, छः में १०७३ तथा दो में १३७७ के अतिरिक्त अन्य प्रतियों में रचनातिथि नहीं मिलती। इन संवतों में से १०७७ तथा १०७३ को छोड़कर अन्य दो संवतों, १२७२ तथा १३७७ के दो अर्थ लगाये जाते हैं। १२७२ से १२१२ का भी अर्थ लगाया जाता है और इसी प्रकार १३७७ का अर्थ १३०७ भी विद्वान् लगाते हैं।

विक्रमी संवतों के दो प्रकार के व्यवहार[1] (चैत्रादि और कार्त्तिकादि) उपर्युक्त संवतों की बारह तिथियाँ देते हैं। लेकिन जिस प्रान्त की यह कथा है वहां प्रायः संवत् कार्तिक सुदी प्रतिपदा से आरम्भ होता है। एलेक्जेन्डर कनिंघम साहब कहते हैं—

"The Vikrama Sambat, or era of Vikramaditya, is reconed from the vernal equinox of the year 57 B. C; and the completion of the Kaliyuga year 3044. It is used all over northern India except in Bengal where the Saka era has been generally adopted. It is used also in Telingana and Gujrat; but in the latter province the year does not begin untill seven months later than in the north or with the first of Kartik Sudi.

कनिंघम साहब के मत की पुष्टि पं० गौरीशंकर हीराचन्द जी ओझा भी एक प्रकार से करते हुए कहते हैं कि राजपूताने में पहले विक्रम संवत् कहीं चैत्रादि (चैत्र सु० १ से आरम्भ होने वाला) और कहीं कार्तिकादि (कार्तिक सु० १ से आरम्भ होने वाला) चलता था, जैसा कि वहाँ से मिलने वाले शिला लेखों, दान पत्रों और पुस्तकों से पाया जाता है।[2] चूँकि पं० गौरीशंकर हीराचन्द जी ओझा के मतानुसार राजपूताने में कहीं चैत्रादि और कहीं कार्तिकादि संवत् प्रारम्भ होता है इसलिए वीसलदेव रासो की प्राप्य प्रतियों के छः संवतों के १२ संवतों का (चैत्रादि और कार्तिकादि के हिसाब से) तथा कनिंघम साहब के मतानुसार केवल छः संवतों की तिथि, वार आदि की गणना

१—Book of Indian bras—Alexender cunningham—P. 47.

२—ना० प्र० प०, स० १९९७, अंक २, पृ० १६३।

की कसौटी पर कस कर देखना होगा कि प्राप्य संवतों में से किस संवत् की तिथि, वार आदि गणना की कसौटी पर खरे उतरते हैं।

प्राप्य हस्तलिखित प्रतियों में, प्राचीनतम संवत् हमें १०७७ मिलता है संवत् १६३३ की प्राप्य प्रति में, जो अबतक की प्राप्य प्रतियों में सबसे प्राचीन है, भी यही संवत् दिया हुआ है। इस संवत् के साथ तिथि श्रावण सुदि ५ तथा नक्षत्र रोहिणी दिया हुआ है। वार इसमें नहीं है। चैत्रादि संवत् के अनुसार वि० सं० १०७७ श्रावण शुक्ला ५ को बुधवार और हस्त नक्षत्र था और कार्तिकादि संवत् के अनुसार उक्त तिथि को सोमवार और हस्त नक्षत्र आता है।[1] यदि दिन के उल्लेख के अभाव के कारण किसी प्रकार इस संवत् को ग्रंथ का रचना-काल मान भी लिया जाय तो नक्षत्र की विभिन्नता इस संवत् को मानने में बाधा उपस्थित करती है। दूसरा प्राप्य संवत् १०७३ है। इस संवत् के साथ मास, पक्ष, तिथि. वार आदि कुछ नहीं है, इसलिए इस सम्बन्ध में कोई जाँच सम्भव नहीं। इसके पश्चात् विचारणीय संवत् १२७२ है जिसका दूसरा अर्थ १२१२ भी लगाया गया इस संवत् के साथ तिथि तथा वार का उल्लेख है, नक्षत्र का नहीं। पं० गौरीशंकर हीराचन्द जी ओझा का मत है कि चैत्रादि विक्रम संवत् १२७२ ज्येष्ठ वदी शुक्रवार था तथा कार्तिकादि वि० सं० के अनुसार अर्थात् चैत्रादि १२७३ में उक्त तिथि को बुधवार आता है। दिन मिल जाने के कारण ओझाजी ने इसी संवत् को ग्रंथ की रचना-तिथि माना है[2]। इस संवत् के दूसरे अर्थ का अर्थात् १२१२ का समर्थन आचार्य रामचन्द्र जी शुक्ल तथा श्री सत्यजीवन जी वर्मा करते हैं। इन लोगों के मतानुसार गणना करने पर विक्रम सं० १२१२ में ज्येष्ठ बदी ६ को ही बुधवार पड़ता है।[3] श्री सत्यजीवन जी वर्मा का तो यहाँ तक कहना है कि "सं० १२७२ में जेठ बदी नवमी बुधवार को नहीं पड़ती।[4] इस संवत् के सम्बन्ध में उपर्युक्त विद्वानों के दो विपरीत मतों ने एक विषम समस्या उपस्थित कर दी है। सं० १२१२ में भी जेठ बदी ६ को बुधवार का पड़ना और १२७२ में भी उसी तिथि को बुधवार का पड़ना, एक ऐसी समस्या है जिस पर विचार करना आवश्यक है। खेद है

---

1. Indian Ephemanis, vol III, PP. 43, 45.
२. ना० प्र० प०, १९९७, अंक २, पृ० १६३।
३. हिन्दी साहित्य का इतिहास सं० २००३, पृ० ३४।
४. बीसलदेव रासो—पृ० ५ भूमिका।

कि उपर्युक्त विद्वानों में से किसी ने यह बताने का कष्ट नहीं किया कि किस आधार पर उन लोगों ने गणना की।

इण्डियन एफीमेरीज के विद्वान् लेखक ने गणना कर विभिन्न संवतों के जो दिन और नक्षत्र आदि दिये हैं उसके अनुसार चैत्रादि के १२७२ की जेठ बदी ६ को शुक्रवार "शतभिषक्" नक्षत्र पड़ता है तथा कार्त्तिकादि से प्रारम्भ होने वाले इस संवत् की जेठ बदी ६ को शुक्रवार हस्त नक्षत्र पड़ता है।[1] इस संवत् के पाठ का जो दूसरा अर्थ १२१२ लगाया गया है उसके सम्बन्ध में भी उपर्युक्त पुस्तक में जो उल्लेख प्राप्य है उसके अनुसार चैत्रादि जेठ बदी ६ को बृहस्पतिवार और रेवती नक्षत्र तथा कार्त्तिकादि जेठ बदी ६ को बुधवार और हस्त नक्षत्र था[2]। इस गणना की दृष्टि से आचार्य रामचन्द्र शुक्ल और श्री सत्यजीवन वर्मा का यह मत कि संवत् १२१२ में जेठ बदी ६ को बुधवार पड़ता है, ठीक है। इन संवतों के अतिरिक्त एक संवत् १३७७ भी प्राप्य है। इस संवत् के साथ तिथि, वार तथा नक्षत्र सभी दिया हुआ है। अतः गणना करने में बड़ी सुविधा है। गणना करने पर चैत्रादि संवत् के अनुसार विक्रम संवत् १३७७ श्रावण सुदी ५ को रेवती नक्षत्र और शनिवार था तथा कार्त्तिकादि संवत् के अनुसार उक्त तिथि को अश्विनी नक्षत्र और बृहस्पतिवार आता है[3]। इस तरह यह संवत् भी अशुद्ध ठहरता है। इस संवत् का दूसरा अर्थ १३०७ भी लगाया गया है। गणना करने पर चैत्रादि संवत् १३०७ श्रावण शुक्ल ५ को बुधवार तथा "उ० भाद्र" पड़ता है एवं कार्त्तिकादि संवत् १३०७ "अर्थात् चैत्रादि १३०८" श्रावण शुक्ल ५ को मंगलवार और अश्विनी नक्षत्र पड़ता है[4]।

उपर्युक्त प्राप्य हस्तलिखित प्रतियों में उल्लेख किये गये विभिन्न संवतों की गणना का निष्कर्ष यह निकला कि संवत् १२७२ के पाठ का अर्थ १२१२ निकालने पर और कार्त्तिकादि से इस संवत् का प्रारम्भ मानने पर जेठ बदी ६ को बुधवार पड़ता है जो कि संवत् १६६६ वाली प्रति में दिये गये पाठ का लगाया गया अर्थ है; लेकिन इसे मानने में इस संवत् के साथ नक्षत्र के उल्लेख का अभाव तथा इस प्रति के चार खण्डों में विभाजित होने के कारण इसके प्रामाणिक होने में सन्देह तथा बारह सै बहोत्तरा का लगाया गया अर्थ १२१२,

---

1. Indian Ephemaries vol IV, P. P. 32, 34.
2. ,, ,, vol III, P. P. 312, 314.
3. ,, ,, vol IV, P. P. 243, 245.
4. ,, ,, vol IV, P. P. 103, 105.

आदि कुछ ऐसे प्रश्न हैं जिनके कारण इस तिथि को पूर्ण रूप से केवल दिन मिल जाने के कारण प्रामाणिक मानना उपयुक्त न होगा।

अन्त में कहना पड़ेगा कि प्राप्य संवतों के आधार पर बीसलदेव रासो की रचना-तिथि का निर्णय करना शंकाओं से निर्मूल नहीं हो सकता।

प्राप्य प्रतियों में प्रति नं० २ (१६६९) तथा ६ (१७२४) ऐसी हैं जिनमें रचना तिथि प्रारम्भ में तथा अन्य प्रतियों में अन्त में दी गई है। इस आधार पर श्री अगरचन्द जी नाहटा ने यह तक उपस्थित किया है कि "ग्रन्थ के आरंभ में रचना काल का निर्देश करना मुसलमान ग्रन्थकारों की शैली है। प्राचीन भारतीय ग्रन्थों में रचना-काल जहाँ दिया है वहाँ सदा ग्रन्थ के अन्त में ही दिया है आरम्भ में देने की पद्धति मुसलमानों की देखादेखी सोलहवीं शताब्दी के आस पास चली जान पड़ती है[1]।" लेकिन इस आधार पर यह कहना कि बीसलदेव रासो का रचयिता १६ वीं शताब्दी के लगभग का था, तर्करहित जान पड़ता है। रचना का समय ग्रन्थ के आरम्भ अथवा अन्त में देना रचयिता की रुचि का प्रश्न है। प्राचीन ग्रंथों में जहाँ अनेक उदाहरण रचना तिथि को अन्त में देने के मिलते हैं वहीं कई ग्रंथ ऐसे भी मिलते हैं जहाँ रचना-तिथि आरम्भ में दी गई है। "जैन कवि" मान रचित "राजविलास" नामक ग्रन्थ में उसकी रचना का समय आरम्भ में ही स्तुतियों के बाद दिया गया है[2]।" ऐसे और भी अनेक उदाहरण प्राप्त हो सकते हैं।

भाषा का दृष्टिकोण

ग्रन्थों के रचना-काल पर भाषा की दृष्टि से भी विचार किया जाता है। श्री अगरचन्द जी नाहटा ने इस दृष्टिकोण से विचार करते हुए लिखा है कि "बीसलदेव रासो" की भाषा सोलहवीं-सत्रहवीं शताब्दी की राजस्थानी भाषा है। जिन विद्वानों ने ग्यारहवीं से सत्रहवीं शताब्दी तक की राजस्थानी भाषा का अध्ययन किया है, उनका यह मत हुए बिना नहीं रह सकता। ग्रंथ में प्राचीन भाषा का अंश बहुत कम—नहीं के बराबर है।[3] और इस प्रसंग में पाद टिप्पणी देते हुए वे लिखते हैं कि "सोलहवीं शताब्दी में नरपति नाम का एक कवि हुआ भी है जिसका उल्लेख "जैन गुर्जर कविओं" भाग १ में है[4]।

---

१. राजस्थानी—भाग ३, अंक ३, पृ० १६ (पाद टिप्पणी)
२. नागरी प्रचारिणी पत्रिका—सं० १९९७, पृ० १७१
३. राजस्थानी—भाग ३, अंक ३, पृ० २१
४. ,, ,, ,, ,, (पाद टिप्पणी)

इन्हीं आधारों पर वे शायद कहना चाहते हैं कि यह रचना १६ वीं शताब्दी की है और उसका रचयिता भी १६ वीं शताब्दी का है।

लेकिन जिन प्रतियों की भाषा के आधार पर श्री नाहटाजी ने यह परिणाम निकाला है उन प्रतियों में ग्रंथ की अन्तिम स्थितियों तक की भाषा का मिश्रण हुआ है। फिर उनका यह कहना कि ग्रन्थ में प्राचीन भाषा का अंश बहुत कम नहीं के बराबर है" स्वयं यह सिद्ध करता है कि ग्रन्थ की भाषा में प्राचीन के कुछ उदाहरण प्राप्त हैं। उत्तरोत्तर उसमें अनेक प्रकार की बोलियों का मिश्रण शताब्दियों के व्यतीत होने के साथ-साथ होता गया। हमें सत्रहवीं शताब्दी की प्राचीनतम प्रति प्राप्त है। यदि ग्रन्थ का रचना-काल दी गयी रचनातिथि के अनुसार ११ वीं या १३ वीं शती मान लिया जाय तब भी प्राप्त प्रतियाँ तीन या चार सौ वर्षों के पश्चात् की रचित हैं। अतः तीन या चार सौ वर्षों के पश्चात् उस काल की भाषा का जिस काल में यह ग्रन्थ मूल रूप से रचित हुआ था, प्राप्त होना असम्भव है।

प्रसिद्ध विद्वान् पं० गौरीशंकर हीराचन्द ओझा ने बारहवीं तथा तेरहवीं शताब्दी की भाषा के कुछ उदाहरणों को देते हुए कहा है कि "भाषा का प्रयोग कवि की रुचि पर निर्भर है। जैनों के धर्मग्रन्थ (सूत्र) प्राकृत (अर्ध मागधी) भाषा में होने के कारण जैन लेखक अपने भाष्य काव्यों में प्राकृत शब्दों की भरमार करते रहे हैं, जिससे उनकी भाषा दुरूह हो गयी है। चारण, भाट आदि प्राकृत से अधिक परिचित न होने के कारण अपनी रचनाएँ प्रचलित भाषा में करते थे, जिससे इन दोनों प्रकार के लेखकों की पुस्तकों की भाषा में अन्तर होना स्वाभाविक ही है। भाषा की कसौटी सदियाँ नहीं हैं। एक ही समय में कोई सरल भाषा में अपनी रचना करता है तो कोई कठिन भाषा का प्रयोग करता है।[1]

डा० उदयनारायण तिवारी भी पं० गौरीशंकर हीराचन्द ओझा की बातों को पुष्ट करते हुए लिखते हैं कि "भाषा के सम्बन्ध में एक महत्त्वपूर्ण प्रश्न यह हो सकता है कि क्या इसकी भाषा उस समय की साहित्यिक भाषा है या सर्व-साधारण के बोलचाल की भाषा? अथवा सम्भव है कि वह उन दोनों में से एक भी न हो। इस सम्बन्ध में इस बात को सदैव स्मरण रखना चाहिए कि जैन लेखक तथा कवि प्राकृत (अर्द्ध मागधी प्राकृत तथा अपभ्रंश) का ही प्रयोग

---

१. ना० प्र० प०—सं० १९९७, पृ० १०१।

अपनी कविताओं में करते थे : किन्तु साधारण चारण और कवि प्राकृत से अपरिचित होने के कारण अपनी प्रचलित भाषा में ही रचना करते थे। नरपति नाल्ह न तो भाषा का पण्डित था और न तो कोई सुकवि। अतएव उसके लिए अपनी मातृभाषा राजस्थानी में कविता करना सर्वथा स्वाभाविक था।"[1]

कारकों के वियोगा तथा संयोगा अवस्थाओं के रूप, क्रियाओं के सहायक क्रिया से बने हुए तथा संस्कृत की ही भाँति मूल क्रिया में प्रत्यय जोड़ कर बने हुए रूप, राजस्थानी उच्चारण के अनुसार "न" के स्थान पर "ण" का प्रयोग तथा संज्ञा शब्दों के अन्त में "ड़ा","ड़ी" और "ड़े" आदि के प्रयोगों के उदाहरणों को दिखाकर डा० उदयनारायण जी तिवारी ने यह सिद्ध किया है कि इसकी भाषा १२००—१३०० वि० संवत् की है।[2]

आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का यह मत है कि यद्यपि गाने की चीज होने के कारण मूल रासो की भाषा में समयानुसार बहुत कुछ फेर-फार होता रहा है किन्तु लिखित रूप में रक्षित होने के कारण इसका पुराना ढाँचा बहुत कुछ बचा हुआ है। अपने इस कथन की पुष्टि करने के लिये वे रासो में प्रयुक्त कुछ शब्दों की ओर संकेत करते हैं, जैसे "चितह" = चित्त में, "रणि" = रण में, "ईणी विधि" = इस प्रकार, "ईसउ" = ऐसा, "नेयर" = नगर, "पसाउ" = प्रसाद, "पयोहर" = पयोधर, इत्यादि।[3]

विविध विद्वानों के भाषा-सम्बन्धी उपर्युक्त विवेचन से यह ज्ञात होता है कि ग्रन्थ की भाषा प्राचीन है और वह सं० ग्यारहवीं तथा बारहवीं के लगभग की हो सकती है। सोलहवीं शताब्दी की तो कदापि नहीं जैसा कि श्री नाहटा जी ने कहा है; क्योंकि पृथ्वीराज रासो तथा बीसलदेव रासो की भाषा के तुलनात्मक अध्ययन से यह प्रतीत होता है कि बीसलदेव रासो की भाषा पृथ्वीराज रासो की भाषा से पुरानी है।

उपर्युक्त भाषा-सम्बन्धी विविध विद्वानों के प्रकाशित मतों से यह निष्कर्ष निकलता है कि रासो की भाषा ग्यारहवीं तथा बारहवीं शती के लगभग की हो सकती है। अब प्रश्न यह उठता है कि ग्यारहवीं और बारहवीं शती में भारतवर्ष की भाषा कौन सी थी। डा० सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या महोदय ने अलबेरूनी

---

१. वीरकाव्य—पृ० २००।

२. वीरकाव्य—पृ० २००—२०३।

३. हिन्दी साहित्य का इतिहास, पृ० ४४।

के भारत वर्णन का उल्लेख करते हुए अपनी पुस्तक "भारतीय आर्य भाषा और हिन्दी" में लिखा है कि लगभग १०२५ ई० में भारतीय आर्य भाषा दो रूपों में विभाजित थी, एक तो उपेक्षित काव्य भाषा जिसका केवल साधारण जन में प्रचार था, और दूसरी शिष्ट, सुशिक्षित उच्च वर्ग में प्रचलित साहित्यिक भाषा, जिसे बहुत से लोग अध्ययन कर प्राप्त करते थे तथा जो व्याकरणात्मक विभक्ति, योग, व्युत्पत्ति, तथा व्याकरण के नियमों एवं अलंकार, रस शास्त्र की बारीकियों से बद्ध थी। इन दो रूपों के बावजूद भी वह भारतीय भाषा को एक ही गिनता है। सुसंस्कृत ब्राह्मण वर्ग संस्कृत की परम्परा को ही चलती रखता और उसके संरक्षक क्षत्रिय एवं अन्य नृपतिगण उसे आश्रय भी देते रहते...यद्यपि वे स्वयं तथा उनसे नीचे वर्ग की प्रजा अपभ्रंश तथा देशी भाषाओं से ही अपना मनोरंजन करते थे।[1]

अलबेरूनी की उपर्युक्त उक्ति यह सिद्ध करती है कि ग्यारहवीं शती में भारतवर्ष में संस्कृत तथा अपभ्रंश दो प्रकार की भाषाएँ प्रचलित थीं। कालान्तर में अपभ्रंश से ही नव्य भारतीय आर्य भाषाओं का विकास हुआ। संस्कृत की तरह अपभ्रंश का केवल एक ही भेद नहीं था। विभिन्न प्रान्तों में बोली जाने वाली अपभ्रंश भाषा का प्राकृत चन्द्रिका में सत्ताईस भेद गिनाया गया है :—

ब्राचड़ो लाटवैदर्भावुपनागरनागरौ।
बार्बरावन्त्य पांचाल टाक मालव कैकयाः॥
गौडीद्रैव पाश्चात्य पाण्ड्य कौन्तल सैहंलाः।
कालिंग्य प्राच्य कर्णाट कांचय द्राविड़ गौर्जराः॥
आभीरो मध्य देशीयः सूक्ष्म भेद व्यवस्थिताः।
सप्त विंशत्यपभ्रंशाः वेतालादिप्रभेदतः॥

इन्हीं सत्ताईस प्रकारों के अपभ्रंशों में से एक अपभ्रंश जिसका नाम डा० सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या के मतानुसार सौराष्ट्रीय अपभ्रंश[1] है, राजस्थान की ग्यारहवीं शती की भाषा थी।

अपभ्रंश के उदाहरण हमें हेमचन्द्र आचार्य द्वारा रचित अपभ्रंश के व्याकरण तथा मेरुतुङ्गाचार्य कृत "प्रबन्ध चिन्तामणि" में अनेक मिलते हैं। नीचे इन दोनों ग्रंथों के दो-दो पद उदाहरण-स्वरूप इसलिए प्रस्तुत किये जा रहे हैं कि इनकी भाषा की तुलना बीसलदेव रासो की भाषा से की जा सके।

---

१. भारतीय आर्य भाषा और हिन्दी, पृ० १०६–१०७।

पुत्ते जाएँ कवणु गुणु अवगुणु कवणु मुएण ।
जा बप्पी की भुंहड़ी चंपिज्जइ अवरेण ॥

"अपभ्रंश व्याकरण, हेमचन्द्र आचार्य"

जेवडु अंतरु रावण रामहं तेवडु अंतरु पट्टणगामहं ।

"वही"

जा मति पच्छइ संपज्जइ सामनि पहिली होइ ।
मुंज भणइ मुणालवइ विघन न बेढइ कोइ ।

"प्रबन्ध चिन्तामणि"

जइ यह रावणु जाइयउ दहमुह इक्कु सरीरु ।
जणणि विषंमी चिंतवइ कवणु पियावउं खीरु ॥

"वही"

उपर्युक्त उदाहरणों में :	वीसलदेव रास में :
संज्ञा	संज्ञा
पुत्तें, बप्पी, पट्टण गामहं, दह, मुँह, इक्कु सरीरु, जणणि, खीरु भुहंडी आदि ।	भूजडा, सेजडी, मोजडी, भाटणि, नयण, वइरणि, पतडउ, प्रीतणउ, मुषिकउ, सनरु, आदि ।
क्रिया	क्रिया
भणइ, बेढइ, चिंतवइ, पियावउं आदि ।	भणइ, गिणइ, लहइ, बोलावइ, आदि ।

संज्ञा और क्रिया के रूप जैसे "अपभ्रंश व्याकरण" और प्रबन्ध-चिन्तामणि में हैं वैसे ही वीसलदेव रासो में भी हैं । हेमचन्द्र आचार्य के व्याकरण का रचना-काल वि० संवत् १२०० के लगभग और प्रबन्ध चिन्तामणि का संवत् १३६१ है, लेकिन हेमचन्द्राचार्य के व्याकरण में उद्धृत की हुई पंक्तियाँ उदाहरण-स्वरूप आई हैं । अतः निश्चय ही ये पंक्तियाँ ग्रन्थ की रचना के पहले की हैं । इसी प्रकार "प्रबन्ध चिन्तामणि" की भाषा के लिए भी कहा जा सकता है कि जिस अपभ्रंश के व्याकरण का उल्लेख इसमें हुआ है वह इस ग्रंथ की रचना के बहुत पहले जन-साधारण की भाषा रही होगी और उसके पश्चात् ही "प्रबन्ध चिन्तामणि" के रचयिता ने उसी भाषा के संस्कृत रूप को अपने ग्रन्थ में स्थान दिया

होगा। अस्तु, इसकी भाषा भी संवत् १३६१ के पहले की है, इसमें सन्देह नहीं। बीसलदेव रासो की भाषा जैसा कि ऊपर उदाहरणों द्वारा दरसाया गया है "अपभ्रंश व्याकरण" और "प्रबन्ध चिन्तामणि" में उद्धृत उदाहरणों की भाषा से बहुत अंशों में मिलती-जुलती है। भाषा के उपर्युक्त आधार पर निर्भर होकर ऐसा कहा जा सकता है कि बीसलदेव की रचना ग्यारहवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध और १२ वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में हुई होगी। लेकिन भाषा के आधार पर उपर्युक्त निर्णय करने में डा० उदयनारायण जी तिवारी द्वारा निकाला गया यह निष्कर्ष कि चूँकि नाल्ह न तो भाषा का पण्डित था और न कोई सुकवि, अतएव उसने अपनी मातृ भाषा राजस्थानी में बीसलदेव रासो की रचना की, बाधा उपस्थित करता है, यद्यपि डा० तिवारी का यहाँ "राजस्थानी" कहना अस्पष्ट है; क्योंकि इसके द्वारा उनका संकेत किस ओर है, इसका ठीक-ठीक पता नहीं चलता। यदि डा० तिवारी का उद्देश्य "राजस्थानी" से शौरसेनी अपभ्रंश से हो, तब तो उपर्युक्त निकाले गये निष्कर्ष से उनका मंतव्य सिद्ध होता है, और यदि उनका अर्थ राजस्थानी से पूर्वी और पश्चिमी राजस्थान की बोलियों से है तब यह विचार करना होगा कि ये बोलियाँ कब से राजस्थान में प्रचलित हुईं। इन बोलियों के सम्बन्ध में डा० सुनीतिकुमार जी चाटुर्ज्या का कहना है कि पुरानी पश्चिमी राजस्थानी साहित्य 'अर्थात पुरानी मारवाड़ी, गुजराती साहित्य' का इतिहास ई० चौदहवीं सती के द्वितीयार्द्ध से शुरू हुआ, मारवाड़ और गुजरात में प्रचलित मौखिक अपभ्रंश से, 'जो शौरसेनी से निकट सम्बद्ध होती हुई भी उसे स्वतन्त्र अपभ्रंश थी ऐसा अनुमित होता है—इसे हम "सौराष्ट्र अपभ्रंश" कह सकते हैं। पुरानी पश्चिमी राजस्थानी का उद्भव, तेस्सीतोरी के मतानुसार, ईस्वी तेरहवीं शती में हुआ था। गुजरात और मारवाड़ के जैन आचार्य और पण्डितों के द्वारा सौराष्ट्र अपभ्रंश से उद्भूत पुरानी राजस्थानी में साहित्य-सर्जना होने लगी, पर साथ ही साथ शौरसेनी अपभ्रंश साहित्यिक भाषा में पूर्ववत् काव्यादि साहित्यिक रचना की नीति अव्याहत रही। फिर, यह शौरसेनी अपभ्रंश साहित्यिक भाषा, पूर्व से बदलती गयी, इसका एक नवीन या अर्वाचीन रूप, पिंगल नाम से, राजस्थान और मालव के कवियों में पूर्णतया गृहीत हुई, पिंगल का एक साहित्य बन गया। फिर राजपुताने के भाट और चारणों में पिंगल की अनुकारी एक नई कवि-भाषा मारवाड़ी के आधार पर बनाई, जो "डींगल" या 'डिंगल' नाम से अब परिचित है। डिंगल काव्य ईस्वी पन्द्रहवीं शती से उपलब्ध है। ज्यादातर इसकी शब्दावली साहित्यिक थी,

अर्थात् प्रचलित मौखिक मारवाड़ी की शब्दावली से पृथक् होती थी।[1]

प्रसिद्ध विद्वान् तेस्सीतोरी और डा० चाटुर्ज्या का उपर्युक्त मत यह सिद्ध करता है कि मारवाड़ और गुजरात में प्रचलित मौखिक अपभ्रंश से राजस्थानी का उद्भव तेरहवीं शती में हुआ था। अर्थात् इसके पहले वहाँ की बोलचाल की भाषा अपभ्रंश थी। तथा अपभ्रंश के बाद "पिंगल" और तब डिंगल का स्थान आता है। आज के प्राप्त इस ग्रंथ की प्रतियों में निस्सन्देह डिंगल और पिंगल भाषा की बहुलता है, क्योंकि १५ वीं शती के पश्चात् की ही ये सभी प्रतियाँ हैं लेकिन इन प्रतियों में अपभ्रंश संज्ञाओं और क्रियाओं का प्रयोग तो स्पष्ट सिद्ध करता है कि इस काव्य की रचना अति प्राचीन अर्थात् १२ वीं शती की थी और स्मरण के आधार पर लिखित होने के कारण केवल थोड़े-बहुत शब्दों और क्रियाओं का ही प्रयोग लेखबद्ध करते समय किया जा सका। तथा इस कथन में भी अत्युक्ति न होगी कि इस ग्रन्थ की रचना आजकल की राजस्थानी में नहीं हुई थी, जैसा कि डा० उदयनारायण जी तिवारी का विचार है, यदि उन्होंने सचमुच राजस्थानी शब्द का प्रयोग आज की राजस्थानी के लिए किया हो।

ऐतिहासिक दृष्टिकोण

ऐतिहासिक दृष्टिकोण से रचना-तिथि पर विचार करते हुए डा० रामकुमार वर्मा ने सं० १०७३ को इतिहास के निकट माना है और अपने मत की पुष्टि में इतिहास के प्रमाण दिये हैं।[2] (लेकिन राजा भोज और बीसलदेव के समय को देते हुए भी वे यह कहना भूल गये कि किस बीसलदेव की चर्चा वे कर रहे हैं, क्योंकि इतिहास में बीसलदेव चार हो चुके हैं।)

श्री सत्यजीवन वर्मा ने सं० १२१२ को ऐतिहासिक दृष्टिकोण से ठीक समझते हुए कहा है कि "वीसलदेव" विग्रहराज चतुर्थ का दूसरा नाम है। वीसलदेव के शिलालेख सं० १२१० और १२२० के प्राप्त हैं। अजमेर बसने के पश्चात् केवल यही बीसलदेव हुआ है। यह अर्णोराज का पुत्र और जगदेव का छोटा भाई था। यह अपने बड़े भाई जगदेव के जीते जी उससे राज छीन कर गद्दी पर बैठा था। इसको विद्या से बड़ा प्रेम था। इसका रचा हुआ हरकेलिनाटक है। यह नाटक वि० सं० १२१० (सन् ११५६) की माघ शुक्ला

---

१. राजस्थानी भाषा...डा० सुनीति कुमार चाटुर्ज्या...पृ० ६५।
२. हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास—पृ० २६८-१०।

पञ्चमी को समाप्त हुआ था। यह उक्त संवत् में खुदाई करने पर प्राप्त हुआ है। इसी स्थान में बीसलदेव द्वारा स्थापित पाठशाला थी। दिल्ली के प्रसिद्ध फीरोज शाह की लाट पर वि० सं० १२२० वैशाख शुक्ला १५ का इसका एक लेख भी है। इत्यादि।[1]

श्री सत्यजीवन जी वर्मा ने १६६६ की लिखी हुई प्रति के आधार पर ही अपना यह मत प्रकट किया है। उस प्रति में "बारह सै बहोत्तराहां मझारि" का ही उल्लेख है। जब यह प्रति श्री वर्मा जी द्वारा सम्पादित हुई थी तब तक यही प्राचीनतम प्रति मानी जाती थी। अतः श्री वर्माजी के लिये यह स्वाभाविक था कि वे इसमें दिये हुए रचना-काल को ही ठीक मानें और उसकी पुष्टि में प्रमाण दें। लेकिन उनके लिए भी अच्छा यह होता कि वे अन्य प्रतियों की तिथियों पर ऐतिहासिक दृष्टिकोण से विचार कर लेते और ऐतिहासिक दृष्टिकोण से अपना मूल्यवान विचार उपस्थित करते हुए प्राप्य तिथि की गणना भी कर लेते।

डा० उदयनारायण जी तिवारी ने ऐतिहासिक दृष्टिकोण से रचना-तिथि पर विचार करते हुए कहा है कि यदि बीसलदेव को विग्रहराज चतुर्थ मान लिया जाय तो राजमती से उसके विवाह की कथा इतिहास के विरुद्ध ठहरती है। राजमती को बीसलदेव रासो में भोज की पुत्री कहा गया है और भोज का समय लगभग सं० १११२ के आस-पास था। बीसलदेव चतुर्थ का समय सं० १२०७ से १२२० तक का माना गया है। इस प्रकार सौ वर्ष पूर्व के किसी व्यक्ति की पुत्री से विवाह होने की कथा बड़ी असङ्गत होगी।[2] इस आधार पर बीसलदेव रासो का नायक बीसलदेव चतुर्थ नहीं ठहरता। बीसलदेव तृतीय के पक्ष में विजोल्यां के शिलालेख का प्रमाण, जिसमें चौहानों की वंशावली दी गयी है तथा जिसमें विग्रहराज तृतीय की रानी का नाम राजदेवी दिया गया है, और अन्य शिलालेखों के प्रमाण, जिसके अनुसार भोज के भाई उदयादित्य का विग्रहराज तृतीय का समकालीन होना सिद्ध होता है, तथा भोज की पुत्री राजदेवी अथवा राजमती का विवाह बीसलदेव तृतीय से होने की सम्भावना सिद्ध होती है, डा० उदयनारायण जी तिवारी देते हैं।[3] विग्रहराज तृतीय का समय डा० उदयनारायण जी तिवारी ने सं० ११५० वि० माना है। और ग्रंथ

---

१. बीसलदेव रासो—पृ० ६–७।
२. वीर काव्य—पृ० १६३।
३. वीर काव्य—पृ० १६४।

की रचना तिथि सं० १२७२ वि० मानते हैं। (इस प्रकार लगभग १२५ वर्ष पश्चात् इस ग्रंथ की रचना के सम्बन्ध में उनका विचार है कि इस ग्रन्थ को छन्दोबद्ध करने वाले कवि नरपति नाल्ह को केवल इतना ही ज्ञात था कि किसी भोज की पुत्री राजमती के साथ बीसलदेव का विवाह हुआ था। उसी के आधार पर उसने अनेक कल्पनात्मक नामों तथा घटनाओं का मिश्रण करके लोकरञ्जनार्थ एक काव्य गाने योग्य तैयार कर लिया। यह विवाह कब हुआ था, इसका उसको ठीक-ठीक पता न था, इसलिए राजमती के पिता के नाते, भोज के जीवन-काल में ही विवाह हो जाने का उसने वर्णन कर दिया है।[1]

डा० माताप्रसाद गुप्त ने स्थूल रूप से ग्रंथ के रचना-काल के विषय में विचार करते हुए इसके ऐतिहासिक तत्वों का विवेचन किया है। बीसलदेव तृतीय या चतुर्थ अजमेर की स्थापना, भोज द्वारा मगेवर, सोरठ, टोंक आदि कई प्रान्तों को बीसलदेव को दिये जाने की बात तथा बीसलदेव के उड़ीसा यात्रा की कथा का ऐतिहासिक विश्लेषण करते हुए डा० गुप्त इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि विग्रहराज तृतीय की रानी का नाम राजदेवी था। उसी के सम्बन्ध में राजमती नाम से कुछ कहानियाँ समय पाकर प्रसिद्ध हो गईं। फिर भोज परमार आदि से उसे सम्बन्धित कर विग्रहराज तृतीय के बहुत बाद किसी नरपति नाल्ह नामक कवि ने इस ग्रन्थ की रचना कर डाली।[2]

पं० गौरीशंकर हीराचन्द ओझा ने ग्रन्थ के ऐतिहासिक तत्वों का विशेष रूप से विश्लेषण किया है। वे कहते हैं कि "बीसलदेव रासो में,कवि ने मुख्यतया दो घटनाओं का वर्णन किया है—एक तो बीसलदेव के राजाभोज की पुत्री से विवाह होने की और दूसरी उसके (बीसलदेव) उड़ीसा जाने की। जहाँ तक पहली घटना का सम्बन्ध है, बीज रूप में उसमें सत्य का अंश अवश्य है, परन्तु शेष कथा कल्पित ही प्रतीत होती है। अपने इस कथन की पुष्टि में उन्होंने कहा है कि "विजोल्यां के शिलालेख में दी हुई चौहानों की वंशावली में विग्रहराज तृतीय की रानी का नाम राजदेवी दिया है। बीसलदेव रासो की राजमती और यह राजदेवी नाम एक ही रानी के सूचक होने चाहिये।" चौहान राजा बीसलदेव तृतीय से पर ार वंशीय राजकुमारी राजदेवी राजा भोज की पुत्री के विवाह के सम्बन्ध में अपना अनुमान प्रकट करते हुए श्री ओझा कहते

---

१. वीर काव्य—पृ० १६४।

२. बीसलदेव रास—पृ० ५४।

हैं कि राजा भोज के कनिष्ठ भ्राता उदयादित्य ने सम्भव है अपना पुराना वैर मिटाने के लिए अपनी भतीजी भोज की पुत्री राजदेवी अथवा राजमती का विवाह वीसलदेव तृतीय से किया हो; क्योंकि राजपूतों में आपस के वैर प्रायः पुत्री विवाहने से मिट जाते थे, जिसके अनेक उदाहरण उनके इतिहास में मिलते हैं[1]।"

इसके अतिरिक्त डा० ओझा ने शिलालेखों का प्रमाण देते हुए यह सिद्ध किया है कि विग्रहराज बीसलदेव तृतीय परमार-राजा भोज के भाई उदयादित्य का समकालीन था, जो वि० सं० १११६ के आस-पास गद्दी पर बैठा था।[2] इन्हीं ऐतिहासिक तथ्यों के आधार पर वे इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि बीसलदेव रासो का नायक चौहान राजा—बीसलदेव तृतीय है और इसका रचना-काल कार्तिक वि० सं० १२७२ चैत्रादि १२७३ होना चाहिए।

आचार्य रामचन्द्र जी शुक्ल कहते हैं कि "दिये हुए सं० के विचार से कवि अपने नायक का समसामयिक जान पड़ता है। पर वर्णित घटनाएँ, विचार करने पर बीसलदेव के बहुत पीछे की जान पड़ती हैं, जब कि उनके सम्बन्ध में कल्पना की गुंजाइश हुई होगी। यह घटनात्मक काव्य नहीं है, वर्णनात्मक है। इसमें दो ही घटनाएँ हैं—बीसलदेव का विवाह और उनका उड़ीसा जाना। इनमें से पहली बात तो कल्पना-प्रसूत प्रतीत होती है। बीसलदेव से १०० वर्ष पहले ही धार के प्रसिद्ध परमार राजा भोज का देहान्त हो चुका था। अतः उनकी कन्या के साथ बीसलदेव का विवाह किसी पीछे के कवि की कल्पना ही प्रतीत होती है। उस समय मालवा में भोज नाम का कोई राजा नहीं था। वीसलदेव की एक परमार वंश की रानी थी, यह बात परम्परा से अवश्य प्रसिद्ध चली आती थी, क्योंकि इसका उल्लेख पृथ्वीराजरासो में भी है। इसी बात को लेकर पुस्तक में भोज का नाम रखा हुआ जान पड़ता है। अथवा यह हो सकता है कि धार के परमारों की उपाधि ही भोज रही हो और उस आधार पर कवि ने केवल यह उपाधि-सूचक नाम ही दिया हो, असली नाम न दिया हो। कदाचित् इन्हीं में से किसी की कन्या के साथ बीसलदेव का विवाह हुआ हो। परमार-कन्या के सम्बन्ध में कई स्थानों पर जो वाक्य आये हैं, उन पर ध्यान देने से यह सिद्धान्त पुष्ट होता है कि राजा भोज का नाम कहीं पीछे से न

---

१. नागरी प्रचारिणी पत्रिका सन् १९९७—पृ० १६६–६८

२. ,, ,, ,, १६६

मिलाया गया हो। जैसे "जनमी गोरी तू जेसलमेर" : "गोरड़ी जेसलमेर की"। आबू के परमार भी राजपूताने में फैले हुए थे। अतः राजमती का उनमें से किसी सरदार की कन्या होना सम्भव है। पर भोज के अतिरिक्त और भी नाम इसी प्रकार जोड़े हुए मिलते हैं। जैसे—माघ, अचारज, कवि कालिदास।

जैसा पहले कह आये हैं, अजमेर के चौहान बीसलदेव (विग्रहराज चतुर्थ) बड़े वीर और प्रतापी थे और उन्होंने मुसलमानों के विरुद्ध कई चढ़ाइयाँ की थीं और कई प्रदेशों को मुसलमानों से खाली कराया था। दिल्ली और हाँसी के प्रदेश इन्हींने अपने राज्य में मिलाये थे। इनके वीर चरित का बहुत कुछ वर्णन इनके राजकवि सोमदेव रचित "ललित विग्रह-राज" (संस्कृत) में है, जिसका कुछ अंश बड़ी-बड़ी शिलाओं पर खुदा हुआ मिला है और राजपूताना म्यूजियम में सुरक्षित है। पर नाल्ह के इस बीसलदेव रासो में, जैसा कि होना चाहिए था, न तो उक्त वीर राजा की ऐतिहासिक चढ़ाइयों का वर्णन है, न उसके शौर्य-पराक्रम का। शृङ्गार रस की दृष्टि से विवाह और रूठकर विदेश जाने का (प्रोषित पतिका के वर्णन के लिए) मनमाना वर्णन है। अतः इस छोटी-सी पुस्तक को बीसलदेव ऐसे वीर का "रासो" कहना खटकता है। पर हम देखते हैं कि यह कोई काव्य ग्रंथ नहीं केवल गाने के लिए रचा गया था, तो बहुत कुछ समाधान हो जाता है[1]।"

डा० श्यामसुन्दर दास का मत है कि "विग्रहराज के विषय में दो और शिलालेखों का पता लगा है। पहिले पर तो सोमेश्वरदेव का बनाया हुआ एक नाटक खुदा है जिसमें वसन्तपाल की कन्या के साथ राजा विग्रहराज की प्रेम-केलि और मुसलमानों के विरुद्ध राजा के युद्धों का वर्णन है। दूसरे पर भी एक नाटक है जिसके रचयिता स्वयं विग्रहराज हैं। इस दूसरे शिलालेख पर संवत् १२१० (११५३ ई०) खुदा है। इनसे अब यह स्पष्ट सिद्ध हो गया कि महाराज विग्रहराज का राजत्वकाल १२ वीं शताब्दी के मध्य में हुआ।

सोमेश्वर राज के समय का एक शिलालेख मेवाड़ में मिला है जिसमें लिखा है कि विग्रहराज अर्णवराज का पुत्र था और 'तस्य ज्येष्ठ भ्रातृपुत्रः पृथ्वीराजः' था तथा "ज्येष्ठ भ्रातृ" का नाम आगे चलकर सोमेश्वर दिया है। बीसलदेव का नाम भी इस लेख में दिया है। पर विग्रह-राज से तीन पीढ़ी पहिले

---

१. हिन्दी साहित्य का इतिहास—पृ० ३४-३५। सं० २००३।

है। अतएव यह सिद्ध होता है कि विग्रहराज और बीसलदेव एक ही पुरुष नहीं थे।

इसके अतिरिक्त पृथ्वीराजरासो में लिखा है कि जिस समय बीसलदेव गुजरात के चालुक्य राजा से लड़ने गये तो राजा भोज का लड़का उदयादित्य उनके साथ था। बीसलदेव-रासो के अनुसार बीसलदेव ने भोज परमार की कन्या से विवाह किया था और इस भोज का समय डा० राजेन्द्र लाल मित्र के अनुसार सन् १०२६-१०८३ के बीच में होता है—पृथ्वीराजरासो से यह पता चलता है कि बीसलदेव की एक प्रमार वंशीय रानी थी, क्योंकि आदि पर्व में यह दोहा मिलता है :—

ऊँच धाम बिसराम किय रङ्ग लाल चतुरङ्ग।
प्रौढ़ा महल पवाँर सों कहिय सुकथा प्रसङ्ग॥

चन्द बीसलदेव का समय संवत् ८२१ देता है (पंड्या जी के सनन्द विक्रम संवत् के अनुसार यह ६११ होगा) और यह लिखा है कि बीसलदेव ने ६४ वर्ष राज्य किया था। अतएव इस गणना के अनुसार बीसलदेव की मृत्यु का संवत् ६७६ (९१९ ई०) होगा जबकि राजा भोज और उसके पुत्र उदयादित्य का जन्म भी नहीं हुआ था; परन्तु ऐसा जान पड़ता है कि लेख के भ्रम से यह संवत् ८२१ बदल गया है क्योंकि एक-दूसरे स्थान पर चन्द बालुका राव पर बीसलदेव की चढ़ाई और गुजरात-विजय का समय ६८६ बताता है। इसलिए ऐसा जान पड़ता है कि बीसलदेव का समय ८२१ न होकर ६२१ होगा। यह समय (६२१ — ९१ + ६४ = १०७६ या १०२० ई०) भोज और उसके पुत्र उदयादित्य से भी ठीक-ठीक मिल जाता है और इन तीनों का समकालीन होना सम्भवतः सिद्ध हो जाता है। पण्डित मोहनलाल विष्णुलाल जी पंड्या का कथन है कि राजपुताने की ख्यातियों में ९२१ के स्थान पर ६३१ मिलता है। यदि यह संवत् ठीक है तो बीसलदेव का समय १०३० मानना चाहिए।

इतिहास में बीसलदेव का नाम इसलिए प्रसिद्ध है कि उसने कई बार मुसलमानों के विरुद्ध लड़ाई ठानी थी और एक बर उन्हें पुनः भारतवर्ष से निकालने में वह सफल मनोरथ हुआ था। इससे उसी युद्ध का आशय है जो राजपुताने के राजाओं ने मुहम्मद गजनवी (९९७–१०३०) के विरुद्ध ठाना था और जिसमें वे कृतकार्य हुए थे। जो बातें ऊपर कही गयी हैं उनसे यही सिद्ध होता है कि बीसलदेव बारहवीं शती में नहीं हुआ वरन् ग्यारहवीं शताब्दी के

प्रथम अर्द्ध भाग में। फीरोजशाह की लाट पर जो लेख है उसके विषय में मेरा यह सिद्धान्त है कि वह बीसलदेव ही से कोई स्पष्ट सम्बन्ध नहीं रखता। वरन् उसके नाम का उल्लेख उसमें इसलिए किया गया है कि वह विग्रहराज के प्रतापी और प्रसिद्ध पुरखाओं में से था। चौहानों के इतिहास में बीसलदेव का नाम निजदेश के हितार्थ अनेक साहसपूर्ण कार्यों के लिये अत्यन्त प्रसिद्ध है। जो दिल्ली न जीत सका उसने समझा हो कि यदि अपने नाम के साथ बीसलदेव के नाम का उल्लेख हो तो जो कालिमा मेरे यश में लग गई है वह दूर हो जाय। इसी कारण इन दोनों का नाम उस शिलालेख पर है। इससे बीसलदेव और विग्रहराज को एक ही पुरुष मानना कदापि उचित नहीं जान पड़ता।"[1]

श्री रामनारायण जी दूगड़ ने अपना विचार इस सम्बन्ध में यों प्रकट किया है :—

बीसलदेव रासो के विषय में अपनी सम्मति प्रकट करने के पूर्व मैं बाबू श्यामसुन्दर दास जी के मन्तव्य पर कुछ कहूँगा। उक्त बाबूजी का पृथ्वीराज रासो के वीसलदेव, ललित विग्रह राज नाटक के नायक और फीरोजशाह की लाट के लेख वाले बीसलदेव तथा राजमति के पति बीसल को एक ही पुरुष मान लेना सर्वथा अयुक्त है। उन्होंने टाड राजस्थान के अनुसार रासे वाले बीसलदेव का पृथ्वीराज से ६ पीढ़ी पहिले होना लिखकर उस बीसलदेव के समय को, बीसलदेव रासे के बीसल से मिलाने का परिश्रम उठाया है। यही कारण है कि अन्त में उन्हें लाट पर के लेख वाले विग्रहराज और बीसलदेव जुदा-जुदा पुरुष ठहराने पड़े। यदि उक्त बाबू साहब को यह मालूम होता कि चन्द के रासे और टाड साहब की दो हुई चहुवाणों की वंशावली बिलकुल रद्दी है और विग्रहराज या बीसलदेव नाम के चार राजा चहुवाणों में हुए हैं तो वे कदापि ऐसा न लिखते।

पहिला विग्रहराज या बीसलदेव चहुवाणों के मूल पुरुष चापमान या चाहमान से पाँचवीं पीढ़ी में हुआ।

दूसरा विग्रहराज (पृथ्वीराज रासे का बीसलदेव) सिंहराज का पुत्र था, जिसने अणहिल्ल वाड़े के राजा मूलराज सोलंखी को जीतकर वहाँ बीसलपुर नाम का नगर बसाया। पृथ्वीराज रासे में इस बीसलदेव को आनलदेव (अर्णोराज) का दादा कहकर सं० ९८६ वि० तक १६५ वर्ष अजमेर में उसका राज

---

१. नागरी प्रचारिणी पत्रिका, सन् १९०१, पाँचवाँ भाग, पृ० १४१–१४४।

करना लिखा है। परन्तु वास्तव में यह विग्रहराज या बीसलदेव सं० १०३० वि० में राज करता था।[1]

बाबू श्यामसुन्दरदास जी ने अनन्द-सनन्द संवत् की कल्पना के सहारे से पृथ्वीराज रासे में दिये हुए सं० से इस बीसलदेव का समय मिलाने का श्रम किया है[२] इस बीसलदेव का मालवे परमार राजा भोजदेव का तो नहीं किन्तु उसके पिता सिन्धुराज का समकालीन होना सम्भव है; क्योंकि भोजदेव सं० १०६७ वि० से कुछ पहिले गद्दी पर बैठा था और सं० १११५ या १११६ के लगभग मृत्यु को प्राप्त हुआ या मारा गया। बीसलदेव भोज से पहले मर चुका हो क्योंकि पृथ्वीराज विजय नाम की पुस्तक और शिला-लेखों में दी हुई चहुवाणों की वंशावली के अनुसार सिंहराज के विग्रहराज या वीसलदेव, दुर्लभराज, चन्द्रराज और गोविन्दराज नाम के पुत्र थे। बीसल के पीछे दुर्लभ और उसका भाई गोविन्दराज राजा हुआ। गोविन्दराज के पीछे वाक्पतिराज दूसरा और फिर उसके छोटे भाई वीर्यराम की बारी आई। यह वीर्यराम अवन्ती के राजा भोज के हाथ से मारा गया था। वीर्यराम का उत्तराधिकारी दुर्लभराज तीसरा मालवे के राजा उदयादित्य का, 'जिसके लिये लेखों में भोजदेव का सम्बन्धी होना लिखा के हैं,' समकालीन था, जिसने सं० ११५१ वि० के निकट तक राज किया।

तीसरा विग्रहराज या बीसलदेव दुर्लभराज तीसरे का भाई था जिसका राज सं० ११५१७५ वि० के बीच में होना चाहिए। इसके लिए विजोल्याँ की प्रशस्ति में लिखा है कि श्री चण्डो रनिपेति राण बुधर श्री सिंहटो बूसलस्तद् भ्राता यत तापि बीसल नृपः श्री राजदेवो प्रियः। अर्थात् यही वीसलराज राजमती का पति था। परन्तु यह नहीं कह सकते कि राजदेवी मालवे के राजा भोजदेव ही की कन्या थी।

चौथा विग्रहराज या बीसलदेव — विजोल्याँ की प्रशस्ति' में इसका नाम वीसल दिया है। 'अर्णोराज' 'आनल देव' का पुत्र और सोमेश्वर का बड़ा भाई था

---

1. Epigraphia Indica vol II, P. 119. हर्षनाथ के मंदिर का शेखावटी प्रान्त में लेख।

२ — अनन्द सनन्द संवत् की कल्पना मोहनलालजी विष्णुलालजी पंड्या ने की है लेकिन कोई प्रमाण नहीं मिलता। कहीं ६० और कहीं ६१ वर्ष पृथ्वीराज रासो में दिये हुए संवतों को शुद्ध ठहराने के लिए मिलाए हैं। लेकिन इतने पर भी पृथ्वीराज के सब संवत् ठीक नहीं मिलते।

जिसका लेख देहली में फीरोज़शाह की लाट पर है[1], उसकी मृत्यु सं० १२२० वि० के लगभग होना उस लेख में पाया जाता है। इसी बीसलदेव या विग्रहराज ने तँवरों से दिल्ली का राज लिया 'सं० १२०८ वि० के लगभग' और हिमालय से विन्ध्याचल पर्यन्त देश विजय कर आर्यावर्त्त से म्लेच्छों का उच्छेद किया था। यही 'ललित विग्रहराज' नाम के नाटक का नायक था।[२] इस बीसलदेव और उसके लेख के विषय में जो अनुमान बाबू श्यामसुन्दरदास ने किया है, वह ठीक नहीं है।

अब बीसलदेव रासो के विषय में यह कहा जा सकता है कि यदि यह ग्रंथ किसी नरपति कवि ने शक सं० १२०२ या १२१० में लिखा हो तो रचयिता ऊपर दिये हुए चारों बीसलदेवों में से किसी का भी समकालीन नहीं ठहरता।

ग्रन्थकार लिखता है कि भोजदेव ने अपनी कन्या का विवाह करने को पुरोहित भेजा; वह अजमेर, अयोध्या, दिल्ली और मथुरा गया परन्तु कोई राजा उसके मन में न आया। आखिर अजमेर के बीसलदेव से उसने राजमती का विवाह ठहराया। भाटियों की ख्याति के अनुसार जैसलमेर का नगर राजा जैसल ने सं० १२१२ वि० में बसा कर अपनी राजधानी बनाया था। अतः सम्भव नहीं कि भोजदेव का पुरोहित जो राव जैसल से करीब एक सौ वर्ष पहले मर चुका था, जैसलमेर में जाता और यदि उसका जैसलमेर जाना मानें तो राजमती को भोजदेव की कन्या नहीं मानना पड़ेगा। भोज राजा के समय में दिल्ली पर अनंगपाल तँवर 'दूसरा' राज करता था, अयोध्या में शालिवंशी राजाओं का राज-भ्रष्ट होकर राठौड़ों का अधिकार शुरू हुआ था। मथुरा में उस समय कोई स्वतन्त्र राजा का होना पाया नहीं जाता, वह शहर दिल्ली के अधीन था। फिरिश्ता: लिखता है कि (१०१७ ई० सं०) १०७४ वि० में सुलतान महमूद गज़नवी मथुरा में गया जो किशन वासदेव का शहर कहलाता है। दिल्ली के राजा ने शहर की हिफाजत के वास्ते फौज भेजी थी मगर वह शिकस्त खाकर भाग गई और बीस दिन तक सुल्तान ने उस शहर को लूटा।' साँभर में चहुवाणों का राज भोजदेव से बहुत पहले होना पाया जाता है, चित्तौड़ का गढ़ आठवीं

---

1. Indian Antiquary Vol. 26. P. 216—1860.

२-एक ललित विग्रहराज नाटक कवि सोमदेव का बनाया हुआ और दूसरा हरकेलि नाटक खास विग्रहराजजी का बनाया हुआ अजमेर के अढ़ाई दिन के झोपड़े में मिला था।

शताब्दी (विक्रम की) के अन्त में गुहिलोतों ने अवन्ती के राजाओं से ले लिया था फिर भोज का उस पर क्या अधिकार था कि वह बीसलदेव को देने से इन्कार करता। अजमेर का शहर भोजदेव के बहुत पीछे बस कर चहुवाण राजाओं की राजधानी हुआ था। संवत् १२०० वि० के लगभग तक—जब कि गुजरात का सोलंकी राजा कुमारपाल, चहुवाण राजा अरुणोराज या आना पर चढ़ गया था—चहुवाणों की राजधानी अजमेर नहीं थी क्योंकि अवचिन्तामणि के कर्त्ता मेरुतुंग ने अरुणोराज का नागौर व शाकम्भरी का सपादलक्षीय राजा लिखा था। इतना अवश्य है कि अजमेर का नगर अरुणोराज के पिता अजयराज ने उस समय बसा लिया था; इत्यादि अशुद्धियों से स्पष्ट है कि बीसलदेव रासो किसी बीसलदेव के समय में बना हुआ नहीं किन्तु पीछे से किसी ने लिख दिया हो और आश्चर्य नहीं कि यह ग्रन्थ पृथ्वीराज रासो के पीछे बना हो क्योंकि उसी के अनुसार बीसलदेव रासो में भी बीसलदेव की परमार और यादव कुल की दो रानियाँ होनी लिखी हैं, और सिवा इसके कि राजा बीसलदेव ने राजा भोज की कन्या राजमती से विवाह किया अन्य इतिहास-सम्बन्धी कोई बात उसमें नहीं प्राप्त होती है। ग्रन्थ की पद्य रचना और भाषा के विषय में उस समय तक ठीक-ठीक नहीं कहा जा सकता जबतक कि संपूर्ण ग्रन्थ न पढ़ा जावे।"

ऐतिहासिक तथ्यों पर विचार करते समय हमें यह देखना होगा कि जिन दोनों रूपान्तरों को आधार मान कर सम्प्रति सम्पादन का कार्य किया गया है उनमें कौन-कौन सी घटनाएँ दोनों में समान हैं। तथा कौन सी ऐसी घटना है जो प्रथम रूपान्तर में है, द्वितीय में नहीं और द्वितीय में है प्रथम में नहीं। विश्लेषण करने पर ऐसा होता है कि प्रथम रूपान्तर की प्रायः सभी घटनाएँ द्वितीय रूपान्तर में पाई जाती हैं। तथा द्वितीय रूपान्तर में उनके अतिरिक्त और भी अन्य घटनाओं का वर्णन है।

दोनों रूपान्तरों में समान रूप से पाई जाने वाली ऐतिहासिक घटनाओं में से प्रथम और प्रमुख घटना है चौहान वंशीय बीसलदेव का धार के राजा परमार वंशीय भोज की पुत्री राजमती के साथ विवाह का होना। इस घटना के साथ ही साथ तत्सम्बन्धी कई एक प्रश्न उठ खड़े होते हैं। बीसलदेव से कवि का तात्पर्य किस बीसलदेव से है क्योंकि इतिहास में चार बीसलदेव हो चुके हैं। दूसरा प्रश्न राजा भोज का है क्योंकि इतिहास-प्रसिद्ध राजा भोज का समय कब से कब तक था तथा समय स्थिर हो जाने के पश्चात् वह किस बीसलदेव का समकालीन था, इत्यादि बातों पर विचार करना आवश्यक हो जाता है। तृतीय

प्रश्न उठता है कि क्या इतिहास में कहीं भी राजमती का उल्लेख बीसलदेव की पत्नी के रूप में हुआ है? अथवा राजमती का उल्लेख राजा भोज की पुत्री कह कर कहीं हुआ है?

उपर्युक्त ऐतिहासिक गुत्थियों को सुलझाने के लिये आवश्यक यह होगा कि हम चौहानों और परमारों के वंश-वृक्ष को देखकर यह निर्णय करें कि राजा भोज का समय कब से कब तक था और उनके समय में चार बीसलदेवों में से कौन बीसलदेव वर्तमान था। राजा भोज का समय इतिहासकारों ने प्रस्तर लेखों, दान-पत्रों और प्रशस्तियों[1] के आधार पर वि० सं० १०७६ से ११०३ (ई० सन् १०२० से १०४२) माना है। राजा भोज के काल में चार बीसलदेवों में से कौन-से बीसलदेव वर्तमान थे, इसका समाधान चौहान राजाओं के वंश-वृक्ष के अध्ययन से सम्भव है। लेकिन इन चार बीसलदेवों के काल का निर्णय करने के पहले डा० श्यामसुन्दर दास द्वारा उठाये गये उस प्रश्न का भी समाधान आवश्यक है, कि "विग्रहराज और बीसलदेव एक ही पुरुष नहीं थे।" उनकी यह शंका निर्मूल सिद्ध हो जाती है दिल्ली के फिरोज़ शाह की लाट पर खुदी हुई निम्न वार्ता से, जहाँ बीसलदेव और विग्रहराज को एक ही व्यक्ति माना गया है:—

आर्यावर्त्तं यथार्थं पुनरपि कृतवान्म्लेच्छ-विच्छेदनाभि-
र्देवः शाकंभरीं या जगति विजयते वोसलत्राणिपालः।
ब्रूते संप्रति चाहमान-तिलकः शाकंभरो भूपतिः
श्रा मद्विग्रहराज एष विजयी सन्तानजानात्मनः॥१॥

संभव है कि डा० श्यामसुन्दरदास ने उपर्युक्त शंका इस कारण उठाई हो कि फिरोज़शाह की लाट पर खुदी हुई यह बात केवल विग्रहराज चतुर्थ के सम्बन्ध में है। इसमें सन्देह नहीं कि इतिहास में विग्रहराज प्रथम और द्वितीय

---

१. (क) बांसवाड़ा का दान-पत्र—यह किसी ठठेरा की विधवा पत्नी के पास दक्षिणी राजपूताने में पाया गया था और इस पर भोजदेव के हस्ताक्षर के साथ सं० १०७६ माघ सु० ५ अंकित है।

(ख) बेतवा का दान-पत्र—यह मध्य भारत में इन्दौर से पश्चिम १६ मील की दूरी पर बेतवा ग्राम में पाया गया था। इसमें राजा भोज के किसी ब्राह्मण को कोकन विजय के अवसर पर एक गाँव देने का उल्लेख है। इसकी तिथि वि० १०७६ की भादों सु० १५ है (ई० सन् १०२० सितम्बर)।

के लिये 'बीसलदेव' का व्यवहार नहीं मिलता। लेकिन विग्रहराज तृतीय को हम्मीर महाकाव्य में "बीसल" और चतुर्थ को सैवालिक तथा खोहारी गाँव के शिला-लेखों में "वीसल" कहा गया है।

चौहानों के वंश-वृक्ष के अनुसार बीसलदेव द्वितीय (विग्रहराज) का, जिसने गुजरात के सोलंकी राजा पर चढ़ाई की थी, वि० सं० १०३० में विद्यमान होना मिलता है। यह वीसलदेव (विग्रहराज) प्रथम विग्रहराज से दस पीढ़ी बाद तथा चौहान राजाओं की तेरहवीं पीढ़ी में आता है। इसके द्वितीय भ्राता का नाम दुर्लभराज द्वितीय था तथा इसके पिता का नाम सिंहराज था। इसको कोई पुत्र न हुआ। इसके भाई के वंश में विग्रहराज तृतीय हुआ। इसका समय कब से कब तक था, यह इतिहास में स्पष्ट नहीं है। और इसी का वंशज विग्रहराज चतुर्थ हुआ, जिसका समय लगभग सं० १२१० से १२२१ था।[1] विग्रहराज द्वितीय और विग्रहराज चतुर्थ के बीच जिनका समय हमें इतिहास में मिलता है, १८० वर्षों का अन्तर पड़ता है। और इन दोनों के राज्यकाल

(ग) उज्जैन का दान-पत्र—यह दान-पत्र एक किसान ने द्वारा उज्जैन में नागझरी नामक झरने के पास जमीन खोदते हुए प्राप्त किया गया था। इस दान-पत्र के अनुसार राजा भोज ने किसी ब्राह्मण को एक गाँव दान किया है। इसकी तिथि दान-पत्र के ३० वीं और ३१ वीं पंक्ति में वि० सं० १०७८ (ई० स० १०२२) है।

(घ) देपालपुर का दान-पत्र—यह दान-पत्र इन्दौर से २४ मील दूर देपालपुर में पाया गया था। दान-पत्र की तिथि वि० सं० १०७६ चैत्र शुक्ल १४ (ई० सन् १०२२) है।

(च) यशोवर्मा का पत्र —बाम्बे प्रान्त के नासिक जिले के "कालवन" ग्राम में प्राप्त। इसमें किसी संवत् का उल्लेख नहीं है।

(छ) ब्रिटिश अजायब-घर की मूर्ति का लेख —सरस्वती की एक मूर्ति है जिसके पाद-स्थल में लिखा हुआ है, राजा भोज के राज्य वि० सं० १०६१ में बनी हुई।

(ज) तिलकवाड़ा का दान-पत्र—यह दान-पत्र बड़ौदा राज्य के तिलकवाड़ा के पास नर्मदा नदी के किनारे प्राप्त हुआ था।

दे० डाइनेस्टिक हिस्ट्री आफ़ नदर्न इण्डिया—डा० एच० सी० राय। भाग द्वितीय—पृ० ८६१।


१. वंश-वृत्त पृ० ४६ (क) पर देखिए।

के भीतर चौहान वंश के और अन्य १२ राजा हुए। हिसाब से प्रत्येक राज का औसत राजकाल १५ वर्ष होता है। यदि इस हिसाब को ठीक माना जाय तो बीसलदेव तृतीय का समय, जो हमें इतिहास में नहीं प्राप्त है, लगभग वि० सं० ११५० होता है; क्योंकि यह विग्रहराज द्वितीय का समय वि० सं० १०३०, विग्रहराज तृतीय का वि० सं० ११५० तथा चतुर्थ का वि० सं० १२१० था और ये तीनों विग्रहराज, राजा भोज, के समय जिनका समय ऊपर कहे गये आधार पर वि० सं० १०७६ है, वर्तमान नहीं थे। इस ऐतिहासिक तथ्य से एक बहुत बड़ा असमंजस यह उपस्थित होता है कि क्या कवि नाल्ह द्वारा कही गयी राजा भोज-बीसलदेव की कथा निरी कपोलकल्पित है? इसमें तो सन्देह नहीं कि कवि नाल्ह इतिहास का पण्डित नहीं था और न उसने बीसलदेव रासो की रचना किसी ऐतिहासिक दृष्टिकोण से की थी। फिर भी इसे स्वीकार करने में कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए कि कवि नाल्ह को इस बात का ज्ञान था कि परमार वंश और चौहान वंश का 'रोटी-बेटी' का सम्बन्ध है और बीसलदेव रासो की रचना करते समय यदि वह इतिहास के चार बीसलदेवों में से किस बीसलदेव के सम्बन्ध में कह रहा है इसका स्पष्ट उल्लेख कर देता तो शायद आज ग्रन्थ की रचना-तिथि तथा ग्रन्थ की भाषा आदि के सम्बन्ध में कोई सन्देह न रहता। लेकिन इस अभाव के कारण ही हमें ऊपर यह निर्णय कल्पना के आधार पर करना पड़ा है कि बीसलदेव तृतीय का समय क्या था और इस निष्कर्ष पर पहुँचना पड़ा है कि इनमें कोई राजा भोज के समय वर्तमान नहीं था।

लेकिन जैसा कि ऊपर कहा गया है कि कवि की इस उक्ति में सत्यता का अंश अवश्य है जहाँ तक कवि परमार और चौहान वंश के सम्बन्ध का वर्णन करता है, क्योंकि कवि की इस उक्ति की पुष्टि पृथ्वीराज रासो[1] और विजोल्यां के शिला-लेख[2] में दी हुई चौहानों की वंशावली से होती है।

१—ऊँच धाम विसराम किय, रंग साल चतुरंग।
प्रौढ़ा महल पवांर सों, कहिय सुकथा प्रसंग॥ समय १॥ छं० ४०६॥
पृथ्वीराज रासो ना० प्र० सभा

२—विप्रश्री वत्स गोत्रे भू दहि छत्रपुरे पुरासामंतीनंत सामंतः पूर्णतल्लो-नृपस्ततः ॥१२॥ तस्माच्छ्रीजयराजविग्रह नृपौ श्री चंद गोपेन्द्र कौ तस्माद्दुर्लभ गूर्व कौशशि नृपो गवाक सच्चंदनौश्रीमद्वप्यम राज विंध्य नृपतिः श्री सिंह राव्वि-ग्रहो श्रीमल्दुर्लभ गुंदुवाक्पति नृपाः श्री वीर्य रामोनुजः श्री चंडो वनिपेति राणकवर श्री सिंह टो ॥ १६ ॥ इसलस्तप्दात्म तथनोवि ग्रिसलो नृपः श्री राजदेवी प्रियः पृथ्वीराज नृपोथ तत्तनुभवो रासत्य देवी विभुस्तत्पुत्रो जयदेव इत्यवत्रियः सोमल्लदेवी पतिः ॥ १४ ॥ जे० आर० ए० एस० (बी०) की वोल्यू २५



* देo Ajmer Historical and Descriptive by H. B. Sarada P. 139.

उपर्युक्त प्रमाणों से यह निश्चय तो हो गया कि परमार और चौहान वंश का आपस का सम्बन्ध था तथा यह भी निश्चय हो गया कि राजा भोज के समकालीन इन तीन बीसलदेवों में से कोई नहीं था। लेकिन जहाँ कवि ये बीसलदेव रासो में यह नहीं लिखा कि बीसलदेव से उसका अर्थ किस बीसलदेव से है, वहीं उसने यह लिखा है कि राजा भोज की पुत्री राजमती से बीसलदेव का विवाह हुआ था जिससे समझने में दुविधा हो जाती है कि कवि किस बीसलदेव की ओर संकेत कर रहा है।

विजोल्याँ के शिला लेख से, जिसका उल्लेख ऊपर किया जा चुका है यह बात प्रमाणित होती है कि बीसलदेव तृतीय की रानी का नाम राजदेवी था। बीसलदेव रासो की राजा भोज की पुत्री राजमती और यह राजदेवी एक ही रानी के सूचक होने चाहिए।[२] लेकिन चूँकि ऊपर यह प्रमाणित किया जा चुका है कि बीसलदेव तृतीय, राजा भोज का समकालीन नहीं था, वरन् राजा भोज के अंतिम समयों में राजा हुआ जिससे यह सिद्ध होता है कि सम्भवतः राजा भोज के भाई उदयादित्य ने, जिसका समय इतिहासकारों ने सं० १११६ से ११४३ वि० सं०[१] माना है और जो बीसलदेव तृतीय का समकालीन था[२], भोज की पुत्री का विवाह बीसलदेव तृतीय से किया हो।

जयानक कृत "पृथ्वीराज विजय काव्य" तथा इतिहास में इसका उल्लेख मिलता है कि वीर्यराम, जिसका उल्लेख विजोल्याँ के शिलालेख में सिंहट के नाम से हुआ है, विग्रहराज तृतीय का पिता था और इसे अवन्ती के राजा भोज

१—न० ३ पत्रिका—सं० १९९७, पृ० १६८।

२—ग्वालियर में उदयपुर का शिलालेख :—इस लेख में उदयादित्य का राज्य काल वि० सं० १११६ तथा शक सं० ९८१ (ई० सन् १०५९-६०) दिया हुआ है तथा यह भी लिखा है उसने शंकर का मंदिर निर्माण करवाया।

दे०—कैप्टन ग्रर्ट का लेख जे० एस० बी० वोल्यूम ७ पृष्ठ १०५६

उदयपुर मन्दर का शिलालेख :— यह लेख ग्वालियर के उदयपुर के मंदिर के पूर्वीय दरवाजे के भीतर सुन्दर रूप में सुरक्षित है। इसमें छः पंक्तियाँ हैं और उसमें उदयादित्य का नाम दिया हुआ है तथा तिथि वि० सं० ११३७ दी हुई है। यह लेख सम्भवतः पं० महीपाल रचित है।

ने मार डाला था।[1] इस कारण इन दोनों वंशों में अनबन हो गई थी। 'राजपूतों में ऐसी अनबन पुत्री विवाहने से मिटती थी, जिसके अनेक उदाहरण उनके इतिहास में मिलते है।[3] सम्भव है, इसी अनबन को मिटाने के लिए उदयादित्य ने अपनी भतीजी राजा भोज की पुत्री राजदेवी अथवा राजमती का विवाह बीसलदेव तृतीय से किया हो, क्योंकि जहाँ इतिहास में उपर्युक्त अनबन की कथा प्राप्य है वहीं यह वृत्त भी मिलता है कि परमार राजा भोज के अन्तिम समय उसके राज्य पर सोलंकी राजा भीमदेव प्रथम तथा चेदि के राजा कर्ण ने चढ़ाई की और राजा भोज की मृत्यु के पश्चात् उदयादित्य ने विग्रहराज तृतीय की सहायता से सोलंकी राजा कर्ण को जीता। ऐतिहासिक सत्य से यही अनुमान दृढ़ होता है कि चौहान और परमार वंश का आपसी बैर मिट गया था एवं राजा भोज की पुत्री के विवाह की सम्भावित कथा की पुष्टि भी इससे होती है।

उक्त ऐतिहासिक तत्व को प्रामाणिक मान लेने के पश्चात् यह भी स्वीकार करने में आपत्ति नहीं होनी चाहिए कि बीसलदेव रासो की रचना बीसलदेव तृतीय तथा उनके समवर्त्ती परमार वंशी उदयादित्य के समय में हुई होगी, जिनका राज्य काल विक्रम की बारहवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में था। लेकिन प्राप्य प्रतियों में से किसी भी प्रति में बीसलदेव तृतीय के काल का निर्देश नहीं है। अवश्य इनके राज्य काल के पूर्वार्द्ध सं० १०७७ या १०७२ तथा उत्तरार्द्ध सं० १२१२ या ११७२ का उल्लेख प्राप्त प्रतियों में है। पूर्वार्द्ध संवत् के लिये डा० रामकुमार वर्मा ने गणना का सहारा न लेकर केवल इतना ही कहा है कि चूँकि

झालरा पाटन का शिलालेख—यह लेख दे० किलहार्न का लेख आई० ए० वोल्यूम २० पृ० ८३ झालावाड़ राज्य के झालरा पाटन नामक स्थान में पाया गया था। इसमें किसी तेली द्वारा शंभु के निर्माण की बात खुदी हुई है। इसकी तिथि उदयादित्य के राज्य काल वि० सं० ११४३ (ई० सन् १०८६–८७) की है।

दे०, जनरल एण्ड पी० ए० एस० बी०, वोल्यूम १०, पृ० २४१।

१—अगम्यो यो नरेन्द्राणां सुधादीधिति-सुंदरः ॥
जघ्ने यशश्चयो यश्च भोजेनावन्ति-भूभुजा ॥६७॥ पंचम सर्ग

२—ना० प्र० प० सं० १९९७, पृष्ठ १६८।

यह संवत् इतिहास के अधिक समीप है इसलिए इस संवत् को मान्यता देने में कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिये। इसके विपरीत उत्तरार्द्ध संवत् के लिये डा० ओझा जी ने गणना की सहायता से तिथि वार आदि को ठीक मानते हुए कहा है कि इस ग्रन्थ की रचना प्रायः डेढ़ सौ वर्ष पश्चात् हुई थी। ग्रन्थ के नायक को बीसलदेव चतुथ मानने वाले विद्वानों ने इसका रचना काल १२१२ वि० सं माना है; क्योंकि बीसलदेव चतुर्थ का राज्यकाल संवत् १२१० से १२२० था। लेकिन ऐसे मानने वाले विद्वानों की आलोचना अनेक विद्वानों ने अनेक प्रकार से की है जिसका उल्लेख ऊपर किया जा चुका है। एक बात विशेष रूप से दर्शनीय यह है कि काव्यागत सारी कथाएँ केवल बीसलदेव और राजमती से सम्बन्धित हैं। यदि राजमती को कथा से पृथक् कर दिया जाय तो कथा कुछ रह ही नहीं जाती। अस्तु, राजमती और बीसलदेव के सम्बन्ध को प्रामाणिक मान कर ही हमें ऐतिहासिक तथ्यों पर विचार करना चाहिये। इस दिशा में बीसलदेव चतुर्थ से प्रसिद्ध राजा भोज की कन्या राजमती से विवाह की संभावना को न देखकर (राजा भोज से लगभग सौ वर्ष पश्चात् बीसलदेव चतुर्थ का समय सिद्ध होता है) ग्रन्थ के नायक को बीसलदेव चतुर्थ मानने वालों ने एक तर्क यह उपस्थित किया है कि "हम्मीर काव्य के कवि ने भोज द्वितीय के लिये,—'भोजो भोज इवापरः," लिखा है। अतः यह भी अनुमान किया जा सकता है कि भोजवंशीय किसी अन्य के लिये कवि नाल्ह ने भोज शब्द का व्यवहार किया है।[1] लेकिन इस आधार को मान लेने पर यह सिद्ध करने का प्रयत्न करना कि प्रसिद्ध राजा भोज के वंश के दूसरे किसी शासक की कन्या का नाम राजमती था और उसी का विवाह बीसलदेव चतुर्थ से हुआ था तथा उसी का उल्लेख कवि ने अपने ग्रन्थ में किया है बिलकुल आधारहीन जान पड़ता है। माना कि बीसलदेव तृतीय की रानी का नाम राजदेवी था राजमती नहीं, जैसा कि विज्योल्यां के शिलालेख में प्राप्त है, लेकिन सम्पूर्ण रूप से आधार-रहित बात पर आधारित होकर यह कहने से कि किसी भोज की कन्या का नाम राजमती था और वह भोज बीसलदेव चतुर्थ का समकालीन था, यह कहना विशेष संगतपूर्ण है कि राजदेवी को ही कवि ने राजमती कहा है। सम्भव है कि बीसलदेव तृतीय की रानी राजदेवी का ही नाम अपने पितृगृह में राजमती रहा हो और विवाह हो जाने के पश्चात् वह राजदेवी कहलायी हो। और इसी कारण विज्योल्यां के शिलालेख में 'राजदेवी' के नाम का

१—बीसलदेव रासो...सं० सत्यजीवन वर्मा...पृ० १६ भूमिका।

उल्लेख हुआ हो। यह भी संभव है कि कवि ने चूँकि राजदेवी के पितृगृह से उसका वर्णन आरम्भ किया, उसके पितृगृह में प्रचलित नाम को ही अधिक प्रिय समझ कर उसने अन्त तक उस नाम को चिरजीवित रखने के लिए उसका व्यवहार अपने ग्रन्थ में किया हो।

बीसलदेव चतुर्थ को ग्रन्थ के नायक मानने वालों का एक दल यह तर्क उपस्थित करता है कि जिस राजा भोज की कन्या का उल्लेख ग्रन्थ में है वह राजा भोज धार के परमार-वंशज महाराज भोज नहीं प्रत्युत जैसलमेर नगर के बसाने वाले महाराज जैसलदेव के भतीजे रावल भोजदेव थे जिनका समय सं० १२०५ के पश्चात् आरम्भ होता है। ये भोजदेव सुल्तान सहाबुद्दीन गोरी के सेनापति मज़ेज खाँ के साथ लड़ते-लड़ते काम आये थे। इस घटना का वर्णन निम्न दोहे से मिलता है :—

"तोड़ा धड़ तुरकाणरो, मोड़ो खान मज्जेज।
दाखै अनमो 'भोजरे', जादम करै न जेज॥"

बीसलदेव रासो में कवि ने स्वयं राजमती को कई स्थानों पर जैसलमेर की राजकुमारी भी कहा है। जैसे कि :—

(क) "जनमी गोरी तूँ जैसलमेर
परणी आव गढ़ अजमेर"

(ख) "गोरड़ी जैसलमेर की"

इससे स्पष्ट सिद्ध होता है कि राजमती जैसलमेर के महाराज भोजदेव की पुत्री थी न कि धार के प्रसिद्ध महाराज भोज की। मूल पुस्तक के लेखक ने अनेक स्थानों पर इसका स्पष्ट उल्लेख भी कर दिया था। किन्तु परवर्ती प्रक्षेपकार चारणों ने इसमें अपना प्रक्षिप्त पाठ मिलाते समय नामसाम्य के कारण प्रसिद्ध भोज ही को राजमती का पिता मानकर उसके वर्णन के अंश बाद में मिला दिये। इस प्रकार जैसलमेर आदि नगरों के नामों का इस पुस्तक में आ जाना भी कुछ इतिहास-विरुद्ध नहीं प्रतीत होता। द्वितीय और तृतीय खण्ड में सर्वत्र राजमती को जैसलमेर और मारवाड़ की राजकुमारी ही कहा गया है। प्रथम और चतुर्थ खण्ड में वह धार के राजा की पुत्री कही गयी है। इसका चतुर्थ खण्ड अनेक उपलब्ध प्रतियों में है ही नहीं, तृतीय खण्ड पर ही कथा समाप्त हो जाती है। अतः चतुर्थ खण्ड तो पूरा का पूरा प्रक्षिप्त है ही, प्रथम खण्ड का भी पर्याप्त अंश परवर्ती लेखकों की कल्पना से उत्पन्न प्रतीत होता है।[1]

१—हमारा हिन्दी साहित्य...भवानी शंकर त्रिवेदी पृ०—५२

लेकिन उपर्युक्त तर्क को उपस्थित करते हुए विद्वान् लेखक ने कहीं यह सिद्ध करने का प्रयास नहीं किया कि बीसलदेव चतुर्थ की रानी का नाम राजमती इसे इतिहास में मिला है अथवा जैसलमेर नगर के बसाने वाले महाराज जयसलदेव के भतीजे रावल भोजदेव की कन्या का नाम इतिहास में कहीं उसे राजमती मिलता है। तब फिर क्यों कर बीसलदेव चतुर्थ का सम्बन्ध भोजदेव (रावल) से स्थापित किया जाय। अब रही बात कवि द्वारा राजमती को जैसलमेर की राजकुमारी कहने की। इस सम्बन्ध में तो ग्रन्थ के रचयिता ने ही ऐसी द्विविधा पैदा कर दी कि किसी निष्कर्ष पर पहुँचना कठिन जान पड़ता है। जहाँ कवि ने राजमती को जैसलमेर की राजकुमारी कहा है वहाँ ही वह राजा बीसलदेव के 'धार नगरी' में राजमती से ब्याह करने के लिये जाने की भी बात कहता है।[1] ऐसी स्थिति में प्रक्षिप्त का सहारा लेकर कुछ भी कहना ठीक न होगा। डा० माता-प्रसाद जी गुप्त ने अनेक छान-बीन के पश्चात् केवल १२८ पदों को ही प्रामाणिक माना है। लेकिन इन्हीं प्रामाणिक पदों में ही जैसलमेर में राजमती के जन्म की बात तथा धार के राजा भोज की पुत्री होना दोनों बातें आती हैं। सम्भव है कि जैसलमेर विजय करने के लिये राजा भोज (मालवाधिपति) कभी गये हों और वहीं उन्हें कन्या-रत्न की प्राप्ति हुई हो और इसी कारण कवि ने ऐसा कहा हो अथवा यह भी सम्भव है कि राजमती को जैसलमेर की कुमारी कहकर कवि ने लक्षणा के सहारे यह कहने की चेष्टा की हो कि जैसलमेर की सुन्दरियों जैसी सुन्दर राजमती थी।

"मारवाड़ नरनीपजे, नारी जेसलमेर।
सिन्धा तुरही सांतरां, केरहल बीकानेर॥"

ग्रन्थ में वर्तमानकालिक क्रियाओं के प्रयोग के आधार पर कुछ विद्वान् ग्रन्थ के रचयिता को बीसलदेव का समकालीन तथा बीसलदेव को विग्रहराज चतुर्थ मानते हैं जिनका समय अनेक शिलालेखों तथा इतिहास से सं० १२२० से सं० १२३१ प्रमाणित हो चुका है।[2] लेकिन इस तर्क को मान लेने में यह असमंजस उपस्थित होता है कि ग्रन्थ का रचना काल जो कुछ प्रतियों में प्राप्त है और जिसके आधार पर उपर्युक्त

१—राजा उतर्‌य उधार मँझारि। मन माहें हरषियउ राजकुमारि॥१६॥
—बीसलदेव रासो—सं० माताप्रसाद गुप्त।

२—फीरोजशाह की लाट पर खुदवाया हुआ विग्रहराज चतुर्थ का लेख।
वि० सं० १२२० वैशाख सुदी गुरुवार॥

तर्क उपस्थित किया गया है वह 'बारह सै बहोत्तर' है जिसका अर्थ कुछ विद्वानों ने १२१२ तथा कुछ ने १२७२ लगाया है। अस्तु यदि 'बारह सै बहोत्तर' का अर्थ १२१२ माना जाय तब तो बीसलदेव चतुर्थ के राज्यकाल से ८ वर्ष पूर्व, और यदि १२७२ अर्थ लगाया जाय तो ४१ वर्ष बाद इस ग्रन्थ की रचना सिद्ध होती है; ऐसी अवस्था में कवि की समकालीनता का दावा कहाँ तक ठीक होगा यह विवाद का विषय बन जाता है। फिर डा० उदयनारायण जी तिवारी का तो यह भी कहना है कि जहाँतक क्रियाओं के प्रयोग का सम्बन्ध है, अनेक ग्रन्थ ऐसे मिलते हैं जिनमें समकालीन न होने पर भी वर्तमानकालिक क्रियाओं का प्रयोग मिलता है। प्रायः घटनाओं को सत्य का रूप देने के लिए ही कवियों ने ऐसा किया है।[1]

अजमेर के बसने का प्रश्न उठाकर कुछ विद्वान् कहते हैं कि चूँकि विग्रहराज तृतीय के समय अजमेर बसा नहीं था इसलिये इस ग्रन्थ के नायक बीसलदेव तृतीय नहीं हो सकते। ऐसे विद्वानों के मतानुसार अजमेर नगर विग्रहराज तृतीय के वंशज महाराज अजयराज ने बसाया था।[2] इसमें तो सन्देह नहीं कि वि० सं० ११६५ (ई० सं० ११०८) के लगभग चौहान अजयदेव ने अजमेर बसाकर उसे इस वंश की राजधानी बनाया। लेकिन कवि जहाँ गढ़ अजमेर का उल्लेख करता है वहीं बीसलदेव के लिये 'सइंभरिबाल' का भी।[3] और बीसलदेव, शाकंभरीश्वर या सांभरीराज अपने वंशज वासुदेव के अहिच्छत्रपुर से शाकंभरी (सांभर) में आकर अपना राज्य सं० ७४३ के लगभग कायम कर लेने के पश्चात् ही कहलाने लगे थे।[4] ज्ञात तो ऐसा होता है कि कवि को अजमेर बसने की तिथि का ज्ञान न था। और चूँकि कवि ने ग्रन्थ की रचना, विग्रहराज तृतीय के समर्थक

१—वीर काव्य—पं० उदयनारायण तिवारी—पृ० १६०।

२—हमारा हिन्दी साहित्य—भवानीशंकर त्रिवेदी—पृ० ५१।

३—मारवाड़ का इतिहास—पं० विश्वेश्वरनाथ रेउ—पृ० ६—१२।

४—गरब करि बोलियउ सइंभरि बाल।
मो सारिषउ नहीं अवर भुआल॥
म्हां घरि सइंभरि उग्गहइ।
चिहुं दिसइं थांणा रे जेसलमेर।
लाख तुरीय पाषर पडइ।
गोरी राजकउ बइसणउ गढ़ अजमेर॥ ३८॥ बीसलदेव रास सं० डा० माताप्रसाद गुप्त।

विद्वानों के मतानुसार करीब १५० वर्षों के पश्चात् की जब अजमेर बस चुका था इसलिये उसने अजमेर का उल्लेख कर दिया लेकिन बीसलदेव को सर्वदा सांभरीराज ही कहा। सांभरीराज कह कर कवि ने यह संकेत किया कि उसका उद्देश्य 'सपाद लक्ष' के राजा से है जिसमें नागौर आदि के प्रान्त और बहुत संभव है कि वह स्थान भी, जिसे बीसलदेव के वंशज अजयराज (अजयदेव) ने बसा कर उसका नाम अजमेर रखा, सम्मिलित रहा हो। और इसीलिये कवि ने शायद अपने काल के प्रचलित नाम अजमेर को लिखना विशेष उचित समझा इसके बदले कि उसके काल से डेढ़ सौ वर्ष पुराने नाम को वह लिखे। अथवा यह भी संभव है कि उस पुराने नाम से कवि परिचित ही न रहा हो।

दोनों रूपान्तरों में समान रूप से पायी जानेवाली घटनाओं में से दूसरी घटना राजा बीसलदेव की उड़ीसा यात्रा की है जिस पर ऐतिहासिक रूप से विचार किया जा सकता है। बीसलदेव तृतीय को ग्रन्थ के नायक मानने वाले विद्वानों ने इस घटना को कवि की कल्पना माना है क्योंकि इतिहास में या कहीं भी बीसलदेव तृतीय के उड़ीसा विजय करने का प्रमाण नहीं मिलता। लेकिन बीसलदेव चतुर्थ के पक्ष के समर्थकों का कहना है कि चूंकि विग्रहराज चतुर्थ के तीर्थ-यात्रा के प्रसंग में विन्ध्याचल से लेकर हिमालय तक के देशों को विजय करने का उल्लेख 'भारत के प्राचीन राजवंश'[1] में मिलता है, इसलिये कवि नाल्ह के ग्रंथ का नायक बीसलदेव चतुर्थ है।

किन्तु इस प्रमाण में कितना सत्य का अंश है यह कहना कठिन है। डा० सत्यजीवन वर्मा ने इसी प्रमाण को आधार मान कर इस प्रसंग से सम्बन्धित बीसलदेव की भावज की इस बात को कि "वह बीसलदेव उड़ीसा जाने के पूर्व भी सात बरस बाहर रहा था और इस प्रकार वह जन्म भर बाहर ही रहता है" असत्य एवं असंभव न मानते हुए कहा है कि चूंकि बीसलदेव चतुर्थ अपनी वीरता और युद्ध कौशल ही के कारण अपने भाई का उत्तराधिकारी बनाया गया था इसलिए युद्धार्थ उसका सात वर्ष तक एक बार बाहर रहना असंभव नहीं।[2] इसमें तो संदेह नहीं बीसलदेव चतुर्थ, जिसका राजत्व काल वि० सं० १२१० से (क्योंकि इस समय का उसका लिखा हरकेलि नाटक मिलता है) वि० सं० १२२० तक माना जाता है, बड़ा पराक्रमी था। दिल्ली के फीरोज़

१—भारत के प्राचीन वंश—पृ० २४४।

२—बीसलदेव रासो—सं० सत्यजीवन वर्मा भूमिका—पृ० २०।

शाह की लाट पर बीसलदेव चतुर्थ द्वारा खुदवाए हुए लेख की पंक्तियों से यह भी ज्ञात होता है कि उसने आर्यावर्त्त को मुसलमानों से रहित कर विन्ध्य से लेकर हिमालय तक की भूमि विजय की। लेकिन इस शिलालेख में कहीं भी उड़ीसा विजय का प्रसंग नहीं आता। फिर आर्यावर्त को मुसलमानों से रहित करने का यह अर्थ नहीं होता कि भारत के प्रत्येक प्रान्त पर विजय प्राप्त की जाय। दिल्ली पर विजय प्राप्त करना ही यह अर्थ रखता था—कि सारे भारत-वर्ष पर विजय प्राप्त कर ली गई। और इतिहास के पन्ने तो यह भी सिद्ध करते हैं कि बीसलदेव चतुर्थ ने दिल्ली जिसमें हरियांक—आजकल हरियाना कहा जाने वाला प्रदेश—शामिल है तोमर राजपूतों से जीता था। इसके समय तक दिल्ली में मुसलमानों की राजधानी नहीं बनी थी। महमूद ग़ज़नवी अवश्य समय-समय पर भारतवर्ष पर हमला करता था और लुटेरे के समान धन लूट कर अपने देश को लौट जाता था। संभव है कि इसके साथ बीसलदेव चतुर्थ का कोई लड़ाई हुई हो और इसको पराजित कर बीसलदेव ने आर्यावर्त को इसके जैसे लुटेरे से स्वतन्त्र किया हो और इसी का उल्लेख फिरोज़शाह की लाट में हो। अस्तु, किसी भी अवस्था में यह नहीं स्वीकार किया जा सकता कि बीसलदेव चतुर्थ का उड़ीसा गमन ऐतिहासिक रूप से प्रामाणिक है तथा यह भी नहीं कहा जा सकता कि युद्धार्थ बीसलदेव चतुर्थ उड़ीसा जाने के पूर्व सात वर्ष तक बाहर रहा। सम्भव है कि विन्ध्य से लेकर हिमालय तक के प्रदेशों को म्लेच्छों के आक्रमण से मुक्त करने में उसे अपने राज्य से बाहर जाने की भी आवश्यकता न पड़ी हो क्योंकि मुसलमानों के आक्रमण का द्वार तो अजमेर ही था और इस प्रकार उनके (मुसलमानों के) आक्रमण का सामना तो उसे अपने किले में ही बैठ कर करना पड़ा होगा। इसलिए उसके सात वर्ष तक बाहर रहने की कथा जिसका उल्लेख बीसलदेव रासो में हुआ है और जिसे श्री सत्यजीवन वर्मा ने सत्य प्रमाणित करने का प्रयत्न किया है सत्य नहीं प्रतीत होती। इसके अतिरिक्त श्री सत्य-जीवन जी वर्मा के उस तर्क में तो कोई सार ही नहीं दिखाई पड़ता, जहाँ वे कहते हैं कि बीसलदेव का राजत्व काल सं० १२१० से १२२० तक माना जाता है, लेकिन इसने इन्हीं दश वर्षों में विन्ध्य से लेकर हिमालय तक की भूमि विजय की हो और आर्यावर्त को मुसलमानों से रहित किया हो, यह माननीय नहीं है।[1] क्योंकि अपने इस तर्क के लिये वे कोई पुष्ट प्रमाण नहीं उपस्थित करते।

---

१. बीसलदेव रासो—सं० सत्यजीवन वर्मा—भूमिका पृ० २०

उड़ीसा जाने की कथा के साथ बीसलदेव रासो में नाल्ह यह भी कहता है कि उड़ीसा जाते समय बीसलदेव ने अपना राज्य अपने भतीजे को सौंपा था। लेकिन कवि की यह उक्ति भी उसकी इतिहास से अनभिज्ञता सिद्ध करती है, क्योंकि इतिहास में कहीं भी बीसलदेव तृतीय या चतुर्थ द्वारा अपने भतीजे को राज्य सौंपने की कथा नहीं मिलती। लेकिन इस प्रसंग को भी सत्य प्रमाणित करने तथा ग्रन्थ के नायक बीसलदेव चतुर्थ को मानने के लिये श्री सत्यजीवन वर्मा जी यह तर्क उपस्थित करते हैं कि "बीसलदेव के उड़ीसा जाने का समय यदि हम विक्रम संवत् १२०७–८ ही मानें तो उस समय उसके पुत्र अमर गांगेय का जन्म नहीं हुआ था, यह मानना पड़ेगा। और यदि हम उड़ीसा प्रवास के बाद बीसलदेव का लौटना संवत् १२१२ ही मानें, तो उस समय भी उसके पुत्र का होना नहीं मान सकते। संभव है कि उसके पुत्र का जन्म उसके पश्चात् हुआ हो। ऐसा हो भी सकता है, क्योंकि बीसलदेव के पश्चात् उसके पुत्र का कोई शिलालेख नहीं मिलता। इससे यह अनुमान होता है कि उसकी मृत्यु के पश्चात् उसके पुत्र की मृत्यु अल्प काल ही में हुई होगी। बीसलदेव और उसके पुत्र दोनों की मृत्यु संवत् १२२१ और १२२४ के बीच किसी समय हुई, यह निश्चित है।[1] अब यदि अमर गांगेय की अवस्था मृत्यु के समय दस या बारह वर्ष मानी जाय, तो उसका जन्म १२१२ के बाद ही होगा। अतएव बीसलदेव रासो के निर्माण काल के समय बीसलदेव के पुत्र का जन्म नहीं हुआ था, इसीलिये उसे अपने भतीजे को राजभार सौंपना पड़ा था।

लेकिन इतिहास से यह बात सिद्ध होती है कि बीसलदेव चतुर्थ के, जिसकी मृत्यु सं० १२२० (ई० सन् ११६३) में हुई, बाद उसका पुत्र अमर गांगेय राजगद्दी पर बैठा। लेकिन जगदेव के पुत्र पृथ्वी भट्ट (पृथ्वीराज द्वितीय) ने उससे राजगद्दी छीन ली और स्वयं राजा बन बैठा। मेवाड़ राज्य के जहाजपुर जिले के घौड़ गाँव के पास रूठी राणी के मन्दिर के स्तम्भ पर वि० संवत् १२२५ का एक लेख खुदा है। जिसमें पृथ्वीराज को अपने भुजबल से साकम्भरी के राजा को जीतने वाला लिखा है।[2] इससे यही सिद्ध होता है कि

१—बीसलदेव रासो—सं० सत्यजीवन वर्मा—भूमिका पृ० २२।

२—अजमेर हिस्टोरिकल एण्ड डिस्क्रिप्टिव लेखक : एच० बी० सारदा—पृ० १४५

वि० सं० १२२५ में जो काल बीसलदेव चतुर्थ की मृत्यु के प्रायः पाँच या छः वर्षों के बाद आता है, पृथ्वी भट्ट ने अमर गांगेय से राज्य छीना। ऊपर कहा जा चुका है कि बीसलदेव चतुर्थ की मृत्यु सं० १२२० में हुई। अतः १२२१ से लेकर १२२५ तक अमर गांगेय ने राज्य किया और तब पृथ्वीभट्ट ने उससे राज्य छीना। इसमें संदेह नहीं कि राजगद्दी पर बैठने के समय अमर गांगेय नाबालिग था लेकिन उसका जन्म ही १२१२ में नहीं हुआ था यह कैसे माना जा सकता है। कल्पना के आधार पर यह कहना कि बीसलदेव चतुर्थ सं० १२०७ या १२०८ में उड़ीसा विजय करने गया और सं० १२१२ में वहाँ से लौटा ठीक नहीं है, क्योंकि बीसलदेव चतुर्थ का समय १२१० से १२२० तक था। यदि किसी भी रूप में यह मान लिया जाय कि बीसलदेव उड़ीसा गया था तब भी यह मानना पड़ेगा कि उसका उड़ीसा गमन निश्चय ही सं० १२१० से लेकर १२२० के भीतर हुआ होगा। ऊपर कहा जा चुका है कि राजगद्दी पर बैठने के समय बीसलदेव चतुर्थ का पुत्र अमर गांगेय नाबालिग था। यदि उसकी नाबालिगी की अवस्था राजगद्दी पर बैठने के समय दस वर्ष की भी मान ली जाय तो भी यही बात सिद्ध होती है कि उसका जन्म बीसलदेव के उड़ीसा गमन के समय तक हो चुका था। ऐसी स्थिति में बीसलदेव का अपने पुत्र को राजगद्दी न सौंप कर भतीजे को राजगद्दी सौंप कर जाने की बात की कल्पना केवल कवि-कल्पना मात्र है। फिर बीसलदेव चतुर्थ द्वारा उड़ीसा गमन के समय अपने भतीजे अर्थात् जगदेव के पुत्र पृथ्वीभट्ट को राज्य सौंपने के बात यों भी खरी नहीं उतरती कि जिस बीसलदेव ने अपने पिता की हत्या करने वाले अपने भाई जगदेव से राज्य छीन लिया था और उसे देश निकाला कर दिया था वही बीसलदेव उसको या उसी के पुत्र को क्योंकर राज्य सौंप सकता था।

बीसलदेव रासो के दोनों रूपान्तरों में समान भाव से यह कथा पाई जाती है कि बीसलदेव उड़ीसा जाने के पूर्व राजमती से बातचीत करते समय उसे बारह वर्ष की गोरी कह कर सम्बोधित करता है। इस कथा का सम्बन्ध यद्यपि इतिहास से विशेष नहीं है फिर भी ऐतिहासिक रंग चढ़ाने के हेतु श्री सत्य-जीवन जी वर्मा ने 'बारह बरस की गोरड़ी' का अर्थ युवती स्त्री से न लेकर यह माना है कि राजमती की अवस्था ब्याह के समय अल्प अर्थात् बारह वर्ष की थी क्योंकि "हिन्दुओं में उस समय अधिकतर लोग 'अष्टवर्षा भवेद् गौरी

दशवर्षा च रोहिणी' पर अन्ध विश्वास करते थे।"[1] किन्तु जिस प्रसंग के साथ उपर्युक्त पंक्ति का उल्लेख है उससे तो यही सिद्ध होता है कि बीसलदेव राजमती के सौन्दर्य की ओर इंगित कर रहा है, न कि बारह वर्ष की अवस्था में उसके विवाह की ओर। बारह वर्ष की अवस्था का उल्लेख कवि इसलिए करता है कि इस अवस्था में नारी का सौन्दर्य एक विशेष प्रकार का होता है। यह अवस्था ऐसी होती है जब बाल्यावस्था का प्रस्थान तथा किशोरावस्था का आगमन होता है। और ऐसी स्थिति में सौन्दर्य का निखर कर मनमोहक हो उठना स्वाभाविक होता है। फिर कवि-जगत् तो इस अवस्था का सर्वदा प्रशंसक रहा है। अस्तु, इस अवस्था का उल्लेख तो ऐसा ज्ञात होता है कि कवि नाल्ह ने कवि परम्परा के निर्वाह के लिये ही किया है। अवस्था के क्रम को लेकर किसी ऐतिहासिक तथ्य से उसे जोड़ना उचित नहीं जान पड़ता और न तो इससे बीसलदेव चतुर्थ से कोई सम्बन्ध स्थापित कर ग्रन्थ की रचनातिथि वि० सं० १२१२ मानना ही उचित है।

बीसलदेव रासो की दोनों रूपान्तरों में समान रूप से पायी जाने वाली उपर्युक्त ऐतिहासिक घटनाओं के अतिरिक्त रूपान्तर नं० २ में कुछ और ऐसी घटनाएँ हैं जिनको लोग इतिहास से सम्बन्धित बताते हैं। ऐसी घटनाओं में से प्रथम घटना बीसलदेव द्वारा अपने पिता के श्राद्ध और पिंडदान की है जिसे वह उड़ीसा जाने के पूर्व करता है। इस घटना के जरिये श्री सत्यजीवन जी वर्मा ने यह सिद्ध किया है कि बीसलदेव का उड़ीसा प्रवास बारह वर्ष नहीं माना जा सकता। कवि ने यों ही बारह वर्ष लिख दिया है जैसे राम के प्रवास के चौदह वर्ष।[2] निःसन्देह इस सम्बन्ध में श्री सत्यजीवन जी वर्मा द्वारा उपस्थित किया हुआ तर्क स्तुत्य है लेकिन इस घटना का इतिहास के साथ योग करने का उनका प्रयास निष्फल परिश्रम है। इस सम्बन्ध में उनका यह मानना कि बीसलदेव का उड़ीसा गमन १२०७ या १२०८ में हुआ, इतिहास की ग्रन्थियों को खोलने के बजाय और कस देता है।

दूसरी घटना बीसलदेव की अवस्था से सम्बन्धित है जो बीसलदेव के उड़ीसा गमन के पश्चात् राजमती द्वारा पांडे को पत्र लेकर उड़ीसा जाते समय

१—नोट—यह अंधविश्वास हिन्दुओं में मुस्लिम काल से प्रारम्भ हुआ है।
२—बीसलदेव रासो—सं० सत्यजीवन वर्मा—पृ० १८ भूमिका।

बताया जाता है। राजमती पांडे से कहती है कि उसके प्रिय को पहचानने का निशान यही है कि उसका प्रिय बीसलदेव बाइस वर्ष का जवान है। यद्यपि बीसलदेव की यह अवस्था श्री सत्यजीवन जी वर्मा को किसी अंश तक मान्य नहीं है फिर भी उन्हें कवि नाल्ह के कथन में कुछ सत्य का अंश दिखाई पड़ता है। वे कहते हैं कि "बीसलदेव अधिक अवस्था को प्राप्त होकर नहीं मरा, क्योंकि उसका पुत्र उसकी मृत्यु के समय अल्प अवस्था का था।"[1] इसमें सन्देह नहीं कि बीसलदेव के पुत्र अमरगांगेय की मृत्यु अल्प अवस्था में हुई जैसा कि इतिहास से सिद्ध होता है लेकिन इससे इस निष्कर्ष पर पहुँचना कि बीसलदेव की अवस्था भी छोटी थी उचित नहीं जान पड़ता। बीसलदेव की अवस्था का हिसाब किसी हद तक लगाना सम्भव था यदि हमें इतिहास में उसके पिता की अवस्था का कोई उल्लेख मिलता। यों इतिहास में अर्णोराज (बीसलदेव चतुर्थ के पिता) का राज्यकाल वि० सं० ११९७ से १२०८ तक माना गया है जो गणना करने पर ११ वर्ष होता है। और इसी प्रकार बीसलदेव चतुर्थ का भी राज्यकाल वि० सं० १२१० से १२२१ तक माना जाता है जो गणना करने पर ११ वर्ष होता है। यदि बीसलदेव रासो में दी हुई बीसलदेव की अवस्था उड़ीसा गमन के समय २२ वर्ष की मानी जाय तो यह मानना पड़ेगा कि उसका जन्म वि० सं० ११९७ से पूर्व हुआ होगा जो कि पूर्ण रूप से कल्पना पर आधारित होगा। और यदि उसका जन्म काल उसके पिता के राज्यारम्भ में माना जाय तो यह भी स्वीकार करना पड़ेगा कि उसकी मृत्यु २२ वर्ष की अवस्था में हुई होगी। ऐसी स्थिति में बारह वर्षों तक उसका उड़ीसा में रहना अथवा उसकी अवस्था का २२ वर्ष का उल्लेख सब कुछ कवि कल्पना ठहरता है। उचित तो यह जान पड़ता है कि २२ वर्ष की अवस्था के उल्लेख से कवि का तात्पर्य उसकी युवावस्था से है।

तीसरा प्रसंग बीसलदेव रासो में आनासागर के उल्लेख का है जो कि बीसलदेव को 'धार' से लौटते समय रास्ते में मिला था। इस घटना को सत्य का रूप देकर बीसलदेव रासो के नायक को बीसलदेव चतुर्थ बताने वाले विद्वानों ने यह तर्क उपस्थित किया है कि चूँकि आनासागर बीसलदेव चतुर्थ के पिता अर्णोराज ने बनवाया था और यह बीसलदेव तृतीय के समय वर्तमान नहीं था इसलिये बीसलदेव रासो के नायक बीसलदेव चतुर्थ थे नकि बीसलदेव

१— बीसलदेव रासो सं० सत्यजीवन वर्मा—पृ० २४ भूमिका।

तृतीय। इतिहास में अवश्य अनासागर के लिये यह लिखा गया है कि इसे सम्राट् पृथ्वीराज के दादा अर्णोराज या अनाजी ने बनवाया था।[1] लेकिन डा० श्यामसुन्दरदास जी का कहना है कि अनाजी द्वारा बनवाया गया अनासागर उस अनासागर से बिल्कुल भिन्न हैं जहाँ बीसलदेव ने धार से लौटते समय विश्राम किया था। धार से लौटते समय बीसलदेव ने जिस अनासागर पर विश्राम लिया था वह अनासागर हिन्दुओं की 'अन्ना' या 'अन्नपूर्णादेवी' के नाम पर एक प्राकृतिक झील है जिसके किनारे पुराकाल में 'वाण' ऋषि रहते थे।[2] बीसलदेव रासो में उल्लिखित 'अनासागर' के वाद-विवाद में पड़ना उस समय बिल्कुल निरर्थक जान पड़ता है जब हम यह देखते हैं कि रूपान्तर नं० २ के जिस सर्ग (चतुर्थ सर्ग) में इसका उल्लेख है वह पूर्ण सर्ग ही प्रक्षिप्त है।

उपर्युक्त ऐतिहासिक घटनाओं के विवेचन से निष्कर्ष यह निकलता है कि बीसलदेव रासो में उल्लिखित घटनाओं का सम्बन्ध इतिहास से बहुत कम है अथवा यह भी कहा जा सकता है कि ग्रन्थ के रचयिता को इतिहास का ज्ञान यथेष्ट न था। अतः इन घटनाओं के आधार पर बीसलदेव रासो के निर्माणकाल का निर्णय करना खतरे से खाली नहीं।

काव्यागत कथा एवं काव्य का रचयिता

नारी के चरित्र को समझना साधारण मनुष्यों के लिए तो दूर काव्य के मूल वेदों के रचने वाले कवियों[3] के लिए भी एक समस्या है। ऐसा प्रतीत होता है कि नारी के चरित्र की विषमताओं को देखकर ही किसी कवि ने कहा था कि "स्त्रियाश्चरित्रं पुरुषस्य भाग्यं दैवो न जानाति कुतो मनुष्यः।" बीसलदेव रासो की कथा भी रानी राजमती के चरित्रविशेष का वह उद्घाटन है जिसके कारण चौहानवंशी पराक्रमी राजा बीसलदेव को भी अपना राजपाट छोड़ कर बारह वर्षों तक बाहर रहना पड़ा था। नारी की वाणी ही उसके द्वारा प्राप्त किये हुए सारे सद्गुणों को नष्ट कर देती है। कवि नाल्ह कहता है कि :—

१—Ajmer Historical & Descriptive—H. B. Sarada P. 60

२—हिन्दी हस्तलिखित खोज ग्रन्थों की रिपोर्ट सन् १९०१ पृ० ७८।

१—वेद काव्य का मूल है, अतएव सच्चिदानन्द घन श्री परमेश्वर द्वारा ही लोक में सबसे प्रथम इसकी प्रवृत्ति हुई है।

काव्यकल्पद्रुम—प्रथम भाग पृ० ८.

स्त्रीय चरित्र धण लष लहइ।
एक ही अक्षर सरब विणास॥

कवि कथा का प्रारम्भ गणेश की वन्दना और सरस्वती से यह वर मांगते हुए करता है कि वह उसकी भूली हुई काव्यशक्ति को उसे लौटा दें ताकि वह ग्रन्थ की रचना करने में समर्थ हो सके। तत्पश्चात् कवि राजा भोज की सभा का वर्णन करता है। महाराज भोज की रानी उनसे प्रस्ताव करती है कि वे अपने अच्छे दिन रहते राजकुमारी का विवाह कर दें। रानी के इस प्रस्तावानुसार राजा ज्योतिषी को बुलाकर अपनी कन्या के लिये सुयोग्य वर खोजने के लिये आग्रह और निवेदन करता है,[1] तथा यह भी कहता है कि वह (ज्योतिषी) वीर विचक्षण बीसलदेव चौहान को, जो हर प्रकार से उसकी कन्या के योग्य है, उसकी कन्या के लिये वर चुने। ज्योतिषी द्वारा शुभ सूचना प्राप्त होने पर राजा भोज लग्न निश्चित करता है और लग्न की सुपारी ब्राह्मण और भांट के हाथ अजमेरगढ़ भेजता है। अजमेरगढ़ पहुँचकर ब्राह्मण लग्न की सुपारी बीसलदेव को देता है जिसे प्राप्त कर बीसलदेव हर्षित होता है और कहता है कि परमार जाति की कन्या के कुल में आने पर चौहान कुल का उद्धार हो जायगा। यह कहकर बीसलदेव ब्राह्मण और भांट को नाना प्रकार की बहुमूल्य भेंट देकर उनको विदा करता है।

निश्चित तिथि पर बारात अजमेरगढ़ से प्रस्थान करती है। बारात में इतने अधिक घोड़े, हाथी, सैनिक तथा बराती हैं कि उनके पदों की धूल उड़ने से सूर्य आच्छादित हो जाता है और इस बड़ी बारात के साथ राजा बीसलदेव धार नगरी में पहुँचता है। राजमती राजा बीसलदेव को देखकर बहुत हर्षित होती है तथा अपनी सखियों से कहती है कि सम्पूर्ण कलाओं से युक्त पूर्णिमा के चन्द्रमा की भाँति, स्वर्ग के देवताओं और मनुष्यों को मोहित करने वाले तथा गोकुल में प्रत्यक्ष गोविंद की भाँति बीसलदेव की आरती उतारो

१—रूपान्तर नं० २ में राजा भोज की अनुमति से उनका पुरोहित वर ढूंढ़ता हुआ चारों ओर जाता है। जैसलमेर, तोड़ा, अयोध्या, दिल्ली, मथुरा आदि स्थानों में जाकर राजमती के लिये वर ढूंढ़ता है लेकिन उसे राजमती के अनुरूप कोई वर इन स्थानों में नहीं मिलता। तब वह अजमेर जाता है और बीसलराय को देखता है। इन्हें देखकर वह इनको राजमती के उपयुक्त हर प्रकार से पाता है और इसकी सूचना राजा भोज को देता है।

जाय। इसी बीच बारात राजद्वार पर आती है। राजा बीसलदेव तोरण के नीचे सूर्य के समान उदित होता है और सजी-बजी स्त्रियाँ उसकी आरती उतारती हैं। शुभ मुहूर्त में राजा बीसलदेव और कुमारी राजमती का पाणिग्रहण सम्पन्न होता है। विवाह-मण्डप में बीसलदेव और राजमती कृष्ण और रुक्मिणी की तरह सुशोभित होते हैं।

मालवा देश में बड़े उत्सव मनाये जाते हैं। भाँवर के समय पहले फेरे के पायज में बीसलदेव को राजा भोज आलीसर (स्थान विशेष) तथा मालदेश (स्थान विशेष) देता है। दूसरे फेरे पर राजकुमारी की माता भानुमती अपने दामाद को अर्थ, द्रव्य का भण्डार, सपादलक्ष देश, तोड़ा, टउंक, बूँदी और कुडालदेश देती है। तीसरे फेरे पर राजा भोज राजमती के साथ ताजी और केकांण (घोड़े) मंडोवर का देश तथा समुद्र के साथ सोरठ और समस्त गुजरात देता है।[1] पाणिग्रहण सानन्द समाप्त होता है। बीसलदेव अपनी सास को नमस्कार करने के लिये जाता है और रानी भानुमती 'अजमेर' में अविचल राज्य करने का आशीर्वाद उसको देती हैं।

पहिरावनी (वस्त्र-भूषणादि पहनाने का रस्म) होती है। सुहावनी धार नगरी को छोड़कर धार का दीपक (राजमती) अजमेर गढ़ को प्रदीप्त करने चलता है।[2] बारात के लौटने पर अजमेर गढ़ में बड़ा हर्ष मनाया जाता है और राजा अपने मंत्री से कहता है कि "या तो मुझसे सृष्टिकर्ता प्रसन्न हुआ या मैंने विधि का लिखा प्राप्त किया, जो मैं राजा भोज की चौरी पर चढ़ा अर्थात् राजा भोज की कन्या का पाणिग्रहण किया।"[3]

१–नोट—रूपान्तर नं० २ में फेरों के समय पायज स्वरूप दिये हुए स्थानों के नाम में अन्तर है। इस रूपान्तर के अनुसार प्रथम फेरे में 'आलीसर' और कुडाल देश देने का, दूसरे फेरे में घोड़े, धन, मडोवर, सौराष्ट्र और गुजरात देने का, तीसरे फेरे में सांभर, तोड़ा, और टोंक देने का तथा चौथे फेरे में चित्तौड़ देने का वर्णन है। रूपान्तर नं० १ में चौथे फेरे का कोई वर्णन ही नहीं है।

२—रूपान्तर नं० २ में विवाह के पश्चात् अजमेर लौटते समय रास्ते में 'अनासागर' मिलने का उल्लेख है। लेकिन ऐसा कोई उल्लेख रूपान्तर नं० १ में नहीं है।

३—नोट—रूपान्तर नं० २ में प्रथम खण्ड की कथा यहीं समाप्त होती है और द्वितीय खण्ड की कथा कवि पुनः गणेश की वंदना करके आरम्भ करता है।

एक दिन राज्य तथा धन-सम्पत्ति के सम्बन्ध में रानी राजमती तथा बीसलदेव में वाद-विवाद चल पड़ता है। राजा गर्वपूर्वक कहता है कि उसके समान दूसरा भूपाल नहीं है। रानी इस गर्वोक्ति को सुनकर कहती है कि उसका यह गर्व व्यर्थ है, क्योंकि उससे विशेष धनी तो उड़ीसा का राजा है जिसके राज्य में हीरे ही हीरे खानों से निकलते हैं। उड़ीसा देश की यह वार्ता सुनकर राजा रानी से कहता है कि उसका (रानी का) जन्म तो जेसलमेर में हुआ और विवाह अजमेर में, अतएव वह उड़ीसा देश के सम्बन्ध में उपर्युक्त बातें क्योंकर जानती है। इस विषय में जब तक वह नहीं बतावेगी तबतक वह (राजा) अन्न-पानी नहीं ग्रहण करेगा। राजा के इस आग्रह पर रानी अपने पूर्व जन्म की कथा बतलाती है कि कैसे वह पूर्व जन्म में हरिणी के रूप में उड़ीसा में रहती थी और कैसे एक अहेरी द्वारा मारे जाने पर उसने उड़ीसा में फिर जन्म न देने की देव से प्रार्थना की थी तथा उसका धार नगरी में जन्म हुआ था।

रानी की यह बात सुनकर राजा कहता है कि "हे गोरी तूने उपर्युक्त बातें कहकर मेरी निंदा की। अतः अब मैं तुझे छोड़कर बारह वर्षों तक प्रवास करूँगा। ताकि मैं भी हीरे की खान अपने घर ला सकूं। राजा के इन वचनों को सुनकर रानी बड़ी दुखी होती है और कवि इस स्थान पर ऐसी परिस्थितियों के उपस्थित होने पर नारी द्वारा अपने पति को प्रवास से रोकने के हेतु अपनाये गये सभी उपायों का वर्णन रानी राजमती से करवाता है। लेकिन राजा उसकी किसी बात पर ध्यान नहीं देता और प्रवास के लिये हठ करता है। अन्त में राजमती की भावज भी राजा को अनेक प्रकार से समझा-बुझा कर और कुछ कड़ुवी बातें कहकर उसे परदेश गमन से रोकने की चेष्टा करती है। फिर भी राजा परदेश गमन का हठ नहीं त्यागता।

राजा ज्योतिषी को बुलाकर यात्रा के लिये शुभ दिन और मुहूर्त पूछता है। लेकिन रानी ज्योतिषी से इसके पहले ही राजा की यात्रा का मुहूर्त चार महीने पश्चात् बतलाने का आग्रह कर चुकी थी क्योंकि उसे पूर्ण विश्वास था कि इन चार महीनों के अन्दर वह अपने पति को परदेश जाने से रोक सकने में समर्थ हो सकेगी। ज्योतिषी रानी के आग्रहानुसार ही राजा को चार महीने पश्चात् का यात्रा का मुहूर्त बतलाता है।

कार्तिक मास में ज्योतिषी द्वारा बताये गये शुभ मुहूर्त में राजा परदेश गमन करता है। भीगे हुए नेत्रों से रानी राजा को विदा करती है और नीति की शिक्षा देती है। राजा को विदा करके रानी की अवस्था बड़ी दुःखद हो जाती

है। राजा के विरह में उसे अपने तन-मन का भी स्मरण नहीं रहता। सखियाँ उसे बहुत समझाती हैं लेकिन उसकी विरह वेदना किसी प्रकार कम नहीं होती।[1] कवि इसके पश्चात् बारह महीनों का वर्णन करते हुए प्रत्येक महीने में रानी के विरह वेदना की विभिन्न परिस्थितियों का मर्मस्पर्शी वर्णन करता है। रानी की दशा तो राजा के विरह में इधर खराब होती है उधर राजा को रास्ते में शुभ शकुन होते हैं और वह अपनी यात्रा निर्विघ्न समाप्त करता चलता है।

क्रमशः समय व्यतीत होता रहता है लेकिन रानी की व्यथा बढ़ती ही जाती है। उसके यौवन की दावाग्नि विरहाग्नि को द्विगुणित कर देती है। अन्त में वह राजा के पास एक दूत भेजती है। दूत को अपने पति की पहचान बताती है और एक मर्मस्पर्शी पत्र राजा को देने के लिये उसे देती है। उपालंभ और दुःख से यह पत्र परिपूर्ण है। दूत पत्र लेकर राजमती को वचन देता है कि वह दुःख न करे क्योंकि वह उसके स्वामी को अवश्य लेकर लौटेगा। रानी उसे शकुन की सामग्री देती और विदा करती है।

सातवें महीने दूत उड़ीसा पहुँचता है। राजा को रानी का पत्र देता है और कहता है कि "रानी राजमती ने यह संदेश भेजा है कि हे स्वामी! तुम घर आओ। क्योंकि पुनः इस जीवन में यौवन लाभ कहाँ करोगे?" पुनः दूत कहता है कि "हे राजा, यदि तुम आज नहीं चलते हो तो उस स्त्री का हृदय फट जायगा और वह (राजमती) मर जायगी।" राजा पंडित के इन शब्दों को सुनकर व्याकुल हो जाता है और उड़ीसा के राजा से घर लौटने की अनुमति चाहता है। उड़ीसा का राजा अपनी रानी को बुलाकर बीसलदेव के स्वदेश गमन की बात कहता है। रानी अनेक प्रकार से बीसलदेव को घर जाने से रोकती है। लेकिन बीसलदेव किसी प्रकार भी अब रुकने को तैयार नहीं होता। तब उड़ीसा का राजा बीसलदेव से कहता है कि उसके नगर में एक ऐसा अपूर्व योगी है जो बहुत शीघ्र सांभर जा सकता है। बीसलदेव इस समाचार को सुनकर एक दिन के लिए उड़ीसा में रुक जाता है और उस योगी के हाथ राजमती के पास अपने आने का समाचार भेजता है।

योगी राजा बीसलदेव का पत्र लेकर उड़ीसा से रवाना होता है और राजमती की बायीं बाँह तथा आँख फड़क-फड़क कर इस बात की सूचना देती हैं कि या तो उसके स्वामी मिलेंगे या उनका कोई प्रेमपूर्ण पत्र ही प्राप्त होगा। योगी-

१ नोट—रूपान्तर नं० २ में द्वितीय खण्ड की कथा यहीं समाप्त होती है।

राजमती के शुभ शकुनों को सत्य प्रमाणित करता हुआ अजमेर पहुँच जाता है और राजमती को राजा का पत्र देता है। पत्र को राजमती गले से लगा लेती है और योगी को अच्छे भोजन आदि कराकर अपने प्रियतमकी बातें पूछती है। योगी रानी को आज के तीसरे दिन राजा के अजमेर पहुँचने का शुभ समाचार देता है और अनेक प्रकार से रानी द्वारा पुरस्कृत होकर अपने स्थान को लौटता है।

योगी के कथनानुसार राजा बीसलदेव तीसरे दिन अजमेर लौटता है। अजमेर में उस दिन बड़ी खुशियाँ मनायी जाती हैं। रानी राजमती के हर्ष की कोई सीमा नहीं रहती और वह यह सोचकर अपने मन में और भी हर्षित होती है कि पति के प्रवास की इस लम्बी अवधि में उसे कोई कलंक नहीं लगा जो कि इस यौवन और बढ़ती हुई विरह ज्वाला में लगना बहुत सहज और स्वाभाविक था। कवि इसके पश्चात् कुछ पंक्तियों में प्रेम और प्रेमिका की उन दशाओं तथा बातों का वर्णन बड़े स्वाभाविक रूप से करता है जो प्रायः लम्बी अवधि के प्रवास के पश्चात् प्रेमी और प्रेमिका में होती हैं। अन्तिम पंक्तियों में कवि यह शुभकामना प्रकट करते हुए कि जिस प्रकार रानी राजा से मिली उसी प्रकार संसार में सभी मिलें ग्रन्थ समाप्त करता है।

प्रथम रूपान्तर की कथा उपर्युक्त स्थान पर शेष हो जाती है। लेकिन द्वितीय रूपान्तर में इसके पश्चात् चतुर्थ खण्ड की कथा आरम्भ होती है। इस खण्ड में कवि हनुमान की वन्दना करके धार नगरी से राजा भोज का आना वर्णन करता है। बीसलदेव के अजमेर पहुँचने पर उसका भतीजा राजा बीसलदेव का स्वागत करता है। राजा उसे युवराज के पद पर स्थापित कर चितौड़ में उसे रहने का स्थान देता है। फिर राजा भोज को अजमेर आने के लिये पुरोहित के हाथ निमन्त्रण भेजता है। राजा भोज बीसलदेव के निमन्त्रण पर अजमेर आता है। दोनों राजा मिलकर अतीव प्रसन्न होते हैं। अजमेर में भी आनन्द मनाया जाता है। राजा भोज कुछ दिनों तक अजमेर में रहकर अपनी राजधानी को लौट जाता है, और राजमती को अपने साथ ले जाता है। तीन महीने पश्चात् फिर रानी राजमती को लेने बीसलदेव धार जाता है और रानी को लेकर वापस लौटता है। चतुर्थ खण्ड की कथा कवि यहीं पर यह आशीर्वाद देकर समाप्त करता है कि "जब तक पृथ्वी पर सूर्य उदय होते रहें, जब तक गंगा में जल प्रवाहित होता रहे, जबतक पृथ्वी पर जगन्नाथ रहें, तबतक राजा तुम अजमेर पर अविचल राज्य करते रहो।"

बीसलदेव रासो का रचयिता

बीसलदेव रासो के रचना-काल की गुत्थी को सुलझाना जितना जटिल है उससे कम जटिल उसके प्रणेता के प्रादुर्भाव-काल नाम और जाति की गुत्थी का सुलझाना नहीं। बीसलदेव रासो की यद्यपि अनेक हस्तलिखित प्रतियाँ प्राप्य हैं लेकिन उनमें से किसी भी प्रति में कवि के प्रादुर्भाव-काल का ऐसा संकेत नहीं मिलता जिसके आधार पर निश्चित रूप से कहा जा सके कि कवि का जन्म अमुक तिथि को हुआ था। इन हस्तलिखित प्रतियों में ग्रन्थ का रचना-काल अवश्य दिया हुआ है जिसके आधार पर कहा जा सकता है कि ग्रन्थों के रचयिता ने भी उसी काल में जन्म ग्रहण किया होगा; लेकिन इस बात को स्वीकार करने में सबसे बड़ी समस्या हस्तलिखित प्रतियों में प्राप्त रचना-काल की वे तिथियाँ हैं जो विभिन्न प्रतियों में विभिन्न रूपों में पायी जाती है। समस्त हस्तलिखित प्रतियों में प्राप्त रचना-तिथि के आधार पर मुख्यतः प्रतियों के दो विभिन्न भाग किये जा सकते हैं—प्रथम भाग में वे सभी प्रतियाँ आ जायँगी जिनमें रचना-काल का उल्लेख ११वीं शती है, और दूसरे भाग में अन्य वे सभी प्रतियाँ आवेंगी जिनका रचना-काल १३वीं शती ठहरता है। जिसका उल्लेख ऊपर किया जा चुका है। अस्तु ऐसी परिस्थिति में कवि का जन्म-काल ११वीं और १३वीं शती दोनों मानना पड़ेगा, जिसे स्वीकार करना सम्भव नहीं। तब यदि रचना-तिथि का निर्णय कर लिया जाय तो कवि के जन्म-काल का भी निर्णय करना सहज हो जायगा।

रचना-तिथि का निर्णय ग्रन्थ में प्राप्त ऐतिहासिक तत्वों और भाषा के आधार पर किया गया है, तथा इस निष्कर्ष पर पहुँचा गया है कि इसकी भाषा ११००-१३०० वि० सं० की है और इसका नायक बीसलदेव तृतीय है। लेकिन इस निष्कर्ष पर पहुँच कर भी कवि के जन्म-तिथि की समस्या ज्यों की त्यों रह जाती है क्योंकि गणना के अनुसार हस्तलिखित प्रतियों में प्राप्त रचना-तिथियों में से सर्वाधिक प्रामाणिक तिथि वि० स० १२१२ ठहरती है। इसी समस्या को सुलझाने के लिए सम्भवतः श्री सत्य जीवन जी वर्मा ने ग्रन्थकार को बीसलदेव चतुर्थ विग्रहराज चतुर्थ का, जिनका समय वि० स० १२१०-१२२० माना जाता है, समकालीन माना है। प्रगट किये गये अपने इस मत के प्रमाण में श्री वर्मा जी ने दो तर्क उपस्थित किये हैं—पहला तो ग्रन्थ में प्रायः सर्वत्र वर्तमानकालिक क्रिया का प्रयोग किया जाना और दूसरा रचना-तिथि के सम्बन्ध में आयी

हुई पंक्ति बारह सौ बहोत्तर का अर्थ १२१२ लगाना[1]। लेकिन उनके इन दोनों तर्कों में से प्रथम तर्क का खण्डन निम्नलिखित विद्वानों ने इस प्रकार किया है। प्रसिद्ध विद्वान श्री गौरीशंकर हीराचन्द ओझा ने इसका खण्डन करते हुए कहा है कि भाषा का प्रयोग कवि की रुचि पर निर्भर है। जैनों के धर्मग्रन्थ प्राकृत भाषा में होने के कारण जैन लेखक अपने काव्यों में प्राकृत शब्दों की भरमार करते रहे हैं। जिससे उनकी भाषा दुरूह हो गयी है। चारण, भाट आदि प्राकृत से अधिक परिचित न होने के कारण अपनी रचनाएँ प्रचलित भाषा में करते थे, जिससे इन दोनों प्रकार के लेखकों की पुस्तकों की भाषा में अन्तर होना स्वाभाविक ही है। भाषा की कसौटी सदियाँ नहीं है। एक ही समय में कोई सरल भाषा में अपनी रचना करता है तो कोई कठिन भाषा का प्रयोग करता है[2]।

डा० उदयनारायण तिवारी ने भी ओझा जी के मत को पुष्ट किया है[3] और यह भी कहा है कि जहाँ तक क्रियाओं का सम्बन्ध है अनेक ग्रन्थ ऐसे मिलते हैं जिनमें समकालीन न होने पर भी वर्तमानकालिक क्रियाओं का प्रयोग मिलता है। प्रायः घटनाओं को सत्य का रूप देने के लिये ही कवियों ने ऐसा किया है।

श्री वर्मा जी का दूसरा तर्क जिसका उल्लेख ऊपर किया जा चुका है कुछ हद तक ठीक है क्योंकि वि० सं० १२१२ की गणना करने पर जेठ बदी नवमी को बुधवार पड़ता है। लेकिन इस तिथि और संवत् को ठीक मानने का यह अर्थ नहीं कि इस रासो के रचयिता ने बीसलदेव चतुर्थ के सम्बन्ध में कहा है और ग्रन्थ का गायक विग्रहराज चतुर्थ है क्योंकि ग्रन्थ से पायी गयी कथा इस बीसलदेव से सम्बन्धित नहीं है वरन ऐतिहासिक आधार पर कथा का सम्बन्ध तृतीय बीसलदेव से है।

अस्तु; उपर्युक्त सभी प्रमाणों द्वारा इस निष्कर्ष पर पहुँचा जा सकता है कि इस ग्रन्थ के रचयिता का प्रादुर्भाव-काल १३वीं शती का पूर्वार्द्ध था। उसकी भाषा प्राचीन थी अर्थात् ११००-१२०० वि० सं० की थी तथा उसके ग्रन्थ के नायक थे बीसलदेव। तृतीय अन्तःसाक्ष्य के अभाव में जहाँ कवि के प्रादुर्भाव-काल का निर्णय करना जटिल है वहीं उसकी रचना में यत्र-तत्र उसके नाम के उल्लेख के कारण यह सिद्ध होता है कि इस रासो की रचना करने वाला कोई नरपति

१—बीसलदेव रासो—पृ० ७।
२—नागरीप्रचारिणी पत्रिका—सं० १८९५ पृ० १०१।
३—वीर काव्य पृ० २००।

नामक कवि था। लेकिन इस नाम के सम्बन्ध में भी डॉ० उदयनारायणजी तिवारी तथा श्री सत्यजीवन जी वर्मा जैसे विद्वानों का मत है कि नरपति कवि का मुख्य नाम तथा नाल्ह कौटुम्बिक नाम प्रतीत होता है।[1]

इसी प्रकार रासो की निम्न दो पंक्तियों को उद्धृत कर यह प्रश्न उठाया जा सकता है कि नरपति और नाल्ह दो विभिन्न व्यक्ति थे और नरपति द्वारा गाई गई इस रासो को नाल्ह ने फिर से गाया।

कर जोड़ि नरपति कहई।
नाल्ह कहई जिण लावई खोड़ि॥

कवि के नाम के सम्बन्ध में ये भ्रम सं० १६६९ में लिखी गई प्रति तथा इससे मिलती-जुलती अन्य प्रतियों में कवि के दोनों नामों के उल्लेख के कारण उत्पन्न हो गये हैं लेकिन ऐसी प्रतियों में चूँकि बीसलदेव तृतीय और रानी राजमती की प्रेमगाथा चार खण्डों में गायी गयी है इसलिये इनकी प्रामाणिकता में सन्देह उत्पन होता है। और, तब इन प्रतियों के आधार पर नरपति और नाल्ह को दो विभिन्न कवि मानना उपयुक्त न होगा। उपर्युक्त दोनों पंक्तियाँ भी सं० १६६६ में लिखी गई प्रति से उद्धृत की गई हैं। इन पंक्तियों का अर्थ साधारण रूप से एक ही व्यक्ति के नाम का बोधक है; खींच तान कर इसका अर्थ दो विभिन्न व्यक्तियों के लिये लगा भले ही लिया जाय। फिर १६६६ वाली प्रति से अधिक प्रामाणिक और प्राचीन प्रति १६३३ वाली प्रति के, जो अबतक की प्राप्त प्रतियों में प्राचीनतम है, आधार पर यही कहा जा सकता है कि नरपति और नाल्ह दोनों एक ही व्यक्ति थे। इस प्रति में कवि का नाम 'नरपति' पहले पद के अतिरिक्त और कहीं नहीं आता।[2]

इसी प्रकार नाल्ह भी इसकी पद्य-संख्या ४,५ और इसके अतिरिक्त कहीं नहीं मिलता[3] जसके द्वारा यही सिद्ध होता है कि कवि का प्रचलित नाम नाल्ह था।

१—वीरकाव्य पृ० १६०।

२—करि जोड़ि नरपति भणई।
जाणि करि रोहणी जिमि तपउ सूरि॥१॥

३—तइ तूठी अच्छर जूरइ।
नाल्ह रसायण रस भरी गाइ।
तुणी कई सारदा त्रिभुवन माय॥५॥
संवत् सहस सक्ति हित्तरइ जाणि।
नाल्ह कवीसरि कही अमृत वाणि॥२४॥

क्योंकि प्रचलित होने के कारण ही इस नाम का उपयोग एक स्थान से अधिक स्थानों में किया गया है और नरपति कवि का उपनाम इसलिये प्रतीत होता है कि इसका प्रयोग केवल एक स्थान पर हुआ है और वह भी हुआ केवल तुक के मेल के लिये ही।

कवि का नरपति नाम 'उपनाम' कतिपय विद्वानों में यह भ्रम उत्पन्न किये हुए है कि कवि कोई राजा था।[1] ऐसे भ्रम का कारण केवल एक यही हो सकता। है कि नरपति का शाब्दिक अर्थ राजा होता है। लेकिन जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है कि इस शब्द का प्रयोग प्राप्त प्रतियों में प्राचीनतम प्रति में केवल एक स्थान पर हुआ है और उस स्थान पर इसका अर्थ कदापि राजा नहीं हो सकता, इसलिये इस शब्द का अर्थ राजा लगाकर नाल्ह और नरपति को दो विभिन्न व्यक्ति मानना उचित न होगा। लेकिन यदि किसी कारणवश नरपति का अर्थ राजा लगाना ही, विद्वानों द्वारा उचित समझा जाय तब भी श्रेयस्कर यही होगा कि नाल्ह और नरपति को दो विभिन्न व्यक्ति न मानकर नरपति को नाल्ह की उपाधि समझी जाय, जो बहुत कुछ सम्भव है कि उसे प्राप्त हुई होगी उसके गुणों के कारण। और यों भी कवि नरपुंगव तो होते ही हैं।

कवि की जाति

कवि के नाम की तरह कवि की जाति के सम्बन्ध में भी विद्वानों के विभिन्न मत हैं। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के मतानुसार कवि भाट जाति का था।[2] श्रीसत्य-जीवन वर्मा जी भी इसी मत को पुष्ट करते हुए कहते हैं कि नरपति साधारण भाट था जो इधर उधर तुकबंदियाँ करके गाता फिरता था। और अपने इस मत की पुष्टि में वे डा० गौरीशंकर हीराचन्द जी ओझा द्वारा प्राप्त एक पत्र का उल्लेख करते हैं जिसमें डा० ओझा ने उन्हें लिखा है कि राजपूतों में अभी तक नरपति, महीपति आदि नाम मिलते हैं, जिन्हें अब नापा, महपा कहते हैं[3] किन्तु इस

१—सेलेक्शन्स फ्रॉम हिन्दी लिटरेचर—लाला सीताराम बी० ए०—पृ० ३८–३९।

२—हिन्दी साहित्य का इतिहास—पृ० २७–२८।

३—बीसलदेव रासो—सं० सत्यजीवन वर्मा—पृ० ४५ भूमिका।

मत का खण्डन श्री अगरचन्द जी नाहटा[1] तथा डा० उदयनारायण जी तिवारी[2] ने यह कह कर किया है कि ग्रन्थ में उसे व्यास या जोइसी लिखा गया है। राजपूताने में ये दोनों जातियाँ ब्राह्मण वर्ग के अन्तर्गत हैं। हमें नाल्ह ब्राह्मण ही जान पड़ता है। ग्रन्थ की प्राप्य प्राचीनतम प्रति सं० १६३३ में इसी शब्द का उल्लेख पद्य संख्या ५१, २४५ आदि कई पदों में है।[3] यह शब्द संस्कृत शब्द 'ज्योति' का अपभ्रंश है। ज्योतिषी किस जाति के होते थे इस सम्बन्ध में सर एथेलस्टन बेन्स का मत है कि "ज्योतिषी चूँकि ब्राह्मण जाति के ही होते हैं इसलिये जनगणना के समय इनकी पृथक् गणना नहीं होती है। ये राजाओं और महाराजाओं द्वारा सर्वदा सम्मान की दृष्टि से देखे जाते हैं तथा इनके जीवन-यापन का प्रबन्ध भी इन्हीं राजाओं और महाराजाओं द्वारा राज्य की ओर से होता है। इनका कार्य जन्मपत्री बनाना और गार्हस्थ्य जीवन-सम्बन्धी प्रत्येक कार्य के लिये शुभ मुहूर्त आदि बताना होता है। इनके अतिरिक्त ज्योतिषियों का एक वर्ग और होता है जो 'जोशी' कहलाता है। ये अपना जीवननिर्वाह हाथरेखा और भाग्यरेखा की गणना, दुष्ट ग्रहों के लिये प्राप्त दान तथा ग्रहण आदि के अवसर पर प्राप्त दान से करते हैं। गणना के समय इनका पृथक् उल्लेख यही सिद्ध करता है कि ये किसी जातिविशेष के नहीं होते हैं। इस वर्ग का निर्माण कई जातियों के मिश्रण के फलस्वरूप हुआ है।

सर वेन्स द्वारा दी गयी ज्योतिषियों की जाति की उपर्युक्त कसौटी पर यदि नाल्ह की जाति को कसा जाय तो यह स्पष्ट सिद्ध होगा कि वह ब्राह्मण था। जोइसी शब्द के उल्लेख से तो उसका ब्राह्मण होना स्पष्ट है ही इसके अतिरिक्त भी उसके काव्य में आयी हुई निम्न पंक्तियाँ यही सिद्ध करती हैं कि वह ज्योतिष विद्या का ज्ञाता था। काव्य प्रारम्भ करते ही वह कहता है कि

आणि करि रोहणी जिमि तपउ सूरि।
भवण नइ देषउरे रवि तपइ ॥१॥

१—राजस्थानी—भाग ३, अंक ३—पृ० २१।

२—वीर काव्य—पृ० १८०।

३—रोहनी नक्षत्र सोहामणउ।
सो दिन गिणि जोइसी जोड़इ रास॥
"सुदिन देई म्हाका जोइसी।
काढ़ि पतड़उ अरू बोलिमइ साची।"

और इस प्रकार वह अपने ज्योतिष ज्ञान को प्रकट करते हुए उस क्षेत्रात्मक रोहिणी नक्षत्र की ओर संकेत करता है जो क्रान्ति वृत्त का ही एक भाग है और जिसका स्पर्शात्मक संबंध सूर्य के साथ प्रतिवर्ष एक बार होता ही रहता है और जिसका फल शास्त्रों में प्रायः शुभ माना गया है। इस प्रकार जहाँ कवि ने अपने ज्योतिष-ज्ञान को प्रकट किया है, वहीं उसने गणपति की वन्दना के साथ सौंदर्य, आकर्षण और शुभ के प्रतीक रोहिणी नक्षत्र का यश के प्रतीक सूर्य से सम्बन्ध बताकर इस ओर भी संकेत किया है कि उसका यह काव्य सुन्दर, आकर्षक, मंगलमय तथा यश का देने वाला है।

एक दूसरे पद्य में राजा[1] बीसलदेव के विदेश गमन के लिये शुभ तिथि को बताते हुये कवि ने फिर अपने ज्योतिषी होने का प्रमाण दिया है। अस्तु, इन प्रमाणों के रहते हुए कवि को ज्योतिषी स्वीकार करने में कोई आपत्ति नहीं उठायी जा सकती और तब कवि को ब्राह्मण मानना ही ठीक होगा। यहाँ यह कहना असंगत न होगा कि इस रासो में ऐसे अनेक स्थल आये हैं जहाँ यदि कवि 'जोसी' वर्ग का होता तो दानादि द्वारा दुष्ट ग्रहों की शान्ति की बात करता। लेकिन ऐसा उसने किया नहीं है। इसलिये वह 'जोसी' वर्ग का नहीं था यह सिद्ध है।

सं० १६३३ वाली प्रति में जिस प्रकार जोइसी-जोइसी आदि शब्द कवि के साथ युक्त हैं उसी प्रकार सं० १६६९ वाली प्रति में व्यास शब्द युक्त है कवि के साथ। व्यास शब्द पुल्लिंग है और बना हुआ है वि + अस् + घञ् के संयोग से जिसका अर्थ होता है पाठक ब्राह्मण। 'शब्दकल्पद्रुम' में भविष्य पुराण के एक पद को उद्धृत करके व्यास के लक्षणों को बतलाया गया है।

विस्पष्टमद्भुतं शान्तं स्पष्टाक्षर पदं तथा।
कलस्वरसमायुक्तं रसभावसमन्वितम् ॥

१—मास च्यार राजा दिन नहीं।
तिथि तेइस अरू मंगलवार ॥
इग्यारयउ चन्द्र थारा घोडलाजोग ॥
नीका लाभइ नहीं।
पूषि नक्षत्र अरू कातिक मास ॥
तिण दिन राजा के गम करउ ॥
तउ आगलउ राउ पूरइ थारी आस ॥५॥

बुध्यमान : सदर्थं वै ग्रन्थार्थं कृत्स्नशो नृप ।
ब्राह्मणादिषु सर्वेषु ग्रन्थार्थं चार्पयेन्नृप ॥
यः एवं वाचयेद् ब्रह्मन् स विप्रो व्यास उच्यते ।

अर्थात् अन्य अनेक लक्षणों के साथ-साथ व्यास का ब्राह्मण होना भी आवश्यक है। मोनियर-विलियम्स ने भी अपने द्वारा सम्पादित शब्दकोष Sanskrit English Dictionary में लिखा है कि "Vyas—Masc = A Brahmin who recites or expounds the Puranas etc. in public. हिन्दी शब्द सागर में भी उपर्युक्त अर्थ की पुष्टि की गयी है। इसमें कहा गया है कि व्यास वह ब्राह्मण है जो रामायण, महाभारत या पुराणों आदि की कथा लोगों को सुनाता हो।

अस्तु, कवि को चाहे 'जोइसी' 'जोइसो' कहा जाय अथवा व्यास, इसमें सन्देह नहीं कि वह उच्चकुलीन ब्राह्मण था।

काव्य-सौष्ठव

बीसलदेव रासो हिन्दी जगत् की वह अमूल्य निधि है जो हमें आज से शताब्दियों पूर्व के भारत की अवस्था का दिग्दर्शन कराने में समर्थ है। जहाँ इसमें कोलाहलपूर्ण ऐतिहासिक वाद-विवादों की सृष्टि होती है, ताम्रपत्रों, वंशावलियों तथा शिलालेखों की जाँच की आवश्यकता पड़ती है वहीं काव्यगत रस, अलंकार, छन्द तथा वस्तु वर्णन आदि की अभिव्यञ्जना का समावेश भी है। खेद है कि कुछ विद्वानों ने इस ग्रन्थ को काव्य की कसौटी पर भलीभाँति न कस कर इसका साहित्यिक मूल्य न्यून समझा है।[1] अस्तु, इसके साहित्यिक मूल्यांकन के लिए आवश्यक यह है कि समूचे ग्रन्थ को काव्य की कसौटी पर कसा जाय।

---

१. क—यह कोई काव्य ग्रंथ नहीं केवल गान के लिए रचा गया था।
आचार्य रामचन्द्र शुक्ल—हि० सा० इ०-पृ० ३०।

ख—इसका विशेष साहित्यिक मूल्य नहीं है।—श्री सत्यजीवनवर्मा—बीसलदेव रासो पृ० ४३।

ग—न तो इसमें किसी प्रकार का साहित्यिक सौष्ठव है और न वर्णनों में किसी प्रकार की रोचकता मिलती है।—डॉ० उदयनारायण तिवारी—वीर काव्य—पृ० १९६।

वस्तु-वर्णन

काव्यों में प्रायः ऐसा देखा जाता है कि विवरण के लिये कवि या तो स्वयं वस्तुओं का वर्णन करता है अथवा पात्रों द्वारा उनका वर्णन करवाता है। वस्तु-वर्णन की कुशलता काव्य में जीवन डालकर उसे सरस बनाने में समर्थ होती है। बीसलदेव रासो में फुटकर वर्णनों का तांता तो नहीं है लेकिन दो-चार स्थल ऐसे अवश्य हैं जहाँ कवि ने स्वयं वस्तुओं का वर्णन किया है अथवा पात्रों द्वारा उनका वर्णन करवाया है। देखिये :—

विवाह वर्णन—रासो में राजमती और बीसलदेव के विवाह का वर्णन हमें विस्तारपूर्वक मिलता है। हिन्दू जाति की परम्पराओं के अनुसार कन्या के बढ़ते ही उसके घरवालों को कन्या के विवाह की व्यग्रता (विशेष कर उसकी माता को) से प्रारम्भ कर वर की खोज, ब्राह्मण द्वारा लग्न भेजना, तिलक, बारात की तैयारी तथा यात्रा, अगवानी, कन्यादान, भांवरी, दान, दहेज और वधू की विदाई आदि के वर्णन पढ़ने को मिलते हैं। विवाह का वर्णन कवि ने तत्कालीन भारत के दो प्रमुख शासकों विग्रहराज और भोज की मर्यादा के अनुकूल किया है। इसलिए इस वर्णन में हमें राजसी ठाट बाट का चित्र मिलता है। सांभर नरेश की बारात का वर्णन करते हुए कवि कहता है कि—

"पूजियो गणपति चालीधर जान।
लहैइ चउरासीय दुण जो मान॥
असी सहस घोड़ा चढ़ा।
साठ सहस पालकी अपारि॥
गूजर गउड़ चाल्या घणा।
रावराणं तण अंत न पार॥"

विवाह वर्णन में जहाँ कवि ने राजसी ठाट-बाट का दृश्य उपस्थित किया है वहीं प्रथम, द्वितीय, तथा तृतीय भांवर के समय राजा भोज द्वारा सांभर नरेश को दहेज स्वरूप देशों को दिखाते समय यह भूल गया कि वह जिन देशों का दहेज दिखा रहा है वे राजा भोज के अधिकार में थे भी या नहीं।

षड् ऋतु—बारह मास वर्णन—राजा बीसलदेव के प्रवास-काल के पश्चात् रानी राजमती के विरह का वर्णन करते समय कवि ने षड्ऋतुओं का वर्णन, उनमें प्राकृतिक उद्दीपन होने के कारण, रानी के विरह की व्यथा को प्रभावोत्पादक बनाने के लिये किया है। विरहाग्नि राजमती को प्रत्येक मास में सताती है।

विरह में राजमती का शरीर क्षीण हो गया है, और उसे माघ मास में तुषार-पात के कारण दग्ध वनखण्ड को देखकर संसार दग्ध हुआ दिखाई पड़ता है। देखिये, वह कहती है :—

"माह मास इसीय पड़इ ठंडार।
दाधा छइ वनषण्ड कीधा हो छार।
आप दहंती जग दह्यउ।
म्हा की चोलीय माहि थी दाधउ छइ गात्र।
घणीय विहुणी घण तांकिजइ।
तूँ तउ उवइठाउ रे आविज्यो करह पलाणी
जोवन छत्र उमाहियउ।
म्हाकी कनक काया माहे फेरबी आण।"

रानी राजमती को माघ की तरह वर्ष का प्रत्येक मास पीड़ा पहुँचाता है और वह विरहाग्नि में जल-जल कर छटपटाती है। अन्त में वह ईश्वर से मर्म भरी प्रार्थना करती है। वह 'उलगांणा की नारी' (प्रवासी की पत्नी) को छोड़कर और जिसका भी चाहे सृजन करें। देखिये कसक, व्यथा और दर्द भरा उसका उलाहना—

"अस्त्री जनम काइ दीयउ रे महेस।
अवर जनम थारइ घणा रे नरेस।
वनिन सिरजी रोड़ली।
घणहन सिरजी धवलीय गाइ।
वनिहन सिरजी कोइली।
हउ बइमती आबा नइ चम्पा की ड़ाल।
भषती दाष बिजोरड़ी।
तइतउ काइ सिरजो उलगाणा की नारि॥"

कवि नाल्ह का प्रस्तुत षड्ऋतु-वर्णन न तो कवि जायसी के पद्मावत के 'षड्ऋतु-वर्णन और नागमती वियोग-खण्ड' के लम्बे-चौड़े वर्णन के समान ईश्वर से मिलन और उनके वियोग के मिस है, न भक्तप्रवर तुलसी के मानस के किष्किंधा काण्ड के पावस और शरद् के वर्णन की भाँति नीति और भक्ति का उपदेशक, और न रीतिकालीन कवियों की तरह शब्दालंकारों तथा अर्थालंकारों के घटाटोप में मन और बुद्धि को कुछ क्षणों के लिए आच्छादित करने वाला, वरन्

है अपने ढंग का आकर्षक, मुख्य कथा से जुड़ा हुआ स्वाभाविक और प्राकृतिक, तथा हृदय पर गहरा प्रभाव डालने वाला। यहाँ इस कथन में भी अतिशयोक्ति न होगी कि षड्ऋतु-वर्णन की परम्परा का आरम्भ करने का श्रेय हिन्दी साहित्य में सर्वप्रथम कवि नालह को ही है; यदि हम बीसलदेव रासो को हिन्दी साहित्य का प्राचीनतम ग्रंथ मानते हैं, जिसे ऐसा मानने में हमें तब तक कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए जब तक इसे खण्डित करने के लिए कोई पुष्ट प्रमाण न मिल जाय।

चरित्र-चित्रण

श्रव्य काव्यों में महाकाव्य के अतिरिक्त अन्य काव्यों में समग्र रूप से किसी चरित्र का चित्रण सम्भव नहीं होता। चरित्र-चित्रण के दो प्रकार होते हैं एक 'आदर्श' और दूसरा 'यथार्थ'। आदर्श चरित्र-चित्रण में कवि अपनी भावना के अनुसार अपने काव्य के नायक अथवा नायिका के चरित्र में किसी प्रकार का दोष अथवा कोई त्रुटि नहीं आने देता। लेकिन 'यथार्थ' चरित्र के चित्रण के लिये कवि को अपने काव्य के लिये ऐसे नायक या ऐसी नायिका को चुनना पड़ता है जिनका सम्बन्ध संसार में नित्य प्रति देखे जाने वाले चरित्र के यथातथ्य रूप से होता है। 'आदर्श' चरित्र के भी दो प्रकार हैं—एक तो जातीय, राष्ट्रीय, सामाजिक और धार्मिक विचारों का अधिक से अधिक पूर्ण रूप से समन्वय करने वाला 'लोकादर्श चरित्र' जैसे रामचरित्र मानस के राम का और दूसरा उक्त ढंग के समन्वय या लौकिक औचित्य की भावना को गौण करके कोई एक भाव पराकाष्ठा तक पहुँचाने वाला 'ऐकान्तिक आदर्श चरित्र'।[1] ऐसे ऐकान्तिक चरित्र धर्म और अधर्म दोनों के आदर्श हो सकते हैं जैसे धर्म के आदर्श सीता, भरत, हनुमान आदि एवं अधर्म का आदर्श रावण। बीसलदेव रासो के नायक और उसकी नायिका का चरित्र-चित्रण 'यथार्थ' की कोटि में आता है।

इस रासो के नायक राजा बीसलदेव एक ऐतिहासिक पुरुष हैं। ग्रंथ की रचना-तिथि पर विचार करते हुए विशद रूप से इस बात पर भी विचार किया गया है कि ग्रन्थ के नायक कौन से बीसलदेव हो सकते हैं, तथा इस निष्कर्ष पर भी पहुँचना पड़ा है कि इस रासो के नायक बीसलदेव तृतीय हैं। यहाँ

---

१. रेवातट—पृथ्वीराजरासो—सं० डा० विपिनविहारी त्रिवेदी—भूमिका पृ० ४२।

उन ऐतिहासिक तथ्यों की पुनरुक्ति न होगी यदि यह कहा जाय कि इतिहास में बीसलदेव चतुर्थ का जो चरित्र हमें प्राप्त होता है उसका कोई वर्णन इस रासो में नहीं है। इतिहास के अनुसार बीसलदेव चतुर्थ बड़ा वीर और प्रतापी राजा था। उसने मुसलमानों से कई लड़ाइयाँ लड़ी थीं और उत्तर-पश्चिम भारत में पुनः एक बार हिन्दू राज्य की स्थापना की थी। दिल्ली और हाँसी प्रदेश भी इसने अपने राज्य में मिलाया था।[२] इसके वीर चरित्र का बहुत कुछ वर्णन इसके राजकवि सोमदेव रचित 'ललित विग्रहराज नाटक' (संस्कृत) में है।[३] ऐसे पराक्रमी राजा के वीर चरित्रों के चित्रण का चूँकि इस रासो में अभाव है इसलिए ऊपर इस बात की सम्भावना प्रगट की गयी है कि इस रासो का सम्बन्ध बीसलदेव चतुर्थ से नहीं है।

बीसलदेव तृतीय का चरित्र इतिहास में बीसलदेव चतुर्थ के समान म्लेच्छों से आर्यावर्त का उद्धार करने वाला अथवा विन्ध्य से लेकर हिमालय तक अपना राज्य स्थापित करने वाला नहीं चित्रित किया गया है। अस्तु, बहुत कुछ सम्भव है कि इसी कारण प्रस्तुत रासोकार ने इस खंडकाव्य की रचना करते समय बीसलदेव तृतीय के गुजरात आक्रमण के समय चालुक्यवंशीय राजा कर्ण से युद्ध को गौण रखकर उसके जीवन की एक स्वतः पूर्ण घटना परमारवंशीय राजा भोज की कन्या के साथ विवाह को प्रधानता दी। बीसलदेव के चरित्र का विकास इस रासो में रानी राजमती के विवाह के पश्चात् से आरम्भ होता है। विवाह के पश्चात् रानी द्वारा सिर्फ इतना ही कहने पर कि बीसलदेव के समान और उनसे बढ़कर भी इस भू-खण्ड पर और अन्य नृप हैं, राजा प्रण करता है कि वह अवश्य उन राजाओं को जीतेगा और अपने राज्य को हर प्रकार से समृद्ध बनायेगा। अपने इस प्रण की रक्षा के हेतु वह जिस रानी को ब्याह कर वह कुछ मास पूर्व ही लाया है और जो अनन्य सुन्दरी है उसके रूप और यौवन की कुछ परवाह नहीं करता और बारह वर्षों का उड़ीसा प्रवास हीरे

---

२. आर्यावर्तं यथार्थं पुनरपि कृत्वा म्लेच्छविच्छेदनाभि-
दैवः शाकम्भरीन्द्रो जगति विजयते वीसलः क्षोणिपालः॥
ब्रूते सम्प्रति चाहुवाणतिलकः शाकम्भरीभूपतिः
श्रीमान्विग्रहराज एष विजयी सन्तानजानात्मनः। ——फीरोजशाह की लाट (दिल्ली) पर वि० सं० १२२० वैशाख शुक्ला १५ का लेख

३. Indian Antiquary vol. XX P. 20।—D. Keilhorn.

की खान को प्राप्त करने के लिए करता है। उड़ीसा पहुँच कर राजा बीसलदेव को अपने कार्य में सिद्धि बिना किसी लड़ाई के ही प्राप्त हो जाती है और वह उड़ीसा के प्रधान के यहाँ एक अति सम्मानित अतिथि के समान रहता है। कुछ समय पश्चात् रानी राजमती का यह समाचार दूत के हाथ प्राप्त होने पर कि अब रानी राजमती का जीवित रहना राजा के विरह में असम्भव है राजा उड़ीसा से लौटने की तैयारी करता है। उड़ीसा के राजा तथा रानी उसको रोकना चाहते हैं। रानी तो बीसलदेव से यहां तक कहती है कि वह अब सांभर लौटकर न जाय और उड़ीसा में ही उसके विवाह का प्रबन्ध सुन्दरी से सुन्दरी कन्या के साथ होने का कर दिया जायगा। लेकिन राजा बीसलदेव उड़ीसा प्रवास के समय रानी राजमती को दिये गये अपने वचन की दृढ़तापूर्वक रक्षा करता है और उड़ीसा की रानी द्वारा किये गये प्रस्ताव को अस्वीकार कर असंख्य धन लेकर अजमेर लौट जाता है। इतिहास में कहीं भी बीसलदेव तृतीय के उड़ीसागमन की कथा नहीं मिलती। ऐसा ज्ञात होता है कि कवि ने राजा बीसलदेव के के चरित्र के विकास के हेतु ही इस कथा का सृजन कल्पना के आधार पर किया है। कल्पना की सहायता भले ही कवि ने बीसलदेव के चरित्र चित्रण में ली हो लेकिन इसे तो स्वीकार करना ही पड़ेगा कि बीसलदेव तृतीय के जीवन-चरित्र का यह अंश अधूरा ही रह जाता यदि कवि ने इस ग्रन्थ की रचना न की होती। साहित्य की रक्षा इसीलिए किसी देश अथवा जाति के लिए (इतिहास को भी साहित्य के अन्तर्गत ही मैं मानता हूँ) स्वतन्त्रता से बढ़कर होती है।

रानी राजमती के चरित्र को कवि ने स्त्री-सुलभ गुणों से पूर्ण चित्रित किया है। राजमती की प्रगल्भता से ही इस रासो का प्रारम्भ होता है। वह राजा बीसलदेव के गर्वयुक्त कथनों को नहीं सह सकती और ऐसा चुभता हुआ प्रत्युत्तर[1] उन्हें देती है कि राजा को अपना राज्य छोड़ कर विदेश गमन करना पड़ता है। लेकिन जहां उसमें इतनी प्रगल्भता है वहीं उसका हृदय स्त्रियोचित

१—गरव न कीजइ धणी संभरि वालि।
तुहू समां छइ घणारि भूवाल।
ऐक उड़ीसा कउ धणी।
वचड़ माका मानि न मानि।
जउ थारइ साभरिउ ग्रहइ।
तिन्हउवा घरि उग्रहइ हीरा की षाणि॥ ४१॥

कोमल भावनाओं से भी पूर्ण है। वह राजा के विरह को सहन करने के लिए तैयार नहीं है, और इसीलिए कहती है कि—

"म्हे विरा स्या बोलियउ दोस।
पग को पाणही संकिसउ रोस।
कीडी उपरि कटकी किसी।
म्हे हरया थे करि जाणोयउ साच।
उमी मेल्हि उलग चलउ।
जल विहुणीय किम जीवइ मछ ॥ ४३ ॥"

लेकिन उसकी यह चातुरीपूर्ण बातें उसे राजा के विरह से वंचित करने में असमर्थ होती हैं। अतः वह अपने उस अस्त्र का प्रयोग करती है जिस पर प्रत्येक स्त्री को ऐकांतिक भरोसा होता है लेकिन उसका वह अस्त्र भी चूक जाता है जिसे वह अपनी सहेलियों से राजा के विछोह के पश्चात् स्वीकार करती है—

सुणउ सहेलीय म्हारीय बात।
कंचूउ षोलि दिषाया गात्त।
त्रिय चरित्र मइ लष किया।
म्हरिय राउ न जाणए बात।...

अपने इस अस्त्र के चूक जाने के पश्चात् भी वह राजा के उड़ीसा प्रवास को रोकने का प्रयत्न जारी रखती है। राजज्योतिषी से प्रवास के लिये चार मास पश्चात् की तिथि देने के उसके आग्रह में उसके चरित्र का प्रगाढ़ पति-प्रेम एवं पतिव्रता हिन्दू पत्नी का पति द्वारा अनादर होने पर भी पति के प्रति शुभ कामना सन्निहित है।

चार मास के बाद निश्चित तिथि पर जब राजा उड़ीसा गमन के लिये तैयार होता है, रानी अपने विरह के समय आने वाले दुखों को भूलकर अपने नीतिपूर्ण उदात्त चरित्र का परिचय देते हुए राजा को शिक्षा देती है कि—

"उलग जाण की थरीय जगीस।
राज चालण की देइछइ सीष।
इणि विधि राज माहे संचरे।
बइठा राजा सभा परधान।
तिणि सं मीठा बोलिज्यो।
नाई साहणी दूणउ मान।

बाढ़िय सरिसउ मति हसउ ।
तठइ राइ बोलाइसी भीतर गोठि ।
राजमत करि बोलीज्यो ।
काक नइड़ा अरू नीची दिठि । ८८ ॥»

राजा के उड़ीसा गमन के पश्चात् रानी राजमती राजा के विरह में व्याकुल हो जाती है । वर्ष की किसी ऋतु में उसे शान्ति नहीं मिलती । वह पूर्णयौवना है और युवावस्था में पति का बिछोह कितना दुःखदायी होता है यह तो एक विरहिणी नारी ही बता सकती है । ऐसी परिस्थिति में प्रायः देखा जाता है कि नारियाँ पातिव्रत धर्म को ताख पर रखकर स्वैराचार की ओर प्रेरित हो जाती हैं । लेकिन राजमती एक आदर्श पतिव्रता हिन्दू नारी की भाँति इन विकट परिस्थितियों का सामना करती है और कुटनी द्वारा भ्रष्ट आचरण के प्रस्ताव को ठुकरा देती है ।[1]

अन्त में रानी राजमती के सुख के दिन लौटते हैं । बीसलदेव उड़ीसा से अगाध द्रव्य लेकर लौटते हैं । रानी को उन निर्जीव द्रव्यों को तो नहीं पर अपने सजीव द्रव्य को पाकर अत्यन्त खुशी होती है । कवि नाल्ह मुखरा, प्रगल्भा, नीति-निपुणा, तथा प्रतिव्रतपरायणा राजमती के चरित्र-चित्रण में प्रत्येक दृष्टि से सफल हुआ है ।

इस रासो में उपर्युक्त दोनों चरित्रों को छोड़कर अन्य चरित्रों का विकास नहीं हुआ है ।

रस

हिन्दी साहित्य के इतिहासकारों ने रासो काल को 'वीरगाथा' काल की संज्ञा दी है । निस्सन्देह यदि 'पृथ्वीराज रासो' को इस काल का प्रतीक ग्रन्थ

१—असीय वरस की बुढइ वेसि ।
दंत पड्या सिरि पाडुरा केस ।
आइ आवीसइ संचरी ।
गलि लागइ अरू रूदन करंति ।
किमदिन काढ़इ भाणिजी ।
राति दिवस मोनइ थारीय चीत ।
जेतइ आवइ सांभर धणी ।
तेतइ चंचल पाठव करउ थे मीत ॥१३७॥

स्वीकार कर लिया जाय तो इतिहासकारों द्वारा दिया गया उपर्युक्त नाम सार्थक सिद्ध हो सकता है। लेकिन 'बीसलदेवरासो' जिसे इस काल का प्राचीनतम ग्रन्थ मानने में दो मत नहीं हो सकते, एक ऐसा ग्रन्थ है जिसमें वीर रस का तो सर्वदा अभाव है और है शृंगार रस की प्रधानता। अतएव प्राचीनतम ग्रन्थ होने के नाते यदि यह काव्य रासो काल का प्रतीक ग्रन्थ माना जाय तब तो इस काल को वीरगाथा काल कहना कहाँ तक सार्थक होगा यह विवादग्रस्त प्रश्न हो जाता है।

'बीसलदेवरासो' चूँकि शृंगार रस प्रधान काव्य है इसलिए इसमें शृंगार रस खोजने का प्रयास नहीं करना पड़ता। संयोग और वियोग शृंगार से सारा ग्रन्थ परिपूर्ण है। संयोग शृङ्गार का तो कम लेकिन वियोग शृङ्गार का अभाव ग्रन्थ में परिलक्षित नहीं होता। कहा तो यह भी जा सकता है कि वियोग शृङ्गार की ही प्रधानता है। वियोग शृङ्गार का चित्र इस खण्ड काव्य में हमें बीसलदेव के रानी राजमती के विवाह के पश्चात् उड़ीसा गमन पर मिलता है। रानी राजमती का विवाह राजा के साथ उसकी बारह बरस की अवस्था में होता है। विवाह के तुरन्त पश्चात् ही राजा के परदेश गमन से राजमती को विरह का सामना करना पड़ता है। प्रोषितपतिका नायिका राजमती के विरह को षट्ऋतु में घटने वाली प्राकृतिक घटनायें उद्दीप्त करती हैं। सावन का सुन्दर महीना है। वर्षा-ऋतु आरम्भ हो गयी है। पानी की छोटी-छोटी बूँदें पड़ रही हैं। युवतियाँ कजली गा रही हैं। पपीहा 'पी कहाँ—पी कहाँ' की रट लगाये हुए है। लेकिन ये सारे सुन्दर दृश्य विरहिणी राजमती के हृदय में शूल पैदा करते हैं। वह कहती है—

सावण बरसइं लइ छोटिय धार।
प्रीयविण जीविजइ किसइ आधारि।
सह को खेलइ काजली।
तठइ चीडीय कमडीय षंडिया जाल।
बाबीहा पीय पीय करइ।
मोनइ अणष लावइ सावण मास॥ २९॥

विप्रलंभ शृङ्गार के प्रवासहेतुक वियोग के भविष्यत् प्रवास का चित्र अंकित करते हुए कवि बीसलदेव के भविष्यत् प्रवास से व्याकुल राजमती के मुख से कहलाता है—

हिव छंडी स्वामी थाहरी आस ।
जोगणि होइ सेवं वनवास ।
कइ तप तपं बणर रसी ।
कइ सरीर संपउ देसि केदारि ।
कइहि, हिमालइ माहि गिलउ ।
स्वामी धण मरिसी गंग नइ वारि ॥ ७० ॥

संताप, निद्रा-भंग, कृशता, प्रलापादि विप्रलम्भ शृङ्गार के अनुभाव के कारण प्रवत्स्यत्पतिका नायिका की कृशता के चित्र अनेक लक्षण और लक्ष्य ग्रन्थों के रचयिता आचार्यों तथा रीतिकालीन कवियों द्वारा उपस्थित किए गये हैं। रासो का नायक भी यद्यपि न तो लक्षण या लक्ष्य ग्रंथ की रचना कर रहा था और न उसका उद्देश्य नायिकाभेद की रचना करना था, फिर भी रानी राजमती की कृशता का चित्र जो उसने चित्रित किया है वह रीतिकालीन कवियों अथवा उर्दू के शायरों के ऐसे चित्रित किये गये चित्र से किसी रूप में कम नहीं है। रानी राजमती राजा के विरह में इतनी कृशगात हो गयी है कि उसकी अँगुली की अंगूठी उसकी बांह में आ जाती है।[1] देखिये कवि कहता है कि—

गोरडी बइठी छइ बंभणक जाइ ।
करि जोडी थारइ लागू पाइ ।
राजमती करइ वीनती ।
पंडया कहिज्यो धण का नाह नइ जाइ ।
आँगुली थाकी मुदड़ी ।
ढलिकन आवइ हो धणकीय बाह ॥ १४२ ॥

रसराज शृङ्गार का जो निखरा सौन्दर्य हमें वियोग में देखने को मिलता है

१—सुनहु स्याम ब्रज में जगी दसन दसा की ज्योति ।
जहँ मुंदरी अंगुरीन की बाह में ढीली होति ॥
× × ×
तुम पूछत कहि मुद्रिके, मौन होत यहि नाम ।
कंकन की पदवी दई तुम बिन या कहँ राम ॥—केशव
× × ×
जीवन की अब हे कपि आस न मोहिं ।
कनगुरिया की मुँदरी कंकन मोहि ॥—तुलसीदास

वह सम्भवतः संभोग में नहीं मिलता, और इसीलिए शायद किसी शायर ने कहा है कि 'जो मजा इन्तजार में देखा, वह नहीं वस्लेयार में देखा।' वियोग के पश्चात् सम्भोग का होना स्वाभाविक है। अस्तु, कवि नाल्ह ने वियोग के वर्णन को प्राथमिकता देकर अपने कवि हृदय का परिचय देते हुए परम्परा के निर्वाह के लिए ग्रन्थ को समाप्त करते-करते सम्भोग शृङ्गार का चित्र भी अंकित कर दिया है। नायक नायिका के पारस्परिक अवलोकन, आलिंगन आदि असंख्य भेदों को सम्भोग शृङ्गार के अन्तर्गत माना गया है, तथा कहीं यह नायिकारब्ध और कहीं नायकारब्ध होता है। इस रासो में नायकारब्ध सम्भोग शृंगार का उदाहरण ही हमें प्राप्त होता है। बीसलदेव बारह वर्षों के प्रवास के पश्चात् लौटकर जब रानी राजमती से मिलता है तो उसकी अंग शोभा बीसलदेव के मन में उद्दीपन भाव उत्पन्न करती है। उसके वक्षस्थल पर राजा का हाथ अनुभाव तथा राजा द्वारा उसका आलिंगन व्यभिचारी भाव हैं। नायकारब्ध सम्भोग शृंगार के इस चित्र का कवि ने अपने शब्दों में इस प्रकार वर्णन किया है—

वारा वरसा घरि आवीयउ राउ।
हियडलइ हाथ गला माहे बाह।
अवलो सवलो चूंवणी।
अति रंग थी राजा लीयउ टीपि।
सही सहेली चमकउ हूवउ।
म्हांकइ भइरव कंचूउ भीनउ छइ पाक॥ २३६॥

विप्रलम्भ और सम्भोग शृंगार के अतिरिक्त न तो अन्य रसों की अवतारणा का कवि ने प्रयास किया है और न इस खण्ड काव्य में अन्य रसों के पूर्ण परिपाक की सम्भावना थी। कहीं-कहीं तो ऐसा भी देखने को मिलता है कि रस परिपाक तो दूर, वर्ण्य विषय को सुन्दर ढंग से रखने में भी कवि असमर्थ होकर रसाभास के उदाहरण उपस्थित करता है। राजमती द्वारा अनादृत होकर बीसलदेव जब उड़ीसा चला जाता है तब राजमती कलहान्तरिता नायिका की भाँति जहाँ विप्रलंभ शृंगार का उदाहरण सामने रखती है उसी जगह बीसलदेव को भैंस का पीड़ाड़ (पाड़ा) कहकर बीभत्स रस उपस्थित कर देती है और ग्रामीण कलहान्तरिता नायिकाओं तक को भी लज्जित कर देती है। संदर्भ से सम्बन्धित पंक्तियां इस प्रकार हैं—

सुणउ सहेलिय म्हारीय बात ।
कंचूउ षोलि दिषाया गात्त ।
तिय चरित्र मइ लषकिया ।
म्हारिय राउ न जाणए बात ।
तउ वड उपरि भयस पीड़ाइ ।
जिण दीठा मुनिवर चलइ ।
म्हे तउ कर बोलियउ कोपियउ नाह ।
तिणि कुवचनइ सषीधण छली ।
डालीयउ पांसउ चूकउ दाउ ॥ ६९ ॥

[अर्थात् हे सखी मेरी बात सुनो—मैंने कंचुकी खोलकर अपने अपूर्व यौवन का दर्शन राजा को कराया तथा अनेक प्रकार के स्त्रियाचरित्र भी किये ताकि राजा विदेश भ्रमण न करें लेकिन राजा मेरी बात को मानने के लिए तैयार नहीं हुआ। जिस नारी सौन्दर्य ने बड़े बड़े मुनियों को भी वशीभूत कर लिया उसी सौन्दर्य की राजा ने उपेक्षा की। ऐसा करके राजा ने 'भैंस के आगे बीन बजावे भैंस पड़ी पगुराय' वाली उक्ति को चरितार्थ किया है। इत्यादि।]

ऐसे ही एक अन्य स्थल पर जहाँ बीसलदेव राजमती की पहिचान बताते हुए उसके सौन्दर्य का वर्णन नाना प्रकार की उपमाओं को देकर योगी को बताता है उसी जगह उसकी अंगुलियों की उपमा 'मूंगफली' से देकर हास्य रस उपस्थित कर देता है। देखिये:—

भति जोगी कहइ नर नाथ ।
रतन कचोलउ धण कइ हाथि ।
मुगफली जिसी आँगुली ।
उणाराकवन पयउहर काजला रेषि ।
बोलती बोलइ घर आकरी ।
उणरइ सोवन चूड़ली झलकइ हाथि ।
चूड़ि कहइ कइ चूडिलउ ।
थे तउ षीरा तिण धण कइ हाथि ॥ २११ ॥

[अर्थात् रानी राजमती की अंगुलियाँ मूंगफली जैसी हैं, उसके पयोधर पर काली रेखायें हैं, वह सुन्दर वाणी बोलती है, उसके हाथों में सुवर्ण की चुड़िया सुशोभित है, इत्यादि ।

यद्यपि भैंस और मूंगफली की उक्तियाँ शृङ्गार रस में रसाभास उत्पन्न करती है फिर भी इन उक्तियों के अप्रस्तुत रूप में लाये जाने के कारण इस काव्य के लोकगीत होने का प्रमाण भी मिलता है।

अलंकार

जिस प्रकार 'रस' काव्य की आत्मा है और काव्य के लिए अत्यावश्यक है उसी प्रकार अलंकारों के अतिरिक्त भी काव्य रचना संभव नहीं। क्योंकि अलंकार हैं क्या? वर्णन करने की अनेक प्रकार की चमत्कारपूर्ण शैलियाँ जिन्हें काव्यों से चुन कर प्राचीन आचार्यों ने नाम रखे और लक्षण बनाये।[1] शैलियाँ विभिन्न कवियों की विभिन्न हो सकती हैं। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि जितने अलंकारों के नाम आचार्यों ने निर्धारित कर दिये हैं उनके अतिरिक्त अलंकार नहीं हो सकते। देखा यह गया है कि नए आचार्य नये अलंकारों की सृष्टि करते आये हैं। अतः किसी ग्रन्थ विशेष में यदि हमें मिलने वाले अलंकारों में से कोई अलंकार नहीं मिलता तो इसका अर्थ यह नहीं कि वह काव्यग्रन्थ अलंकार शून्य है, क्योंकि काव्य रचना के लिए किसी न किसी शैली की आवश्यकता कवि को पड़ेगी और जब वह किसी शैली का अनुसरण करेगा तब अलंकार भी उस काव्य में होगा ही।

बीसलदेव रासो में नाल्ह ने सादृश्यमूलक अलंकारों का ही आश्रय अधिक लिया है। इन अलंकारों के सहारे कवि को अपनी कल्पना की उड़ान में बहुत ऊपर तक उड़ने का अवसर मिला है। कहीं कहीं तो ऐसे उपमान और उपमेय का आयोजन हुआ है जिनका सम्बन्ध पृथ्वी के जीव से नहीं वरन् ज्योतिष शास्त्र से है। सादृश्यमूलक अलंकारों में से उपमा अलंकार का आरोप गौरीनन्दन की शोभा में देखिये :—

गवर का नंदन त्रिभुवन सार।
नाद भेदइ थारइ उदर भंडार।
एक दंतउ मुषिक लहलइ।
मुषिकउ वाहण तिलक संदूरि।
करि जोडी नरपति भणइ।
जाणि करि रोहिणी जिम तपउ सूरि॥ ५॥

१—जायसी ग्रन्थावली—सं० आचार्य रामचन्द्र शुक्ल—पृ० १४६-१४७।

उपमा में भी श्रौती उपमा का उदाहरण कवि ने राजा बीसलदेव के मालव पहुँचने पर 'गोकुल माहि गोविन्द' से दिया है :—

राजा जी उतर्‌या नगर मझारि ।
मन माहे हरषीय राजकुमारि ।
जाइ सषी करउ आरती ।
कलश संपूरण पूनिम चन्द ।
सुर नर मोह्‌या सुरग का ।
गोकुल माहि जिसउ प्रतिष्य गोबंद ॥ २५ ॥

श्रौती उपमा की तरह 'आर्थी उपमा' का प्रयोग भी हमें निम्न पंक्तियों में देखने को उस समय मिलता है जब राजमती बीसलदेव को विदेश-गमन से रोकने के लिए यह कहती है कि विवाह के पश्चात् उसकी अवस्था ठीक बिकने वाले घोड़े के समान हुई है जिस पर व्यापारी सौ सौ दिनों तक हाथ नहीं फेरता ।

भाटिण कहइ सुणि राजा का पूत ।
उलग नाण कउ षरउ कु सूत ।
बेटि ब्याहो राजा भोज की ।
सोनउ सोलहउ काइ करइ छार ।
मरणजीवण राजा पग तलइ ।
कनक कचोलउ उर धरइ भार ।
हेडाऊँ का तुरीय जिऊँ ।
हथ न फेरइ सउ सउ वार ॥ ८२ ॥

विरह वर्णन में कवि नाल्ह ने ऊहात्मक शैली का अवलंबन किया है । इस शैली में अधिकतर ऐसा देखा जाता है कि ऊहा को आधारभूत वस्तु का स्वरूप तो सत्य रहता है लेकिन उसके हेतु की कल्पना कल्पित होती है । इस प्रकार के विधान में उत्प्रेक्षा का सहारा आवश्यक होता है । यह अलंकार उत्कर्ष की व्यंजना के लिये बड़ा शक्तिशाली होता है । प्रस्तुत की अप्रस्तुत रूप में सम्भावना के द्वारा कवि जिस क्रिया को हमारे सम्मुख उपस्थित करता है वह प्रामाणिक लगने लगती है और हम इस बात की छानबीन नहीं करते कि हेतु ठीक है या गलत । आसाढ़ माह में जल से परिपूर्ण मेघों को आकाश में घुमड़ते देख कर राजमती को ऐसा प्रतीत होता है कि मदगलित हाथी की भाँति प्रमत्त मेघ आकाश में चल रहे हैं । देखिये वह कहती है कि—

आसाढ़इ धुरि बाहुड्या मेह ।
षलिहल्या षाल नइ वहि गई षोह ।
जइरि आसाढ़ न आवहो ।
माता रे मइगल जेठ पग देई ।
सद मत वाला जं दुलई ।
तिह घर ऊलग काइ करेइ ॥ १२८ ॥

प्रस्तुत की अप्रस्तुत रूप में सम्भावना कर कवि ने 'वस्तूत्प्रेक्षा' का सुन्दर उदाहरण उपर्युक्त पद में दिया है ।

'उत्प्रेक्षा' के समान अतिशयोक्ति अलंकार का प्रयोग भी कवि ने इस रासो में कहीं-कहीं किया है । राजा बीसलदेव की बारात की विशालता का वर्णन करते हुए कवि कहता है :—

राजा चालो परिणवा ।
तवइ बेहाउँबर छइिन सूरि ॥ २० ॥

राजमती की चमत्कारपूर्ण उक्ति भी पण्डित को बीसलदेव के पास भेजते समय अतिशयोक्ति अलंकार का सृजन करती है । राजमती की यह उक्ति कि बीसलदेव के वियोग में उसके बायें हाथ की मुद्रिका ढलक कर उसकी दाहिनी बाह में आने लगी है लोक सीमा का उल्लंघन कर जाती है । देखिये उसके अलंकार का चमत्कार :—

गोरडी बइठी छइ बंभणक जाइ ।
करि जोडी थारइ लागू पाइ ।
राजमती करइ वीनती ।
पंड्या कहिज्यो धण का नाह नइ जाइ ।
आंगुली थाकी मुदड़ी ।
ढलिकन आवइहो धण कीयबाह ॥ १४२ ॥

सादृश्यमूलक अलंकारों में 'रूपक' का अपना विशेष स्थान होता है । इस अलंकार की झलक इस रासोकार ने कहीं-कहीं दिखायी है । इसके प्रयोग में यद्यपि कवि को पूर्ण सफलता नहीं प्राप्त हुई है फिर भी रूपक बाँधने की उसकी दक्षता अवश्य श्लाघ्य है । ऐसा एक स्थान देखिये :—

सासू कहइ बहु घरिमाहे आइ ।
चंवरइ भोलइ गिलेसी राह ।

चंद पुलिदां वन गयउ ।
दुधू किमउ बरइ मंजारि कइ फेरि ।
उलूगाणा की गोरडी ।
थारउ नाह उडीसइ धण अजमेरि ॥ १४१ ॥

[अर्थात्—राजमती का मुख पूर्ण चन्द्रमा है । उसके मुख रूपी चन्द्रमा को राहु रूपी सौन्दर्य लोलुप खलजन कहीं ग्रास न कर लें अथवा उसके यौवन रूपी दुग्ध को मार्जार रूपी कामी पुरुष कहीं भक्षण न कर जायें क्योंकि उसका पति परदेश में है और उसका उन्मत्त यौवन छिपाये नहीं छिपता । इसलिए राजमती की सास कहती है कि बहू घर में आओ ।]

छन्द

भारतीय छंदों के गणित पक्ष तथा सूत्र लक्षण का विधान संसार के छंद शास्त्रों में अद्वितीय है, इसे स्वीकार करने में किसी को संकोच न होगा । ब्राह्मण ग्रन्थों के रचना-काल से ही छंदों का प्रारम्भ भारतीय साहित्य में हो जाता है, यद्यपि उन ग्रन्थों में छंदों की दार्शनिक धारणायें ही केवल प्राप्त हैं परन्तु उन्हें उनका सैद्धान्तिक विवेचन नहीं कहा जा सकता । ब्राह्मण युग के परचात् वैदिक युग के आरम्भ काल से लेकर अपभ्रंश काल तक छन्दों का क्रमशः विकास हुआ है । विद्वानों के मतानुसार वैदिक छंदों में वर्ण विचार की प्रधानता पायी जाती है लेकिन डा० पुत्तूलाल शुक्ल के मतानुसार इनके पाठ में केवल अक्षर की गणना के अतिरिक्त स्वरों का भी प्रयोग किया जाता है, अन्यथा केवल अक्षर-संख्या छय को जन्म देने में असफल हो जाती । वैदिक छन्द पाठकारों और उनके छन्दों के लिपिकारों ने उदात्त, अनुदात्त, स्वरित का प्रयोग तो किया, परन्तु वैदिक युग के छन्दःशास्त्रियों और परवर्ती युग के आचार्यों ने वैदिक छंदों पर विचार करते हुए मात्रा-मैत्री का विवेचन नहीं किया और फलतः एतद्-विषयक कोई सिद्धान्त भी निश्चित नहीं किया गया । चूँकि अक्षर और मात्रा भाषा के आदि काल से इतने अभिन्न और एकाकार हैं कि उनमें भेद करना कठिन है, सम्भवतः इसी कारण वैदिक छन्दों के सम्बन्ध में यह निश्चित सिद्धान्त नहीं बन सका कि वे केवल वर्णिक हैं या केवल मात्रिक । ऐसी विषम परिस्थिति में छन्दःशास्त्रियों ने शायद इस नियम का, कि छन्द की पाठ-पद्धति में जिस वर्ग के नियम प्रधान हों उसमें ही उन छन्दों की गणना होनी चाहिए, पालन किया है । वैदिक छन्दों को वर्णिक बताने में ही उपर्युक्त कहे गये नियम का अनुपालन

किया गया है क्योंकि वैदिक छन्दों में वर्णवृत्त की प्रधानता यहाँ तक विशेष थी कि १०४ अक्षरों तक के छन्द निर्मित होते थे। वर्ण और मात्रा की खिचड़ी संस्कृत काल के छन्दों में भी पकती रही! छंदों में वर्णिक और मात्रिक का भेद तब स्पष्ट रूप से स्थापित हुआ जब वैदिक छन्द, वर्ग विशेष का साहित्य बन गया और जनता से उसका सम्पर्क छूट गया। जनता ने यद्यपि अपना सम्बन्धविच्छेद वैदिक और संस्कृत छन्दों से कर लिया फिर भी उनमें छान्दसिक संस्कार वैदिक और सांस्कृतिक ही थे। अतः जिस लय में वर्ण पर स्वराघात देकर या उदात्त उच्चारण से छन्द पूरा किया जाता था जनता ने उस स्थान पर एक मात्रा का योग करके उस लय को पूरा किया। लय को पूर्ण करने के लिये मात्राओं के योग की यह जनपदीय पद्धति ही धीरे-धीरे अपने अलग स्वरूप में विकसित होने लगी। प्राकृतकाल के आगमन तक यह इतनी जनप्रिय हो गई कि इस काल के छन्द प्रारम्भ काल से ही मात्रावृत्त होने लगे। मात्रावृत छन्दों के विकसित होने तथा जनता द्वारा अपनाये जाने के प्रधानतः दो कारण थे। प्रथमतः जन गीतों के चरण बहुत छोटे होते हैं जिनमें मात्रावृत्त छन्दों का ही सफल प्रयोग सम्भव होता है। द्वितीयतः मात्रावृत्त छन्दों में कवि को स्वच्छन्दता का अवसर रहता है जो वर्णवृत्त छन्दों में अपेक्षाकृत कम प्राप्त होता है। मात्रावृत्त छन्द जनता के आदर के पात्र इसलिए भी बन गये कि इसमें संगीत के उपयुक्त गुण भी वर्तमान थे। गीत में ताल का निदान प्रधान होता है जो कि मात्राओं पर निर्भर होता है, वर्णों पर नहीं।

मात्रिक छन्द अपनी उपर्युक्त विशेषताओं और सुविधाओं के कारण इतना विशेष जनप्रिय बन गया कि प्राकृतों के साहित्यिक रूप धारण करने पर जहाँ मध्यकाल की प्राकृत रचनायें संगीत विहीन हो गयीं वहीं अपभ्रंश में जनता द्वारा अपनाये जाने वाले मात्रिक छन्द इतने प्रचलित हुए कि इन छन्दों में आद्योपान्त महाकाव्यों की रचना होने लगी। चौरासी सिद्धों और जैनाचार्यों की कृतियों का सृजन, जो प्रायः नवीं शताब्दी के बाद हुआ, मात्रिक छन्दों में ही हुआ। इन छन्दों का प्रचार उत्तरोत्तर इतना अधिक हुआ कि संस्कृत के कवि गोवर्द्धनाचार्य तथा जयदेव ने भी अपनी कृतियों की रचना वर्ण-वृत्तों में न कर मात्रिक छन्दों में की। मात्रिक छन्दों में भी 'पज्झटिका' छन्द का प्रयोग बहुशः अपभ्रंश काव्य में पाया जाता है। इस छन्द में ८ मात्राओं के बाद स्वभावतः ही ताल लगने के कारण संगीत के लिये यह विशेष रूप से उपयोगी होता है। सङ्गीतोपयोगी छन्द पज्झटिका के समान ही नृत्योपयोगी 'वत्ता' और

'मदनग्रह' छन्दों का प्रयोग भी अपभ्रंश काव्य में हुआ है। इन छन्दों की विशेषता यह है कि इनके गाये जाने पर नर्तकों के एक विशेष क्षण पर गति परिवर्तन का रहस्य भली-भाँति समझ में आ जाता है।[1]

छंदों के इस क्रमिक विकास को देखते हुए इस निर्णय पर पहुँचने में कोई आपत्ति नहीं होगी कि हिन्दी के रासो काल में काव्य की रचना मात्रिक छन्दों में ही हुई। डा० पुत्तूलाल शुक्ल भी इसी मत का समर्थन करते हुए कहते हैं कि "हिन्दी के वीरगाथा काल में प्रधानता मात्रिक छंदों की ही रही।"

हिन्दी के वीरगाथा काल या रासो काल का उल्लेख जब हम करते हैं तब हमारा उद्देश्य राजस्थानी साहित्य से होता है, जहाँ की भाषा डिंगल और पिंगल थी, जिसकी उत्पत्ति दशवीं शताब्दी तक प्रचलित अपभ्रंश भाषा से हुई थी। अणहिलवाड़ा के चालुक्य राजा सिद्धराज जयसिंह देव और कुमार पाल के आश्रित जैन विद्वान् हेमचन्द्र (सं० ११४५) ने अपने ग्रन्थ 'सिद्ध हेम शब्दानुशासन' में अपभ्रंश के एक भेद नागर अपभ्रंश का आधार शौरसेनी प्राकृत को माना है।[2] इसी नागर अपभ्रंश से राजस्थानी भाषा का जन्म हुआ जिसके साहित्यिक रूप का नाम डिंगल है।[3] पिंगल शब्द का वास्तविक अर्थ यद्यपि छन्दःशास्त्र है लेकिन राजस्थान में इसका व्यवहार ब्रजभाषा के अर्थ में किया जाता है। आजकल लोग पिंगल से ब्रजभाषा का अर्थ न लेकर "राजस्थानी मिश्रित ब्रजभाषा' का अर्थ लेते हैं।[4] डिंगल भाषा की इस संक्षिप्त उत्पत्ति और विकास को देखते हुए ऊपर कही गयी उक्ति कि इस काल के काव्य की रचना मात्रिक छन्दों में हुई पुष्ट हो जाती है। यों भी इस काल में प्रयुक्त होने वाले छन्दों को यदि देखा जाय तो वे विशेष अंशों में अपभ्रंश काल के ही छन्द हैं। अपभ्रंशकालीन गाहा, पद्धरि, मुक्तादाम, भुजङ्गप्रयात, तोमर, त्रोटक इत्यादि प्रसिद्ध प्रायः सभी छन्दों का प्रयोग डिंगल के कवियों ने भी किया है। इनके अतिरिक्त दोहा (दूहो), कवित्त (छप्पय) और गीत का प्रयोग राजस्थानी काव्य में विशेष रूप से पाया जाता है।

---

१. अपभ्रंश मीटर्स—प्रो० एच० डी० वेलणकर—बम्बई यूनिवर्सिटी जर्नल सन् १९३३–३४, पृ० ३२–४

२. सिद्ध हेमशब्दानुशासन।

३. डिंगल में वीर रस—मोतीलाल मेनारिया—पृ० २।

४. राजस्थानी भाषा और साहित्य—मोतीलाल मेनारिया—पृ० ७६।

जिस प्रकार हीरे का सौन्दर्य सफल खराद करने वाले के हाथों में जाकर प्रस्फुटित होता है उसी प्रकार काव्य भी छन्दों के प्रयोग से निखर उठता है। यद्यपि कवि छन्दों का मुखापेक्षी नहीं होता और न वह यति-गति के नियमों से ही बँधा होता है फिर भी भावों की मधुरिमा के लिये लय की आवश्यकता होती है जो वर्णों और मात्राओं की योजना पर निर्भर करती है। अतः छन्दों के मुखापेक्षी न रहने पर भी अदृश्य रूप से वे ही व्यञ्जना सिद्धि में प्रेरक हैं इसे स्वीकार करना ही पड़ेगा। छन्दों का चुनाव वर्ण्य-विषय और भाषा को दृष्टिगत रख कर ही होना चाहिए। आज तक के प्रकाशित ग्रंथों को देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि न तो प्रत्येक छन्द हर प्रकार के वर्णन के लिये उपयुक्त होता है और न प्रत्येक भाषा में ही प्रत्येक छन्द का सफल प्रयोग हो पाता है। 'अवधी' में जितनी सफलता दोहा और चौपाई को मिली उतनी सफलता ब्रज-भाषा में इन्हें नहीं प्राप्त हुई। ब्रजभाषा के सफल छन्द तो कवित्त और सवैया ही हैं। इसी प्रकार नीति और उपदेशात्मक विषयों की व्यञ्जना में दोहा छन्द जितना सफल रहा उतना अन्य छन्द नहीं। यह ठीक है कि छन्दःशास्त्रियों ने ऐसा कोई विधान नहीं बनाया कि अमुक विषय अथवा अमुक भाषा के लिये अमुक छन्द का ही प्रयोग होना चाहिये फिर भी प्रकाशित रचनाओं की सफलता और विफलता को दृष्टिगत रखते हुए उपर्युक्त निष्कर्ष निकाला जा सकता है।

बीसलदेव रासो के छन्दों का निर्णय करते समय हमें उपर्युक्त सभी बातों को ध्यान में रखना आवश्यक है। इस रासो का विषय शृङ्गार-रस-सिक्त है और इसकी भाषा डिङ्गल है, यद्यपि भाषा की अस्तव्यस्तता और डिंगल व्याकरण के नियमों की अवहेलना को देखते हुए ऐसा कहना निर्मूल न होगा। हाँ, इसकी भाषा को नागर अपभ्रंश और साहित्यिक डिंगल का मिश्रण कहने में सम्भवतः कोई अत्युक्ति नहीं होगी। अस्तु, ऐसी भाषा और इस ग्रन्थ के वर्ण्य विषय के लिये कौन-सा छन्द उपयुक्त हो सकता था यह विचारणीय है।

यों तो दसवीं से लेकर बारहवीं शताब्दी तक के राजस्थानी काव्य में सबसे अधिक प्रयोग दोहा और छप्पय छन्दों का हुआ है जिसका कारण इसके काव्य में वीर रस की प्रधानता है फिर भी इनके अतिरिक्त मन्दाक्रांता, मुक्तादाम, भुजंग-प्रयात, पद्धरी, तोमर और गीत छन्दों का प्रयोग भी बहुशः हुआ है—गीत छन्द डिंगल साहित्य में अपनी विशेषता रखता है। डिंगल-रीति-ग्रन्थों में इसके ८५ प्रकारों के लक्षण उदाहरण सहित मिलते हैं।[1]

---

१. रघुवर जसप्रकाश।

बीसलदेव रासो के छन्द इसकी अस्तव्यस्त भाषा और गणनाशून्य मात्राओं से जड़ित रहने के कारण एक समस्या अवश्य उपस्थित करते हैं लेकिन सुविधा यह भी है कि आरम्भ से इति तक प्रायः एक ही प्रकार के छन्द का प्रयोग हुआ है। इसके कतिपय छन्दों की मात्राओं की गणना करने पर इस निर्णय पर पहुँचना पड़ता है कि छन्दों के चरणों की संख्या छप्पय छन्द के अनुसार प्रायः छः चरणों की होते हुए भी मात्राएँ प्रत्येक छन्द की भिन्न-भिन्न हैं और छप्पय छन्द के लिये आवश्यक नियम का—प्रथम चार चरणों की, रोला के (२४, २४ मात्रायें ११, १३ की यति से) तथा अन्तिम दो चरणों का उल्लाला के (२८, २८ मात्रायें, १५, १३ की यति से या २६, २६ मात्रायें १३, १३ की यति से)—पालन नहीं हुआ है। ये छंद, छंद-शास्त्र के नियमानुसार विषम कोटि के हैं—क्योंकि इनके प्रत्येक चरण की मात्रा असमान है और ये साधारण जाति के हैं क्योंकि प्रत्येक चरण की मात्रा ३२ से अधिक नहीं है। इस विचित्रता को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि ग्रन्थ का रचयिता छन्द-शास्त्र का पण्डित नहीं था। इसीलिए बीसलदेव रासो की रचना छंद-शास्त्र की कसौटी पर खरी नहीं उतरती। यह कहने में अत्युक्ति न होगी कि 'संगीत' शब्द का प्रयोग यहाँ शास्त्रीय संगीत के लिये नहीं वरन् उस 'संगीत' के लिये किया गया है। जो मानव जीवन के अन्तर्दर्शन और साथ ही उसकी रागात्मक प्रवृत्तियों की अभिव्यक्ति में सहायता पहुँचाता है। पशु-पक्षी तक में अनुभूति और उसकी अभिव्यक्ति की क्षमता है। आनन्द या दुःख के कारण जिस प्रकार मानव में आत्मप्रसार का भाव जागृत होता है उसी प्रकार पशु-पक्षियों में भी। वैज्ञानिकों ने तो यहाँ तक सिद्ध कर दिया है कि उद्भिद् जगत् में भी राग-द्वेषात्मक अनुभूति वर्त्तमान है। लेकिन जहाँ मानव ने वाणी द्वारा अपनी अनुभूतियों की अभिव्यक्ति को स्थायित्व देने की चेष्टा की है वहीं पशु-पक्षी और उद्भिद् जगत् विवश हैं। पशु-पक्षी या उद्भिद् जगत् अपनी अनुभूतियों की अभिव्यक्ति को स्थायित्व मानव की तरह भले ही न दे सकें पर इतना तो स्वीकार करना ही पड़ेगा कि सरिता का कलकल निनाद, अमराई में बैठे हुये पपीहे की 'पी कहाँ' 'पी कहाँ' की पुकार, नीड़ में सायंकाल लौटते हुए पक्षियों का कलरव, उषा के आगमन के साथ ही कलियों का विहसना स्थायी है और साथ ही है संगीतात्मक अर्थात् मधुर लययुक्त एवं भावात्मक।

मनुष्य ने अपनी अनुभूतियों को वाणी द्वारा संगीतात्मक रूप में अभिव्यक्त करने की चेष्टा कब से की यह कहना तो कठिन है लेकिन प्राचीन जातियों के

इतिहास में—जिसका अधूरा ज्ञान ही आज उपलब्ध है—इसका संकेत अवश्य मिलता है कि शब्दों का उस काल तक कोई विशेष महत्त्व नहीं था तथा विषय-विधान का विकास भी नहीं हो सका था। भाषा ऐसी अवस्था में थी जिसमें भावप्रकाशन की क्षमता न्यून थी और भावप्रकाशन के विस्तार के लिये भाषा के साथ वाद्य यन्त्रों की सहायता अपेक्षित थी। वाद्य यन्त्र भी अपने पूर्ण विकसित रूप में न थे वरन् साधारण वाद्य यन्त्र ही काम में आते थे। इस काल के प्राप्त काव्य यह भी सिद्ध करते हैं कि इस काल तक सामूहिक और वैयक्तिक भावना में अधिक अन्तर न आ सका था। अस्तु, इसके द्वारा कुछ अंशों में यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि काव्य में प्रकट किये गये मनुष्यों की भावनाओं से अधिक प्रभावित उसके संगीतात्मक रूप से होता रहा होगा क्योंकि समाज की अविकसित अवस्था में मनुष्य के लिये काव्य में प्रकट की हुई भावनाओं को समझना सहज सम्भव नहीं। स्वर सम संगीत की उत्पत्ति जिसका—उल्लेख ऊपर किया गया है—यहीं से मानी जा सकती है। काव्य के इसी संगीतात्मक स्वरूप का विकास होता रहा और क्रमशः इसकी दो शाखायें हो गयीं। एक शाखा का विकास संगीत के शास्त्रीय विधान के रूप में हुआ और दूसरी का काव्य के रूप में। काव्य में संगीतात्मकता और चित्रात्मकता दोनों का सामञ्जस्य और संतुलन ही चूँकि उसमें जीवन डाल देता है, इसलिये कवि की सफलता भी दोनों के सामञ्जस्य और समन्वय उपस्थित करने में ही है। ऐसे काव्य का जो अपने प्रारम्भिक काल में अवश्य लोक गीतों के रूप में रहे होंगे, नमूना अब प्राप्त नहीं है। आज तो लोकगीतों का वही नमूना मिलता है जहाँ संगीत (शास्त्रीय संगीत) और गीत का अंतरा स्पष्ट होने लगता है। संगीत में जहाँ शास्त्रीय विधान की रक्षा का आग्रह होता है वहाँ लोकगीतों में भावुकता और आत्माभिव्यञ्जना का। विद्वानों के परानुसार लोकगीत और संगीत के तीन प्रधान अन्तर हैं।

संगीत	लोक गीत
(१) संगीत में शब्दों का महत्त्व नगण्य है वे केवल स्वर के विस्तार और संकोच के लिये आते हैं। स्वर प्रसार ही उनका प्रधान लक्ष्य है। अर्थ को परिधि को केवल स्पर्श मात्र करते हैं।	(१) लोक गीतों में शब्द केवल स्वर के विस्तार और संकोच के लिये नहीं आते वरन् अर्थ को परिधि को विस्तृत भी करते हैं।

(२) संगीत के लिये वाद्य यन्त्रों की अपेक्षा है।	(२) गीतों के लिये वाद्य यन्त्र अनिवार्य नहीं।
(३) संगीत शास्त्रीय विधान के बन्धन से बद्ध है।	(३) गीत शास्त्रीय विधान के विरोध में आत्मनिष्ठता का आधार लेकर चलते हैं।

लोक गीत जिस अवस्था में प्राप्त हैं उसमें शब्द और अर्थ दोनों की प्रधानता है और आग्रह है संगीतात्मक एवं रागात्मक अनुभूति का, शास्त्रीय संगीत का नहीं। एक विशेषता इन लोक गीतों की यह भी है कि इनका विरोध न केवल शास्त्रीय संगीत से वरन् काव्य के स्वीकृत मानों की कृत्रिमता के प्रति भी है। जो आत्मीयता, आत्मनिष्ठता और संवेदनशीलता उनमें है वह शास्त्रीय काव्य-विधान में नहीं।

कुछ पश्चिमी विद्वानों ने भी गीत के उपर्युक्त मानों को स्वीकार करते हुए कहा है :—

"गीत काव्य का कवि, जगत् के सारे तत्वों को अपने में समाहित करता है, अपने वैयक्तिक भावों के प्रभाव से इसे पूर्णतः आत्मसात् करता है और इस आत्मपरकता को सुरक्षित रखने वाली शैली में अभिव्यक्ति करता है।"

(टिरोल—मेथड ऐण्ड मैटिरियल्स ऑव् लिटरेरी क्रिटिसिज्म पृ० ५)

[इसी प्रकार 'पालग्रेव' कहते हैं कि—

गीत काव्य इकहरे विचार, अनुभूति या स्थिति का चित्रण है, जिसमें संक्षिप्तता मानवीय भावना का रंग और गति अवश्य होनी चाहिये।"

(पालग्रेव्स गोल्डन ट्रेजरी ऑव् सांग्स ऐण्ड लिरिक्स—प्रिफेस)

हिन्दी साहित्य में लोक गीतों के जो उदाहरण प्राप्त हैं वे हिन्दी भाषा की विभिन्न बोलियों' में ही हैं। इसका प्रधान कारण सम्भवतः एक यही है कि 'बोली' में जितनी सरसता और आत्मीयता पायी जाती है उतनी व्याकरण के नियमों से आबद्ध भाषा में नहीं। लोक गीतों के निम्न कतिपय उदाहरण सहज सिद्ध करेंगे कि काव्य के मानों और शास्त्रीय संगीतों के विधानों की अवहेलना करने पर भी वे गेय हैं और उनमें है सरसता और आत्माभिव्यक्ति। राजपूताने में स्त्रियाँ हवेलियों में गा रही हैं—

बाम चल्या छा भँवर जी ! पीपली जी,
राँजी ढोला ! हो गयी घेर घुमेर ।
बैठाँ की रुत चाल्या चाकरी जी,
ओजी म्हाँरा सास सपूती रा पूत ।
मतना सिधारो पूरब को चाकरी जी ॥

[गुजराज की कोई कन्या ससुराल जा रही है और कहती है—

अमे रे लीला बननी चरकलड़ी उड़ी जाशुँ परदेश जी ।
आज रे दादाजीना देशमाँ काले जाशुँ परदेश जी ॥

[बिहार युक्तप्रान्त और मध्यप्रान्त में आइये, कहीं सुहाग की रात है और आनन्द में मग्न वधू गा रही है—

आज सोहाग कै रात चन्दा तुम उइहौ ।
चन्दा तुम उइहौ सुरुज मति उइहौ ॥
मोर हिरदा विरस जनि किहेउ मुरुग मति बोलेउ ।
मोर छतिया बिहरि जनि जाइ तू पह जिनि फाटेउ ॥
आजु करहु बड़ी राति चन्दा तुम उइहौ ।
धिरे धिरे चलि भोरा सुरुज बिलम करि अइहौ ॥

[अथवा 'मेघदूत' के संदेशवाहक मेघों की भांति विरहिणी का बादलों द्वारा पिया के पास संदेश भेजना कितना हृदयस्पर्शी है—

कारिक पियरि बदरिया झिमिकि दैव बरसहु ।
बदरो जाइ बरसहु उही देस जहाँ पिया कोड़ करैं ॥
भीजै आखर बाखर तम्बुआ कनतिया ।
अरे भितराँ से हुलसै करेज समुझि घर आवैं ॥

और इन्हीं लोक गीतों के सदृश बीसलदेव रासो के भी पद हैं । रानी राजमती उलग (परदेश) जाते हुए अपने पति से विनय करती है कि वह भी उनके साथ चलेगी । एकाकी रहना उसके लिये दुर्लभ है—

हउ न पतीजुं राजा थाकी से बात ।
साधाण चालिस्यइ राइ कइ साथ ।
बादड़ी हुइ करि वापरउं ।
पावत तार सिस्याउ ढोलिस्या बाइ ॥
उभी पहरइ जागिसिउ ।
अण परि सेविस्यउ आपण्यउ राय ॥—(पद्य संख्या ६२)

निसन्देह उपर्युक्त लोक गीतों के उपस्थित किये गये उदाहरण यह सिद्ध करेंगे कि लोक गीतों में कल्पना की विशद उड़ान नहीं; संगीत का शास्त्रीय विधान नहीं; काव्य के कृत्रिम मानों का आग्रह नहीं; है केवल साधारण शब्दों में अन्तर्दशा की सहज स्वाभाविक और मार्मिक अभिव्यक्ति। लेकिन यदि कला रागात्मिक क्षणों की आवेशपूर्ण अभिव्यक्ति है तो ये लोक गीत निश्चय ही कलात्मक हैं। उनमें भावना और संगीतात्मकता का समन्वय है। छंदों में चूंकि छन्दों की यतिबन्धता ही उनके आन्तरिक लय को स्थिरता प्रदान करती है इसलिये छन्द-शास्त्रियों ने प्रत्येक छन्द के लिये कितनी मात्राओं के पश्चात् यति आवश्यक है इसका निर्देश कर दिया है। इसके विपरीत संगीत के हेतु रचे गये पदों और लोकगीतों में यति-निर्धारण का नियम लागू नहीं होता वहाँ 'स्वरसम' का नियम ही साधारणतया स्वीकृत हुआ है। बीसलदेव रासो के रचयिता ने भी 'स्वरसम' के नियम को ही सम्भवतः स्वीकार किया है, और यही कारण है। कि यद्यपि बीसलदेव रासो के छन्दों में यतिबन्धता का अभाव है फिर भी वे गेय हैं।

काव्य के कृत्रिम मानों के अभाव और शास्त्रीय संगीत के विधानों की अनियमितता के कारण ही शायद पं० मोतीलाल जी मेनारिया ने कहा है कि "बीसलदेव रासो गीतकाव्य नहीं है। राजस्थान में यह कभी गाया नहीं गया, न आज गाया जाता है और न इसमें गीतकाव्य के कोई लक्षण मिलते हैं। गीतकाव्य की भाषा में जो चलतापन, छन्दों में जो गति, शब्दों में जो मर्म-स्पर्शिता और विषय में जो लोकप्रियता होनी चाहिये वह इसमें नहीं है।"[1] लेकिन छंद और संगीत का जो मूल भेद ऊपर बताया गया है उसके अनुसार तो रासो की गेयता में संदेह प्रगट करना उचित नहीं। 'रघुवर जसप्रकाश' अथवा 'रघुनाथ रूपक गीताँरो' में वर्णित गीतकाव्य के लक्षणों के बीसलदेव रासो के पदों में प्राप्त न होने के कारण यदि इसकी गेयता में प्रश्न चिन्ह लगाया जाता है तब यह कहना पड़ेगा कि 'गीतकाव्य' और 'गीत' का अन्तर समझने का प्रयत्न नहीं किया गया है। 'रघुवर जसप्रकाश' अथवा 'रघुनाथ रूपक गीताँरो' दोनों लक्षण ग्रन्थ हैं जिनमें 'गीत' छंद के लक्षणों का वर्णन है। बीसलदेव रासो 'लोक गीत' है इसलिए इसमें 'गीत' छंद के लक्षण नहीं प्राप्त होते। अब रही बात इसकी भाषा में चलतापन, शब्दों में मर्मस्पर्शिता

१—राजस्थानी भाषा और साहित्य—पृ० ८७।

तथा विषय में लोकप्रियता के अभाव की। इनके लिये तो यही कहना पर्याप्त होगा कि इसकी प्राचीनतम प्रति जो आज प्राप्त है वह १६३३ की है। और और इसका रचनाकाल यदि ११ वीं या १२ वीं शताब्दी का माना जाय जैसा कि अनेक कारणों से मानना पड़ता है तब तो यह कहना ही पड़ेगा कि भाषा में चलतापन, शब्दों में मर्मस्पर्शिता और विषय में लोकप्रियता के कारण ही यह चार सौ वर्षों पश्चात् लेखबद्ध हुआ।

भाषा

यह ठीक है कि आज की प्राचीनतम हस्तलिखित प्रति हमें यह सोचने के लिये बाध्य करती है कि यह ग्रन्थ कई शताब्दियों तक मौखिक रहा फिर भी इसी प्राचीनतम प्रति की भाषा के अन्य स्थल में छिपी हुई प्राचीनता ११ वीं शताब्दी की भाषा का परिचय देती है। यहाँ वि० सं० १६३३ वाली हस्तलिखित प्रति में प्राप्त भाषा का संक्षिप्त व्याकरण इसलिये उपस्थित किया जा रहा है कि इसके द्वारा ग्रन्थ के रचना-काल की भाषा पर कुछ प्रकाश पड़ सके—

उच्चारण

[१] ग्रन्थ में तालव्य 'श' और मूर्द्धन्य 'ष' का प्रयोग नहीं हुआ है। 'ष' का प्रयोग 'ख' के रूप में हुआ है—

षाण	खान
षाल	खाल
षेह	खेह
षाडउ	खाडउ 'खारा'
षउलि	पउलि (खौरि)—इत्यादि।

[२] वर्णमाला के अक्षर 'ऋ' और 'ऌ' का प्रयोग शब्दों के साथ नहीं है। मूर्द्धन्य 'ण' का प्रयोग शब्दों के अन्त तथा मध्य में दन्त 'न' के स्थान पर बराबर हुआ है। दन्त्य 'न' से प्रारम्भ होने वाले शब्दों में मूर्द्धन्य 'ण' का प्रयोग नहीं हुआ है—

बाहण	बाहन
भणई	भनई
गिणई	गिनई

आणिज्यो	आनिज्यो
वयण	वयन
नागिण	नागिन
नयण	नयन
जिण	जिन, इत्यादि ।

[३] अपभ्रंश की भाँति संज्ञाओं के अन्त में 'ड़ा', 'डी' और 'ड' का प्रयोग मिलता है ।

मूजड़ा	सेजड़ी
मुदड़ी	गोरड़ी
रोड़डी	चूनडी
दुडवडी	आषडी
कडवउ	पतदउ-इत्यादि ।
दोवड	

कारक

बीसलदेव रासो की १६३३ वाली प्रति में विभक्तियों की दशा बड़ी विचित्र है । डिंगल में प्रयुक्त होने वाली विभक्तियाँ जो प्रायः व्यवहार में लायी गयी हैं उसका प्रधान कारण 'रासो' का १७ वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में लिखा जाना ज्ञात होता है । डिंगल में कारक दो प्रकार से व्यक्त किये जाते हैं । एक प्रकार वह है जिसमें शब्दों के साथ विभक्तियों का प्रयोग होता है और दूसरा प्रकार वह है जिसमें शब्दों के साथ परसर्ग (Post position) का व्यवहार किया जाता है । रासो में इन दोनों प्रकारों का प्रयोग हुआ है । दोनों प्रकारों के प्रयोगों का उदाहरण नीचे प्रस्तुत किया जा रहा है :—

१. विभक्ति के साथ—

प्रथमा—राइ, गोरि, गोरडि, पंडइ, जोधिनऊ ।

द्वितीया—मुषिकउ, पतडउ, प्रीतणउ, सीस्काउ, श्रीयवउ, कंचउ ।

तृतीया—हस्ते, राइ, मुषि, दुषि, दिठि ।

चतुर्थी—अजमेर्रा ।

पञ्चमी— +

षष्ठी—सुरगह, सुरह, वनह, जोवनह ।

सप्तमी—अजमेरि, उलगइ, ननहि, सिरि, घरि, दुवारि, देसि, मनि ।

अष्टमी (सम्बोधन)—पंडिया, बासगदेव, गोरी, सषी— इत्यादि ।

२. *परसर्ग के साथ—*

कर्त्ता— +

कर्म— भावनइ, राणीनइ, जोगीनइ, राजमतीनइ, गोरीनइ ।

करण—जाणिकरि, सामासा, पुरुषसिउ, स्वामी सिऊ, धरतीस्यं ।

सम्प्रदान— +

अपादान—गउडते, फलाते ।

सम्बन्ध—गवरका, उसगाणा की, भोजकइ, सवालाषकउ, 'कुलहक', जेसल-जेसलमेररी', अजमेरा कयड ।

अधिकरण—मनमाहे, राजमाहि, परदेसइ पर, पगे मो ।

सम्बोधन—हे हिरणीय, हे बंभणा, हे धण—इत्यादि ।

सर्वनाम

पुरुष वाचक

	प्रथम पुरुष	द्वितीय पुरुष	तृतीय पुरुष
कर्त्ता	म्हे, म्हा	तुम्हें, तू थे, तउ	उण, उव, सो
कर्म	म्हाका, हमि, म्हानइ, म्हारइ, म्हाकइ, मोनइ, मोइ	तोहि, तोन, तूनइ, तूहेइ, तउ, तुमही	उनवि, उणनइ, तिहा, तिणइ सोइ
करण	म्हां, सं, हमस्यं	तुम्हसं, तं	तिणि सं, तिणासां
सम्प्रदान	+	+	+
अपादान	+	+	+
सम्बन्ध	म्हाकी, म्हाकइ, मउ, मो, म्हारइ, माका, म्हारउ, म्हारीय, म्हा, म्हारी, मुधि, म्हाका, म्हारा, मोरा	थारइ, थारउ, थारी, थारा, तिस, तेरी, थाकउ, तुझ, तोरौं	तिणि, उणरइ
अधिकरण	+	+	—इत्यादि ।

अन्य सर्वनाम

'कोई' (अनिश्चय वाचक) 'जे' (सम्बन्ध वाचक)

'एह' (निश्चय वाचक) 'किसउ' (सर्वनामिक विशेषण)

'जउ' (सम्बन्ध वाचक) 'सो' (सम्बन्ध वाचक)

'जिरा' (सम्बन्ध वाचक) 'काइ' (प्रश्नवाचक
'कह' (प्रश्नवाचक) 'सउ' (सार्वनामिक विशेषण),
'किउ' (प्रश्नवाचक) 'किसकइ' (अनिश्चयवाचक),
'कउ' (प्रश्नवाचक) 'काइ' (अनिश्चयवाचक),
'असी' सार्वनामिक विशेषण) 'एहाँ' (निश्चयवाचक)
'ए' (निश्चयवाचक) 'कउण' (प्रश्नवाचक),
'ते' (सम्बन्धवाचक बहुवचन) 'एह' (निश्चयवाचक)
'कुण' (प्रश्नवाचक)—इत्यादि।

अव्यय

जिमि—जैसे। किम—कैसे। जाणि—मानों। कह—मा, अथवा किसा—कैसा। किसी—कैसी। तबइ—तब। इव—इस प्रकार तब—तब। सहि—साथ। किसी परि किस प्रकार। कं—कैसे। सम—समान अरु—और :

क्रिया

वर्तमान काल

कारक की भाँति क्रियाओं का रूप भी बीसलदेव रासो में प्रायः डिंगल का वही है। हिन्दी में वर्तमानकालिक क्रिया के साथ जिस अर्थ में 'है' का प्रयोग होता है डिंगल में उसी अर्थ में प्रायः 'छइ' प्रयुक्त होता है। रासो में है के अर्थ में 'छइ' का प्रयोग प्रायः वर्त्तमान काल की क्रिया के अन्य पुरुष में पाया जाता है।

अन्य पुरुष—बोलावइ छइ, वाजइ छइ, दीजइ छइ, वइठी छइ, वरसइ छइ, मेलइ, मोडर छइ—इत्यादि।

वर्तमान काल की क्रिया में है के अर्थ में 'छइ' के तथा उकारान्त प्रयोग के अतिरिक्त अपभ्रंश के क्रिया पद 'इकारान्त' का भी प्रयोग अनेक स्थलों पर इस काव्य में किया गया है।

	एक वचन	बहु वचन
अन्य पुरुष—	लहलइ, भणइ, गिणइ, कहइ, गाइ, चितवइ, जाइ. ऊचरइ, पुछइ, नाचइ, बोलावइ, हंसावइ, वरिसइ, इत्यादि।	+
मध्यम पुरुष—	धरउ, जाउ, जाणाउ, संचरउ—इत्यादि	+
प्रथम पुरुष—	वीनवउ, बनवउ, गरजू, पडउ, लागू, जयउ, कहंउ— इत्यादि।	+

भूतकाल

भूतकालिक क्रियाओं में डिंगल में मूल क्रिया के पीछे 'हउ' 'यउ' 'इउ'

तथा कहीं-कहीं 'इअउ' और 'ठउ' लगा कर सामान्य भूतकाल के रूप बनाये जाते हैं—रासो में ऐसे अनेक उदाहरण प्राप्त हैं–

	एक वचन	बहु वचन
अन्य पुरुष—	चालियउ, रहिउ, आयियउ, रच्चउ, कियउ, लीयउ, हरष्यउ, वोलियउ, आलिंगीयउ, दीठउ, मेलहउ, वइठउ—इत्यादि	+
मध्यम पुरुष—	कहउ, सुणउ, इत्यादि।	+
प्रथम पुरुष—	छोड़उ, तिजउ, हुवउ, डाल्लोयउ, चूकउ, परिहर्यउ, इत्यादि।	+

रासो में भूतकाल की क्रियाओं के उपर्युक्त रूपों के अतिरिक्त भी जो अन्य रूप प्राप्त हैं उनका उल्लेख नीचे किया जा रहा है—

	एक वचन	बहु वचन
अन्य पु०-	सिरजी, दीन, दीन्हा, आया (खड़ी बोली) दिया (खड़ी बोली) हुई स्त्री० खड़ीबोली), दिन्ही (स्त्री), रहा (खड़ी बोली), गयो, आवीया, छाड्या, कीन, गई (स्त्री० खड़ी बोली), गया (पु० खड़ीबोली,)—इत्यादि।	+
मध्यम पु०—	देज्यो, सवाहा (खड़ी बोली) आइया, सिरजी, दिन्ही थी, पहुता—इत्यादि।	+
प्रथम पु०—	विसारा, करती (स्त्री० खड़ी बोली), बोलइ थी (स्त्री० खड़ी बोली) छंडी (स्त्री०) बोलिज्यो, थाकीय, कही (स्त्री० खड़ी बोली), पिछाणीया आदि।	

भविष्यत् काल

भविष्यत् काल के रूप डिंगल में दो तरह से बनाये जाते हैं १—मूल क्रिया के अन्त में 'सी', 'स्यूं' 'तथा 'स्यां' लगा कर और २—'ला', 'लो' तथा 'लौं' लगा कर। बीसलदेव रासो में द्वितीय प्रकार से बने भविष्यत् काल की क्रियाओं के रूप का अभाव है।

	एक वचन	बहु वचन
अन्य पु०—	आविसी, मरेसी—इत्यादि।	+
मध्यम पु०-	+	+
प्रथम पुं०—	चालिस्यां, आणिस्यां, मिलेस्यां, ढोलिस्यां, पपालिस्यां, करेस्यां, आविस्यां, पूछिस्यां, इत्यादि।	+

'सी' 'स्यूं' तथा स्यां' लगा कर बने हुए भविष्यत् काल की क्रियाओं के

रूप के अतिरिक्त जो अन्य रूप 'बीसलदेव' रासो में प्राप्त हैं वे नीचे दिये जा रहे हैं—

	एक वचन	बहु वचन
अन्य पुरुष—	जाणिस्यइ, चलवाजागउ, मिलेसीय, आविया, विसासइ, मिलेसइ (स्त्री०)।	+
मध्यम पुरुष—	+	+
प्रथम पुरुष—	करेण, जाणिसिउ (स्त्री०) सेविस्यउ (स्त्री०) गिलउ, पहुचिज्यो इत्यादि।	+

पूर्वकालिक क्रिया—

डिंगल में क्रिया के अन्त में 'एवि' 'एविय' 'इ' 'ई' 'प्र' 'य' 'नइ' 'करि' आदि प्रत्यय लगा कर पूर्वकालिक क्रिया के रूप बनाये जाते हैं। रासो में उपर्युक्त प्रत्ययों में से कई एक को लगाकर पूर्वकालिक क्रिया के रूप तो बनाये गये ही हैं लेकिन इन प्रत्ययों के योग से बने हुए पूर्वकालिक क्रियाओं के रूपों के अतिरिक्त भी कतिपय अन्य रूप इसमें प्राप्य हैं। नीचे दोनों प्रकार के रूपों का उदाहरण उपस्थित किया जा रहा है—

(अ) डिंगल के प्रत्ययों के योग से बनी हुई क्रियाएँ—
सुताइ, कहइ, जाइकरि इत्यादि।

(ब) डिंगल के प्रत्ययों के अतिरिक्त पूर्वकालिक क्रियाएँ—
सहणजाइ, कहिज्योजाइ, देणउजाइ, मेल्हीजाइ—इत्यादि।

आज्ञा विधि—

रासो में आज्ञा और विधि के रूप निम्न प्रकार के पाये जाते हैं—

	एक वचन	बहु वचन
अन्य पुरुष—	कोजइ, सुणउ, देइ, गमकरउ, करउ, इत्यादि।	+
मध्यम पुरुष—	आणिज्यो, देज्यो, जोइज्यो, करिज्यो, विलवायज्यो, मानिज्यो, सुणिज्यो, निरवाहिज्यो, चालिज्यो, सुण, सुणउ, कहि, आणउ—इत्यादि।	+
प्रथम पुरुष—	+	+

गवरका[1] नंदन त्रिभुवन सार ।
नाद भेदइ[2] थारइ उदर भंडार ॥
एक दंतउ मुषि[3] झलहलइ[4] ।
मुषिकउ[5] बाहण तिलक सेंदूरि[6] ॥
करि जोड़ि[7] नरपति[8] भणइ ।
जाणि करि[9] रोहणी जिमि[10] तपउ[11] सूरि[12] ॥ १ ॥
भवण नइ देषउरे रवि तपई[13] ।

---

१. अ० २ गौरी । आ० ६, ६ गवरिका । आ० १२ गउरि ।
२. अ० २ आ० ६, बेंदा ।
३. अ० २ आ० ६, मुख । आ० १२ मुपे ।
४. आ० ६ झलमलइ (झलमलि = झलमलइ) ।
५. अ० २ मूषा आ० ६ मूसाका ।
६. अ० २ सेंदुर, आ० १२ सिंदूर ।
७. अ० २ जोड़े ।
८. आ० ६ नाहलो (= नाल्हो) ।
९. अ० २ जाणिक, आ० ६ जाणकि ।
१०. अ० २ रोहिणीउ, आ० ६ रोहिणीइउं, आ० ६ रोहिणीयुं, आ० १२ रोहिणीजिउं ।
११. आ० ६ तपे आ० १२ तपइ ।
१२. आ० १२ सूर ।
१३. आ० १२ तलइ ।

यह छंद आ० ६ में १, अ० २ में २, आ० ६ में १, आ० १२ में १ है ।

इस छंद की अंतिम पंक्ति हस्त लिखित प्रति की छंद नं० २ की प्रथम पंक्ति है । लेकिन वह भूल से लिखी हुई ज्ञात होती है । क्योंकि यह पंक्ति ध्रुवक के रूप में है जो प्रत्येक छंद के अंत में आता है ।

हंस गमणि[1] मृगालोचनी[2] नारि ।
सीस सवारइ दिन गिणइ[3] ॥
सतपिण[4] उंलीछइ राजदुवारि ।
चिहु दिसि नाह निहालती ॥
का[5] सिरजी[6] उलगाणां[7] की नारि ।
जाइ दिहाडउ झूरता[8] ॥ २ ॥

दुसरो[9] कडवउ[10] गणपति गाइ ।
नवणि नवकरि[11] लागे जी पाइ[12] ॥
तोहि लंबोदर वीनवउं[13] ।
सिद्धि बुधि का स्वामी मुगति दातार[14] ॥

---

१. अ० २ हंस वाहणि, आ० १२ गज गमणी ।
२. अ० २ मिगलोचनि, आ० ६ मृगलोचणी ।
३. आ० ६ गणै ।
४. आ० ६ सायधण, आ० १२ ततपिण ।
५. अ० २, आ० ६ जिण, आ० १२ काइ ।
६. अ० २ सिरजइ, आ० ६ सिरजो ।
७. आ० ६ उलिगणधर ।
८. आ० ६ झूरती, आ० १२ रे झूरता ।

यह छंद अ० २ में १, आ० ६ में २, आ० ६ में २, आ० १२ में ३ है । अ० २ में एक और अतिरिक्त पंक्ति है—"इसी नारी न देव दुखिणीकाइं" आ० १२ में चौथी पंक्ति है—"नाहनइं जोवइरे चिहुँदिसइ ।"

९. आ० १२ दूसरइ ।
१०. आ० ६ कडवैजी, आ० १२ कडुवइजी ।
११. आ० ६ नमीकरी, आ० १२ नवण करुँ ।
१२. अ० २ वीनमूं, आ० ६ बीनवुं, आ० १२ वीनवुं ।
१३. अ० २ भूलेउ, आ० १२ भूलोजी ।
१४. आ० १२ अरुलागुजी पाइ ।

चउथि करउं थारउ पारणउ ।
तंजी भूलउजी[1] अक्षर अणिज्यो ठाइ ॥ ३ ॥

हंस बाहण देवी करधरउ[2] वीण ।
जूठउ[3] किरत कहइ[4] कुल हीण[5] ॥
वर देज्यो[6] माताषारदा[7] ।
भूलउ[8] अक्षर आणिज्यो ठांइ ॥
तइ[9] तूठी[10] अक्षर[11] जूरइ[12] ।
नाल्ह भणइ अति सरसीय वाणि[13] ॥ ४ ॥

---

१. आ० १२ सिद्धि नइ बुद्धि तणउ भंडार ।

यह छंद आ० ६ में ३, अ० २ में ४, आ० ६ में ३, आ० १२ में २ है । लेकिन अ० २ में १, २, ४ तथा ५ पंक्तियाँ निम्न प्रकार से हैं :—

१. तुठी सारदा त्रिभुवन-माई ।
२. देव विनायक लागू हूं पाय ।
४. चउसठि जोगिनि का अगिवाण ।
५. चउथ जोहारूं खोपराँ ।

२. आ० ६ ग्रहइ, आ० १२ करिधरी ।
३. अ० २ कुकटकंथू बोलूं, आ० १२ झूठउ जो कवित ।
४. आ० ६ कहूँ ।
५. आ० ६ मतिहीण ।
६. आ० ६ दीयो ।
७. आ० ६ देवी सारदा, आ० १२ सारदा ।
८. आ० १२ भूलोजी ।
९. अ० २ तो ।
१०. अ० २ तूठां, आ० १२ तूटइं ।
११. अ० २ वर ।
१२. अ० प्रापिजइ, आ० १२ जुडइ ।
१३. आ० १२ वाण ।

यह छंद आ०९ में ४, अ०२ में ५, आ०६ में ४, आ०१२ में ४ है ।

नाल्ह रसायण रस भरी गाइ ।
तूठी छइ[1] सारदा त्रिभुवन माय ॥
उलगाणा गुण[2] वनवउ[3] ।
सगुण[4] सामाणसा[5] सीषिजो[6] रासि ॥
स्त्रीयचरित्र[7] धण[8] लष्[9] लहइ ।
एकही अक्षर[10] वचन[11] विणास ॥ ५ ॥

किन्तु अ० २ में २, ३, ५ और ६ पंक्तियाँ इस प्रकार हैं :

२. कुकठ कथूं बोलूं कुलहीण ।
३. तो तूठां वर प्रापिजइ ।
५. वीसलदे रास प्रगासतां ।
६. नाल्ह कहइ जिणि आगइ हो खोडि ।

इसी प्रकार आ० ६ में निम्न दो पंक्तियाँ अतिरिक्त हैं :—

सरसता सामणि करौ तै पसाय ।
रास कहूँ राजा वीसलराय ॥

१. आ० १२ तूंतइ तूंठी छै ।
२. आ० ६ रस ।
३. आ० ६ वराणवुं, अ० २ वरणतां, आ० १२ वरणवु ।
४. अ० २ कुकठ, आ० १२ सुगुण ।
५. आ० ६ सुमाणस, आ० १२ सुमांणसा ।
६. अ० २ जिण कहई, आ० ६ तुम्हे सीषज्यो, आ० १२ सी[illegible]-ज्यो रास ।
७. अ० २ अस्त्री चरित्र, आ० १२ सतीय चरित ।
८. अ० २ गति ।
९. अ० २ को, आ० १२ लपलहै ।
१०. अ० २ आखर ।
११. अ० २ रस सवइ ।

यह छंद आ० ९ में ५, अ० २ में ३, आ० ६ में ४, आ० १२ में ५ है । किन्तु अ० २ में और आ० ६ में ४ थी पंक्ति इस प्रकार है :—

राजमतीय कुमरीय मनह चितवइ[1] ।
हसिवि बेटी[2] बाबा पहि जाइ ॥
सुणउ नरेसर वीनती ।
रूपंक इम मोहनी जांणि[3] ॥
सुरगिहि[4] मोहछइ[5] देवता ।
जोइज्यो वर अति सगुण[6] सुजाण ॥ ६ ॥

पंडिया[7] तोन बोलावइछइ[8] राय[9] ।
लेपतडउ[10] पांड्या[11] रावलइ[12] आव[13] ॥

अ० २—कुकट कुमाणसां जिण कहई रास ।
आ० ६—कुकट कुमाणस सीप न लाय ।

आ० १२ में प्रथम पंक्ति है—नाल्ह सायण रासभ गाय तथा अंतिम पंक्ति है—एकणि कुवचन सरब विणास ।

१. आ० ६ मनहि चिताय ।
२. आ० ६ हस हस बेटी ।
३. आ० ६ मोही जाणि ।
४. आ० १२ सरगहि ।
५. आ० १२ मोह्याछै ।
६. आ० १२ सुगण ।

यह छंद आ० ६ में ६ है, आ० १२ में ६ है। लेकिन आ० १२ में इसकी प्रथम चार पंक्तियाँ हैं :—

१. राजमती यौवन भरी ।
२. बापनइ पासितइ मल्ही कुवरी ।
३. सुणहु नरेसर वीनती ।
४. रूपइक दर्प मेटती जाण ।

७. अ० २ पांड्या ।
८. अ० २ हो, आ० १२ तो नइ बोलावइ छै ।
९. आ० १२ राव ।
१०. आ० ६ पतडउ लेइ करि ।
११. अ० २ जोसी, आ० १२ थे ।
१२. अ० २ बेगोतु, आ० १२ वैला जी ।
१३. अ० २ आई ।

सुवर[1] सों[2] था म्हारा[3] पंडिया[4] ।
आणि कोई नर[5] चतुर सुजाण ॥
सुरगह[6] मोहइ[7] देवता ।
वर वीसल विचिक्षण राजा वीसलदेउ चहुआण ॥ ७ ॥

गढ़ अजमेरि[8] वसइरि[9] भूवालि[10] ।
चहुआण कुल[11] तिलक सिंगार[12] ॥

---

१. अ० २ सुदिन, आ० १२ सोवर ।
२. अ० २ कहे, आ० ६ कवहि, आ० १२ सोथे ।
३. अ० २ रूड़ा, आ० ६ न ।
४. आ० ६ जोवसी ।
५. आ० १२ नागर ।
६. अ० २ आ० ६ सुरनर, आ० १२ सुरगहि ।
७. आ० १२ मोहइ छै ।

यह छन्द आ० ६ में ८, अ० २ में १५, आ० ६ में १२, आ० १२ में ८ है । किन्तु अ० २ में पंक्ति नं० ४ और ६ इस प्रकार हैं :—

४. चतुर नागण ईसउ आणज्यो चंद ।
६. जिम गोवल माहिं सोहइ गोव्यंद ।

और आ० ६ में पंक्ति नं० ४ और ६ हैं :—

४. चतुर नर आणजो वींद ।
६. उवाका चरण दीसि जिसा पुनिम चंद ।

आ० १२ में अंतिम पंक्ति है—वीरविचक्षण वीसल चहुवाण ।

८. आ० ६ अजमेरां, आ० १२ अजमेरे ।
९. आ० ६ वसैजी, आ० १२ वसइरे ।
१०. आ० ६ भूपाल, आ० १२ भोवाल ।
११. आ० ६ वंश, आ० १२ चहंवांणां कुल ।
१२. आ० ६ नेलाड़ि ।

कुलीय[1] छत्री से[2] ऊलगइ ।
महमत्तह[3] स्त्रीय सहस अठार ॥
लाष तोरा घरे[4] पाषरइ[5] ।
ईसउ वर बीसलदे[6] चहुआण ॥ ८ ॥

वाभण[7] भाट[8] बोलावइछइ[9] राय ।
लगन सोपारीय[10] दीन[11] पठाइ[12] ॥
गढ़ अजमेर[13] थेगम[14] करउ ।
उचइ का पाटि[15] बइसारि[16] नइ पषालिज्यो पाइ ।

---

१. आ० ६ चोरास्या ।
२. आ० ६ जिहां, आ० १२ सेई ।
३. आ० ६ मयदह ।
४. आ० ६ पाषर ।
५. आ० ६ पडै ।
६. आ० ६ वीसलते, आ० १२ सुवर वीसल ।

यह छन्द आ० ६ में ६, आ० ६ में १७, आ० १२ में ६ है। किन्तु आ० ६ में पंक्तियाँ ४ और ६ इस प्रकार हैं :—

४. वांध्या हस्ती घुरै नीसाण ।
६. पांडीयो सोभो वर वीसल राय ।

आ० १२ में ४ थी तथा ५ वीं पंक्तियाँ हैं :—

४. मयमत्त हस्तीय गुजइछै बारि ।
५. लाष तुरी पाषर पडै ॥

७. अ० २ पांडयो, आ० ६ पांडीया ।
८. अ० २ आ० ६, तोहि ।
६. अ० २ वोलावइ, आ० १२ छै ।
१०. आ० १२ सुपारीय ।
११. आ० ६ दीय, अ० २ लेकरि आ० ६ लेई ।
१२. अ० २ जाहि, आ० ६ रावलैजाय ।
१३. अ० २ अजमेरां, आ० १२ अजमेरि ।
१४. आ० ६ जावेज्यो, आ० १२ गमन ।
१५. अ० २ चउरी, आ० ६ चांचर ।
१६. अ० २ वइसी, आ० ६ बैठ ।

बेटी कहिज्यो राजा भोज की।
राजमती वर वीसल राउ[1] ॥ ९ ॥

दीन[2] सोपारइ[3] हरषीयउ[4] राउ[5]।
मनह आणंदीयउ अतिहि उछाह ॥
वाजे वाजइछइ नीसाणे घाउ।
घरिघरि[6] गुडी रे उछली[7] ॥
दोवड़ वाजइछइ दुडवडी।
कामणि गावइछइ[8] मंगल च्यारि[9] ॥
चहुआण कुलि[10] उधरउ[11]।
जइघरि[12] आवी[13] जाति पवारि[14] ॥१०॥

---

१. आ० १२ राव।

यह छन्द आ० ६ में १०, अ० २ में १६, आ० ६ में १६, आ० १२ में १० है। आ० १२ में ४थी पंक्ति है :—पाटि वैसारि पाषालिज्यो पाइ।

२. अ० २ आ० ६ दई, आ० १२ दीन्ही।
३. आ० १२ सोपारी।
४. आ० ६, आ० ६, मनहरषीयउ, अ० २ मनिहरष्योछइ, आ० १२ मनहरषीयो।
५. आ० १२ राव।
६. अ० २, आ० ६, गढ़माहिं।
७. अ० २, आ० ६, ऊछली।
८. अ० २, आ० ६, तोरणि, आ० १२ गावै।
९. आ० १२ च्यार।
१०. आ० ६, वंस, आ० १२ कुल।
११. आ० १२ ऊधर्यो।
१२. अ० २ आ० ६, जोघरि, आ० १२ जउ।
१३. आ० ६ आवइछै, आ० ६ आवी, आ० १२ आविस्यै।
१४. आ० १२ पुवारि।

यह छन्द आ० ६ में १२, अ० २ में २१, आ० ६ में २१,

लग्न कउ बंभण[1] समदीयउछइ[2] राइ ।
दीन्हा तेजी[3] कुलह कबाइ[4] ॥
दीन्हो[5] सोनउ सोलहउ[6] ।
पाट पटंबर[7] पाकाजी[8] पान ॥
कर ज्योरी[9] राजा भणइ[10] ।
आगिला[11] राउ[12] सिउ[13] रिषज्यो[14] मान[15] ॥११॥

आ० १२ में ११ है। लेकिन अ० २ तथा आ० ६ में २री तथा ५वीं पंक्तियाँ नहीं हैं।

आ० १२ में ३री पंक्ति है—बाजारे बाज्या नीसाणे रे घाव।
४थी „ मनहि आणदिउ अधिक उछाह।
५वीं „ दुडवड बाजै छै दुडवडी।

१. आ० १२ बांभण।
२. अ० २ समदइछइ, आ० ६ नै दीयै, आ० १२ समुदायो।
३. आ० ६ तेजीय, अ० २ घोड़उ, आ० ६ घोडै।
४. आ० ६ कमाय।
५. अ० २ दीन्हो, आ० १२ दीन्हउछै।
६. आ० १२ सोनोजी।
७. अ० २ पटोला, आ० ६ बहसारी नै।
८. अ० २ आ० ६, बीड़ा।
९. आ० १२ ज्योडी।
१०. आ० ६ कहइ।
११. अ० २ पांडया, आ० ६ पांडीया।
१२. अ० २ थोड़उ, आ० ६ तुम्ह, आ० १२ राव।
१३. अ० २ म्हाको, आ० ६ माहरो, आ० १२ सूं।
१४. आ० १२ राषिज्यो।
१५. आ० १२ मन।

यह छन्द आ० ६ में १३, अ० २ में २२, आ० ६ में २२, आ० १२ में १२ है।

बाभण सहित भीतरि गयो राउ ।
मनह[1] आणंदिय[2] अधिक उछाह ॥
गढ़ अजमेरि वधीमणी[3] ।
पाट महादेवि राणी नीमीयउधीन[4] ॥
संगलउ अंतेउर कोपीउ[5] ॥
थोड़ी थोड़ी[6] म्हाकी[7] राषिज्यो माम[8] ॥१२॥

राजा[9] मंत्रीय[10] लीयउ[11] रे बोलाय ।
बात कही राजा वरि[12] बइसाइ[13] ॥
आगहो[14] राजा मोहउ[15] थीरिकउ[16] ।
थे संजहु[17] हउयर[18] तुरीय केकांण ॥

---

१. आ० १२ मनहि ।
२. आ० १२ आणंदिउ ।
३. आ० १२ वधामणा ।
४. आ० १२ धन ।
५. आ० ६ कोपियउ, आ० १२ सयल अतेवर कोपीयो।
६. आ० ६ थोड़ो थोड़ो; आ० १२ थोडउ ।
७. आ० ६ मांकउ, आ० १२ म्हांकउ ।
८. आ० १२ मान ।
यह छन्द आ० ६ में १४, आ० १२ में १३ है ।
९. आ० १२ राज ।
१०. आ० १२ मंत्री ।
११. आ० १२ लीयो ।
१२. आ० १२ चाचरि ।
१३. आ० १२ बैसाय ।
१४. आ० ६ आगै, आ० १२ आगै ।
१५. आ० ६ राजा मोहउ, आ० १२ राजा मोहउ ।
१६. आ० १२ बारकौ ।
१७. आ० १२ सजहुवौ ।
१८. आ० १२ हयवर ।

संजहु[1] गूडर[2] पालषी ।
संजऊ[3] वाजा[4] अउर[5] निसाण ॥
संजऊ[6] पाइक[7] पाषर्‌या ।
थे विलंविण[8] करिज्यो कहइ[9] चहुआण[10] ॥१३॥

तठइ[11] व्याहण चालियऊ[12] वीसलराउ[13] ।
चिहु दिसे[14] थाणा भोज पाठइ[15] ॥
तुरीय भला चढ़ि आविज्यो[16] ।
जे थाणा थाते[17] बोलावीया राय[18] ॥
कुलीय छत्तीसइ जे चड़इ[19] ।
वाजा हो बाजणा अवर मढ़ाइ[20] ॥

---

१. आ० १२ सजहुवौ ।
२. आ० १२ घोडा ।
३. आ० १२ सजहु ।
४. आ० १२ वाराजा ।
५. आ० १२ अवर ।
६. आ० १२ सजहुवौ ।
७. आ० १२ पायक ।
८. आ० १२ विलंबम ।
९. आ० १२ कहै ।
१०. आ० १२ चहुवांण ।

यह छंद आ० १२ में १४, आ० ६ में १५ है ।

११. आ० १२ तठै ।
१२. आ० १२ चाजीयो ।
१३. आ० १२ वीसलराइ ।
१४. आ० १२ दिसि ।
१५. आ० १२ पठाय ।
१६. आ० ६ तुरीया भला चढ़ि आविज्योराय, आ० १२ तुरीय भले रे आवियै ।
१७. आ० १२ ज्युं थांण थाते ।
१८. आ० १२ राइ ।
१९. आ० १२ चढै ।
२०. आ० १२ मढा ।

सात सहस पाइक गुड़इ[1] ।
भाट बाभण तठइ[2] करइ[3] बषाण ॥
मयमत[4] हस्ती सिंगारिजइ[5] ।
इणि परि[6] चालीयउ[7] राइ चऊआण[8] ॥१४॥

मेलि मिली तवइ चड़ीयउ छइ राय[9] ।
सूरिज मंडल[10] रहिउ लुकाइ ॥
कउतिग आया[11] देवता ।
स्वर्गह[12] आवीया[13] सुरह[14] वेमाण ॥
लूण उतारइ[15] अपछरा ।
तउधन[16] हो वीसल[17] चऊआण ॥१५॥

---

१. आ० १२ जुडै ।
२. आ० १२ तटै ।
३. आ० १२ करै ।
४. आ० १२ मइंमंत ।
५. आ० १२ सिंगारि जै ।
६. आ० १२ इणपरि ।
७. आ० १२ हालीयउ ।
८. आ० १२ रायचौहाण ।
यह छंद आ० ६ में १६, आ० १२ में १५ है ।
९. आ० १२ तठै चडिउ छै राइ ।
१०. आ० ६ खेह स्युं, आ० १२ पैहै ।
११. अ० २ आव्या, आ० १२ कउत्तिक आयछै ।
१२. आ० ६ स्वरग्रह, अ० २ आ० ६ कोतिग ।
१३. अ० २ आव्या, आ० ६ में आया ।
१४. आ० ६ अमर, अ० २ इन्द्र, आ० ६ इन्द्र, आ० १२ अमर ।
१५. आ० ६ उतारइछइ, आ० १२ उतारै ।
१६. आ० ६ तुंधनघन, आ० १२ घनघनतुं ।
१७. आ० ६ वीसलदे, आ० १२ वीसलदे चहुआण ।
यह छंद आ० ६ में १७, अ० २, आ० ६ में २७, आ० १२

पूजियो गणपति[1] चालीछइ[2] जान ।
लहइ चउरासीय[3] दूणउंजी[4] मान ॥
असी[5] सहस घोडा चढ़ा[6] ।
साठि[7] सहस पालंकी अपारि[8] ॥
गुजर गउड[9] चाल्या[10] घणा ।
रावराणा तणा[11] अंत न पार ॥१६॥

में १६ है किन्तु अ० २ और आ० ६ में १ ली तथा २ री पंक्तियाँ इस प्रकार हैं :—

१. जान संजोई वीसलराव ।
२. खेह उठी रवि गयो लुकाइ ।

१. अ० २ विनायक ।
२. आ० ६ चालीयइ, अ० २ चाल्योछइ, आ० १२ चालीछै ।
३. अ० २ चौरास्यासहु, आ० १२ लहैचौरासीया ।
४. आ० ६ दूणजी, अ० २ दीधउछइ, आ० ६ दीधौ, आ० १२ दुणौजी ।
५. आ० १२ असीय ।
६. आ० १२ चढ्या ।
७. आ० १२ सात ।
८. आ० १२ यपार
९. आ० १२ गौड ।
१०. आ० १२ मिल्या ।
११. आ० १२ तणउ ।

यह छंद आ० ६ में १८, अ० एवं आ० ६ में २८, आ० १२ में १७ है । किन्तु अ० २ और आ० ६ में ३, ४, ५ तथा ६, पंक्तियाँ इस प्रकार हैं :—

३. आठ सहस नेजा-धणी ।
४. पालखी बइठा सहस पंचास ।
५. हाथी चाल्या दोढ़सौ ।
६. असी सहस चाल्या केकाण ।

इनके अतिरिक्त निम्न दो पंक्तियाँ और हैं :—

रथ ऊपरि धज फरहरई ।
खेहाडंवर नवि सूझइ (आ० ६-छाहीयो) भाण ।

पाइ[1] कंकण सिरि[2] तिलक[3] दीवाइ[4] ।
प्रथम पयाणउ[5] कीधउ[6] से ठेलाइ[7] ॥
सोवन मोतिय[8] झलहलइ[9] ।
कुलीय छत्री से सवि मिली[10] आइ ॥
गुजर गउडते दाहिमा[11] ।
कछवाहा हाडा चंदेला[12] ॥
भाटी हो जेसलमेर का ।
दलबल देषि हसउ चहूआण ॥
नल्ह कवीसर अस[13] भणइ ।
सर[14] सांभरि राजा कियो[15] मेल्हाण ॥१७॥

---

१. आ० १२, पाय ।
२. आ० १२, सिर ।
३. आ० १२, तिलका ।
४. आ० १२ पाउ ।
५. आ० १२ पयाणौं ।
६. आ० ६ पयासाय (कीधो बाद में बढ़ाया गया जान पड़ता है)
आ० १२ कीयो ।
७. आ० १२ ठेलउ ।
८. आ० ६ मौड अति, आ० १२ मौडति ।
९. आ० १२ झलहलै ।
१०. आ० ६ मिलीयछइ ।
११. आ० ६, तिहां डाहिमा, आ० १२, गूजरगौडति दाहिमा ।
१२. आ० ६, बलीय चंदेल, आ० १२ बलीय चंदेल ।
१३. आ० १२, इम ।
१४. आ० १२, सरिस ।
१५. आ० १२, की ।

यह छंद आ० ६ में १६, आ० १२ में १८ है ।
आ० १२ में ४ थो पंक्ति है—"कुलीय छत्तीसीई मीलीया छै आइ ।"

सर[1] सांभरि थी आवीयउ[2] राय[3] ।
चंपावती पऊतलउ[4] जाइ ॥
हइ[5] गय अंत न पाइजइ[6] ।
पायदलह[7] हस्तीय सहस[8] मयंक[9] ॥
साठि सहस राजा मिल्या ।
पाली गिणत[10] न लाभइ[11] अंत ॥१८॥

देव[12] वधेरइ दीयउ[13] मेल्हाण ।
ऊचरइ[14] बंभण वेद पुराण ॥
मंगल गावइ[15] कामणी[16] ।
पंच सबद करइ[17] झुरझुणकार[18] ॥

---

१. आ० १२ सरस ।
२. आ० १२ आवीयो ।
३. आ० १२ राइ ।
४. आ० ६ पहूतो, आ० १२ पहुतलि ।
५. आ० १२ हय ।
६. आ० १२ लाभिजइ ।
७. आ० १२ मयगल ।
८. आ० १२ एकसउ ।
९. आ० १२ मयमंत्त ।
१०. आ० १२ पालागिणत ।
११. आ० १२ लाभै ।
यह छंद आ० ६ में २०, आ० १२ में १६ है ।
१२. अ० २ जाइ ।
१३. आ० १२ वधेरडै दीयो ।
१४. आ० १२ वाचउ. आ० ६ जिहां पढ़ै ।
१५. आ० १२ गावै ।
७६. आ० १२ कामिनी ।
१७. अ० २, आ० ६ तणा, आ० १२ करै ।
१८. आ० ६, अ० २, आ० ६, झुणकार, आ० १२ झणकार ।

मेघाडंबर सिरि[1] छत्र[2] धरइ[3]।
सुवस[4] वसउ थारउ[5] एह[6] संसार ॥१९॥

पायक[7] धनुषधर कीयउ[8] आगे वाण।
वाजाइ[9] हो वाजा[10] गुहिर नीसाण ॥
भेरबरघु[11] तिहा भरहरइ।
बाजइ[12] बरघू जे भला तूरि[13] ॥
राजा चालौ[14] परिणवा।
तठइ[15] षेहाडंबर छाइउ[16] सूरि ॥२०॥

---

१. आ० ६ (में नहीं है)।
२. आ० ६ ताडीयो।
३. आ० ६ छइ, अ० २ दियउ, आ० १२ धरै।
४. अ० २ आज।
५. अ० २ सफलराजा, आ० १२ वसहु थारे।
६. आ० ६ इहु, अ० २ जनम, आ० १२ हुइ।
यह छंद आ० ६ में २१, अ० २, आ० ६ में ३०, आ० १२ में २० है। किन्तु अ० २ और आ० ६ में ६ठी पंक्ति इस प्रकार है:—
आज सफलराजा जनम संसार।
और आ० ६ में पहली पंक्ति नहीं है।
७. आ० १२ पाइक।
८. आ० ६ कीया, आ० १२ (में नहीं है)।
९. आ० ६ वाजइ, आ० १२ वाजा।
१०. आ० १२ वाजै।
११. आ० ६ वजारतां।
१२. आ० १२ बाजैछै।
१३. आ० १२ तूर।
१४. आ० ६ चालिउ, आ० १२ चालियो।
१५. आ० १२ तठै।
१६. आ० ६ लुकिरह्यउ, आ० १२ छाईयो।
यह छंद आ० ६ में २२ है, आ० १२ में २१ है।
आ० १२ में ३ री पंक्ति है—भेरिबर तूरहि भरहरइ।

पाय कंकण सिरि[1] बंधियउ[2] मउड़[3] ।
पंचमी[4] मंजलि गयोउ[5] दुरग चीत्तोड़ ॥
राता हो फूंदा पाटका ।
कडी आली[6] हीरा की जोड़ि ॥
चिहु दिसि मोतीय झिगमिगइ ।
कालीय पीलीय ढलकइछइ[7] ढाल ॥
एक माता दूजो ऊमता ।
तवइ[8] राजा जाइ अरू वासी छइ[9] धार ॥२१॥
धारि कयउ राजा सामहउ जाइ ।
पाचमी मंजलि वासउ वस्या[10] ॥

---

१. आ० ६ शिर ।
२. आ० १२ बंधियो ।
३. आ० १२ मौड़ ।
४. अ० २ और आ० ६ प्रथम, आ० १२ पांचमी ।
५. अ० २ पयाणउ, आ० ६ पीयाणो, आ० १२ गयो ।
६. आ० १२ बंधी ।
७. आ० १ ढलकैछै ।
८. आ० १२ तठै ।
९. आ० १२ छै ।

इस छंद की पंक्ति संख्या ४, ५, ६, अ० २ और आ० ६ में इस प्रकार है—

४. ब्राह्मण उचरइ बेद पुराण ।
५. मंगल गावइ कामनी ।
६. उठी षेह नवी सूझै भाण ।

तथा ७ वीं और ८ वीं पंक्तियां अं० २ और आ० ६ में नहीं हैं। यह छंद आ० ९ में २३ और अ० २ में २१ है तथा आ० १२ में २२ है ।

१०. आ० ९ बस्यउ ।

तलहटी ऊतरिउ[1] वीसल राउ[2] ।
राजा हो भोज कइ[3] लागउ छइ[4] पांइ ॥
कर झाली उचलियउ[5] ।
कुसल पुछइ[6] राजा कंठि लगाइ ॥२३॥

संजइछइ[7] राजमतीकउ वीर ।
माणिक मोतीय[8] जड्योउ[9] जंजीर ॥
लाष सावा[10] पाषरि[11] पंडइ[12] ।
पालषी बइठी लषसवा एक ॥
आगइ हो गइवर वहु गुडइ ।
पाला हो पाइक अंत न पार ॥
नवरंग नाचइ[13] अपछरा ।

---

१. आ० १२ उत्रयो ।
२. आ० १२ राइ ।
३. आ० १२ राजाभोज रइ वीसल ।
४. आ० १२ छै ।
५. आ० १२ करिझाली ऊचउलीयो ।
६. आ० १२ पुछै ।
यह छन्द आ० ६ में २४, आ० १२ में २३ है ।
आ० १२ में प्रथम और द्वितीय पंक्ति है—
१. धारकउ राजाजी सामुहोजाइ ।
२. पंच मंजल वासइ वस्यउ ॥
७. आ० १२ साम्हो जोवैछै ।
८. आ० १२ मोत्या ।
९. आ० १२ जडित ।
१०. आ० १२ सवा ।
११. आ० १२ पाषर ।
१२. आ० १२ पडै ।
१३. आ० १२ नाचैछै ।

सामहेलउ हुवउ[1] राइ परिवार[2] ॥
मोट हो क्षत्री मालवइ ।
तठइ तुरीय संपिया चमर ढुलाइ ॥
उलीभ चंडीयउछइ[3] राउ न लावइ वार[4] ।
स्वामी स्त्रीउ सामुही आई छइ धार[5] ॥
कुलीय छत्री सइगल छइ[6] ।
सरव सुहागण सुन्दर नारि ॥
लूण उतारइ अपछरा ।
राजा हो आवीय[7] माहं[8] दुवारि ॥२३॥

तोरण आवीयउ वीसलराउ ।
अउहव सूहव कउतिग जाइ ॥
मोत्यां का आषा पडइ[9] ।
चोवा[10] चन्दन तिलक[11] सिंदुरि ॥

---

१. आ० ६ सामुहउ हुई, आ० १२ सामहलउ ।
२. आ० राजा परवार ।
३. आ० १२ चढ़ीयौछै ।
४. आ० १२ राय न लाईयवार ।
५. आ० १२ स्वांमि सुसांमह आई छै धार ।
६. आ० १२ कुलीय छतीसै सगलैछै ।

यह छन्द आ० ६ में २५, आ० १२ में २४ और २५ है किन्तु आ० ६ और आ० १२ में पंक्ति ६-१० नहीं हैं ।

७. आ० १२ आईयो ।
८. आ० १२ सीह ।
९. अ० २ किया, आ० ६ हूया, आ० १२ पड़े ।
१०. आ० ६ कंकू ।
११. आ० १२ तेल ।

अवली सवली करइ[1] आरती ।
जाणि करि तोरणि[2] उग्या[3] सूरि[4] ॥२४॥

राजा जी[5] उतऱ्या[6] नयर[7] मझारि ।
मन माहै[8] हरषीय[9] राजकुमारि ॥
जाइ[10] सषी करउ[11] आरती ।
कलस[12] संपूरण[13] पूनिम चन्द ॥
सुरनर[14] मोह्या सुरगका[15] ।

---

१. अ० २ आ० ६ (में नहीं है) ।
२. आ० १२ रोहिणी ।
३. अ० २ आ० ६ उगियो, आ० १२ ऊगीयो ।
४. आ० १२ सूर ।

यह छन्द आ० ६ में २७, अ० २ में ५२, आ० ६ में ४६ आ० १२ में २६ है । अ० २ में दूसरी पंक्ति इस प्रकार है—

पंच सखी मिली कलस वंदावि

आ० १२ में प्रथम दो पंक्तियां इस प्रकार हैः—

१. तोरण आवीयो वीसल राय ।
२. आउहिव सूह व कौतिक जाइ ।

५. अ० २ बीसल, आ० ६ वीसल ।
६. अ० २ आव्यौ, आ० ६ आवीयो ।
७. आ० ६ नगर, आ० १२ नगर ।
८+६. अ० २, आ० ६ मन हरषीघन, आ० ६ मनमाहे हरषीया, आ० १२ मन माहि ।
१०. अ० २ चाल्यो, आ० ६ चालो ।
११. आ० १२ करौ ।
१२. आ० २ आ० ६ सकल ।
१३. अ० २ दिसो जीसो, आ० ६ दीसै जसो ।
१४. आ० १२ सुरवर ।
१५. आ० ६ छइ देवता, अ० २ आ० ६ देवता ।

गोकल[1] माहि जिस[2] प्रतिष्य[3] गोबंद[4] ॥२५॥

सात सहेलीय[5] बइठीं छइ[6] आइ ।
राजा हो[7] माय[8] पूजावूण[9] जाइ ॥
चन्दण सीष भरी लीय ।
काथ[10] सोपारीय पाका हो[11] पान ॥
रंग[12] हथसेवउ वाहिजइ[13] ।
जाणि कि[14] वइठा[15] हो रुकमिणि[16] कान्ह ॥२६॥

---

१. अ० २ गोवल माहि ।
२. अ० २ जिय, आ० १२ जिसउ ।
३. अ० २ सोहइ, आ० ६ वसै, आ० १२ प्रत्यक्ष ।
४. आ० १२ गोविंद ।

यह छन्द आ० ६ में २८, अ० २ में ४६, आ० ६ में ४६ तथा आ० १२ में २७ है ।

५. अ० २, आ० ६ पंच सखी मिलि ।
६ अ० २ (नहीं है) आ० १२ छै ।
७. अ० २ आ० ६ राजा है, आ० १२ राजाजी ।
८. आ० १२ माइ ।
९. अ० २ पुजावण, आ० १२ पुजावण ।
१०. आ० १२ हाथि ।
११. अ० २, आ० ६, आ० ६ पाका, आ० १२ सुपारिय पाका जी ।
१२. अ० २ दइ, आ० ६ हरषै ।
१३. अ० २ जोडियउ, आ० ६ मेलीयो, आ० वाहीजै :
१४. आ० ६ जाणिकरि ।
१५. आ० १२ बैठौ ।
१६. आ० १२ रुषमणी ।

यह छन्द आ० ६ में २६, आ० ६ में ५२, अ० २ में ५७, आ० १२ में २८ है । अ० २ तथा आ० ६ में तीसरी पंक्ति इस प्रकार है—

मोतीयां का रे आषा पड़इ ।

देसि[1] मालवइ[2] हुउ[3] उछाह[4] ।
राजमती कउ[5] रच्यउ[6] वीवाह ॥
चन्दण वाठ कउ मांडहउ ।
सोना की[7] चउरी[8] मोता[9] की माल ॥
पहिल[10] फेरइ दीज[11] दाइजउ[12] ।
मण्डलगढ़ संउ[13] ऊरर[14] माल[15] ॥२७॥

दूजइ[16] फेरइजउ[17] फिरइ[18] राइ ।
भानमती राणी कुमर की माइ ॥

---

१. आ० ६ देस, आ० १२ देस ।
२. अ० २, आ० ६ मालागिर, आ० १२ मालवै ।
३. आ० ६ हूयउ, अ० २ हूवउ ।
४. आ० ६ उच्छाह ।
५. अ० २ राजकुंवर को, आ० १२ केरउ ।
६. अ० २ हूवउ, आ० १२ रच्योरे ।
७. आ० ६ सोना तणी ।
८. आ० १२ चोरी ।
९. अ० २, आ० ६ मोती की, आ० ६ मोती री, आ० १२ मोती की ।
१०. आ० ६ पैहलै, आ० १२ पहिलै ।
११. अ० २ राय, आ० ६ (में नहीं है), आ० १२ फेरै दीयो ।
१२. अ० २ दे डाइचौ (दैराइजौ) आ० ६ डाइचौ, आ० १२ दायोजउ
१३. आ० ६ सिउं, अ० २, आ० ६ सौं ।
१४-१५ अ० २ देइ कुडाल, आ० ६ देस कुडाल ।

यह छन्द आ० ६ में ३०, आ० ६ में ५६, अ० २ में ६०, आ० १२ में २६ है । आ० १२ में अंतिम पंक्ति है—

मंडलिगढ़ सुंऊ परिमाल ।

१६. अ० २ आ० ६ तीजो, आ० १२ दूजै ।
१७+१८. अ० २ आ० ६ जबफेरइ छै, अ० १२ फेरे फिरियौछै ।

काई[1] देइछइ[2] दाइजउ[3] ।
उण दीन्हा[4] अरथ[5] गरथ[6] भंडार ॥
दीनउ छइ देस सवालषउ ।
सर[7] सांभरि[8] सिउ[9] नागर चाल ॥
टउंक टोडा[10] तेहविचाल ।
सातहो बूंदी सरिसिउ देस कंडाल[11] ॥२८॥

तीजइ[12] फेरइ[13] फेरीयउ[14] राय[15] ।
सगल अंतेउर बइठउ छइ आइ ॥
कायउ[16] दीजइ छइ दाइजउ[17] ।

---

१. आ० ६ काउं, अ० २ आ० ६ राजकुंवर, आ० १२ कांयुं ।
२. अ० २ आ० ६ (में नहीं है) आ० १२ दियो छै ।
३. अ० २ दाडाइचौ, आ० ६ द्यौ डाइचौ, आ० १२ दायजइ ।
४+५. अ० २ आ० ६ दोया साघ न, आ० १२ उणि दीना छै, अरथ ।
६. आ० १२ दरव ।
७+८. अ० २ दीघा सैभर, आ० १२ सरस साभरि ।
९. अ० २ दीघा, आ० १२ सुं ।
१०. आ० १२ टोडा छै ।
११. आ० १२ कउडाल ।

यह छन्द आ० ६ में ३१, आ० ६ में ५८, अ० २ में ६२, आ० १२ में ३० है । अ० २ में इस छन्द की दूसरी कड़ी है—"पाट महादे राणी लीई छइ बुलाई ।" तथा तीसरी कड़ी है—"राज कुंवर दाड़ाइचौ ।" चौथी पंक्ति है, "दीधा सेंभर नागर चाल ।" छठी पंक्ति है—"मांडल गढ़ से ऊपर माल ।" आ० ६ में भी अंतिम पंक्ति अ० २ की तरह है ।

१२+१३. अ० २ आ० ६ दूजो फेरो, आ० १२ तीजे फेरै ।
१४. आ० १२ फिरियो छै ।
१५. आ० १२ राउ ।
१६. आ० ६ काय, आ० १२ कांयुं ।
१७. अ० २ दाडाइचौ दाइ जौ २ आ० ६ को डायचौ (= को दायजौ२) । आ० १२ दायजौ ।

दीन्हा तीजीय तुरीय सुमाइ ॥
दीन्हो[1] सात देस मण्डोवरउ ।
सात समुंद[2] सोरठ गुजराति[3] ॥२९॥

कंधि[4] जनोईय[5] पहिरणइ[6] चीर ।
हाथि[7] तम्बालइ[8] अंजल[9] नीर ॥
राजा पइछइ[10] दाइजउ[11] ।
सोवन पालषी सावटू सउडि[12] ॥
कुलीय क्षत्री से पायती ।
पाय पपलिनइ पूजियउ मउड़ ॥

---

१. आ० ६ दीधो, आ १२ दीनउ ।
२. अ० २ समंद ।
३. आ० १२ गुजरात ।

यह छंद आ० ६ में ३२ आ० ६ में ५७, अ० २ में ६१, आ० १२ में ३१ है। इस छन्द की ४थी पंक्ति अ० २ में है :—"दीधा साचन अरथ भंडार ।" तथा आ० ६ में है :—"दीधा सामेहणो नबसर हार ।" आ० १२ में दूसरी पंक्ति है :—सगलौ अंतेवर बैठो छै आह ।

चौथी पंक्ति है :—दीना तेजीय तुरी सउपाइ ॥

४. आ० ६ गलइ, आ० १२ कांधि ।
५. आ० ६ जनोई राजा, आ० १२ जनेऊ ।
६. आ० १२ रइपहिरणौ ।
७. आ० ६ हाथे ।
८. आ० ६ तम्बालै राजा, आ० १२ त्रंबालू ।
९. आ० ६ अंचले, आ० १२ अंजलि ।
१०. आ० ६ पिइछइ, आ० १२ दियो छै ।
११. आ० १२ दायजौ ।
१२. आ० १२ सौडि ।

कर जोरी राजा भणइ ।
तुम्ह[1] बारहा[2] गढ़[3] सिंहगढ़[4] चीत्तोड़ ॥३०॥

राजा कइ[5] बारि घुरारि[6] नीसाण ।
मनमाहे हरषीयउ[7] वीसल चहुआंण ॥
परणीयउ[8] राजा भोज कइ[9] ।
म्हाकइ[10] अंचल वधी[11] राजकुमारि ॥
सफल दिहाडउ[12] आज कउ[13] ।
जउ घरि आवीइ[14] जाति पवारि ॥३१॥

१+२. आ० ६ तुम्ह नइ बारह ।
३. आ० ६ गढ़ासुं आ० १२ गढ़ांसुं ।
४. आ० १२ दुरग ।

यह छन्द आ० ६ में ३३, आ० ६ में ६४, अ० २ (में नहीं है) आ० १२ में ३२ है । आ० ६ में चौथी कड़ी है—"चोथो फेरो फेरीयो ।"

आ० १२ में ६ तथा ७ पंक्तियाँ हैं—

६—पाइ पषालिनै पूजीया मौड ।
७—कर जोडी राजा भणै ।

५. आ० १२ कै ।
६. आ० ६ घुराजी, आ० १२ घुरयारे ।
७. आ० १२ हरषीयो ।
८. आ० १२ परण्यौ ।
९. आ० १२ कै ।
१०. आ० १२ म्हाकै ।
११. आ० ६ बांधी छै, आ० १२ बांधी छै ।
१२. आ० १२ दिहाडौ ।
१३. आ० १२ कौ ।
१४. आ० १२ आई ।

यह छन्द आ० ६ में ३४, अ० २ तथा आ० ६ (में नहीं है), आ० १२ में ३३ है ।

पाटि बइठीछइ[1] राजकुमारि ।
कडिहि पटोली[2] सिरि चूनडी[3] सार ॥
कानिह[4] कुडल झिगमिगइ[5] ।
सोवन[6] रावडी[7] तिलक[8] निलाड़[9] ॥
रूप देषी राजा हसउ[10] ।
त्रिभुवन मोहीय[11] राजकुमार[12] ॥३२॥

जानि वासइ[13] पधार[14] हो राइ[15] ।
राजा परोहित लीयइ[16] वोलाइ[17] ॥

---

१. आ० ६ बैठा अछइ, अ० २ वइठा हुई, आ० १२ बैठो छै ।
२. अ० २ वस्त्र ।
३. अ० २ चादर, आ० ६ नवसर ।
४. आ० ६ कानिहि, अ० २ कान्हे, आ० ६ काने, आ० १२ काने ।
५. अ० २ आड़ोया, आ० ६ ताडीया ।
६. अ० २ सरव आ० ६ सरव ।
७. अ० २ सानारो, आ० ६ सोभातणो ।
८. अ० २ मुकुट, आ० ६ मुगट ।
९. आ० ६ नेलाड़, आ० १२ निलाडि ।
१०. आ० १२ हस्यौ ।
११. आ० ६ मोहइए, अ० २ मोंहइ, आ० ६ मौहोराणि, आ० १२ मोहे ।
१२. आ० ६ राजकुआंरि, आ० ६ देष परमार । आ० १२ जातिपुंवार ।

यह छन्द आ० ६ में ३५, आ० ६ में ५४, अ० २ में ५८ तथा आ० १२ में ३४ है ।

१३. आ० वासै ।
१४. आ० १२ पधार्‌या ।
१५. आ० १२ राउ ।
१६+१७. आ० १२ रावकउ ।

व्याह करावण देइछइ[1] दान ।
अरथ भंडार नइ[2] अति घणउ[3] मान ॥
दोन्हा छइ[4] तेजी हासला ।
तुम्ह हांसीय सरिसउ[5] कोट हसार ॥३३॥

जूवा रमण बइसारइ[6] छइ[7] राय ।
सात सोपारी फूलिकियउ[8] पंसाउ ॥
सवालाष कउ मुरड़उ[9] ।
राजाजी जीतउ छइ[10] सातेदाइ[11] ॥
राजमती बिलषी हुई ।
हसइ मुलकइ वीसल राइ ॥३४॥

---

१. आ० १२ दीयैछै ।
२. आ० १२ नै ।
३. आ० १२ घण ।
४. आ० १२ दीनछै ।
५. आ० १२ सरिस ।

यह छन्द आ० ६ में ३६ तथा आ० १२ में ३५ है ।

आ० ६ में २री और तीसरी पंक्ति के अनन्तर एक पंक्ति और इस प्रकार है—

"आवो पुरोहित राव का ।"

६. आ० १२ बैसार्‌यो ।
७. आ १२ छै ।
८. आ १२ फलकियो ।
९. आ० ६ मुदड़उ ।
१०. आ० १२ जीता छै ।
११. आ० १२ सातेइदाउ ।

यह छन्द आ० ६ में ३७, आ० १२ में ३६ है ।

आ० १२ में तीसरी पंक्ति नहीं है । अंतिम पंक्ति है—

"हसै मुलकै तब वीसलराउ ।"

हुई पहिरावणो हरषीयउ[1] राय[2] ।
दीन्हा तेजीय[3] कुलह कवाइ[4] ॥
हीरा नइ[5] माणिक घणा ।
अणपरि[6] पहिरावीयउ[7] जातपुवारि ॥३५॥

तुरिय पलाणीया ठामो ठामि[8] ।
स्हासू[9] जुहारण[10] चालीयउ[11] राइ[12] ॥
कुलिय छत्तीसइ गइलछइ[13] ।
माणिक मोती भर्यउ नालेर ॥
सासू[14] आसीसत[15] बन्दिया[16] ।
थे[17] अविचल राज करउ[18] अजमेर[19] ॥३६॥

---

१. आ० १२ रषीयो ।
२. आ० १२ राउ ।
३. आ० १२ तेजी ।
४. आ० १२ कबाय ।
५. आ० १२ अरू ।
६. आ० ६, आ० १२ इणपरि ।
७. आ० १२ पहिरा ।
यह छन्द आ० ६ में ३८, आ० १२ में ३७ है ।
८. आ० १२ ठाइ ।
६+१०. आ० ६ जुहारकरण, आ० १२ सासुजुहारण ।
११+१२. अ० २, आ० ६ चाल्योछइ राइ, आ० १२ चालीयोराइ ।
१३. अ० २, आ० ६ साथछइ, आ० १२ छतीसेगयल छै ।
१४+१५. अ० २ आ० ६ भाणमती आसीस, आ० १२ आसीस ।
१६. अ० २, आ० ६ द्यइ, आ० १२ तब्रैदीयै ।
१७. आ० ६, तुम्हें, आ० १२ थेतउ ।
१८+१६. अ० २, आ० ६ कीज्यो अजमेर, आ० १२ काणै अजमेर ।
यह छन्द आ० ६ में ३६, आ० ६ में ६८, अ० २ में ७१ तथा आ० १२ में ३८ है ।

परणि अरणि धरि चालीय आय[1] ।
बाजा[2] बाजीया नीसाणेरे घाइ ॥
दोवड़ बाजइ[3] दुडबडी ।
वाजइ[4] बरघू अरूवलीभेरि[5] ॥
धारिकी उमी धाहदे ।
धारकउ दीप[6] चालउ[7] अजमेर ॥३७॥

परिणउरण[8] घरि[9] आइयउ[10] राय[11] ।
सगली हे जानमाहि हुउ उछाह ॥

---

१. आ० १२ चालीयो राउ ।
२. आ० ६ बाजा हो ।
३. आ० १२ वाजाइछै ।
४. आ० १२ वाजै छै ।
५. आ० १२ भलीभेरि ।
६. आ० ६ द्विज, आ० ६ दीपक ।
७. आ० ६ (में यह शब्द बाद में बढ़ाया गया है) आ० ६ गढ़ अजमेर, आ० १२ चल्यो ।

यह छन्द आ० ६ में ४०, आ० ६ में ६६, अ० २ में ६६, आ० १२ में ३६ है । लेकिन अ० २ में इस छन्द का पाठ है—

हुई पहिरावणी हरषीयउ राई ।
अंचल बंधी राजकुमार ॥
चौरी चढीयो भोजकी ।
बाजइ बरगूं भूगलभेर ॥
हुवउ षंधारउ रावलइ ।
धार कउ द्विज चाल्यो अजमेर ॥

आ० १२ में ५वीं पंक्ति है :–वारि कि ऊमी धीहदइ ।

८. आ० ६ परणि अरणि, अ० २ परणी, आ० ६ परणी नै, आ० १२ परणि अरणि ।
६. अ० २, आ० ६ (में नहीं है) ।
१०. अ०, आयउ, आ० १२ चालीयो ।
११. अ० २, आ० ६, वीसलराय, राउ ।

राजा कहइ जन[1] साभलउ ।
म्हानइ[2] तूठउ हो[3] देवमुरारि ॥
चउरी चडउ[4] राजा भोज की ।
वडा वडेरा मेल्या करतारि ॥३८॥

हस्त गुजइ नितु[5] वाजइछइ भेर ।
देषि गउरि[6] म्हाकउ गढ़ अजमेर ॥
आना हो सागर वीहली ।
पाषा[7] तापहु कर आदि बराह ॥
सोरठि साभरि कउ धणी ।
वर वीसल पश्चिम केरउ[8] राइ[9] ॥३९॥

गरब करि बोलीयउ[10] संभरि[11] बाल[12] ।

---

१. आ० १२, कहै जांनी ।
२. आ० ६ भाइ, अ० २, मोहि, आ० १२ म्हानै ।
३. अ० २ तूठउ छै, आ० १२ तूठो हो ।
४. आ० १२ चढयो ।

यह छन्द आ० ६ में ४१, आ० १२ में ४० है । आ० १२ में दूसरी पंक्ति है—

"सगली ही जांनमैहूउ उछाही ।"

५. आ० ६ छइ, आ० १२ हस्ती गुंजै नितु ।
६. आ० ६ गोरी, आ० १२ गोरी ।
७. आ० १२ पाष ।
८. आ० १२ कउ ।
९. आ० १२ राउ ।

यह छन्द आ० ६ में ४३ तथा आ० १२ में ४१ है ।

१०. अ० २ ऊभोछइ, आ० ६ ऊभो, आ० १२ बोली ।
११. आ० ६ सीभ्रयो
१२. आ० ६ राय,
} ११+१२—आ० १२ वीसलराउ ।

मउ समउ[1] अवर[2] न कोइ भूपाल ॥
मोधरि[3] साभरि उग्रहइ[4] ।
म्हारइ[5] चिहुँदिसि थाणा[6] जेसलमेर ॥
राजकउ[7] वइसणउ[8] गढ अजमेर ॥४०॥

गरब[9] न[10] कीजइ[11] धणी[12] संभरि वालि[13] ।
तुम समांछइ[14] घणारि भूवाल[15] ॥
एक उड़ीसा कउ घणी ।
वचन माका[16] मानि न[17] मानि[18] ॥

---

१. आ० ६ मोसमउ, आ० १२ मोसम ।
२. अ० २ ऊर ।
३. आ० ६ मोघरे, अ० २ म्हांघरि, आ० ६ माहरिघरि ।
४. आ० १२ उग्रहै ।
५. आ० १२ म्हारै ।
६. आ० १२ थांणउ ।
७. आ० ६, राजा को, आ० १२ राजा कौ ।
८. आ० ६, अ० २, थानिक, आ० १२ राजा बैसणो ।

यह छन्द आ० ६ में ४४, आ० ६ अध्याय २ में १, अ० २ अध्याय २ में २ तथा आ० १२ में ४२ है। आ० १२ में एक पंक्ति अतिरिक्त है—

"लाष तुरी पाषइ पडै ।"

६. अ० २ गरभि ।
१० + ११ + १२. अ० २ बोलो हो, आ० ६ करिहो, आ० १२ न कीजै घणी ।
१३. आ० ६ राव, आ० १२ सांभरिवाल ।
१४. आ० १२ समअछै ।
१५. आ० ६ भूपाल, आ० १२ भूपाल ।
१६. आ० ६ हमारउतु, आ० १२ हुइ म्हांका ।
१७ + १८. अ० २ मानितु मानि, आ० ६ मान निसांव, आ० १२ मानि मैं मांनि ।

जउ[1] थारइ[2] साभरि उग्रहइ[3] ।
तिन्ह[4] उवा घरि[5] उग्रहइ[6] हीरा की षाणि ॥४१॥

चतह चमकीयउ वीसलराउ ।
षणका[7] वचन[8] रह्या मन माहि ॥
म्हें[9] विसाराहा[10] गोरडी[11] ।
हम तुम्ह[12] बार वरस का काणि[13] ॥
कहउ[14] तुम्हारउ[15] जे सुणउ[16] ।
म्हें तउ जाइ देषां हीरा की षाण ॥

१+२. आ० ६ थारि घरि, आ० १२ जइ थारे ।
३. आ० १२ उग्रहै ।
४+५. अ० २ राजा उणि घरि, आ० ६ उण घरि, आ० १२ उहाधरि ।
६. आ० १२ उग्रहै

यह छंद आ० ६ में ४५, आ० ६ अध्याय २ में २, अ० २ अध्याय २ में ४ है । आ० १२ में ४३ है ।

७. आ० १२ कणका ।
८. अ० २ बोल ।
९. अ० २ हूँ ।
१०. अ० २ वीसद्धयो, आ० १२ विसराया ।
११. अ० २ ते वेदिठा, आ० १२ तुम्हें गोरडी ।
१२. आ० ६ अम तम, अ० २ म्हानु, आ० १२ हम तुम ।
१३. अ० २, आ० ६ लांब, आ० १२ कहि काणी ।
१४. आ० १२ कह्यो ।
१५. आ० १२ तुम्हारो ।
१६. आ० १२ सुण्यो ।

यह छद आ० ६ में ४६, आ ६ अध्याय २ में ३, अ० २ अध्याय २ में ५, आ० १२ में ४४ है । इस छंद की पाँचवीं और छठीं पंक्ति अ० २ और आ० ६ में इस प्रकार हैं—

५. कउ म्हारह हीरा उग्रहइ ।
२५° ३१′ उत्तर और ८३° ५२′ पूर्व में ये शाहाबाद जिले में प्रवेश कर इसकी सीमा को निर्धारित करती हुई और इस जिले को उत्तर-प्रदेश से अलग करती हुई उत्तरी छोर पर घाघरा और दक्षिणी छोर पर सोन नदी से मिलती हैं। इसके पश्चात् यह पटना शहर की ओर अग्रसर होती है और नेपाल से आने वाली गंडक को अपनी सहचरी बनाती हैं। फिर पूर्व में यह कोसी से मिलकर राजमहाल पर्वत श्रेणियों को पार करती हुई द्रुत गति से दक्षिण की ओर चलती हैं और बंगाल प्रान्त के गौड़ नगर को पवित्र करती हुई समुद्र से भेंट करने के लिए आगे बढ़ती हैं। इस स्थान से करीब बीस मील की दूरी पर इसकी कई एक शाखाएँ फूटती हैं। इनमें से प्रमुख शाखा "पद्मा" के नाम से प्रसिद्ध है। पद्मा का भीषण रूप हमें वर्षा काल में दिखाई पड़ता है, जब जहाजरानी को भी इसकी तीक्ष्ण धारा को पार करना कठिन हो जाता है। इस प्रकार गंगा २३°१३′ उत्तर और ९०°३३′ पूर्व में मेघना नदी को योग देती हुई बंगाल में ५४० मील तथा अपने उद्गम स्थान से १५५७ मील की दूरी तै करके समुद्र में प्रवेश करती हैं।

इनके किनारे पर बसे हुए प्रमुख नगर हैं : उत्तर-प्रदेश के हरिद्वार, सोरों, कानपुर, प्रयाग, मिर्जापुर तथा बनारस; बिहार का पटना एवं बंगाल का कलकत्ता।

गंगा का एक या दो अन्य नदियों से मिलन अथवा उसका समुद्र से मिलन हिन्दुओं का तीर्थ स्थान है। प्रयाग में जहाँ यह यमुना और सरस्वती से मिलती है, आज भी कुम्भ पर्व का आयोजन होता है और लाखों नर-नारी इस अवसर पर त्रिवेणी की धारा में स्नान कर अपने पापों का क्षय करते हैं। इसी प्रकार बंगाल की खाड़ी में भी जहाँ गंगा समुद्र से मिलती हैं प्रत्येक वर्ष गंगा-सागर का मेला आयोजित होता है और लाखों नर-नारियाँ एकत्र होती हैं और गंगा की धारा में स्थान कर पुण्य लाभ करती हैं।

वैदिक साहित्य में तो कम लेकिन पुराणों में गंगा की अपार महिमा का वर्णन है। ऐसा कहा जाता है कि सूर्यवंशी राजा सगर ने किसी समय अश्वमेध यज्ञ आयोजित किया था। यज्ञ में विघ्न डालने की इच्छा से इन्द्र ने राजा सगर के अश्वमेध के घोड़े को पातालपुरी में कपिलदेव मुनि के आश्रम में चुरा दिया। राजा सगर की एक रानी से उत्पन्न साठ हजार पुत्र घोड़े को खोजते-खोजते मुनि के आश्रम में पहुँचे और यह समझकर कि मुनि के द्वारा ही यज्ञ का अश्व चुरा कर रखा गया है, मुनि के प्रति अपशब्दों का व्यवहार किया और उनके श्राप से क्षार हो गये। राजा सगर की दूसरी रानी के पुत्र असमंजस के पुत्र अंशुमान ने गरुड़ के उपदेशानुसार ब्रह्मलोक से पाताल में अपने पूर्वजों को तारने के लिए गंगा को लाने की अनेक चेष्टा की लेकिन उनकी चेष्टा विफल हुई। अन्त में उनके प्रपौत्र महाराज दिलीप के पुत्र भगीरथ गंगा को पृथ्वी पर लाने में समर्थ हुए और उनके पूर्वज जो ऋषि के श्राप से क्षार हो गये थे, गंगा की पावन धारा के स्पर्श होते ही मुक्त हो गए।

पौराणिक युग में यदि गंगा की पवित्र धारा ने राजा के साठ हजार पुत्रों का उद्धार किया तो वर्तमान युग भी उनकी धारा से कम लाभ नहीं उठा रहा है। चूँकि भारत कृषिप्रधान देश है इसलिए इसे अन्नादि उपजाने के लिए सर्वदा जल की आवश्यकता रहती है। गंगा की नहरों द्वारा यह कार्य बड़े सुविधापूर्वक हो रहा है। नहर की एक शाखा द्वारा एटा, मैनपुरी, फरुखाबाद, इटावा, कानपुर, फतेहपुर, इलाहाबाद जिलों की प्रायः ८३१००० एकड़ भूमि सींची जाती है तथा इसकी दूसरी शाखा द्वारा भी प्रायः इतने ही एकड़ भूमि सींची जाती है। रेलों की लाइन के बिछने के पहले तथा उसके बाद भी गंगा यातायात का प्रधान साधन रही हैं।

पुराणों में गंगा के चार नाम और मिलते हैं: —१ सीता, २ अलकानंदा, ३ चक्षु तथा ४ भद्रा। एक कथा के अनुसार जह्नु ऋषि ने इनके सम्पूर्ण जल को पान कर लिया था, और फिर कान के मार्ग से बाहर किया था, इसलिए इनका नाम जाह्नवी पड़ा। एक दूसरी कथा के अनुसार अगस्त्य ऋषि द्वारा समुद्र के जल को सोख लेने के बाद गंगा ने ही समुद्र को जल का दान किया था—ऋग्वेद तथा सपादलक्ष ब्राह्मण में गंगा का उल्लेख देवधुनि या देव-नदी के नाम से हुआ है। तैत्तिरीय आरण्यक में कहा गया है कि गंगा और यमुना के मध्य रहने वाले लोग विशेष आदर के पात्र हैं। हरिवंश के अनुसार पुरूरवा तथा उर्वशी ने मन्दाकिनी, जिनका आधुनिक नाम गंगा है, के किनारे ५ वर्षों तक वास किया था। मेगास्थनीज़ लिखता है कि "by the two (the Ganges & the Indus) the Ganga is much the larger...It receives besides, the river sones and the sittokatis the solomatis which are also navigable, and also the Kondochates & the sambos and the magou & the Agoramio & the omalis, moreover their fall into it the Karmenases, a great river, and the Kakanthis and the Anomatio (Mecrindle Ancient India P. P. 190.—91).

कुडाल

यह सखनावाड़ी के रईस का दुर्ग था। इस दुर्ग के सम्बन्ध में यह छोड़ कर कि इसे सन् १६६१ ई० में शिवाजी ने जीत लिया था और कुछ भी इति-हास में उपलब्ध नहीं है।

हिमालय

भारतवर्ष का उत्तरी सीमाना हिमालय अपनी उत्तुंग चोटियों के लिए केवल भारतवर्ष में ही नहीं वरन् सारे संसार में प्रसिद्ध हैं। इस पर्वत-श्रेणी के लिए प्रयुक्त शब्द 'हिमालय' इसके नाम और अर्थ का अक्षरशः द्योतक है। हिमालय का अर्थ 'हिमस्य + आलयः' 'हिम का घर' या हिमानाम् + आलयः 'हिम के रहने का घर' होता है। प्राचीन भूगोल-वेत्ताओं ने इसका नाम इमौस या हिमौस और हैमोडास दिया है। इन नामों के द्वारा ऐसा पता चलता है कि ये नाम इस पर्वत-श्रेणी के पूर्वी और पश्चिमी हिस्से के लोगों द्वारा दिए गए हैं। हैमोडास संस्कृत शब्द हिमवत् (हेमोत्) से निकला है, जिसका अर्थ हिमाच्छादित होता है। अलेक्जेण्डर के साथ आने वाले ग्रीक निवासियों ने इसे भारतीय काकेशस के नाम से प्रसिद्ध किया था।

हिमालय की चौहद्दी के सम्बन्ध में श्री भागवत में ५ वें स्कन्ध के १६वें अध्याय में लिखा है :—'एवं दक्षिणेनेलावृतं निषधौ हेमकूटो हिमालयः इति प्रागायता यथा नीलादयः। अयुतयोजनोत्सेधा हरिवर्षकिंपुरुषभारतानां यथासंख्यम्।' अर्थात् इसका विस्तार जहाँ भागवत पुराण के अनुसार सहस्र योजन बताता गया है, वहीं आज के वैज्ञानिक युग में इसकी सीमा को नापने-जोखने का कार्य हो रहा है और इसकी चौहद्दी को निर्धारित करने का प्रयास जारी है। सफलता कहाँ तक मिलेगी कहा नहीं जा सकता। यों कहा जा सकता है कि इसके उत्तरी-पश्चिमी छोर पर काश्मीर और जम्मू राज्य का आधे से अधिक हिस्सा है। इसके पूर्व में उत्तर-प्रदेश, कुमाऊँ तथा टेहरी राज्य हैं। इनके अतिरिक्त नेपाल, भूटान तथा सिक्कम के वे राज्य हैं, जो भारतवर्ष की सीमा में सम्मिलित नहीं हैं।

हिमालय भारतवर्ष की प्रायः सभी प्रसिद्ध नदियों यथा गंगा, यमुना, शारदा या काली आदि नदियों का उद्गम हिमालय के उत्तरी पर्वत-श्रेणी है। 'करनाली' नदी का, जो घाघरा के नाम से भारत में प्रसिद्ध है, उद्गम स्थान उत्तर पर्वत-श्रेणियों से दूर तिब्बत से है।

हिमालय की प्रसिद्ध चोटियों में एवरेस्ट चोटियाँ २९००२ फुट, नागा पर्वत २६१८२ फुट, नन्दादेवी २५६६१ फुट, त्रिशूल २३३८२ फुट, पांचोसो २२६७३ फुट तथा नन्दकोट २२५३८ फुट हैं।

हिमालय की तराइयों में विभिन्न प्रकार के लोग पाए जाते हैं। काश्मीर में लद्दाख से लेकर भूटान तक हिन्दचीन के लोग ऊपरी हिस्सों में ही पाये जाते हैं, लेकिन सिक्कम, दार्जिलिंग और भूटान में से लोग इन देशों के निचले भागों में भी वर्तमान है। हिमालय का एक यही ऐसा हिस्सा है जहाँ बौद्ध धर्म जीवित रूप में वर्तमान है। मुसलमानों ने इस भाग में इस्लाम धर्म के प्रचार का यथेष्ट प्रयत्न किया लेकिन यहाँ की जलवायु तथा प्राकृतिक असुविधाओं ने सर्वदा उनके प्रयत्न को विफल बनाया। १४ वीं शताब्दी में सुलतान सिकन्दर ने इस्लाम धर्म का प्रचार तलवार के जोर पर इन हिस्सों में करना आरम्भ किया लेकिन काश्मीर प्रान्त को छोड़कर इस धर्म का प्रचार और कहीं नहीं हो सका। जम्मू तथा हिमालय की तराई में उत्तर-प्रदेश और पंजाब के हिस्सों में हिन्दू धर्म को ही प्रधानता है। नेपाल में भी राज-परिवार का धर्म हिन्दू ही है। यद्यपि यहाँ हिन्दू धर्म के साथ ही साथ बौद्ध धर्म का प्रचार भी यथेष्ट हुआ है। यहाँ के जिन हिस्सों में हिन्दू धर्म की प्रधानता है वहाँ के

लोगों की भाषा पहाड़ी है। जो राजस्थानी से मिलती-जुलती है, जिससे यह सिद्ध होता है कि इन स्थानों के रहने वालों के पूर्वज भारतवर्ष से ही आए थे। हिमालय के कुमायूँ प्रदेश के रहने वाले लोग बड़े लजाधुर प्रकृति के हैं और वे सभ्य जगत् के लोगों से मिलने-जुलने में बहुत शर्माते हैं। इस प्रकार के लोग नेपाल के कुछ हिस्सों में भी पाए जाते हैं। लेकिन उनके सम्बन्ध में विशेष नहीं कहा जा सकता।

व्यापारिक दृष्टि से हिमालय में उत्पन्न होने वाले अनाजों का कोई विशेष स्थान नहीं है। चावल, गेहूँ, जौ और मडुआ यहाँ की मुख्य उपज है। आलू की खेती भी कुमायूँ प्रदेश में होती है। कुलू प्रदेश में सेव, पीच आदि फल भी सफलतापूर्वक उपजाये जाते हैं। हिमालय के इन प्रदेशों में खेती वर्ष में केवल एक बार ही हो सकती है। चाय के बगीचे १६ वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में कुमायूँ प्रदेश में अधिकता से लगाये गए थे लेकिन इस शताब्दी के उत्तरार्द्ध में ये बगीचे कांगड़ा और दार्जिलिंग की सम्पत्ति हो गये हैं। दार्जिलिंग में 'कुनाइन' बनाने के लिये सिनकोना की भी खेती होती है।

हिमालय की तराई में शाल, सीसम, देवदार, चीड़ आदि के जंगल बहुत पाए जाते हैं तथा पूर्वी हिमालय में जंगली रबर भी पाया जाता है जो कि 'असम' में बिक्री हेतु आता है।

हिमालय का पुराना नाम 'हेमवात', 'हिमवान्', 'हिमाचल' 'हिमन्तप्रदेश', 'हिमाद्रि' तथा 'हिमवात' है। कालिका पुराण में इसका उल्लेख पर्वतराज तथा कुमारसम्भव में 'नगाधिराज' के नाम से हुआ है। महाभारत के वनपर्व में लिखा है कि हिमवात प्रदेश नेपाल के ठीक पश्चिम दिशा की ओर बसा हुआ है और यह गंगा, यमुना, सतलज आदि नदियों का उद्गम स्थाम है। 'मार्कंण्डेय पुराण, 'महामारत' तथा 'कुमारसम्भव' के अनुसार यह पहाड़ एक समुद्र से दूसरे समुद्र तक 'कार्मुकस्य यथा गुणाः' के समान फैला हुआ है। 'कुणालजातक' के अनुसार हिमालय प्रदेश का प्रसार ऊँचाई में ५०० लीग तथा चौड़ाई में ३००० लीग माना गया है। कैलास, जिनका उल्लेख संस्कृत-साहित्य में अनेक स्थलों पर है, हिमालय पर्वत-श्रेणी के मध्य भाग के उत्तर में स्थित है। बौद्ध ग्रन्थों में हिमालय के सात बड़ी-बड़ी झीलों का उल्लेख मिलता है। उनके नाम हैः–कराणमुण्ड, रथकार, छुदन्त, कुणास, मन्दाकिनी, अनोतत्त तथा सीहप्पपात। महाभारत के सभापर्व और वनपर्व के अनुसार 'मैनाक' पर्वत भी हिमालय का एक हिस्सा था जो कैलास के समीप स्थित था।

साम्भर

सभँर नगर जोधपुर और जगपुर राज्यों की सीमा के अन्दर राजपूताने में २६°५५ उत्तर तथा ७५°११ पूर्व सांभर झील के किनारे बसा हुआ है। आधुनिक नगर की प्रायः सभी उपयोगी वस्तुओं, जैसे तार घर, विद्यालय, अस्पताल आदि से यह नगर सुसज्ज है। यह नगर चौहान राजपूतों की ८ वीं शताब्दी से ही प्रधान राजधानी माना जाता है। अन्तिम हिन्दू राजा पृथ्वीराज चौहान सांभर राव अर्थात् सांभर के महाप्रभु कहलाते थे। इतिहास से ज्ञात होता है कि यह नगर मुसलमान बादशाहों के अधिकार में १३ वीं शताब्दी से सन् १७०८ ई० तक रहा, जब कि यह जोधपुर और जयपुर के शासन-कर्त्ताओं द्वारा पुनः उनसे ले लिया गया। सांभर झील यहाँ की प्रमुख झील है। यह झील जयपुर और जोधपुर राज्यों के छोर पर २६°५३ तथा २७°२ उत्तर एवं ७४°५४ और ७५°१४ पूर्व अजमेर से ५३ मील उत्तर-पूर्व तथा दिल्ली से २३० मील दक्षिण-पश्चिम बसा हुआ है। यह झील समुद्र की सतह से करीब १२०० फुट की ऊँचाई पर है। जब यह भरी रहती है तो इसका क्षेत्रफल करीब ६० वर्गमील हो जाता है। गर्मी के दिनों में यदि कोई इसके एक छोर पर खड़ा होकर दूसरे छोर पर दृष्टि डाले तो यह उसे एक अति विशाल हिम का टुकड़ा नज़र आयगा। लेकिन सचमुच में यह हिम का टुकड़ा नहीं वरन् नमक का शान्त और स्थिर समुद्र है, जो देखने में हिम के टुकड़े के समान दिखाई पड़ता है। किंवदंती प्रसिद्ध है कि शांकभरी देवी ने अपनी पूजा से प्रसन्न होकर एक घने जंगल को विशाल चाँदी के टुकड़े में परिवर्तित कर दिया था और बाद में वहाँ के निवासियों द्वारा प्रार्थना करने पर उसी स्थान को नमक की झील के रूप में बदल दिया। इसलिए इस झील का नाम 'सांभर', सांकभर का परिवर्तित रूप, पड़ा। यह कथा ६ ठी शताब्दी की है।

इतिहास बताता है कि अकबर के राज्य काल से लेकर अहमदशाह के समय तक मुसलमान बादशाहों के हाथ में रहा। अब यह जयपुर और जोधपुर के महाराजाओं के हाथ में है। इसका पश्चिमी हिस्सा पूरा महाराज जोधपुर तथा पूर्वी हिस्सा सांभर नगर के साथ जोधपुर और जयपुर दोनों महाराजाओं के हाथ में है। कुछ समय के लिए यह झील मराठों और अमीर खाँ के हाथ में चली गयी थी, जब कि १८३५ से १८४३ तक अंगरेजों ने इसे शेखावटी में शान्ति स्थापनार्थ खर्चे के निमित्त अपने अधिकार में रखा था। अन्त में १८७० से यह झील पूर्ण रूप से अंगरेजों को लीज पर दे दी गई। और जयपुर तथा

जोधपुर के महाराज-गण केवल रायल्टी तथा कुछ वार्षिक रुपये पाने के अधिकारी रह गए।

केदारनाथ

केदारनाथ ज्योतिर्लिंग हिमालय पर्वत पर स्थित है। यह अति शीतल स्थान है। हिम का साम्राज्य वर्ष के प्रत्येक माह में रहता है। इसकी ऊँचाई २२८३५ फुट है। यहाँ श्री केदारनाथ जी का अति प्राचीन मन्दिर है। ऐसा कहा जाता है कि यह मन्दिर पाण्डवों के समय का बना हुआ है। यहाँ की भूमि जलमयी है। यह मन्दाकिनी गंगा का उद्गम स्थान है। पवित्र स्थान के एक ओर मन्दाकिनी और दूसरी ओर सरस्वती नदी है जो हिमालय से निकलती हैं। इस प्राचीन मन्दिर की मरम्मत कुछ काल पूर्व महाराज नेपाल और ग्वालियर ने करवाई थी जिसके कारण अभी तक मन्दिर सुरक्षित है। मन्दिर के द्वार पर द्वारपाल खड़े हैं और दीवार पर चारों तरफ पाँचों पाण्डव,द्रौपदी,कुन्ती,पार्वती, लक्ष्मी आदि की मूर्त्तियाँ बनी हुई हैं। मन्दिर में जाते ही पहले दालान में इसके दाहिनी ओर लक्ष्मण और जानकी जी सहित भगवान् रामचन्द्र जी के दर्शन होते हैं। बीच में नन्दी और गरुड़ जी हैं। मन्दिर के भीतरी भाग में एक ओर पार्वती जी दूसरी और लक्ष्मी जी मूर्त्तियाँ हैं। मन्दिर के अन्दर भगवान् शंकर के पीठ भाग का दर्शन होता है। मूर्त्ति लिंग सदृश नहीं है। किन्तु एक टीले के समान है। लोगों का विश्वास है कि भगवान थक कर यहाँ विश्राम के हेतु लेट गये थे। मूर्त्ति इतनी बड़ी है कि दर्शनार्थियों को खड़े होकर घृत का स्नान कराना पड़ता है। मन्दिर का भीतरी भाग अँधेरा है और रातदिन घी का दीपक जला करता है।

महाभारत के अध्याय ८३ के ७२ वें श्लोक में केदारनाथ का उल्लेख मिलता है।

वाराणसी

वाणारसी भारतवर्ष में हिन्दुओं के तीर्थ स्थानों में से एक पवित्र तीर्थ स्थान माना जाता है। पाणिनी की अष्टाध्यायी, पतंजलि के महाभाष्य, भागवत पुराण, स्कन्द पुराण तथा योगिनीतन्त्र में इस पवित्र स्थान का उल्लेख मिलता है। कूर्म पुराण के अनुसार यह नगर प्रयाग से ८० मील नीचे गंगा के उत्तरी किनारे पर वरणा और असी नदियों के बीच बसा हुआ है। चूंकि यह नगर वरणा और असी नदियों के बीच है इसलिये इस नगर का नाम वाराणसी है।

जैनों के "विविधतीर्थ कल्प" के अनुसार वाराणसी चार भागों में विभाजित है। १—देव वाराणसी, जहाँ श्री विश्वनाथ का मन्दिर स्थापित है। २—राजधानी वाराणसी—जहाँ यवनों का वास है। ३—मदन वाराणसी और ४—विजय वाराणसी। जैनियों के मतानुसार पार्श्वनाथ का जन्म काशी में ही हुआ था।

चीनदेश के वासियों द्वारा वाराणसी पो-लो-निन्सी समझा जाता है। उन लोगों के अनुसार इसका क्षेत्रफल ४००० ली माना गया है और इस नगर की बस्ती घनी मानी गई है। उनके मतानुसार इसके मन्दिरों में ३० संघाराम और १०० देवालय हैं।

वेदों और पुराणों में अनेक स्थानों पर वाराणसी या काशी का उल्लेख मिलता है। महाभारत के "अनुशासन पर्व" के अनुसार इस नगर के स्थापित करने वाले देवदास किसी युद्ध में हराए जाने के बाद जंगल में भाग गये थे तथा "उद्योग पर्व" के अनुसार भीमसेन के पुत्र इन्हीं देवदास को प्रतर्दन नामक एक पुत्र भी था। देवदास की जीवनी के सम्बन्ध में "हरिवंश" में भी बहुत कुछ हमें मिलता है।

यद्यपि हिन्दू और जैन धर्म ग्रन्थों में अनेक स्थलों पर काशी का उल्लेख है या अनेक कथाएँ भी मिलती हैं फिर भी इस नगरी की राजनीतिक अवस्था का स्पष्ट वर्णन हमें बौद्ध ग्रन्थों से प्राप्त होता है। बौद्ध काल में काशी ने अपना राजनीतिक महत्त्व खो दिया था क्योंकि कोशल के राजा प्रसेनजित के समय में काशी कोशल में मिला ली गयी थी। प्रसेनजित के पिता महाकोशल ने अपनी पुत्री कोशलदेवी के राजा बिम्बसार के साथ पाणिग्रहण के अवसर पर काशी नगरी को दहेज स्वरूप दिया था। इसके पश्चात् उत्तरी भारत के शक्तिशाली राजा अजातशत्रु द्वारा यह नगर पूर्ण रूप से जीत लिया गया था और मगध राज्य में मिला लिया गया था।

'गउड'

१६ वीं शताब्दी के अन्त तक 'गौड़' वंग प्रदेश की राजधानी हिन्दू और मुसलमान राजाओं के शासन-काल में रह चुका है। जैनियों के आचरांगसूत्र के अनुसार गौड़ देश रेशमी कपड़ों (दुकूल) के लिए प्रसिद्ध था। कुछ लोगों के मतानुसार "गौड़" नाम "गुड़" से निकला है, क्योंकि किसी जमाने में यह देश "गुड़" के व्यापार का केन्द्र समझा जाता था। आज भी मालदा शहर से १० मील की दूरी पर गौड़ के भग्नावशेष अपने पुरातनपने का

परिचय दे रहे हैं। यह एक पुराना शहर है, जो गंगा और महानन्दा के संगम पर बसा हुआ है। पद्मपुराण में गौड़ देश का उल्लेख मिलता है और इस देश के राजा का नाम "नरसिंह" था, ऐसा पाया जाता है। पाल वंश के राजाओं ने गौड़ प्रदेश की राजधानी कालिन्दी नदी के किनारे "रामावती" नगरी को बनायी थी। लेकिन इस राजधानी का अब कुछ भी पता नहीं चलता। गौड़ के राजा लक्ष्मण सेन द्वारा बनायी गयी लक्ष्मणावती बहुत काल तक सेन वंश और मुसलमान राजाओं की राजधानी रही। सेन वंश के राजा वल्लालसेन के द्वारा गौड़ में "वल्लालवाड़ी" नामक एक दुर्ग बनवाया गया था, जिसका भग्नावशेष अब शाहदुल्लापुर के समीप प्राप्त है। आज भी गौड़ के समीप श्री चैतन्य महाप्रभु द्वारा पवित्र किए हुए स्थान 'रामकेलि' तथा 'रूप' और 'सनातन' के रहने के स्थान रूप सागर, तालाब, कदम्ब का वृक्ष, कुछ कूप एवं मदनमोहन जी का पुरातन मन्दिर पाये जाते हैं। मुसलमान काल के कुछ उल्लेख योग्य स्थान जैसे जानजानमियाँ की मसजिद, हवेली खास का भग्नावशेष, सोना मसजिद, फीरोज मीनार आदि यहाँ वर्तमान हैं। इनके अतिरिक्त गौडेश्वरी देवी, जहरवासिनी देवी तथा शिव के पुराने मन्दिर भी अभी यहाँ वर्तमान हैं।

हर्ष के काल से लेकर लक्ष्मणसेन के काल तक एक नहीं अनेक ऐसे शिलालेख तथा ताम्रपत्र प्राप्त हो चुके हैं, जो गौड़ देश के प्राचीन इतिहास पर पूर्ण रूप से प्रकाश डालते हैं। इन शिलालेखों और ताम्रपत्रों में से मालवा के राजाओं के नागपुर के शिलालेख 'ई० सन् ११०४–११०५' का उल्लेख इसलिए आवश्यक है कि बीसलदेव रासो में गौड़ देश के उल्लेख का सूत्र इसके द्वारा स्थापित हो जाता है। इस शिला लेख के द्वारा पता चलता है कि परमार राजा लक्ष्मदेव ने गौड़ के राजा को हराया था।

'उड़ीसा'

उड़ीसा प्रदेश गंगा नदी के मुहाने से लेकर कृष्णा नदी के मुहाने तक फैला हुआ है। कलिंग के नाम से इस प्रदेश का उल्लेख संस्कृत ग्रन्थों में अनेक स्थलों पर किया गया है। यह भारत के पाँच प्रचीन राज्यों में से एक है। इसकी पुरानी राजधानी अभी भी नगर से आध मील की दूरी पर कलिंगपट्टनम् में वर्तमान है। राज्य दो भागों विभाजित है। गोदावरी के मुहाने (Delta) तक के स्थानों को कलिंग कहा जाता है तथा उत्तर की ओर महानदी के मुहाने तक के स्थान एक अलग प्रदेश बनाते हैं, जिन्हें ओद्र या उत्कल कहा जाता

है। पण्डितों ने इस नाम की उत्पत्ति और इसके अर्थ पर विभिन्न विचार प्रकट किये हैं। ओद्र बहुत पुराना नाम है और आज का नाम औड़ीसा या उड़ीसा इसी से बना ज्ञात होता है। जैसे ओद्र + देश = ओड़ीसा। इस शब्द का सम्बन्ध इसी नाम के लाल गुलाब के फूल से लगाया जाता है, जिसे वहाँ के रहनेवाले स्वर्ग के पाँच फूलों में से एक समझते हैं। लेकिन पण्डितों ने इस शब्द की उत्पत्ति के सम्बन्ध में कहा है कि इस शब्द का अर्थ गर्दा या धूल है। और इस शब्द के अपने कथित अर्थ को यह कह कर ठीक बताते हैं कि चूंकि इस प्रदेश के लोग संस्कृत विद्वानों की दृष्टि में बहुत ऊँचे नहीं समझे जाते थे इसलिये यह अर्थ ठीक है। इसका दूसरा नास उत्कल अवश्य संस्कृत नाम है, जिसका अर्थ उन्नतिशील प्रदेश होता है। (The glorius country) कुछ लोग इस शब्द का अर्थ Land of Bird-killer लगाते हैं। तथा कुछ ऐसे भी विद्वान् हैं, जो इसका अर्थ (The outlying Stup) बताते हैं।

इस प्रदेश का प्राचीन इतिहास यह बताता है कि यहाँ के आदि निवासी भुइयाँ, सबर, गोंड और खोंड थे जो अपनी-अपनी जातियों के प्रधान के साथ पृथक-पृथक समूह बना कर रहते थे। कुछ काल के बाद आर्य गणों का यहाँ प्रवेश हुआ और ये लोग अपनी बुद्धि और क्षमता के द्वारा उन आदि वासियों पर अपना प्रभुत्व स्थापित करने में समर्थ हुए। इतिहास यह भी बताता है कि किस प्रकार "आर्य गण जिनमें मुख्यतया राजपूत थे, उत्तर से तीर्थ यात्रा के हेतु "पुरी" में आकर बस गये और अपना राज्य स्थापित किया। आर्यों के राज्य स्थापित कर लेने के बाद भी उड़ीसा में छोटे-छोटे राज्यों की बहुलता रही तथा इसके मध्यकालीन इतिहास को जानने के लिए इसके निमित्त छोटे-छोटे राज्यों के सम्बन्ध में जानना आवश्यक है। पटना राज्य के आधुनिक राज्य-परिवार वाले आज से प्रायः ६०० वर्षों पूर्व यहाँ आये थे और उन्होंने अठारह गढ़ जात को जीतकर इस राज्य की स्थापना की। ऐसा कहा जाता है कि इस राज्य परिवार के लोग चौहान जाति के राजपूत थे, जो मैनपुरी के समीप रहते थे और वहाँ से मुसलमानों द्वारा भगा दिये गये थे। पटना में इस जाति के लोगोंने बस कर अपने बल और पौरुष के द्वारा शीघ्र ही आजकल के सम्बलपुर कहे जाने वाले जिले तथा इसके आसपास के राज्यों-सोनपुर और बांभरा पर अपना आधिपत्य जमा लिया। इसके बाद ही यह जीता हुआ भूखण्ड इस परिवार के दो भाइयों में विभाजित हो गया। इस विभाजन में जिस भाई के हिस्से में सम्बलपुर का राज्य मिला, वही महान् हुआ और पटना को हिस्से में पाने वाला भाई उसके अधीन हुआ। मराठों ने पहले पहल

सम्बलपुर राज्य को जीता और सम्बलपुर राज्य के जीतने के साथ उनका अधिकार पटना राज्य पर भी हो गया।

मयूरभंज का १३०० वर्षों का पुराना इतिहास बताता है कि यहाँ जयसिंह नामक एक राजा हुए थे। उनके बाद उनका ज्येष्ठ पुत्र वहाँ का राजा हुआ था, उनका मझला पुत्र क्योंझार का राजा हुआ। बौड़ और दसपल्ला राज्य के प्रमुख भी इसी राजा जयसिंह के वंशज अपने को बताते हैं। अब मल्लिक, नरसिंगपुर,माललहरा, तालचर और टिगिरिया राज्य के राजा गण भी अपने को राजपूत कुल का मानते हैं। नयागढ़ को बसाने वाले रीवां के राजपूत थे और उन्हीं के कुल के पूर्वज खण्डपरा राज्य के अधिष्ठाता थे।

उड़ीसा का रनपुर राज्य सबसे प्राचीन माना जाता है और यहाँ के राजाओं का इतिहास प्रायः ३६०० वर्ष पुराना माना गया है। इस राज परिवार का ही एक ऐसा इतिहास है जिसमें यहाँ के आदि आगन्तुकों का चिन्ह वर्तमान है। यहाँ के राजाओं की सार्वभौमता सर्वदा अक्षुण्ण रही। मुगल और मराठा काल में भी यहाँ के आन्तरिक मामलों में उनके द्वारा कभी हस्त-क्षेप नहीं किया गया।

सन् १८०३ में मराठों से ही अंगरेजों ने उड़ीसा को अपने अधिकार में लिया था।

परिशिष्ट (ख)

गूजर

'गूजर' मारवाड़ की सैनिक जातियों में से एक है। किसी समय गूजर अत्यन्त शक्तिशाली थे और गुजरात प्रान्त के अधिपति थे, लेकिन आज न तो ये गुजरात के अधिपति हैं और न इनका कार्य ही सैनिक जातियों का-सा है। आज इनका मुख्य व्यवसाय राजपूताने में पशु पालने का है और ये पशुओं का क्रय-विक्रय भी करते हैं।

'गूजर' शब्द संस्कृत भाषा के 'गुर्जर' शब्द का अपभ्रंश है। जेनरल कनिंघम के मतानुसार 'गुजरांवाला', 'गुजरात', 'गुजरखां' आदि नगरों के नामों के साथ गूजर शब्द का संयोग इस जाति के नाम के कारण ही है। ये नगर पंजाब प्रान्त के आसपास हैं, जहाँ यह जाति पहले-पहल पहुँची थी।

पंजाब से यह जाति दिल्ली आई, दिल्ली से अजमेर तथा सौराष्ट्र पहुँची, और वहाँ से इसने वल्लभीपुर के सम्पूर्ण भू-क्षेत्र पर अपना अधिकार स्थापित किया। जब इनका अधिकार इस क्षेत्र पर स्थापित हो गया, तब इस क्षेत्र का नाम वल्लभीपुर से परिवर्तित होकर 'गुजरात' पड़ा।

जेनरल कनिंघम के उपर्युक्त मत से ऐसा ज्ञात होता है कि यह जाति विदेशी थी और पंजाब प्रान्त से होती हुई भारत में आई। लेकिन श्री के० एम० मुन्शी आदि विद्वानों ने इस जाति की उत्पत्ति भारतीय राजपूतों से मानी है, जिसके प्रमाण में इन विद्वानों ने ताम्रपत्रों तथा ६ ठी शताब्दी की रचनाओं का उल्लेख किया है।[1]

राजपूताने के भाट भी 'गूजरों' की उत्पत्ति राजपूतों से ही मानते हैं। आज भी गूजरों में पँवार, चौहान तथा चन्देल आदि राजपूतों के, अनेक गोत्र तथा गूजरगौड, बड़ गूजर तथा गूजर पठान आदि गूजरों के गोत्र राजपूतों, ब्राह्मणों और मुसलमानों में पाये जाते हैं। ऐतिहासिक दृष्टि से इस जाति के सम्बन्ध में जो सामग्री हमें प्राप्त है और जिसके आधार पर इनकी उत्पत्ति के विषय में विचार किया गया है, वह विशेष प्रामाणिक ज्ञात होता है। सम्भव है इस जाति

१—द ग्लोरी दैट वाज गुर्जर देश—के० एम० मुन्शी पृ०—८।

के राजपूताने में बसने के बाद इनका मिश्रण राजपूताने के अन्य जातियों के साथ हुआ हो और तब से इनके गोत्रों का अन्य-अन्य जातियों में पाया जाना सम्भव हुआ हो। भाटों का कथन इसी आधार पर स्थित ज्ञात होता है।

आज भी मारवाड़ के पूर्वी परगनों तथा 'पर्वतसर' आदि स्थानों में यह जाति पर्याप्त संख्या में विद्यमान है। यह जाति अपना घर बस्ती से दूर बनाती है क्योंकि ऐसा करने में इन्हें अपने व्यवसाय पशु-पालन में सुविधा होती है। कहावत प्रसिद्ध है, 'गूजर जहाँ ऊजड़'। ये छप्पर छाने के कार्य में पटु होते हैं और विशेषकर इस जाति की स्त्रियाँ इस कार्य को करती हैं। उन्हें अपने इस कार्य की दक्षता का अभिमान भी है।

ये लोग 'गूजरे डेरीमाता', देवजी[1] तथा 'भैरोजी' की उपासना करते हैं तथा अपने देवताओं के सम्मान में गले में फूल पहनते हैं। ये मांस और मदिरा के सेवन के अभ्यस्त हैं। इनके यहाँ मृतक के शव की हजामत बना कर उसकी दाह-क्रिया की जाती है और मृतक का श्राद्ध दीपावली पर करने की इनकी परम्परा है।

'कछवाहा'

कछवाहा जाति के राजपूत अपने वंश की उत्पत्ति महाराज रामचन्द्र जी के द्वितीय पुत्र 'कुश' से मानते हैं। ऐसा कहा जाता है कि यह जाति अध्योया से स्थानान्तरित होकर 'नरवर' आयी और वहाँ से रोहतास और 'रोहतास' से 'आमेर' आयी। यहाँ आकर यह जाति बस गयी। अभी भी आमेर में इनकी तीन मुख्य शाखाएँ मिलती हैं :—१. शेखावत, २. नरूका तथा ३. राजावत।

१—शेखावत शेखा जी के वंशज हैं। कहा जाता है कि शेख बुहरान नामक किसी मुसलमान फकीर की कृपा से शेखा जी जन्म हुआ था। इनके पिता का नाम मोकल जी था। अस्तु, इनसे चलने वाली शाखा का नाम शेखावत पड़ा। शेखावत अपनी सन्तानों को छः वर्ष की अवस्था तक नीले रंग की टोपी और पायजामा पहनाते हैं। ये लोक सूअर के मांस का भक्षण नहीं करते।

२—नरूका अलवर राज्य का शासक वंश है।

---

१. नोट—लगभग ६५० वर्ष पूर्व मेवाड़ में 'देवजी' नाम के एक महात्मा हुए थे। उन्होंने मेवाड़ में अनेक करामातें दिखाई थां। गूजर इन्हीं 'देवजी' के भक्त हैं।

३—राजावत जयपुर राजवंश के निकटतम कुटुम्बी हैं।

कछवाहा जाति में स्त्रियों की संख्या पुरुषों से अधिक है। ये लोग प्रधानतः वैष्णव धर्म को मानने वाले हैं। शैव तथा शाक्त धर्म के अनुयायी इस जाति में बहुत कम पाये जाते हैं। इनकी कुलदेवी का नाम जमुवाय माता है। इनके घर की स्त्रियाँ हाथ और कान में स्वर्ण के अतिरिक्त अन्य किसी धातु के गहने का व्यवहार नहीं करतीं।

पंवार

आबू पर्वत के यज्ञकुण्ड से उत्पन्न चार अग्निकुलों में से पंवार भी एक है। पूर्वकाल में यह वंश अत्यन्त शक्तिशाली था। परम प्रतापी राजा भोज तथा राजा विक्रमादित्य इसी वंश के भूषण थे।

मारवाड़ में इस वंश की जो कथा प्रचलित है, उसके अनुसार वहाँ के वालमेर स्थान के किसी "धरनीवराह" नाम के राजा का नाम लिया जाता है, जो इस वंश के आदि पूर्वज थे। इनके नौ भाई थे। धरनीवराह ने मारवाड़ को नौ भागों में बाट कर एक-एक भाग प्रत्येक भाई को सौंप दिया और 'कोट किराडू' अपने पास रखा। यही विभाजन आज भी मारवाड़ में नौकोट मारवाड़ के नाम से प्रसिद्ध है। एक पद भी इस सम्बन्ध में लोग गाते पाये जाते हैं:—

मंडोवर सावंत हुओ अजमेर सिन्धसू।
गढ़ पूंगल गजमल्ल हुओ, लूद्रवे भान भू॥
आलपाल अर्बुद्ध भोजराजा जालन्धर।
जोग राज घर घाट हुओ हंसू पारक्कर॥
नवकोट किएड संजुगत थिर पंवारां थापिया।
धरणीवराह घर भाइयाँ कोट बाँट जुअजुअ किया॥

अर्थात् धरनीवराह ने पंवारों की सारी जमीन नौ भागों में विभाजित कर अपने नौ भाइयों को दे दिया और कोट किराडू अपने पास रखा। इस विभाजन के अनुसार मंडोर सावन्त को अजमेर सिन्धु को, पुंगलगढ़ गजमल्ल को, लुद्रेवा भान को, आबू आलपाल को, जालन्धर अर्थात् जालौर भोजराज को, तथा जोगराज को 'घात' और उमरकोट, एवं पारकर हंसराज को प्राप्त हुआ। इस विभाजन से पंवारों की शक्ति क्षीण हो गयी और चौहान, राठौर, पडिहार आदि राजपूताने की अन्य क्षेत्री जातियों ने इन नौ राजाओं को धीरे-धीरे जीत लिया। आज भी पंवारों की कुछ शाखाएँ 'सोढ़ा', 'साखला', 'भयाल' आदि मारवाड़ में पाई जाती हैं। इन शाखाओं की जीविका निर्वाह का साधन अब

किसानी है। कहीं-कहीं पंवारों में लोग शव को उलटा रख कर शवदाह करते हैं। इनके पूर्व वैभव का एक सोरठा प्रसिद्ध है:—

पृथ्वी बड़ा पंवार, पृथ्वी पंवारांतणी।
एक उजेणी धार, दूजो आबू बैठणू॥

चौहान

पंवार की तरह चौहान भी उन चार अग्निकुल वंशीय राजपूतों में से एक हैं, जिनकी उत्पत्ति आबू पर्वत पर किये गये यज्ञ के अग्निकुण्ड से मानी जाती है। कर्नल टाड के मतानुसार राजपूत जाति की समस्त शाखाओं में से ये वीरता में सर्वश्रेष्ठ हैं। पंवर वंश के पश्चात् कुछ काल तक दिल्ली पर इन्हीं का शासन रहा। मारवाड़ में भी अनेक स्थानों पर इनका अधिकार था और ये उन स्थानों के शासक रह चुके हैं। बीसलदेव रासो के अध्ययन से पता चलता है कि ११ वीं शताब्दी में अजमेर के शासक चौहान वंशीय राजा ही थे। आज भी मारवाड़ के विभिन्न भागों में ये अपनी वीरता की सेवाओं के उपलक्ष्य में प्राप्त भूभाग को लिये हुए बसे हुए हैं।

चौहान वंश से जिन शाखाओं का विकास हुआ है, उनमें मुख्य और महत्व-पूर्ण 'देवडा', 'हाडा', 'सोनगरा', 'निर्वानपुविया' और 'सांचोरा' हैं। इन विभिन्न शाखाओं के अतिरिक्त एक शाखा मुसलमान चौहानों की भी है, जो सन् १३८३ ई० में फिरोजशाह तुगलक के शासन काल में मुसलमान हो गये थे। इस शाखा के चौहान 'कायमखानी' नाम से प्रसिद्ध हैं।

चौहान वंश की कुलदेवी शाकंभरी माता हैं। इस वंश के राजपूतों में 'गोगा जी' का नाम बहुत प्रसिद्ध है। ये लोग उनके नाम का एक धागा धारण करते हैं और विश्वास करते हैं कि यह धागा साँप के काटे व्यक्ति को स्वस्थ करने में समर्थ है। भाद्र सुदी ६ को ये लोग 'गोगानवमी' नामक उत्सव मनाते हैं। ये गोगाजी कौन थे कहा नहीं जा सकता। लेकिन इनकी मान्यता और प्रसिद्धि को देखते हुए ज्ञात होता है कि ये अवश्य कोई सिद्ध पुरुष, इनके वंश में हुए होंगे। 'कायमखानी' भी गोगा जी को गोगापीर के नाम से पूजते हैं। पश्चिमी प्रान्तों के निवासी चौहानों में उत्तराधिकार में प्राप्त सम्पत्ति को पुत्रों एवं विधवा स्त्रियों में बाँटने की प्रथा है। इसी वंश ने सर्व प्रथम 'नाता-प्रथा' का प्रचलन किया और 'नातरायल' के नाम से नवीन समुदाय की नींव डाली। जालोर के राजा कानडदेव ही वे प्रथम राजा थे, जिन्होंने अपनी विधवा पुत्री का पुनर्विवाह चितौड़ के राणा के साथ कर 'नाता-प्रथा' को आरंभ किया था।

भाटी

भाटी वंश के राजपूत अपनी उत्पत्ति भगवान् कृष्ण तथा चन्द्रवंशी राजपूतों के पूर्व पुरुष यदु से मानते हैं। इस वंश के राजपूतों का स्थान राठौड़ वंश के पश्चात् आता है। कर्नल टाड ने भाटी राजपूतों को भारतवर्ष के समस्त राजपूतों की अपेक्षा अधिक प्रसिद्ध माना है।

जैसा कि ऊपर कहा गया है, इस जाति की उत्पत्ति के विषय में यह कथा प्रचलित है कि महाभारत के युद्ध के बाद भगवान् श्रीकृष्ण के उत्तराधिकारी मध्य एशिया में चले गये थे, और वहीं से उन्होंने ग़जनी आदि प्रदेशों की स्थापना की। जब उन्हें वे सब स्थान किसी कारणवश छोड़ने पड़े, तब वे लौट कर पञ्जाब आये और दीर्घ काल तक पञ्जाब प्रान्त के 'भटनेर' नगर में बसे रहे। यही कारण है कि इनका नाम भाटी प्रसिद्ध हुआ। लेकिन कर्नल वाल्टर और कर्नल हण्ट का मत है कि किसी काल में इस वंश में भाटी नाम का कोई वीर योद्धा हुआ था और उसी के नाम पर इस वंश के राजपूतों का नाम भाटी पड़ा। इनकी उत्पत्ति चाहे उपर्युक्त कारणों में से किसी भी एक कारण से हुई हो लेकिन ये लोग भटनेर में बसे अवश्य थे, जहाँ से ये दिरावल होते हुए जैसलमेर गये ये और वहीं अवस्थित हो गये। इस समय जैसलमेर ही इस वंश का केन्द्र स्थान है। इस सम्बन्ध में निम्न दोहा सुना जाता है:—

मथुरा काशी प्रागब्रड गजनी अरु भटनेर।
दिगम दिरावल लोद्रवो नम्मो जैसलमेर॥

कर्नल टाड का कथन है कि भाटी राठौड़ों के समान न तो अन्य क्षत्री दीर्घकाय और पुष्ट शरीर वाले ही होते हैं और न कछवाहों की भाँति सुन्दर आकृति वाले ही, लेकिन इनकी रूपरेखा आकर्षक और सुडौल होती है तथा वर्ण स्वच्छ होता है।

भाटियों की दो शाखाएँ—१. 'जैसा' और २. 'रावलोट' मारवाड़ में आबाद हैं। इस वंश का वैवाहिक सम्बन्ध राजाओं और जागीरदारों के साथ अधिक होने के कारण इनके पास अभी भी अनेक जागीरें वर्तमान हैं।

परिशिष्ट (ग)

शब्दार्थ

'अ'

अठार—अठारह, अट्ठारह। अउहव—अनोखा, अद्वितीय। अकुलीणीय—अकुलीन। अवकर—अपशब्द। अरणष—रोष। अछइ—है। अणुहार—अणुहारि, अनुकरण करने वाला, समान। अरथ—अर्थ, धन। अस—ऐसा। अपहछ—अपह छ, अपच्छ, अहितकर। अनइ—अण्ण—खाना, नाज, पानी। अम्हि—मेरे। अवली सवली—सजी-बजी। अहिनाण—अभिज्ञान, चिन्ह। अरण—आदि।

'आ'

आपणइ—अपने। आभर—आभरण—गहना। आषडीया—आँख। आहेडीय—अहेरी। आणंदियउ—आनन्दित हुआ। आगिला—आगे। आजणी—अंजन। आवासइ—रहने का स्थान। आसंजीयउ—आसंजिअ—आसक्त। आगली—बढ़ कर, अच्छी, सुन्दर। आल—दोषारोपण, आड, अवलम्ब। आकरी—तेज। आणि—आनि—लाकर। आगलउ—आगे। आषि—ठमका—पलक मारते ही।

'इ'

इसउ—ऐसे।

"उ ऊ"

उलगाणा—प्रवासी। ऊलगइ—स्मरणीय। उछाह—उत्साह। उघरउ—उद्धार। उलीभ—उलीण—कुलीण—उग्गहइ—निकलता है, खान से निकलता है। उलग—परदेश, प्रवास। उलगाणउ—प्रवास के निमित्त। उचाय—उच्चय—त्याग देना, छोड़ देना। उछइ—उच्छइ—आच्छादित। उसीस—उस्सास—उच्छ्वास (उद्धं प्रबल : श्वास : उच्छ्वास :) ऊँचा श्वास लेना। उमाहीयउ—उमंग पर। उलट्यउ—उलट पड़ा हो। ऊतउ—वहां। उजला—उज्ज्वल। उसाकी—उसकी। उवर—उदर—पेट। उमाहियउ—उम्माहियउ—विनाशित। उलषउ—देख सकना। उणइ—उनको। उमाहियउ—आवेगा। उणरउ—उसका, उनका। उरिआ—हृदय में। उमाही—उमंग। उससाइ—उसांस। उछली—फहरा रही है। ऊभलयउ—अच्छा।

"ए ऐ"

एतउ–इतना ।

"क"

कडवउ–कड़वक छंद । कुलह–टोपी । कवाइ–कवा लम्बा अंगरखा । कोपीउ–बोलना, कहना । करइ–करते हैं । कंधि जनोईय–कन्धे पर जनेऊ । कडिहि–कडि–कमर । कानिह–कान । काणि–कानि, शपथ । कीडी–कीड़ी, क्षुद्र जन्तु । कटकी–कटक । कहिनइ–आज्ञा । कण–तण्डुल । कुकस–कुस्कस–धान आदि का छिलका, भूसा । कविली–कपिला । कउण–कौन । कूल्हड–छोटा पात्र । कलि–कलह । कइ–अथवा । करह–ऊँट । कूंडर–कूड़ा । किसा–कैसा । काक–कान । कुरलीय–कुरर–कुरल, पक्षी, उत्क्रोष । कोकिज्यो–बुलाना, कोकना । कमेड़ीय–कमेड़ी, कपोती । कमावती–काम करती, कराती । कराइ–करता है । कूपीलां–कुंपल–मुकुल, कलि । कंचूवउ–कंचूअ–चोली । केलिगरभ–कदली गर्भ । कूंवली–कोमलांगी । कूजर–कुंजर । कालरी–बढ़-बढ़ कर । कागुल–पत्र । कंठभरेभरे–रुद्ध कंठ से । कुंवरि–कुमारी । कामणी–कामिनी,सुन्दरी । कलिंग–उड़ीसा प्रदेश । कुवण–कौन । करिं–करके । कोड़ि–कोटि–करोड़ । किमांड–किवाड़, दरवाजा । कुवण–किस । कडी–कटि–कमर । कुलहीण–कुलहीन । कर्डाया–कमर ।

"ग"

गंग–गंगा नदी । गुपति–गुप्त । सउषि–गवाक्ष, खिड़की । गोठी–गोदि–गोष्ठी–मण्डल, गोष्ठी । गाठड़ा–गाँठ में, गठरी । गुजइ–झूमते हैं । गइलछइ–मार्ग में हैं, मार्ग में खड़े हैं । गरथ–द्रव्य, ग्रन्थि । गउड़–गौड़ देश । गुजर–गुज्जर–गुजरात देश । गहिली–पागल । गंग नइ पारि–गंगा के पार । गाठिका–गांठका । गारूड़ी-गरुड़ । गिलेसी–गिलेसि–गिलिअ–निकलना । गउ–गया । गुहिर–गहरी । गमाइया–नष्ट करना । गुडी–पताका । गाहीजइ–रखा जाता है ।

"घ"

घोडला–अश्विनी नक्षत्र । घणीय–घना । घेउर–घेवर, मिष्ठान्न विशेष ।

"च"

चादरि–आसन । चोषउ–चौकस, शुद्ध । चिहुँ–चारों । चोरीय–चीठी । चहोडइ–चढ़ना । चादर–चद्दर । चिहुँघडीया–चौघड़िया । चुंवणी–चुम्बन ।

चींत–चिन्ता । चतह–चित्त । चंपीया–दबा हुआ। चउरी–चउरिया–लग्न मण्डप । चंडीयउ–प्रबल, उग्र । चउरासिया–विशिष्ट पदाधिकारी । चिन्तवइ–चिन्ता करना, विचार करना । चऊथि–चतुर्थी (गणेश चतुर्थी) । चोरजउ–जिस प्रकार चोर रखता है । चउषंडी–चार खण्ड, चार खण्ड का राजमहल । चीड़ीय–चिड़िया । चीरी–चिट्ठी । चउरा–चौपाल । चाउ–चादर ।

"छ"

छाइउ–छाना । छंडी–छोड़ दी । छिवणी–स्पर्श करना, छूना । छार–राख । छोडि–डाल दी । छोटीय–छोटी छाहड़ी–छांट ।

"ज"

जूवा–जुव–तरुण । जइतूं–जो तू । जनम हूवउ–जन्म हुआ । जान–यान–बारात । जोसि–ज्योतिषी–पण्डित । जोग–युक्ति । जूठउ–झूठा । जोगनी–जोइणी–योगिनी (ये ६४ हैं) । जुरइ (जुडई)–जुड़ जाते हैं । जिहा–जिस । जोइ ज्यों–देखना, खोजना । जइरि–यदि । जमडाढ़–तलवार । जुहारण–नमस्कार । जोडइ–आरम्भ करना । जावता–बीतता । जाइ–जाता है, जाकर । जं–समान ।

"झ"

झलवलइ–चमकना । झूरता–चिन्ता, झूरना, सूखना, पछताना, विलाप करना । झुण कार–रुनझुन । झिगमिगइ–जगमगाना । झंपियउ–झंखना, व्यथित हुआ । झीड़ई–पतली । झलकय–झलकती है, चमकती है । झलमलई–चमकता है । झाल–ज्वाला । झुनाकउ–जूनागढ़ का ।

"ट"

टसकला मुसकला–चटकना, मटकना । टउरि–मैं जिस प्रकार । टेकि–पकड़कर ।

"ठ"

ठअकती–ठुमकती चाल, रुक कर चलना । ठवइ–ठइअ–ठविय–रखता । ठाकुर–राजा । ठामोठामि–जगह-जगह । ठांइ–स्थान ।

"ड"

डालीयउ–फेंकना ।

"ढ"

ढाकणउ–ढाका जाना, छिपाना । ढुलई–चल रहा है ।

"त"

तणउ–तण–तृण–घास । तुरीय–तुरय–घोड़ा । ताजीय–ताजी । ताणीया–णिअ–ताना हुआ । तिउरि–उसी प्रकार । तलइ–नीचे । तइ–तेरे । तव–त । ताजणउ–घोड़े का । तावडउ–धूप । तुझनइ–तुमसे । तूठउ–संतुष्ट । ाजी–ताजी, घोड़े की एक जाति । तंबाल्ह–तंबोलि–पान । तोरणि–वहिर्द्वार ठी–तुष्ट, प्रसन्न । तपई–तप्पइ 'तप करना', गरम होना, तपाना । तडी–से ।

"थ"

थोड़ी-थोड़ी–कुछ-कुछ ।

"द"

देषउ–देखना । दातार–देने वाला, दाता । देज्यो–दे । दीन–दिया । ीवड़–दरवाजे पर । देडवडी–दुंदुभी । दाहिमा–दक्षिण दिशा, दक्षिण देश । ाइजउ–दहेज । दिहाडउ–दिन । दावड़ी–लड़की, छोकड़ी । द्वीज–द्वितीया । ाधा–जलाया हुआ । दिहि–दृष्टि-दिठि–नजर, नेत्र । दवरंती–दमयंती । दुषि–दुःख । दुधू–दुग्ध–दूध । देवकइ–देवता का । देव–देवता 'दइव' यहाँ बीसल-देव । दीप–दीपक (राजमती) ।

"ध"

धीरिकयउ–धार का । धारइ–धारण किया । धान–धान्य, अन्न । धीन–धान्य । धण–स्त्री राजमती । धवल्या–सफेद, सफेदी कराना । धवलीय–धौरी । धीरय–धीरिअ–धैर्य । धण का नाह–पति । धण–राजमती ।

"न"

नवि–णवि (वैपरीत्य सूचक अव्यय) नहीं । नइ–णइ–नदी, नम्रतापूर्वक । नवसर, नव–णव, नया । नावइ–न आवइ–नहीं आती है । नावीया–नहीं आवोगे । नल्ह–नाल्ह कवि । नगर–शहर । नीकी–अच्छी, सुन्दर । नयण–नयन–आँख । नीसरइ–णिस्सरइ, बाहर निकलना । निवात-नवनीत–मक्खन । नयर–नगर । नाह–णाह, नाथ । नरेश–नरों के स्वामी । नीसाणो–नगाड़ा ।

नालेर–नारिकेल–नारियल । निवार, णिवार–निवारण । नवकरि–नमस्कार करना । नवीण–नम्रतापूर्वक, नम्र होकर । निहालती–निरीक्षण करना–देखना । नाद–ज्ञान । न्हांण–नहाना । निरममां–निष्ठुर । नइड़ा–निकट ।

"प"

पयाण–प्रयाण–गमन, प्रस्थान । पाणही, पाणहा–जूता । पूगी–पूरा कर । पीक-पान का पीक । परिहसि–परिहास । प्रउलि–पौरि । पयउहर–पयोधर । पूछउ–पूछो । पुरिबी–पूर्व का (उड़ीसा का) । पूति–पुत्त–पुत्र । पारणउ–पारण । परिगह–परिगग्गह–ममत्व । परिमाण–प्रमाण । पूरिव्यउ–पूर्व का । पाटलउ–पाटा । पूठि–पुट्ठि, पिट्ठी, पृष्ठ, पीठ । परहर्यउ–छोड़ना (छोड़ा) पहुता–पहुँचा । पग–पांव । पातलउ–पतला । पधारउ–पधारना, जाना । पछह–पीछे । पूरबी–पूर्व का । पाका–पका । पटोली–पट्ट, पहनने का कपड़ा । पसाउ–पसायन–प्रसन्न करना । पलाणि–पलोंद । पाणइ–पानी । पालि–तालाब आदि का बन्ध । पायस्यां-पायस–खीर । पगर–पगड़ी । पोष–पौष मास । पालषी–पालकी । पहिरावणी–पहिरामण-पहिरावण–भेंट में दिया जाता है वस्त्र जो । परणि–विवाह । पश्चिम–पश्चिम । पहिरणइ–परिधान । पातली–पतली । परगास-परकास-प्रकास–दिखा,बता । पतडउ–पत्रा, पंचांग । प्रथमइ–पहले । पठाइ–भेज दे । पालउ–पालन करो । पतीजुं–विश्वास करना । पाषारइ–पाखार, काठी (घोड़ों पर पाखर काठी) । पषालिज्यो–पखारना । पाट–रेशम । पटंवर–रेशमी वस्त्र । पऊत-लउ–पहुँचा । पाइजइ–पाना । परिणवा–विवाह । पाइक–प्यादा, पैर से चलने वाला सैनिक । पाटि–पीढ़ा । पलाणीया–पलाणिअ–भागा, दौड़ा, भागा हुआ, गया । पउलि–पउलिअ–पका हुआ, जला हुआ दुग्ध । पौरि–ड्योढ़ी । पहर–पहनना । पतीजी–प्रतीति, विश्वास । परकाइ–दूसरों के शरीर में । पंषी–पक्षी । पउहर–पयोधर । परजल–प्रज्ज्वलित । पाइसुं–पायस–खीर ।

"फ"

फाटि–फटकर । फेडियउ–छोड़ना । फड़कइ–फड़कना । फिक्या–घूमा । फूदा–फुलरा । फेरबी–फेरना ।

"भ"

भवण–उत्पत्ति, जन्म, मकान, असुर कुमार आदि देवों का विमान, सत्ता । भेदइ–भेदना, तोड़ना । भेरि–भेरी, वाद्य विशेष । भोगवउ–भोग करना ।

भादवइ—भादो—भाद्रपद। भाण—सूर्य। भुइ—भूमि। भाइस—भाई। भरतार—स्वामी। भमइ—भ्रमइ—घूमता है। भीनउ—भींग गया। भइरव—अस्तव्यस्त।

"म"

मुधि—मूढ़, मूर्ख। मोडिउ—मोड़ा, गूँथा। माडिय—भरा हुआ। मंगा—मांग। मांकल्यउ—मोक्कलिय—प्रेषित, भेजा हुआ। मोकल्या—मोकल्ल—मोकलंबु (गुजराती)—भेजना। मुझ—मेरा, मेरी। म्हाहरउ—मेरे यहाँ। म्हारइ—मेरे। मेल्हउ—छोड़ा। मलावउ—मिलावय, मिलाओ। मुगति—मुक्ति। मनह—मनमें। मेघा—मेघों का समूह। माय-माइ—मातृ का, मातृ का पूजन। मांडहउ—मंडवा, मंडप। मेल्या—मेलाव, मिलाप। मेल्हि-मेल्ह—छोड़ना। मेदन-मेइणि—मेदिनी। मारु—मारवाड़। मउडउ—मोड़कर निकाल, देर से निकाल। मेडउ—मुंड, संन्यास। मास—कोमल आमन्त्रण सूचक अव्यय। महारि-महारिय—मेरा। मइला-मइल—फीका—मलीन। मुहि-मुह मुज्झ—मोह करना। मंडर—मंडि—भूषित। म्हाकी—मेरे। माहि—में। मेल्हाण—छोड़ना, परित्याग, छोड़ा। मसाण—श्मशान। मंडिया—मंडिअ—रचित, लगाकर। मोनइ—मुझे, मुझको। मेलउ, मेलय—सम्बन्ध, संयोग। मरेसि, मरेगा—मरेगी। मुया—मृतक। मिल्या—मिलना। माता—मस्त। मइगल—मदगलित।

'र'

रावलउ—राजा का। रावली—राजाओं की। रति—ऋतु। राया—सुन्दर। रोस—क्रोध। राजकउ—राजा के। रावडी—राषड़ी—शीश फूल। रिषज्यो—रखना। राउ—राजा। रावलइ—राजभवन, (अन्तःपुर)। रवि—अग्नि, नायक सरदार। रोहणी—रोहिण—दिन का दूसरा पहर, नक्षत्र विशेष; शकेन्द्र की एक पटरानी, आषाढ़ के कृष्ण पक्ष में रोहिणी से चन्द्रमा का योग होता है। रुनी—रुदन।

'ल'

लषलहइ—लाख प्राप्त करले, पहचानने योग्य। लंकि—कटि। लाष—लाख संख्या। लोपीय—लुप्त, अप्राप्त। लावीय—लाभ, सुन्दर रम्य। लुणिजइ—लुअ—काटा हुआ। लोवड़ी—लोभपटी, सुन्दर बारीक। लूण—नीमक, लवण। लाषा—लाखों। लेइ—लेकर। लागिण—लगती थी। लाउ—प्रेम। लंछण—लांछना। लागामी—लगाम। लवइ—हिल जाता है।

"व तथा ब"

ब्रनवउ–वर्णन करना। वरवीसल–वीर बीसलदेव। विचिक्खण–विचक्षण। वेगम–शीघ्र। वरि–निकट। वइसाइ–बैठा कर। वसउ–वसइ–स्थान। वासउ–बास। वस्या–किया। विचाल–विचाल–अन्तराल। बारहा–बारह। वंदिया–वंदना। वरधू–वरधू–वाद्यविशेष। विहुवाणा–दो वाणों से। वयण–कथन, वाणी। बेषि–भेष। विहुणीय–विहुण–अलग करना, बिना। वालि–राजा। बार–वारह। विरास्या–कष्ट किया। वोलिनइ–बोलना। वांदी–चेरी। वारि–द्वार। वाहला–वाहलीया या वाहली–क्षुद्र नदी, छोटा नद। वीध–विधि, प्रकार। वइसवाइ–बैठने के लिये। वासीयउ–वाणिय–सुगन्धित किया हुआ, संस्कारित। वाउडइ–वाहुडइ–वाहुडिअ–लज्जित। वाहुडयाउ–लौटा। वज्र–वज्र। वाट–मार्ग। वाह–वायु। वाहुढ्या–लौटना। वीज–विजली। बादल–बादल। बउलावीया–बुलाया। बुढ़डइ–बुढ़ी। वंजारि–मार्जार (बिल्ली) वाधीया–बाँधा। विह–उसके। वार–शीघ्र। वाणिया–बनियाँ। विहुणी–बिना। वाधतउ–बढ़ते हुए। बधामणी–बधाई। वहिनडी–बहन। बुहारं–झाड़ना। वइगा–शीघ्र। वीष–पग। विसहर–विषधर–सर्प। वाकरउं–निर्वाह करूँगा। वीरा–भाई। वारउ–मना करना। वेस–वयस। वइसतउ–बैठने के लिये।

"स" और "ष"

सवारइ–सुसज्जित करना। सरसीय–सरस, साथ। संगुण–सउष–प्रसिद्ध शुभाशुभ सूचक बाहुस्पन्दन, काक–दर्शन आदि निमित्त, सगुन, गुण। सामाण–समान। सामाणसा–सुपुरुषजन। सिषिज्यो–सीखना। सुजाण–सुन्दर, चतुर। सुवर–अच्छा बर। समदीय उछइ–बिदा करना। सोनउ–सोणण, सोना। सिउ–समुख। सगलउ–सकल, सब। संजहु–सजाना, सजाओ। सरगल–सइग–सौ की कीमत का, अनेक। संजइ–सजना। सावा–सवा १¼। सुहव–सुभग। सरिसिउ–समान। सगल–सदल–सकल। सावटू–वस्त्र विशेष। सउडि–चादर। स्हास–सास। सगलीहे–सगल–सदल–सकल। सवालषउ–सपादलक्ष, देश विशेष। सोवन–सोवग्ज–सोना, सुवर्ण। सवाहीयउ–प्रशंसा। सुं–से। सीषि–शिक्षा। साहणी–साहुनी। सुचंग–चंग–सुन्दर। सुणाउ–सुनो। सूकट–सिकोड़ना। साथि–साथ। सं–संग। सिरि–सिर से। सहिनाण–चिन्ह, (पहचान)।

सुणवियउ–सुनाना। सार–मूल्य। उत्कृष्ट, अच्छी। सायर–सागर–समुद्र। सूकि–सूख कर। सारिषी–सारिक्ख–समान, सरीखा। सारिषउ–सारिक्ख–सदृश, समान। सउण–शकुन–सगुन। सउचरि–चार सौ। साढि–ऊँट। सकउ–सकना।

सहि–सहना । सगलय–सगल–सयल–सकल । सांचिति–वह हृदय में । सांवलउ–संबल । सुभाइ–सुभग–आनन्द । सं–साथ. से । संउ–समान । सीस–सर । ससोभित–सुशोभित । सुणीजा–सनेही, स्नेहियों । संस्या–घोड़ा । षाण–खान । षाल–निचले भूभाग (गड्ढे) । षेह–खेह–धूलि–रजा षिवाइ–चमक जाती है । षाडउ–खारा । षउलि–खौरी । षाइ–खाने बैठना । सद–सद्यः । सुवस–स्ववश–स्वतन्त्र । सोपारइ–लग्न की सुपाड़ी । सीला–शीतल । सुसतउ–धीरे-धीरे । संचिजइ–सींचते हैं ।

'ह'

हंस वाहण–हसंवाहिनी, सरस्वती । हुउ–हुआ । हउरि–मैं । हियडलइ–हृदय । हेली–होली । हलवइ–धीरे । हारि–पराभूत होना ।

* सहायक पुस्तकों की सूची *

'छंद, रस, और अलंकार तथा भाषा'

१. युक्ति व्यक्ति प्रकरणम्— सं० मुनि जिनविजय तथा डा० सुनीति कुमार चाटुर्ज्या ।

२. छंदोऽनुशासनम्— संपादक प्रो०एच० डी० वेलणकर ।

३. छंदःप्रभाकर— जगन्नाथ प्रसाद "भानु" ।

४. पिंगल छंद सूत्रम्— पिंगलाचार्य, स्वर्गीय सीतानाथ समाध्यायी भट्टाचार्य द्वारा सम्पादित तथा श्री गोविन्द चन्द्र काव्यतीर्थ पुराणशास्त्री द्वारा संशोधित ।

५. रघुनाथ रूपक गीतारों— मंछ कवि 'सं० महताब चन्द्र खारैड, 'विशारद'जयपुरवाले । 'नागरी प्रचारिणी सभा काशी ।'

६. अपभ्रंश मीटर्स— प्रो० एच० डी० वेलणकर, 'बम्बई यूनिवर्सिटी जर्नल १९३३-३४ पृ० ३२-३४ ।'

७. राजस्थानी लोकगीत— स्व० श्री सूर्यकिरण पारीक, एम० ए० ।

८. रस गंगाधर— जगन्नाथ पण्डितराज 'सं०—पं० पुरुषोत्तम शर्मा चतुर्वेदी, नागरी प्रचारिणी सभा ।'

९. काव्य कल्पद्रुम— कन्हैयालाल पोद्दार ।

१०. हिन्दी व्याकरण— कामताप्रसाद गुरु ।

११. नोट्स आन दि ग्रामर आफ दी ओल्ड वेस्टर्न राजस्थानी— टेस्सिटोरी ।

१२. हिन्दी भाषा का इतिहास — डा० धीरेन्द्र वर्मा ।

१३. राजस्थानी भाषा — डा० सुनीति कुमार चाटुर्ज्या ।

१४. राजस्थानी भाषा और साहित्य-पं० मोतीलाल मेनारिया।

१५. डिंगल में वीररस— ,, ,, ,,

१६. कम्परेटिव फाइलोलाजी— डा० पी० डी० गुने।

१७. लिंग्विस्टिक सर्वे आफ इण्डिया—वोल्यूम ६।

१८. अ ग्रामर आफ कम्परेटिव आर्यन लैंग्वेज— जान बीम्स।

१९. अ ग्रामर आफ गाडियन लैंग्वेज— ए० एफ० आर० हार्नले।

इतिहास, भूगोल, तथा अन्य पुस्तकें

२०. नागरी प्रचारिणी पत्रिका—संवत् १९५८, १९५९, १९८२, १९९५, १९९६, १९९७.

२१. राजस्थानी पत्रिका— भाग ३

२२. एनुअल रिपोर्ट आन दी सर्च फार हिन्दी मैन्युस्क्रिप्ट फार दी इयर १९००।

२३. वारडिक सेलेक्शन्स — लाला सीताराम।

२४. मिश्रबन्धुविनोद—

२५. पृथ्वीराज विजयाख्यं महाकाव्यम्—जोनराज कृत टीका सहितं 'बिब्लोथेका इंडिका प्रकाशन।'

२६. भारत के प्राचीन राजवंश—

२७. इण्डियन एन्टिक्वेरी 'वाल्यूम १४।'

२८. वेलिकृष्ण रुक्मिणीरी

२९. राजपूताने का इतिहास— डा० गौरी शंकर हीराचन्द्र ओझा।

३०. रिपोर्ट्स आफ दी आर्केलाजिकल सर्वे आफ इण्डिया।

३१. हिस्ट्री आफ ओरीसा — श्री आर० डी० बनर्जी

३२. एनल्स एण्ड ऐन्टिक्वीटीज आफ राजस्थान— कर्नल टाड।

३३. राजपूताने का इतिहास— जगदीश सिंह गहलोत।

३४. हिस्ट्री आफ मालवा— मालकम।

३५. वंश भास्कर— सूर्यमल्ल मिश्र।

३६. अजमेर मारवाड़ गजेटियर-सी० सी० वाट्सन।

३७. अजमेर हिस्टारिकल एण्ड डेसक्रिप्टिव··· एच० वी० शारदा।

३८. डाइनेस्टिक हिस्ट्री आफ नादर्न इण्डिया। वाल० १ एवं २ डा० एच० सी० राय।

३९. राजा भोज — विश्वेश्वर नाथ रेऊ।

४०. एन्सियन्ट जोग्रफी आफ इंडिया-एलेक्जेण्डर कनिंघम।

४१. सेन्ट्रल इण्डिया गजेटियर।

४२. एन्शियन्ट हिस्ट्री आफ इंडिया-वी० ए० स्मिथ।

४३. इण्यिन क्रानोलगी— एल० डी० कन्नूस्वामी पिल्लई

४४. हिस्ट्री आफ ओरीसा— एल० के० महताब।

४५. जर्नल आफ द एसियाटिक सोसाइटी 'बंगाल'।

४६. इण्डियन एराज — एलेक्जेण्डर कनिंघम।

४७. एन्शियन्ट इण्डियन हिस्ट्री—विनायक राव।

४८. मगरह मेरवाड़े की कौमों का इतिहास।

४९. द ग्लोरी दैट वाज गुजरात देश (भाग ३)— श्री के० एम० मुन्शी।

५०. हिस्टोरिकल इन्सक्रिप्शन्स आफ गुजरात— जी० वी० आचार्य।

५१. हिस्ट्री आफ मेडिवियल हिन्दू इण्डिया— सी० सी० वैद्य।

५२. हिस्ट्री आफ पारमार्स आफ मालवा— डी० सी० गांगुली।

५३. एन्शियन्ट इण्डिया ऐज डेस्क्राइब्ड बाई हालेमी ।
५४. वीर काव्य— डा० उदयनारायण तिवारी ।
५५. बीसलदेव रासो— श्री सत्यजीवन वर्मा ।
५६. बीसलदेव रासो— डा० माताप्रसाद गुप्त ।
५७. हिन्दी साहित्य का इतिहास—आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ।
५८. हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास— डा० रामकुमार वर्मा ।

* शब्द-कोष *

५९. पाइ अ - सद्द - महार्णवो ।
६०. अभिधान राजेन्द्र ।
६१. संस्कृत हिन्दी डिक्शनरी— मानियर विलियम ।
६२. वेदिक इंडेक्स । मैकडोनेल और कीथ ।
६३. हिन्दी शब्द सागर ।
६४. ढोला मारू रा दूहा ।
६५ डिंगल रा सबद । रायल एसियाटिक सोसाइटी में सुरक्षित। पाण्डुलिपि । राजस्थानी पाण्डुलिपियों की सूची पत्र सं० ३४ सी० ३६ ।

अंग्रेजी ग्रन्थ

1. Introduction to the Principles of Textual Criticism—*Dr. Katre.*
2. The Grammar of Old Western Rajasthani—*Dr. L. P. Tissitoni.*
3. Comperative Philology—*Dr. P. D. Gune.*
4. Linguistic Survey of India—Vol. IX.
5. History of Orrisa—*R. D. Banerjee.*
6. Rajasthan—*Todd* (Crooke's Edition)
7. History of Malwa—*Malcolm.*
8. Hindi Search Reports.
9. A Grammer of Comperative Aryan Language—*John Beams.*
10. A Grammar of Gandhian Language—*A. F. R. Horenle.*
11. Gujrati Language & Literature—*N. B. Divatia.*
12. Ajmer-Merwara Gazetteer—*C. C. Watson*
18. Dynestic History of Rajput (Vol. I & II)—*Dr. Heni Ray*
14. History of Kanauj—*Dr. R. S. Tripathy.*
15. Ancient Geography of India—*Cunningham.*
16. Gazetteer of C. India—(Malva, Dhar)
17. Ancient History of India—*V. A. Smith.*
18. Ajmer—*H. B. Sarda.*
19. Marwar Ka Itihas—*Bisweswar Nath Renu.*
20. Indian Chronology—*L. D. Swami K. Pillai.*
21. History of Orrissa—*H. K. Mahatab.*
22. Indian Eras—*Cunningham.*
23. Bardic Chronicals of Rajsthan.
24. The Glory that was Gujarat-Desha : P. III–*K. M. Munshi.*
25. Historical Inscriptions of Gujrat—*G. V. Acharya.*
26. History of Mediawal Hindu India—*C. V. Vaidya.*
27. History of the Parmars of Malwa—*D. C. Ganguly.*
28. Ancient India as described by—*Ptolemy.*
29. Rajputana Gazetteer : Vol. I & II.

हिन्दी प्रचारक पुस्तकालय
पो० बॉक्स नं० ७०, पिशाचमोचन
वाराणसी–१

क. म. : विद्यामन्दिर प्रेस (प्राइवेट) लि०, मानमन्दिर, वाराणसी–१